दैनिक सच्चाई की जंग

# लोकमित्र

वर्ष : 31 | अंक :68
प्रतापगढ़ | गुरूवार , 9 जनवरी-2025
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

● ● संभल मंदिर-मस्जिद विवाद ● ●

## जिला अदालत की सुनवाई पर हाई कोर्ट ने लगाई रोक

4 हफ्ते में मांगा जवाब



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के संभल में हरिहर मंदिर-शाही जामा मस्जिद विवाद मामले में ट्रायल कोर्ट में चल रही कार्यवाही पर रोक लगा दी। संभल की विवादित शाही जामा मस्जिद की इंतेजामिया कमेटी की याचिका पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुकदमे की कार्यवाही रोकने का आदेश दिया है। अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार सहित मामले के सभी पक्षों को चार सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का भी निर्देश दिया। इसके बाद, पक्षों की प्रतिक्रिया के जवाब में, मस्जिद समिति को अगले दो सप्ताह के भीतर अदालत में प्रत्युत्तर दाखिल करना होगा।

मस्जिद कमेटी की याचिका पर जस्टिस रंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने सुनवाई की। अगली सुनवाई, जो 25 फरवरी को है, पर कार्यवाही नए मामले के रूप में की जाएगी। बता दें कि संभल जिला अदालत में यह मुकदमा 19 नवंबर को अधिवक्ता हरिशंकर जैन व अन्य ने दाखिल किया था।

उन्होंने अपनी याचिका में दलील दी है कि शाही जामा मस्जिद की जगह पहले हरिहर मंदिर थी। इस मामले की सुनवाई करते हुए जिला अदालत ने सर्वे का आदेश दिया था।सर्वेक्षण अधिकृत टीम द्वारा किया गया था, लेकिन दूसरे सर्वेक्षण के दौरान, पुलिस के साथ टीम पर उपद्रवियों की भीड़ ने भारी हमला कर दिया।

हिंसा इतनी बढ़ गई कि चार उपद्रवियों की मौत हो गई, जबकि करीब 20 पुलिसकर्मी घायल हो गए। झड़प के दौरान एक बदमाश ने सर्किल ऑफिसर (सीओ) पर भी गोली चला दी थी. इसके बाद, पुलिस ने बड़े पैमाने पर कार्रवाई शुरू की और मामले में 50 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया। सीओ पर गोली चलाने वाले शख्स को भी बाद में गिरफ्तार कर लिया गया।

## खनौरी में डल्लेवाल का आमरण अनशन 44वें दिन जारी, बोलने में हो रही दिक्कत



**चंडीगढ़,(हि.स.)।** पंजाब के खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का आमरण अनशन बुधवार को 44वें दिन भी जारी रहा। डल्लेवाल की तबियत लगातार बिगड़ती जा रही है। बुधवार को भी पंजाब सरकार के डॉक्टरों की टीम वहां मौजूद रही, लेकिन डल्लेवाल ने किसी प्रकार का डॉक्टरी इलाज करवाने से इनकार कर दिया। आज डल्लेवाल को बोलने में भी दिक्कत हो रही है। जिसके चलते उन्होंने अपने आसपास मौजूद लोगों को इशारों से समझाने का प्रयास किया।

## मुफ्त की रेवड़ियों पर सुप्रीम कोर्ट ने लगायी कड़ी फटकार

● चुनावी वादों के लिए सरकारों के पास पैसा है लेकिन जजों को सैलरी देने में परेशानी हो रही है ●



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** फ्री बीज यानी मुफ्त की रेवड़ियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई है। जजों के वेतन में परेशानी पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई है। जस्टिस गवई की बेंच ने राज्य सरकारों पर टिप्पणी की है। चुनावी वादों के लिए सरकारों के पास पैसा है लेकिन जजों को सैलरीदेने में परेशानी हो रही है। फ्री बीज के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट की फटकार ऐसे समय में सामने आई है जब पूरे देश में अलग अलग राज्यों में मुफ्त की योजनाओं की बहार आई हुई है और दिल्ली चुनाव में भी सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी अपनी ओर से अपने अपने वादे और दावे किए हुए हैं। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की ये टिप्पणी काफी मायने रखती है और जजों को सैलरी देने में परेशानी की बात कही गई है। दिल्ली के विधानसभा चुनाव से पहले चाहे कांग्रेस हो या आम आदमी पार्टी बिजली-पानी मुफ्त की बात लगातार कही जा रही है। अब सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जजों के वेतन में परेशानी आ रही है। लेकिन आपको इससे कोई मतलब नहीं है।न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने यह मौखिक टिप्पणी उस समय की, जब अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि ने दलील दी कि सरकार को न्यायिक अधिकारियों के वेतन और सेवानिवृत्ति लाभों पर निर्णय लेते समय वित्तीय बाधाओं पर विचार करना होगा। राज्य के पास उन लोगों के लिए पैसा है जो कोई काम नहीं करते। चुनाव आते हैं, आप लाडली बहना और अन्य नयी योजनाएं घोषित करते हैं, जिसके तहत आप निश्चित राशि का भुगतान करते हैं। दिल्ली में अब आए दिन कोई न कोई पार्टी घोषणा कर रही है कि वे सत्ता में आने पर 2,500 रुपये देंगे।शीर्ष अदालत ने सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को पेंशन के संबंध में अखिल भारतीय न्यायाधीश संघ द्वारा 2015 में दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। वेंकटरमणि ने कहा कि वित्तीय बोझ की वास्तविक चिंताओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए। मुफ्त की रेवड़ी एक बड़ा चुनावी मुद्दा बनी हुई है। हालांकि कोई भी राजनीतिक पार्टी इसमें पीछे नहीं रहती है। अलग अलग प्रदेश में राज्य सरकारों की ओर से इसको लेकर ऐलान किया गया। मुफ्त में चीजें बांटने का इसका फायदा निश्चित तौर पर राजनीतिक पार्टियों को भी हुआ है।

## सीएम आवास के बाहर आप नेताओं ने दिया धरना


▶▶ संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज से पुलिस की भिड़ंत



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** आम आदमी पार्टी और दिल्ली पुलिस के बीच बुधवार को उस समय गतिरोध पैदा हो गया जब पुलिस ने आप सांसद संजय सिंह और दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज को मुख्यमंत्री आवास में प्रवेश करने से रोक दिया। आप नेताओं ने अरविंद केजरीवाल के कार्यकाल के दौरान अत्यधिक नवीकरण खर्च के भाजपा के आरोपों का जवाब देने के लिए एक मीडिया दौरे की योजना बनाई थी।

प्रवेश से इनकार किए जाने के बाद आप नेताओं की पुलिस के साथ तीखी बहस हुई और उन्होंने 6 फ्लैग स्टाफ रोड बंगले के बाहर धरना दिया। पुलिस ने प्रवेश की अनुमति की कमी का हवाला दिया, और भारद्वाज ने जवाब दिया कि एक मंत्री और सांसद को मुख्यमंत्री के आवास में प्रवेश करने के लिए अनुमति की आवश्यकता क्यों है। आप नेताओं को रोकने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल और वाटर कैनन की तैनाती के साथ बैरिकेड्स लगाए गए थे। दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पुलिस और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी कह रहे हैं कि ऊपर से आदेश है कि सीएम आवास के अंदर किसी को न जाने दिया जाए। मैंने उनसे कहा कि मैं मंत्री हूं... इसका मतलब है कि एलजी का आदेश है।भाजपा ने अरविंद केजरीवाल पर मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास के नवीनीकरण पर 40 करोड़ रुपये से अधिक की अत्यधिक राशि खर्च करने का आरोप लगाया है, आप ने इस आरोप का दृढ़ता से खंडन किया है। जैसे ही दिल्ली चुनाव से पहले विवाद बढ़ा, आप नेताओं ने भाजपा को आवास पर जाने और कथित अत्यधिक नवीकरण के बारे में बताने की चुनौती दी। बीजेपी हर दिन नए वीडियो और फोटो भेजती थी। आज हम सभी मीडियाकर्मियों के साथ यहां आये हैं। मंत्री भारद्वाज ने कहा कि अब बीजेपी भाग रही है. तीन लेयर की बैरिकेडिंग लगाई गई है. इसे बॉर्डर में बदल दिया गया है ताकि मीडिया अंदर न जा सके। हमें दिखाओ कि स्विमिंग पूल और बार कहां हैं।

## ब्रह्मपुत्र पर चीन के प्रस्तावित बांध को लेकर भारत सतर्क - राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।**चीन द्वारा ब्रह्मपुत्र पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने की योजना की घोषणा करने के कुछ दिनों बाद, भारत ने कहा कि वह अपने हितों की रक्षा के लिए निगरानी जारी रखेगा और आवश्यक कदम उठाएगा।नयी दिल्ली ने बीजिंग से यह सुनिश्चित करने का आग्रह भी किया है कि ब्रह्मपुत्र के निचले बहाव वाले इलाकों के हितों को ऊपरी इलाकों में होने वाली गतिविधियों से नुकसान न पहुंचे।रक्षा मंत्री ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान बांध के बारे में पूछे जाने पर कहा, ''भारत सरकार सतर्क है।''

## आकाश से भी ऊंची है सनातन की परंपरा-योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ,एजेंसियॉ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहा कि भारत की सनातन धर्म की परंपरा दुनिया की सबसे प्राचीन संस्कृति है और इसकी तुलना किसी मजहब और संप्रदाय से नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि हजारों वर्षो की विरासत उनके पास है जिसके सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आयोजन भी उतने ही प्रचीन हैं। उन्होंने कहा ''आकाश से भी ऊंची है सनातन की परंपरा, इसकी तुलना नहीं की जा सकती।'' यहां जारी एक एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक निजी समाचार चैनल द्वारा आयोजित महाकुम्भ महासम्मलेन कार्यक्रम में बोल रहे थे।महाकुम्भ के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा ''देवासुर संग्राम के बाद अमृत की बूंदें प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में गिरीं। इन स्थानों पर महाकुम्भ के आयोजन भारत के ज्ञान, चिंतन और सामाजिक दिशा तय करने का अवसर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि महाकुम्भ केवल धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह भारत की आध्यात्मिक विरासत और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। योगी के अनुसार, 2019 के प्रयागराज कुम्भ में यह देखा गया कि कैसे आधुनिक तकनीक, प्रबंधन और संस्कृति का सामंजस्य किया गया। उन्होंने कहा कि यही प्रयास आगामी महाकुम्भ में भी होगा।राष्ट्रीय एकता और हिंदू एकता पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा ''सनातन धर्म हमेशा शिखर पर रहा है। हिंदू एकता और राष्ट्रीय एकता एक-दूसरे के पूरक हैं। इतिहास गवाह है कि जब हम बंटे हैं, तो कमजोर हुए हैं, और जब एकजुट हुए हैं, तो अजेय बने हैं। इसीलिए मैंने पहले कहा था कि बंटोगे तो कटोगे और 'एक रहोगे तो नेक रहोगे।'' वक्फ बोर्ड के नाम पर जमीन कब्जे के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि यह समझना मुश्किल है कि वक्फ बोर्ड है या भू-माफियाओं का बोर्ड। उन्होंने कहा ''हमारी सरकार ने वक्फ अधिनियम में संशोधन किया है और एक-एक इंच जमीन की जांच करवा रही है। जिन लोगों ने वक्फ के नाम पर जमीन कब्जाई है, उनसे जमीन वापस ली जाएगी और गरीबों के लिए आवास, शिक्षण संस्थान और अस्पताल बनाए जाएंगे।''संभल में धार्मिक स्थलों पर विवाद का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि संभल में श्रीहरि विष्णु के दसवें अवतार कल्कि का उल्लेख पुराणों में मिलता है। उन्होंने कहा कि वहां धार्मिक स्थलों को तोड़कर कब्जा करने का प्रयास हुआ। उन्होंने कहा ''हमारी सरकार ने न्यायालय के आदेश के अनुसार कार्रवाई की और दंगाइयों को सख्त संदेश दिया।'' धर्म परिवर्तन और घर वापसी के मुद्दे पर बोलते हुए योगी ने कहा कि अगर कोई अंतर्मन से अपने धर्म में लौटना चाहता है, तो उसका स्वागत होना चाहिए। ''यह धर्म और परंपरा के प्रति जागरूकता का संकेत है।

## यूपी में जारी रहेगा ठंड का सितम

▶▶ 50 से ज्यादा जिलों में कोल्ड डे का अलर्ट जारी



**लखनऊ,एजेंसियॉ।**

उत्तर प्रदेश में कड़ाके की ठंड के बीच चल रही तेज रफ्तार पछुआ हवाओं ने गलन के एहसास को बढ़ा दिया है। बुधवार को भी प्रदेश के विभिन्न जिलों में 20 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से सर्द पछुआ हवा चली। कई जगहों पर घना कोहरा छाया रहा।मौसम विभाग की ओर से बुधवार से लेकर बृहस्पतिवार के बीच प्रदेश के 50 से ज्यादा जिलों में कोल्ड डे का अलर्ट जारी किया है। वहीं 30 से ज्यादा जिलों के लिए घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट है। राजधानी लखनऊ में बुधवार को दोपहर बाद हल्की धूप खिली लेकिन फिर सूरज बादलों के बीच छिप गया। दोपहर में गलन का अहसास कम रहा।मौसम विभाग का कहना है कि गलन भरी ठंड और घने कोहरे का सिलसिला अगले तीन से चार दिनों तक ऐसे ही जारी रहने वाला है। प्रदेश में फिलहाल तीन से चार दिन ठिठुरन भरी ठंड और घने कोहरे का सितम यूं ही जारी रहेगा।आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि प्रदेश में ठंड और मध्यम से घने कोहरे का दौर अगले दो-तीन दिनों तक ऐसे ही जारी रहेगा। 11 और 12 जनवरी को प्रदेश के विभिन्न जगहों पर बूंदाबांदी के संकेत हैं।

### ● बृहस्पतिवार को घने से अत्यंत घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट

आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फरुखाबाद, बाराबंकी, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर एवं आसपास इलाकों में अत्यंत घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है।

### ● शीत दिवस होने की संभावना

बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फरुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अम्बेडकर नगर, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं, जालौन, हमीरपुर एवं आसपास इलाकों में शीत दिवस होने का अलर्ट जारी किया गया है।

## राजघाट में बनेगी प्रणब मुखर्जी की समाधि

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की समाधि बनाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 'राष्ट्रीय स्मृति' परिसर यानी राजघाट परिसर के अंदर एक विशेष स्थल को चिन्हित करने को मंजूरी दी है। लेखिका और प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने ट्वीट कर यह जानकारी दी है।उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मुलाकात की और बाबा के लिए एक स्मारक बनाने के उनके सरकार के फैसले के लिए दिल से आभार और कृतज्ञता व्यक्त की। यह और भी अधिक सराहनीय है, क्योंकि हमने इसके लिए नहीं कहा था। प्रधानमंत्री के इस अप्रत्याशित दयाभाव और कृतज्ञता से मैं बहुत प्रभावित हूं।

## वाराणसी के मुस्लिम इलाके में बंद पड़े मंदिर का खुला ताला

▶▶ लगे हर-हर महादेव के जयकारे



**वाराणसी,एजेंसियॉ।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में मदनपुरा क्षेत्र में स्थित एक पुराने मंदिर को कई वर्षो के बाद फिर से खोला गया है। फिलहाल प्रशासन की देखरेख में इसकी सफाई चल रही है। इसके साथ ही स्थानीय पुलिस तैनात कर दिया गया है। एडीसीपी काशी जोन गौरव बंसवाल ने कहा कि यहां एक मंदिर आज कई सालों बाद दोबारा खोला गया है। मंदिर की साफ-सफाई चल रही है। इंस्पेक्टर, सीओ सिटी और नगर पालिका की टीम वहां मौजूद है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सरवनन ने बताया कि कई सालों बाद आज एक मंदिर दोबारा खोला गया है। प्रशासन की देखरेख में मंदिर की साफ-सफाई करायी जा रही है। कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए यहां पर्याप्त बल तैनात हैं। वाराणसी का मदनपुरा क्षेत्र मुस्लिम बहुल है।

इस मंदिर को लेकर ताला बंद रहने की खबर पिछले दिनों सामने आई थी। प्रशासन की टीम ने भारी फोर्स के बीच मंदिर का ताला तोड़ा है। मंदिर में महादेव का शिवलिंग सामने आया है। ताला खुलते ही लोगों ने हर-हर महादेव के जयकारे लगाए। बताया जा रहा है कि बंद पड़े मंदिर के अंदर करीब ढाई फीट तक मलबा जम गया था, जिसे हटाने के बाद शिवलिंग दिखाई पड़े। इसके बाद शिवलिंग को गंगा जल से साफ किया गया। जानकारी के मुताबिक 40 साल से ये मंदिर बंद पड़ा था। स्थानीय हिंदू संगठनों और निवासियों की मांग पर प्रशासन ने इसके खोलने का कदम उठाया है। एक जानकार ने बताया कि काशी खण्ड में इस मंदिर का सिद्धेश्वर महादेव के रूप में जिक्र है।

## रमेश बिधूड़ी ने कभी अपने गालों के बारे में बात नहीं की-प्रियंका गांधी



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** रमेश बिधूड़ी द्वारा कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के खिलाफ विवादास्पद टिप्पणी करने के कुछ दिनों बाद, उन्होंने बुधवार को अपनी पहली टिप्पणी की। उन्होंने इस टिप्पणी को हास्यास्पद बताया और कहा कि चुनाव के समय दिल्ली की जनता से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा, ÷यह एक हास्यास्पद टिप्पणी है। उन्होंने कभी अपने गालों के बारे में बात नहीं की। ये सब अनावश्यक है। चुनाव के दौरान हमें दिल्ली की जनता के अहम मुद्दों पर बात करनी चाहिए. उन्होंने %एक राष्ट, एक चुनाव% पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक से बाहर निकलते समय यह बात कही।कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी रमेश बिधुड़ी एक बार फिर विवादों में आ गए थे। उन्होंने कथित रूप से कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत के बाद वह क्षेत्र की सड़कों को कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के 'गाल' जैसी बना देंगे। बिधूड़ी से फिलहाल उनके बयान और कांग्रेस द्वारा उन पर किये गए हमले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए कथित वीडियो में बिधूड़ी को कहते सुना जा सकता है, ÷मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि जैसे हमने ओखला और संगम विहार में सड़कें बनाई, वैसे ही हम कालकाजी की सभी सड़कों को प्रियंका गांधी के गालों जैसा बना देंगे।

▶▶ ▶▶ नितिन गडकरी ने की घोषणा

## सड़क दुर्घटना पीड़ितों को मार्च तक 1.5 लाख रुपये का कैशलेस उपचार मिलेगा



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने घोषणा की कि भारत सरकार मार्च तक सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार प्रदान करने वाली एक राष्ट्रव्यापी योजना शुरू करेगी। इस पहल के तहत, पीड़ित दुर्घटना के बाद सात दिनों तक 1.5 लाख रुपये तक के चिकित्सा उपचार के लिए पात्र होंगे। यह योजना सभी प्रकार की सड़कों पर मोटर वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं को कवर करेगी।राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण पुलिस, अस्पतालों और राज्य स्वास्थ्य एजेंसियों के साथ कार्यक्रम के कार्यान्वयन की देखरेख करेगा। यह एक आईटी प्लेटफॉर्म के माध्यम से संचालित होगा जो सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के ई-विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट एप्लिकेशन को NH की लेनदेन प्रबंधन प्रणाली के साथ एकीकृत करता है।यह पहल 14 मार्च, 2024 को चंडीगढ़ में एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू हुई और बाद में इसे छह अन्य राज्यों में विस्तारित किया गया। इसका लक्ष्य दुर्घटना के बाद महत्वपूर्ण सुनहरे घंटे के दौरान समय पर चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित करना है।प्रेस को संबोधित करते हुए, गडकरी ने सड़क सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए चल रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला, जिसमें पायलटों के लिए नियमों के समान वाणिज्यिक चालकों के लिए काम के घंटे को विनियमित करने के लिए नीतियां विकसित करना, चालक की थकान से निपटना शामिल है - जो घातक दुर्घटनाओं का एक महत्वपूर्ण कारण है। उन्होंने देश में 22 लाख ड्राइवरों की कमी को भी स्वीकार किया।6-7 जनवरी, 2025 को आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के दौरान, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने सड़क परिवहन में सुधार के लिए प्रमुख उपायों पर चर्चा की।विषयों में वाहन स्क्रैपिंग नीति में तेजी लाना, क्क्ष्ट 2.0 का राष्ट्रव्यापी कार्यान्वयन, क्र्स-ड्क्ढ्ढ मानदंडों के लिए समयसीमा और प्रदूषण को कम करने पर उनके अपेक्षित प्रभाव शामिल थे।

गडकरी ने भारत भर में चालक प्रशिक्षण संस्थान (ष्ठञ्जद्ब) स्थापित करने की योजना की भी घोषणा की, इन केंद्रों की स्थापना के लिए प्रोत्साहन और एकीकृत बुनियादी ढांचे के लिए अतिरिक्त लाभ।

## शरद पवार के सांसदों को तोड़ने की कोशिश में अजित गुट

▶▶ संजय राउत के दावे से महाराष्ट्र में सियासी हलचल तेज



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।**शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने दावा किया कि अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रतिद्वंद्वी एनसीपी (एसपी) में दलबदल कराने की कोशिश कर रही है और उन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह दिलाने का वादा कर रही है। इसके बाद पूरा मामले को लेकर सियासत तेज हो गई है। एनसीपी सांसद सुनील तटकरे द्वारा एनसीपी-एससीपी सांसदों से संपर्क करने की खबरों पर एनसीपी-एससीपी नेता रोहित पवार ने कहा कि समय मिलने पर वह उनसे संपर्क कर सकते है। वह एक सांसद हैं। लेकिन यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि हमारी ओर से नकारात्मक प्रतिक्रिया थी।एनसीपी के फिर से एकजुट होने की संभावना पर रोहित पवार ने कहा कि अजित दादा और पवार साहब के निर्णय लेने तक केवल बातचीत होगी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अगर कुछ भी होना है, तो इन दोनों नेताओं के निर्णय लेने के बाद ही होगा।वहीं, संजय राउत की यह टिप्पणी राकांपा नेता अमोल मिटकरी के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के कुछ लोकसभा सदस्य महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के संपर्क में हैं।

# आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए अखाड़ा क्षेत्र में मॉक ड्रिल

## मॉक ड्रिल में विभिन्न आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए किया गया प्रशिक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ- 2025 के भव्य-सुरक्षित और सफल आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए तथा किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए महाकुम्भ पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। थाना अखाड़ा महाकुम्भ मेला क्षेत्र में पुलिस उप महानिरीक्षक वैभव कृष्ण आईपीएस के दिशा-निर्देशों पर आपातकालीन तैयारी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रात्रि 02 बजे अखाड़ा क्षेत्र में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।
मॉक ड्रिल में विभिन्न आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए अलार्म को सक्रिय करना, निकासी प्रक्रियाओं का अभ्यास करना, अग्नि सुरक्षा उपकरणों की कार्य क्षमता का प्रशिक्षण शामिल था।
मॉक ड्रिल का प्रथम उद्देश्य श्रद्धालुओं को आपात स्थिति के दौरान तुरंत और सही तरीके से प्रक्रिया करने के लिए तैयार करना व व्यक्तियों को अग्नि सुरक्षा उपकरणों के उपयोग और फायर कर्मियों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए सुरक्षा एवं बचाव कैसे सुनिश्चित करना है, का अभ्यास करना था। इस दौरान मॉक ड्रिल में पुलिस उप महानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं अन्य राजपत्रित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आठ जिंदा बम के साथ गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल



**लोकमित्र ब्यूरो**
**हंडिया।** उतरांव पुलिस ने 8 जिंदा बम के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नौबाजार हाईवे के पास पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा तलाशी लेने पर उसके पास झोले में आठ जिंदा बम बरामद हुआ। उसकी पहचांन नसीम पुत्र वहीद निवासी उतरांव के रूप में हुई। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया।

# भागवत प्रेम भक्ति की पाठशाला है- डॉ अनिरुद्ध महाराज

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** श्री दिव्य अध्यात्म राष्ट्र सेवा मिशन एवं दिव्य श्री राधा सखी मंडल प्रयागराज के द्वारा आयोजित मुंशी राम प्रसाद की बगिया मुट्ठीगंज में श्री मद्भागवत कथा के षष्ठम दिवस पर प्रखर राष्ट्र चिंतक डॉक्टर अनिरुद्ध ने कथा का अमृत रसपान कराते हुए कहा कि रासपंचाध्यायी भागवत की आत्मा है और गोपाल और गोपियों की वासना मुक्त प्रेम की पाठशाला है। भगवान को सिर्फ प्रेम से ही जीता जा सकता है क्योंकि गोविंद को अहंकार नहीं भाता है।
उन्होंने कहा कि पाप भगवान की कथा समाप्त कर देती है लेकिन हृदय का ताप तो भगवान की प्रेम की भक्ति से ही होता है। इस अवसर श्री कृष्ण एवं माता रूक्मिणी का विवाहोत्सव मनाया गया और विवाह की झांकी की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर पूर्व



उपमहापौर मुरारी लाल अग्रवाल, डॉक्टर मलयज शर्मा ने आरती किया।
कथा का संचालन राजेश केसरवानी ने किया और कथा की मुख्य यजमान रेखा शिव बाबू त्रिपाठी रहे। कथा के मुख्य आरती में कुमार नारायण, राजेश केसरवानी, प्यारे लाल जायसवाल, अभिलाष केसरवानी, कमलेश केशरवानी, सीता जायसवाल, उषा केसरवानी, कुसुम केसरवानी, प्रीति गुप्ता, शत्रुघ्न जायसवाल आदि सैकड़ो भक्तगण उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब ने जिला कारागार में महिला कैदियों को बांटे कंबल



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** जिला कारागार नैनी में उत्तर प्रदेश महिला आयोग अध्यक्ष लायन बबीता सिंह चौहान एवं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बलवीर सिंह बग्गा के कर कमलो द्वारा लायन डॉ अर्पण धर दुबे उप मंडल अध्यक्ष प्रथम एवं लायन उदय चंदानी उप मंडल अध्यक्ष द्वितीय के समक्ष एवं प्रयास से 150 कंबल महिला कैदियों के लिए प्रदान किया गया।
इस अवसर पर पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नितिन यशार्थ, वरिष्ठ लायन सुधीर भला कैबिनेट सेक्रेटरी, पीआरओ संतोष मौर्य, लायन भानु वाधवानी, लायन उमेश कक्कड़, लायन धीरेंद्र मिश्रा इमेज बिल्डिंग चेयरपर्सन, लायन माला मिश्रा रीजन चेयरपर्सन, लायन ममता बंसल रीजन चेयरपर्सन, लायन दीपक अग्रवाल रीजन चेयरपर्सन, लायन नीरज अग्रवाल रीजन चेयरपर्सन, लायन रोहित अग्रवाल, वरिष्ठ लायन हिमांशु गुप्ता, नाजिम अली एवं शीतला प्रसाद श्रीवास्तव तथा लायन सतीश टंडन योजना कैबिनेट सेक्रेटरी उपस्थित थे। यह जिला कारागार 1 वर्ष पूर्व शुरू हुआ है इसलिए इनके पास कुछ संसाधनों की कमी को पूरा करते हुए ठंडी में कंबल का वितरण किया गया। आधारशिला वृद्ध आश्रम में शीतला प्रसाद श्रीवास्तव ने मंच का संचालन तथा वहां पर कंबल व चश्मा वितरण किया गया। आयोग अध्यक्ष द्वारा सभी बुजुर्गों का हाल-चाल लिया गया।
उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष लायन बबीता सिंह चौहान ने वृद्धो से बात किया एवं उनके चेहरे पर खुशहाली पाया। उन्होंने कहा हमारे लायंस क्लब यथासंभव इसमें अपनी सेवाएं देते रहेंगे। इस सेवा का पूरा श्रेय डिस्ट्रिक्ट 321 ई को जाता है। श्रेष्ठ कार्य में इलाहाबाद के सभी लायन लीडर्स संलग्न रहे। इस सेवा कार्य से लायंस इंटरनेशनल की छवि का निर्माण हुआ है जिसे वर्षो तक जाना जाएगा।

# राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में जनवरी सत्र के प्रवेश शुरू

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज ने सत्र जनवरी 2025 की प्रवेश प्रक्रिया को बुधवार को प्रारम्भ कर दिया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने प्रवेश संबंधी कार्यक्रमों की जानकारी से सुसज्जित एडमिशन ब्रोशर का भी विमोचन किया।
विश्वविद्यालय की सत्र जनवरी 2025 की प्रवेश प्रक्रिया का शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि विश्वविद्यालय ने इस बार प्रवेश प्रक्रिया को बहुत सरल एवं सुलभ बनाया गया है। छात्रों को आवेदन करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा। यूजीसी की गाइडलाइन के अनुसार छात्रों को अपना आधार और मोबाइल नंबर लिंक करने के पश्चात ही प्रवेश प्रक्रिया संपादित की जाएगी। विश्वविद्यालय के दक्ष तकनीकी



विशेषज्ञों ने इस प्रक्रिया को अत्यंत सरलीकृत कर दिया है जिससे छात्रों को फॉर्म भरने में किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। विश्वविद्यालय ने जनवरी सत्र में 23 परास्नातक कार्यक्रमों, 8 स्नातक कार्यक्रमों, 10 जागरूकता कार्यक्रमों, 22 डिप्लोमा कार्यक्रमों तथा 48 प्रमाण पत्र कार्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ किया है। कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने प्रवेश के उद्घाटन सत्र में ऑनलाइन जुड़े हुए सभी 12 क्षेत्रीय केंद्रों प्रयागराज, लखनऊ, बरेली, आगरा, आजमगढ़, अयोध्या, झांसी, मेरठ, गाजियाबाद, कानपुर, वाराणसी तथा गोरखपुर क्षेत्रीय केंद्र के समन्वयकों को निर्देशित किया कि वह केंद्र पर आने वाले छात्रों की हर संभव सहायता करें जिससे उन्हें प्रवेश लेते समय किसी भी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े।
उद्घाटन सत्र में स्पॉट एडमिशन लेने वाले एम ए राजनीति विज्ञान प्रथम वर्ष के छात्र गोपीचरन यादव को कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने अपने हाथों से पाठ्य सामग्री प्रदान की। गोपीचरन ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मुक्त विश्वविद्यालय की पाठ्य सामग्री स्तरीय होने के कारण उन्होंने दूरस्थ शिक्षा से पढ़ाई करने का निर्णय लिया।
प्रारंभ में प्रवेश प्रभारी प्रोफेसर जयप्रकाश यादव ने ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ के निदेशक प्रोफेसर आशुतोष गुप्ता ने कुलपति का स्वागत तथा कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विभिन्न विद्या शाखाओं के निदेशक एवं प्रभारीगण उपस्थित रहे।

# बोर्ड परीक्षायें 10 जनवरी से

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया-** विकासखंड बहरिया के ग्राम पंचायत मैलहा में स्थित आर एस आनंद हूबराजी संवारी संस्कार इंटर मीडिएट कॉलेज में कक्षा 10 और 12 की प्री बोर्ड की परीक्षाएं 10 जनवरी से चालू होगी युक्त जानकारी विद्यालय के संस्थापक व प्रधानाचार्य एवं अशासकीय प्रधानाचार्य परिषद उत्तर प्रदेश के कोषाध्यक्ष राम सजीवन मौर्य ने दी ।

# प्रयागराज महानगर के 13 मंडलों को मिले नए मंडल अध्यक्ष

## दो मंडलों को अभी करना होगा और इंतजार



**प्रयागराज।** संगठन पर्व के तहत भाजपा में बूथ से लेकर मंडल अध्यक्ष तक के चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। बुधवार को प्रदेश नेतृत्व द्वारा भाजपा प्रयागराज महानगर के कुल 15 मंडलों में से 13 मंडलों के नए मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गई। जिला चुनाव अधिकारी भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रो रामशंकर कठेरिया व संगठन चुनाव पर्यवेक्षक इलाहाबाद मंडल प्रदेश महामंत्री व सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता की देखरेख में संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय में नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों का मुंह मीठा कराकर स्वागत अभिनंदन किया गया।
भाजपा प्रयागराज महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने कहा कि प्रदेश व काशी प्रांत नेतृत्व के दिशा निर्देशों के तहत बूथ और मंडल अध्यक्ष के चुनाव संपन्न हुए। नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों को काशी प्रांत अध्यक्ष दिलीप पटेल, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, देवेश सिंह, मनोज कुशवाहा, रमेश पासी, अवधेश चंद्र गुप्ता, रवि केशरवानी, प्रवक्ता राजेश केशरवानी, मीडिया प्रभारी विवेक मिश्रा, राम जी शुक्ला, राजेश पटेल, राकेश भारती, प्रशांत शुक्ला, दीप द्विवेदी, प्रमोद मोदी आदि कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। खुल्दाबाद मंडल से श्रीमती अपूर्वा चंद्रा, कीडगंज से कबीर जायसवाल, भारद्वाज मंडल से अजय पासी, सिविल लाइन से मनोज श्रीवास्तव, सदर गंगा पट्टी से अनिल कुमार मौर्या, सदर यमुना पट्टी से श्रवण पाल, मुट्ठीगंज से परमानंद वर्मा, राजरूप पुर से पारस श्रीवास्तव, नैनी मंडल से रजत कुमार दुबे, प्रीतम नगर से दिग्विजय सिंह, विश्वविद्यालय मंडल से अवनीश तिवारी, मीरापुर मंडल से गया प्रसाद निषाद, चौक मंडल से सुमित कुमार वैश्य को संगठन ने मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है।

## जिलाध्यक्ष प्रयागराज महानगर हेतु नामांकन 9 जनवरी को

**प्रयागराज।** संगठन पर्व के तहत भाजपा में बूथ से लेकर मंडल अध्यक्ष तक की चुनाव प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब बारी है जिला अध्यक्षों के चुनाव की। इसी के तहत 9 जनवरी को जिलाध्यक्ष प्रयागराज महानगर हेतु नामांकन प्रक्रिया की जाएगी। भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने बताया कि अध्यक्ष हेतु प्रदेश संगठन के निर्देश व नियमानुसार नामांकन किया जाएगा। जिला चुनाव अधिकारी भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रो. रामशंकर कठेरिया व संगठन चुनाव पर्यवेक्षक इलाहाबाद मंडल प्रदेश महामंत्री सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता की मौजूदगी में अध्यक्ष पद हेतु नामांकन किया जाएगा। नामांकन की प्रक्रिया सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय में दोपहर 2 से 5 बजे तक की जाएगी। इससे पहले सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक जिला चुनाव अधिकारी व संगठन चुनाव पर्यवेक्षक वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों से राय और मत जानेंगे।

# रात को लघु शंका के लिए निकले वृद्ध को साड़ ने पटक कर मार डाला



**लोकमित्र ब्यूरो**
**हंडिया।** उतरांव के भिउरा गाँव में मंगलवार की रात लघु शंका के लिए घर के बाहर निकले एक वृद्ध को साड़ पटक कर मार डाला। भिउरा गाँव निवासी भगवान गिरि 87 मंगलवार की रात लघु शंका के लिए बाहर निकले तो घर के बाहर खड़ा छुट्टा साड़ वृद्ध को पटक कर मार डाला। आवाज सुनकर घर के लोग बाहर निकले लेकिन तब तक वृद्ध की सांसे थम चुकी थी। साड़ ने सिंग पेट में घुसा दिया था। घर के लोग वृद्ध का गंगाघाट पर अंतिम संस्कार कर दिया।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में दो करोड से अधिक की कार्ययोजना का प्रस्ताव मांगे गए

## 0 विधायक गुरु प्रसाद मौर्य ने कहा कि सभी मिलकर अपने अपने क्षेत्र को बनाएं आदर्श



**लोकमित्र ब्यूरो**
**होलागढ़ (प्रयागराज)।** क्षेत्र पंचायत होलागढ़ की बैठक में बुधवार को पक्की नाली, इंटरलाकिंग, मीटिंग हाल सहित अनेक कार्यो के लिए दो करोड़ से अधिक के प्रस्ताव मांगे गए। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख राम फकीर एव संचालन एडीओ कृषि मनीष अग्रहरी ने किया। बतौर मुख्य अतिथि भाजपा विधायक गुरु प्रसाद मौर्य ने महाकुम्भ 2025 का आमंत्रण देते हुए कहा कि प्रधान सहित सभी लोग अपने अपने क्षेत्र को विकसित करके आदर्श बनायें। कहा कि मै भी विधान सभा को आदर्श विधान सभा बनाने के लिए काम कर रहा हूँ। मगर इसमे प्रधान, बीडीसी सदस्य, ब्लॉक प्रमुख का भी सहयोग जरूरी है। होलागढ़ बाजार की पक्की सड़क के जल जमाव की समस्या को तत्काल दूर कराने का आदेश बीड़ीओ/एडीओ पंचायत को दिया। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विनोद तिवारी ने कहा कि क्षेत्र पंचायत निधि से सभी पंचायतों मे विकास के कार्य कराए गए हैं। जहाँ कार्य नही हुआ है शीघ्र ही होगा। बताया कि गत वर्ष विभिन्न ग्रामों मे 1 करोड़ 57 लाख 99 हजार का कार्य कराया गया है। जिसमे, 79 लाख, 77 हजार का भुगतान किया गया है। लगभग 41 लाख का भुगतान होना है। पशु चिकित्सा अधिकारी डाक्टर पलक त्रिपाठी ने पशुपालन विभाग के पशु बीमा, नंदिनी योजना के बारे मे विस्तार से बताते हुए कहा कि किसी भी किसान को पशुओ से संबंधित कोई समस्या हो तो वह पशु एम्बुलेन्स नम्बर 1962 पर काल करके निजात पा सकता है। एडीओ कृषि मनीष अग्रहरी ने फार्मर रजिस्ट्री तत्काल बनवाने की बात बतायी। अन्यथा सरकार द्वारा दी जाने वाला विभिन्न अनुदान मिलने मे परेशानी होगी। बैठक मे राजस्व, चिकित्सा, शिक्षा विभाग के अधिकारी व प्रतिनिधि के न आने पर नाराजगी व्यक्त किया गया। बैठक मे बीडीओ मऊआइमा मनरेगा प्रभारी उमेश सिंह, बीडीओ संजीव रत्न, एडीओ पंचायत, मुख्य सेविका कलावती मौर्य राकेश पांडेय, रणजीत कुमार, हर्ष मणि शुक्ल, रवीन्द्र राजा, सज्जन कुमार, प्रमोद कुमार सिंह, अशोक मौर्य, वरिष्ठ समाजसेवी मनोज तिवारी, बीडीसी सदस्य दिनेश यादव, रोहित गुप्ता, सुदर्शन पटेल, मोती लाल, प्रदीप कुमार, एपीओ मनरेगा विनोद गुप्ता, अवधेश् पटेल, विजय सिंह, टी एन सिंह आदि मौजूद रहे।

# डॉ. प्रबल नियोगी की टीम ने रचा इतिहास

## एसआरएन अस्पताल में आईसीजी तकनीक के साथ जटिल गॉल ब्लैडर की सफल सर्जरी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** एसआरएन अस्पताल में पहली बार डॉ. प्रबल नियोगी और उनकी टीम ने आईसीजी तकनीक का उपयोग करते हुए जटिल गॉल ब्लैडर की लेप्रोस्कोपिक सर्जरी सफलतापूर्वक की। यह सर्जरी अस्पताल के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि साबित हुई।
मरीज को गॉल ब्लैडर में सूजन और संक्रमण की गंभीर समस्या थी। सर्जरी से 2 घंटे पहले मरीज को आईसीजी डाई का इंजेक्शन दिया गया, जिससे सर्जरी के दौरान पित्ताशय और पित्त नलिका को साफ देखा जा सका। यह तकनीक डॉक्टरों को गॉल ब्लैडर और पित्त की नली की स्थिति समझने में काफी मददगार साबित हुई। इस सर्जरी के दौरान डॉ. प्रबल नियोगी की टीम में डॉ. वैभव श्रीवास्तव, डॉ. विशाल, डॉ. राजकुमार, डॉ. संजय सिंह, डॉ. डी. कुमार, डॉ. कृष्णा सिंह और डॉ. अखिलेश भी मौजूद थे। उनकी सामूहिक मेहनत और कुशलता ने इस सर्जरी को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
डॉ. प्रबल नियोगी ने कहा कि यह हमारे अस्पताल के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। आईसीजी तकनीक के उपयोग से सर्जरी को अधिक सुरक्षित और आसान बनाया जा सकता है। यह मरीजों के इलाज में एक नई दिशा है।इस सर्जरी ने एसआरएन अस्पताल को चिकित्सा क्षेत्र में नई तकनीक से लैस किया है और आधुनिक तकनीक के उपयोग के लिए प्रेरित किया है।

# जरूरतमंद, गरीब और बेसहारा लोगों को बाँटा गया कम्बल



**प्रयागराज।** कड़कड़ाती ठंड में लाचार,असहाय व गरीबों को बचाने के लिए सामाजिक संगठन इलाहाबाद जन कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने मंगलवार को कम्बल वितरण किया। मोर्चा मे शामिल शगुन इंटरप्राइजेज के मालिक अब्दुल कलाम ने बताया कि क्षेत्र के हर धर्म और समुदाय के जरूरतमंदों को कंबल दिया गया। यह एक पुण्य का काम है जिससे हर इंसान को आत्म शांति मिलती है। श्री आजाद ने कहा कि महाकुंभ मेले के दौरान संस्था जरूरतमंद लोगों को फुटपाथ पर सोने वालों को कंबल वितरण करती रहेगी। मोर्चा के पदाधिकारियों ने बताया कि निर्धारित रूपरेखा के तहत गरीब लोगों को मदद की जाती है। धर्म और जाति बंधन से दूर हटकर ठंड के मौसम में गर्म कपड़े और कंबल का वितरण किया जाता है।इलाहाबाद जन कल्याण समिति के अध्यक्ष मोहम्मद हन्जला उर्फ़ सद्दाम हुसैन ने कहा की हर साल की तरह इस साल भी ग़रीब बेसहारा विकलांग लोगो को इलाहाबाद जन कल्याण समिति की तरफ से 10 दिवसीय कम्बल, भोजन और कपड़े बाटने का कार्य किया जायेगा।
कार्यक्रम मे मुख्य रूप से शगुन इंटरप्राइजेज मालिक अब्दुल कलाम के सौजन्य से कम्बल वितरण हुआ। कार्यक्रम मे परशुराम चौहान, यूनुस रियाज, जुबैर अहमद, अब्दुल कलाम आजाद, मोहम्मद नासिर आदि लोग मौजूद रहे।

# बीएएलएलबी एकादश बना चैंपियन



**प्रयागराज।** ईश्वर शरण पीजी कालेज की वार्षिक क्रिकेट प्रतियोगिता में बीएएलएलबी एकादश की टीम भगत सिंह एकादश को पांच विकेट से हराकर विजेता बनी है।कॉलेज मैदान पर बुधवार को खेले गये मैच में भगत सिंह एकादश ने 12 ओवरों में 85 रन बनाए। जवाब में बीएएलएलबी एकादश ने 11.1 ओवर में 5 विकेट खोकर 87 रन बना लिये। विजेता टीम के दिलशाद मैन ऑफ मैच और अवनीश मैन ऑफ द टूर्नामेंट रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आनंद शंकर सिंह ने पुरस्कार वितरित किये। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. एकात्मदेव ने स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन संचालन डॉ. शैलेश कुमार यादव किया। कार्यक्रम में कोच विवेक सिंह, डॉ. रागिनी राय, डॉ. विवेक राय, भगत नारायण महतो आदि उपस्थित रहे।

# राधाकान्त बने होलागढ़ के भाजपा मण्डल अध्यक्ष



**लोकमित्र ब्यूरो**
**होलागढ़ (प्रयागराज)।** भारतीय जनता पार्टी ने होलागढ़ के मण्डल अध्यक्ष के पद पर युवा नेता एवं पूर्व मण्डल उपाध्यक्ष राधा कान्त शुक्ल को आम सहमति से मनोनीत किया। राधाकान्त दहियावां हंसराजपुर के मूल निवासी हैं। उनके पिता शशि कान्त शुक्ल वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। साथ ही होलागढ़ के पूर्व मेडल अध्यक्ष रह चुके हैं।
मण्डल अध्यक्ष बनने पर विधायक गुरू प्रसाद मौर्य, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विनोद तिवारी, टी एन सिंह, अनिल मिश्र, गुरु ओम मिश्र, शिव शंकर मिश्र, धीरज मिश्र, धर्म चंद्र वैश्य, अरुण सिंह, शुभम शुक्ल, वरिष्ठ नेता संदीप द्विवेदी, राजेश द्विवेदी आदि ने खुशी व्यक्त की है।

# 68वीं नेशनल स्कूल गेम में शैलेन्द्र पटेल ने जीता ब्रांज मेडल, स्कूल में हुआ सम्मान



**लोकमित्र ब्यूरो**
**होलागढ़ (प्रयागराज)** भोलानाथ रामसुख पटेल इंटर मीडिएट कॉलेज चकश्याम, विकास नगर, किराँव के कक्षा 11 के छात्र शैलेन्द्र पटेल ने 68वीं नेशनल गेम में ब्रांज मेडल जीतकर विद्यालय और इलाके का नाम रोशन किया। बुधवार को उक्त विद्यालय के शिक्षकों ने शैलेन्द्र की जीत पर माला पहनाकर खुशी का इजहार किया। वह गाहरपुर का रहने वाला है।प्रधानाचार्य वीरेन्द्र बहादुर पटेल ने बताया कि रायपुर, छत्तीसगढ़ में 2 जनवरी से, 6 जनवरी तक राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता हुई थी। यह खेल जुडो की तरह रहा।
शैलेन्द्र के सम्मान के अवसर पर संरक्षक राम सुख पटेल, कृष्ण कुमार वर्मा आदि रहे।

# प्रधान संघ ने विधायक को दिया ज्ञापन

## थाना मऊआइमा के आधा दर्जन ग्राम होलागढ़ में जोड़ने की मांग



**लोकमित्र ब्यूरो**
**होलागढ़ (प्रयागराज)।** विकास खण्ड होलागढ़ के दर्जनों ग्रामो के ग्राम प्रधानों ने थाना मऊआइमा के आधा दर्जन ग्राम काट कर होलागढ़ थाना में करने की मांग का एक् ज्ञापन भाजपा विधायक् गुरु प्रसाद मौर्य को दिया। ज्ञापन ग्राम पंचायत कल्याण पुर के प्रधान प्रतिनिधि रबीन्द्र कुमार के नेतृत्व में दिया गया। बताया कि कल्याण पुर, ऊँचडीह, बालाडीह, उमरिया सारी, उमरिया बादल और देवापुर की भौतिक दूरी लगभग, 25 किमी से भी अधिक है। जबकि होलागढ़ थाना की दूरी महज 13 किमी है। ज्ञापन देने वालो में रणजीत कुमार, सज्जन कुमार, महेंद्र यादव, अशोक मौर्य, प्रमोद सिंह आदि रहे। विधायक गुरु प्रसाद मौर्य ने कहा कि ज्ञापन उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के माध्यम से गृह मंत्रालय को भेजा जायेगा।

# भारतीय भाषा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ कवि सम्मेलन



लोकमित्र ब्यूरो

**फतेहपुर, खागा।** उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी, लखनऊ व निर्बल विकास एवं उत्थान समिति, कौशांम्बी के संयुक्त तत्वाधान में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारम्भ चेयरमैन खागा, फतेहपुर ने किया कवयित्री जगदीश कौर ने पढ़ा कि कविता पढी पता नहीं कि कितने गमो का बोझ उठायेगी कविता, इस बार मेरा पूरा स्नेह पायेगी कविता, मैं चाहती हूँ चांद सितारें रोशनी धूप लिखूं , पर कलम से मन भी व्यथा उतारेगी कविता इसी बीच मशहूर कवि सरदार मनमोहन सिहं तन्हा ने पढ़ा नफरते मिलती है कैसे दिल मिलाकर देखले, तू किसी की राह से पत्थर हटाकर देखले, दूसरो से पूछ कर क्यो फैसला करता है तूं , इक दिया तू भी मोहब्बत का जलाकर देखले प्रसिद्ध शायर फरमूद इलाहाबादी ने अपनी नज्म में कहा कि तेरे इश्क मे क्या से क्या हो गये हम, गजल नज्म थे मर्सिया हो गये हम, बुरा हो मोहब्बत का, नारियल से सुपारी, डली, छालिया हो गये हम इलाहाबाद की मशहूर शायरा मिस्बाह इलाहाबादी ने अपने कलाम में पढ़ा कि फिर महकने लगे अब खागा के दर, तेरे दर पर सभी के कदम आगये, लेके आखों में फिर अश्क गम आगये, तुमने आवाज दी और हम आ गये शारिक फूलपुरी ने पढ़ा कि दिल के साथ-आखों की पुतलियां समझती है, वाहे कौन थामेगा चूडियां समझती है, नौकरी की ख्वाहिश में कितनी मुश्किले झेली, ये तो नौजवानों की डिग्रियाँ समझती है जिस पर श्रोताओं ने तालियां बजाकर शायर का हौसला बढ़ाया राधा शुक्ला, आयुषी त्रिपाठी, अमीर कौशांम्बी, शीवा कोरालवी, शामिल हुये निर्बल विकास एवं उत्थान समिति के सचिव सैय्यद आफताब मेहदी ने कहां कि ऐसे कार्यक्रम के आयोजन से समाज में एकता, सौहार्द का संदेश जाता है समिति का उद्देश्य है कि इस तरह का कार्यक्रम सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश के गांव गांव में आयोजित हो, कवि, कवयित्री को स्मृति चिन्ह, शाल देकर सम्मानित किया गया। कवि सम्मेलन में, प्रगति मिश्रा जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी फतेहपुर, बृज मोहन राय, क्षेत्राधिकारी खागा, अशोक कुमार सिंह खण्ड विकास अधिकारी ऐरायां फतेहपुर, गीता सिंह अध्यक्ष, नगर पंचायत खागा, सुरेश कुमार सोनकर अध्यक्ष नगर पंचायत किशनपुर, अजय भदौरिया अध्यक्ष पत्रकार संघ फतेहपुर, देवहुती पाण्डेय अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत खागा, कवि सम्मेलन का समापन राष्ट्रगान से किया गया कार्यक्रम के निवेदक सज्जाद मेहदी, मंगरू प्रसाद, अजय सिंह, फिरोज अहमद, एडोकेट दीपक सिंह, गुलाम वारिस, मो0 आरिफ अरविन्द सरोज, मोनिका गौतम, महमूद, एडोकेट पंकज कुमार, आदि लोग उपस्थित रहे।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनशिकायत



**कौशाम्बी।** अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।

# महाकुंभ को लेकर अजुहा हाईवे में बनाया गया बैरियर,पुलिस के जवान हुए तैनात



लोकमित्र ब्यूरो

**अजुहा, (कौशाम्बी)।** प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेला को लेकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत एसपी कौशांबी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशानुसार सैनी पुलिस ने फतेहपुर कौशांबी राष्ट्रीय राजमार्ग बॉर्डर के नजदीक नगर पंचायत अजुहा में अम्बर ढाबा के सामने अस्थाई बैरियर बनाया गया है। इस दौरान पुलिस ने बैरियर बनाकर पुलिस की टीम को तैनात करते हुए थाना प्रभारी बृजेश कुमार करवरिया व चौकी प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने ड्यूटी में तैनात किए गए पुलिस कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए । इस मौके पर सैनी कोतवाल बृजेश कुमार करवरिया , अजुहा चौकी इंचार्ज जितेंद्र प्रताप सिंह ने मौजूद पुलिस कर्मियों के साथ प्रयागराज की तरफ आवागमन करने वाले वाहनों की तलाशी लेते हुए जरूरी निर्देश दिए । थाना प्रभारी सैनी बृजेश कुमार करवरिया ने बताया कि दिव्य भव्य महाकुंभ के मद्देनजर सुरक्षा चाक चौबंद है ।संदिग्ध वाहन एवं व्यक्तियों की निगरानी की जा रही है।महाकुम्भ-2025 के आयोजन को सकुशल सम्पन्न कराने एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी चायल द्वारा थाना संदीपनघाट पुलिस बल के साथ अंतर्जनपदीय कौशाम्बी, प्रयागराज बॉर्डर पर संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की बैरियर लगाकर व पोस्ट बनाकर सघन चेकिंग की गयी तथा ड्यूटी में मौजूद पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।महाकुम्भ-2025 के आयोजन को सकुशल सम्पन्न कराने एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी यातायात द्वारा थाना कोखराज पुलिस बल के साथ सकाढा तिराहा पर संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की बैरियर लगाकर सघन चेकिंग की गयी तथा सुगम यातायात व्यवस्था हेतु ड्यूटी में मौजूद पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

महाकुम्भ-2025 को लेकर कौशाम्बी पुलिस अलर्ट, महाकुम्भ को सकुशल सम्पन्न कराने एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी यातायात एवं कोखराज इंस्पेक्टर चंद्रभूषण मौर्य ने थाना कोखराज पुलिस बल के साथ सकाढा तिराहा पर संदिग्ध व्यक्तियोंध्वाहनों की बैरियर लगाकर सघन चेकिंग किया, साथ ही सुगम यातायात व्यवस्था हेतु ड्यूटी में मौजूद पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# परिवार परामर्श केंद्र में परिवार के आपसी विवाद का कराया गया समझौता



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र में प्रभारी श्यामा नारायण यादव, हेड कांस्टेबल राम बहादुर पाल,महिला हेड कांस्टेबल पूनम, महिला कांस्टेबल नीतू यादव व महिला कांस्टेबल कमला यादव के माध्यम से काउंसलिंग की गयी। काउंसलिंग के दौरान 02 फाइलों में पति-पत्नी व उनके परिजनों की सहमति से सुलह समझौता कराया गया। परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पति-पत्नी को उनके जीवन की पारिवारिक कर्तव्य को बताते हुए समझाया गया। पति-पत्नी द्वारा बताया गया कि अब हम दोनों के बीच किसी प्रकार का कोई मनमुटाव नहीं रह गया है। हम दोनों अपनी खुद की सहमति से सुलह समझौता करना चाहते हैं । परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पति-पत्नी को सुलह समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा व्यक्त किया गया कि अब हम दोनो एक दूसरे के साथ प्रेम पूर्वक अपना जीवन यापन करेंगे ।परिवार परामर्श केंद्र द्वारा दोनों को सलाह दिया गया, अपने बड़ों का सम्मान करते हुए अपने जीवन की नई शुरुआत करें।

# जिलाधिकारी ने की कृषि एवं कृषि संवर्गीय विभागों के योजनाओं की विस्तृत समीक्षा



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा सम्राट उदयन सभागार में कृषि एवं कृषि संवर्गीय विभागों की योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सहकारिता विभाग की विस्तृत समीक्षा की, जिसमें विभिन्न कार्याक्रमों की विस्तृत सूचना न उपलब्ध कराने पर अगले सप्ताह में पुनःसमीक्षा के लिए सहायक निबन्धक एवं सहायक आयुक्त को निर्देशित किया गया। दुग्ध विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त समितियों को सक्रिय कर स्वयं सहायता समूह को जोडने एवं सभी मिल्क रूट सक्रिय करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं-मृदा स्वास्थ्य कार्ड, श्रीअन्न, मैकेनाइजेशन, कृषक उत्पादक संगठन, परम्परागत कृषि विकास सहित आदि योजनाओं की समीक्षा की एवं उप कृषि निदेशक को निर्देशित किया कि आकांक्षी विकास खण्ड कौशाम्बी एवं मंझनपुर में संचालित योजनाओं के प्रत्येक पैरामीटर पर दो-दो ग्राम पंचायतों की उपलब्धियों के बारे में अगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाय। उन्होंने कृषक उत्पादक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं उप कृषि निदेशक को विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को अनुदान पर सोलर पम्प उपलब्ध कराने न्याय पंचायत एवं विकास खण्डवार लक्ष्य आवटित कर समय से पूर्ति कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने भूमि संरक्षण अधिकारी को निर्देशित किया कि खेत, तालाब, अन्य भूमि एवं जल संरक्षण की योजनाओं के लक्ष्य की पूर्ति कराने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत सम्बन्धित बीमा कम्पनी को अधिक से अधिक फसल बीमा समस्त कृषकों की फसलों का बीमा कृषकों की सहमति से कराये जाने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को योजना एवं विभिन्न कार्याक्रमों के लक्ष्यों के पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री अजीत कुमार श्रीवास्त, जिला विकास अधिकारी सुखराज बन्धु, जिला कृषि अधिकारी डॉ0 सन्तराम, उद्यान, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, लघु सिंचाई, यूपीडास्प, कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषक उत्पादक संगठनों के सी0बी0बी0ओ0 एवं ए0आर0 कोऑपरेटिव एवं भूमि संरक्षण के अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर केन का राष्ट्रीय स्तर पर हुआ वर्चुवल एसेसमेंट



**कडा, (कौशाम्बी)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कड़ा के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर केन का बुधवार को राष्ट्रीय स्तर पर वर्चुअल एसेसमेंट किया गया।विदित हो कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर टाइप ए सेंटर की तरह सेवन सर्विस पैकेज के तहत अपनी सेवाएं जन-जन तक पहुंचा रहा है। अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देशन में समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर में गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए एनक्यूएएस प्रमाणीकरण पर कार्य कराया जा रहा है।उसी क्रम में राष्ट्रीय स्तर की टीम द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर केन का वर्चुवल एसेसमेंट किया गया।पश्चिम बंगाल से डॉ सेबाब्रत राय व कनार्टक से डॉ सुगंथिरा द्वारा वर्चुवल माध्यम से आयुष्मान आरोग्य मंदिर का बारीकी से सर्टिफिकेशन के समस्त बिंदुओं पर स्टाफसे जानकारी ली गई साथ ही रिकॉर्ड की उपलब्धता एवं इकाई द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाएं, टीकाकरण, फैमिली प्लानिंग काउंसलिंग, एएनसी की जांच, आउटरीच सर्विसेज द्वारा कराए गए कार्य, समस्त नेशनल हेल्थ प्रोग्राम, संचारी तथा गैर संचारी रोग पर कराए गए कार्य आदि की जानकारी ली गयी।इस अवसर पर केंद्र के अधीक्षक डॉ मो सऊद सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहें।

# सभी मण्डल अध्यक्षगण सच्ची निष्ठा और ईमानदारी से करें कार्य- अनूप गुप्ता





लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व द्वारा नियुक्त जनपद के 13 मण्डल अध्यक्षों को व जिला प्रतिनिधिगणों को भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री व चुनाव पर्वेक्षक विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता ने संबोधित करते हुए तमाम संगठनात्मक बातों को विस्तार से बताया कि मण्डल अध्यक्ष का पद पार्टी की एक बड़ी जिम्मेदारी है और प्रत्येक मण्डल अध्यक्ष की ये जिम्मेदारी है कि पार्टी की जो भी नीति है जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। और तमाम संगठन की बातों को विस्तार से बताया। जिलाध्यक्ष भाजपा धर्मराज मौर्य ने नवनिर्वाचित सभी मण्डल अध्यक्षों व जिला प्रतिनिधि को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया व उनके उज्जवल भविष्य और कार्यकाल की शुभकामनाएं दी। साथ में प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा व जिला चुनाव अधिकारी शिवशंकर सिंह भी मौजूद रहे सभी मण्डल अध्यक्षगण को अपनी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर तमाम पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### ▶▶ जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य सहित 27 प्रत्याशियों ने किया आवेदन

कौशाम्बी। राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा नियुक्त चुनाव पर्यवेक्षक प्रदेश महामंत्री विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता व प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा जिला चुनाव अधिकारी शिवशंकर सिंह की उपस्थित में पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य सहित 27 लोगों ने अपना आदेवन जमा किया। जिसमें से 24 लोगों ने जिलाध्यक्ष पद हेतु व
2 लोगों ने प्रदेश परिषद पद हेतु आवेदन किया साथ ही 1 ने जिलाध्यक्ष व प्रदेश परिषद दोनों के लिए आवेदन किया।

# अनिल मौर्या बने सदर गंगा पट्टी मण्डल अध्यक्ष, लोगो ने दी बधाइ



**कौशाम्बी।** विश्व पत्रकार महासंघ के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुशवाहा के छोटे भाई अनिल मौर्या निवासी कौशाम्बी प्रयागराज बॉर्डर पूरामुफ्ती बिहका को शहर पश्चिमी प्रयागराज के सदर गंगा पट्टी से भाजपा मण्डल अध्यक्ष बनाये जाने पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ी बुधवार को उनके निवास पर बधाई संदेश देने वालो का लगा रहा तांता समर्थको ने फूल माला पहनाकर सभी को मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। सतीश वर्मा ,राजू सिंह ,अजय कुमार ,बबलू सिंह,बलवंत राव ,सोनू यादव ,सरवन कुमार आदि सैकड़ो समर्थको पहुँचकर माल्यार्पण किया।

# दो वारण्टी आरोपी गिरफ्तार



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** थाना संदीपनघाट पुलिस उपनिरीक्षक शिवशंकर पाण्डेय मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभय सिंह निवासी पिपरहटा थाना संदीपनघाट को गिरफ्तार किया गया। थाना मंझनपुर पुलिस उपनिरीक्षक रविशंकर यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा आबकारी अधिनियम से सम्बन्धित वारण्टी भुग्गन निवासी रघवापुर थाना मंझनपुर को गिरफ्तार किया गया।

### निरोधात्मक कार्यवाही में नौ गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से 05 थाना सराय अकिल से 02 थाना सैनी से 02 कुल 09 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

### वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 97 वाहनों का ई-चालान किया गया।

### जनपद न्यायालय में 05 स्थानीय अवकाश घोषित

**कौशाम्बी।** जिला जज अनुपम कुमार ने उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्देशानुसार जनपद न्यायालय में 05 स्थानीय अवकाश घोषित किये हैं। उन्होंने 14 जनवरी, 2025 मकर संक्रान्ति,15 मार्च,2025 बैजला होली, 28 मार्च 2025 जमात-उल-विदाध्रमजान का अन्तिम शुक्रवार, 01 अक्टूबर 2025 महानवमी एवं 23 अक्टूबर भैयादूज को स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

# पांच चिकित्सकों ने दस टीबी मरीजों को लिया गोद, बांटा पोषण किट

### ▶▶ कैम्प में 15 चिकित्सका कर्मियों व दो पत्रकारों ने किया रक्तदान



लोकमित्र ब्यूरो

**सरांय अकिल, (कौशाम्बी)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायअकिल में बुधवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार व एसडीएम चायल योगेश कुमार गौड़ मौजूद रहे। शिविर में कुल 15 चिकित्सा कर्मियों वे दो पत्रकारों ने रक्तदान करते हुए जनमानस को रक्तदान का संदेश दिया। इस मौके पर पांच चिकित्सकों ने दो-दो टीबी रोगियों को गोद लेते हुए पोषण किट का वितरण किया।

सीएचसी में आयोजित रक्तदान शिविर में अधीक्षक डॉ. अरुण कुमार तिवारी, डॉ. वैभव आनंद समेत 15 चिकित्सा कर्मियों व दो पत्रकारों ने ब्लड डोनेट करते हुए इसके बाद लोगों को जागरूक किया। शिविर में 'निक्षय पोषण योजना' के तहत टीबी रोगियों को मदद देने की पहल भी की गई। इस दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ. अरुण कुमार तिवारी, डॉ. वैभव आनंद, डॉ. राम लोलारक, डॉ. सुभाष गौड़ और डॉ. नियाजउद्दीन ने 10 रोगियों को गोद लिया और इन्हें पोषण किट उपलब्ध करते हुए उनके पोषण स्तर में सुधार लाने का प्रयास शुरू किया गया। कार्यक्रम मौजूद एसडीएम चायल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इसी तरह यदि टीबी मरीजों को गोद लेकर उनका सुपोषण किया गया तो जिला क्षय रोग मुक्त होने में देर नहीं लगेगी। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि ब्लड डोनेट करने से जहां गरीब जरूरतमंदों की जान आसानी से बचाई जा सकती है वहीं दुर्घटना आदि से पीड़ित लोगों का इलाज करने में भी काफी मदद मिलती है। यह भी बताया कि जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए डीएम के निर्देशानुसार टीबी रोगियों को गोद लेने की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही एक-एक रोगी का समुचित इलाज करते हुए जिले को टीबी मुक्त बना दिया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान सीएचसी के सभी चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी व टीबी मरीज मौजूद रहे।

### निक्षय पोषण योजना टीबी रोगियों के लिए जीवनरक्षक पहल

कौशाम्बी। निक्षय पोषण योजना, भारत सरकार की एक प्रमुख योजना है, जो तपेदिक (टीबी) रोगियों को पोषण सहायता प्रदान करती है। इसके तहत हर पंजीकृत टीबी मरीज को उपचार अवधि के दौरान प्रतिमाह 1,000 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती है।

इस राशि का उद्देश्य मरीजों को उचित पोषण प्रदान कर उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाना है। सराय अकिल सीएचसी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने न केवल रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाई, बल्कि टीबी उन्मूलन की दिशा में एक प्रेरणादायक संदेश भी दिया। चायल एसडीएम योगेश कुमार गौड़ ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, यह कदम समाज के कमजोर वर्ग को संबल देने की दिशा में बेहद सराहनीय है।

### स्थानीय पत्रकारों और चिकित्सकों की पहल

कौशाम्बी। कार्यक्रम में पत्रकार धीरज पाठक और आशीष शर्मा समेत स्थानीय चिकित्सकों ने सक्रिय भागीदारी की। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अरुण कुमार तिवारी ने कहा, हमारा उद्देश्य न केवल इलाज, बल्कि रोगियों को हर संभव सहायता प्रदान करना है। रक्तदान और पोषण सहायता जैसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम हैं।

### समुदाय में जागरूकता और सहयोग का संदेश

कौशाम्बी। यह आयोजन क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक सहयोग का उत्कृष्ट उदाहरण है। टीबी रोगियों के लिए निक्षय पोषण योजना और बच्चों को गोद लेकर पोषण किट प्रदान करना, सीएचसी के समर्पण को दर्शाता है। इस पहल से न केवल स्थानीय स्तर पर, बल्कि पूरे जिले में प्रेरणा का संचार हुआ।

# दबंगों ने छेड़खानी का विरोध करने पर कुनबे को पीटकर किया घायल

**कसेंदा, (कौशाम्बी)।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की शाम मवेशियों को चारा देने जा रही किशोरी के साथ युवक ने छेड़खानी कर दी। विरोध करने पर उसने परिजनों के साथ मिलकर उसको पीट दिया। बीच बचाव करने पहुंचे पिता, मां और भाई को भी जमकर पीटा। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर आरोपी दबंगों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है। क्षेत्र के एक गांव का युवक मजदूरी कर परिवार का गुजारा करता है। उसके अनुसार मंगलवार की शाम उसकी पुत्री मवेशियों को चारा देने के लिए गौशाला जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में पड़ोस का एक युवक उसे रोककर छेड़खानी करने लगा। किशोरी के विरोध करने पर उसने उसकी पिटाई कर दी। शोर सुनकर बीच बचाव करने पहुंचे पिता, मां और भाई को भी जमकर पीट दिया। इससे चारों को काफी चोटें आई। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया।

# मुआवजा दिलाने के बजाय लेखपाल कह रहा बेच दो जमीन



### दबंग पीड़ित की जमीन पर कर रहे हैं कब्जा

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** सरायअकिल के पटेल चौराहा के एक पीड़ित की जमीन पर दबंग कब्जा कर रहे हैं। लेखपाल पर आरोप है कि जमीन का मुआवजा दिलाने के बजाय वह जमीन बेचने का दबाव बनवा रहा है। मामले की शिकयत डीएम से की गई है।

सरायअकिल के पटेल चौराहा निवासी अशोक कुमार ने डीएम को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसकी मां ने वर्ष 1988 में जमीन खरीदी थी। इस भूमि पर वह काबिज है। इस जमीन पर उसका खपरैला मकान था। यूके लिप्टस के पेड़ लगे थे। जमीन चौड़ीकरण में आ गई है। इसका मुआवजा मिलना है। लेखपाल से वह कई बार मिला, लेकिन मुआवजा नहीं दिया गया। इसी बीच उसने पेड़ कटवाकर उसकी चहारदीवारी करवा दी। अब इस भूमि पर स्थानीय लोग जबरन कब्जा कर रहे हैं। वह लेखपाल से मुआवजा दिलाने की मांग कर रहा है तो कहा जा रहा है कि वह जमीन बेच दे, नहीं तो दबंग उसकी भूमि पर कब्जा कर लेंगे। लगातार शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। डीएम ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया है।

संक्षिप्त खबरें

## महिला के घर के सामने लगे टिन शेड को विपक्षियों ने उखाड़ कर फेंका

**पट्टी प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के कुम्हिया मोहल्ला की रहने वाली रईशा ने मंगलवार को दिन में 4रू00 बजे के आसपास पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है। पीड़िता अपने घर के सामने टिन शेड लगाई हुई थी। जिसे विपक्षियों ने उखाड़ कर फेंक दिया। पीड़िता जब विरोध करने गई तो उक्त लोग आमादा फौजदारी होते हुए मारने पीटने के लिए दौड़ा लिए। रईशा ने वहां से भाग कर अपनी जान बचाई और मामले की शिकायत लेकर पट्टी कोतवाली पहुंची। उसने कहा विपक्षियों के खिलाफ नामजद शिकायती पत्र देते हुए पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

## प्रधानाध्यापक राजेन्द्र ओझा का निधन, शिक्षकों में शोक की लहर



**प्रतापगढ़।** प्राथमिक शिक्षक संघ पूर्व अध्यक्ष- सदर राजेंद्र प्रसाद ओझा का आकस्मिक निधन हो गया। लखनऊ के अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। वह बहुत ही मिलनसार और शिक्षकों के लिए सदैव समर्पित रहते थे। 15 साल तक सदर ब्लाक के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाली एवं एबीआरसी के रूप में दो कार्यकाल पूर्ण किया। उनके परिवार को इस दुख को सहन करने की ईश्वर क्षमता प्रदान करें। पैतृक आवास ग्राम ओझा का पुरवा,सदर में शिक्षकों का तांता लग गया। बता दे कि मिडिल हेडमास्टर राजेंद्र ओझा जी दो भाइयों में बड़े थे। मझिले भाई गजेंद्र ओझा वकील हैं तथा छोटे भाई धर्मेन्द्र ओझा सदर ब्लॉक में ए0 आर0 पी0 है। उनका बड़ा बेटा मुकेश ओझा जूनियर बार एसोसिएशन मे कोषाध्यक्ष अध्यक्ष पद पर है, मझिला बेटा भूपेश ओझा लखनऊ में अध्यापक है तथा छोटा बेटा रूपेश ओझा शिक्षामित्र है।

## शिक्षक अनिल कुमार निलय ने समृद्धि राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे दी प्रस्तुति




**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे आज प्रथम दिवस प्रदेश के 26 जनपदों से प्रथम स्थान प्राप्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपना ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण दिया। समृद्धि प्रतियोगिता राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षकों द्वारा कला समेकित सर्वोत्कृष्ट शैक्षणिक विधियों के चयन हेतु आयोजित की जा रही है।निलय ने अपनी प्रस्तुति गायन कला कौशल के माध्यम से शिक्षण अधिगम को रोचक,बोधगम्य एवं प्रभावशाली बनाने पर दी।

## कूड़ा दान व शौचालय का गेट चोरी

**पट्टी प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के महोखरी गांव के प्रधान प्रतिनिधि रामबचन यादव ने बुधवार को दिन में 4 बजे के आसपास पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है। आरोप है कि ग्राम सभा में स्वच्छ भारत मिशन के तहत लगाया गया कूड़ा दान व शौचालय के गेट को अज्ञात चोरों ने मंगलवार-बुधवार की मध्य रात्रि में चुरा लिया। सुबह जब ग्राम प्रधान प्रतिनिधि को जानकारी हुई तो उन्होंने पुलिस से शिकायत की।

## बीट आरक्षी के सतर्कता से गैंगस्टर गिरफ्तार

**कुण्डा,प्रतापगढ़।** थाना संग्रामगढ़ के आरक्षी मंदीप सिंह ने गैंगस्टर अभियुक्त पर कसा शिकंजा,आरक्षी मंदीप सिंह ने साये की तरह बिछाए रखी अपनी पैनी नजर,एसपी द्वारा अपराधी की पतारसी सुरागरसी के लिये आरक्षी मंदीप सिंह को दिया जाएगा प्रशस्ति- पत्र, नगद । गैंगेस्टर चंद्रशेखर सिंह पर गोवध, पशु क्रुरता अधि0 व मारपीट के अभियोग थाना संग्रामगढ़ में अभियोग दर्ज हैं।इसी क्रम में थाना संग्रामगढ़ के बहादुर आरक्षी मंदीप सिंह के सहयोग से दिनांक 07.01.2024 को थाना संग्रामगढ पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 03ध्25 धारा 2ध्3 उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 में 01 वांछित अभियुक्त 1- चंद्रशेखर सिंह पुत्र हरिकेश बहादुर सिंह निवासी ग्राम मोहम्मदपुर का खास थाना संग्रांमगढ़ जनपद प्रतापगढ़ को क्षेत्रान्तर्गत असोगी नहर के पास से गिरफ्तार किया गया ।

## हत्या के प्रयास का वांछित गिरफतार

**उदयपुर,प्रतापगढ़।** अभियुक्त द्वारा हत्या का प्रयास करने से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री संजय राय एवं क्षेत्राधिकारी लालगंज श्री रामसूरत सोनकर के पर्यवेक्षण व थाना प्रभारी उदयपुर श्री राधे बाबू के नेतृत्व में उ0नि0 सचिन कुमार मय हमराह, हे0कां0 बहाबुद्दीन, का0 राहुल प्रताप द्वारा 01 अभियुक्त शियाराम पुत्र पच्चुलाल निवासी ग्राम पूरे वंशा मजरे कुम्भीआइमा थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र उदयपुर के शबानाबाबा नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।

## पेड़ काटने पर ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कुंडा प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के कालाकांकर रेंज के वीट प्रभारी (माली) दिनेश कुमार ने पुलिस को तहरीर दी। वह सात जनवरी को उप वन रेंजर अवध बिहारी के साथ क्षेत्र में भ्रमण पर थे। तभी बरियावां गांव में बगैर परमीशन के मानिकपुर थाना क्षेत्र के धरौली गांव निवासी शिवम जायसवाल नीम का हरा प्रतिबंधित पेड़ कटवाकर वाहन पर लादकर ले जा रहे थे। वाहन की परमिट भी नहीं थी। जिसे बरियावां के आगे हाइवे पर पकड़ा गया। बीट प्रभारी दिनेश कुमार की तहरीर पर पुलिस ने शिवम जायसवाल के खिलाफ वन अधिननियम के तहत केस दर्ज किया है।

## रोडवेज में संविदा चालक भर्ती मेला 10 एवं 11 को

**कुंडा प्रतापगढ़।** परिवहन निगम के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय प्रयागराज डिपो की ओर से कुंडा में रोडवेज बस स्टेशन परिसर में संविदा पर चालकों की भर्ती मेला का आयोजन किया गया है। भर्ती मेला 10 और 11 जनवरी को सुबह 10 बजे से सायं पांच बजे तक चलेगा। संविदा चालक के भर्ती मेले में अभ्यर्थी को अपने कम से कम तीन साल के वाहन चालक का प्रमाणपत्र, लाइसेंस लाना अनिवार्य होगा। यह जानकारी वरिष्ठ लिपिक केशव प्रसाद पांडेय ने दी।

## आधार कार्ड न बनाने की शिकायत

**जेठवारा प्रतापगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव गौतम का पुरवा निवासी सुनील कुमार सिंह पुत्र त्रिभुवन सिंह ने डाकघर में आधार कार्ड न बनाने का आरोप लगाया है। साथ ही डाक अधीक्षक से शिकायत करके कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में शिकायतकर्ता का आरोप है कि स्थानीय डाकघर में आधार कार्ड बनाया जाता है। इसके बावजूद आधार कार्ड बनवाने के लिए डाकघर जाने पर वापस कर दिया जाता है।

# महाकुंभ 2025 में हरित कुंभ, स्वच्छ कुंभ एवं पवित्र कुंभ हेतु स्वयंसेवक संकल्पित-प्रवीण जी

### ▶▶ संग्रहित थाली, थैला को संघ कार्यालय से झंडी दिखाकर किया गया रवाना



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** प्रयागराज के पुनीत धरा पर 13 जनवरी 2025 से लग रहे महाकुम्भ को प्लास्टिक थाली, प्लास्टिक गिलास व प्लास्टिक थैला मुक्त बनाने की दृष्टि से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जुटा है। संघ की पर्यावरण गतिविधि द्वारा चल रहे एक थाली एक थैला अभियान के अंतर्गत संघ कार्यालय केशव कुंज में एकत्रित हजारों स्टील थाली,व कपड़ा का थैला बुधवार को जिला प्रचारक प्रवीण द्वारा भगवा ध्वज दिखाकर प्रयागराज महाकुंभ के लिए भेजा गया । इस मौके पर जिला प्रचारक प्रवीण ने कहा कि शताब्दी वर्ष में पर्यावरण संरक्षण का संदेश संघ के स्वयंसेवको द्वारा महाकुंभ 2025 हेतु थाली, थैला अभियान चलाकर दिया गया। इस अभियान से देश का हर नागरिक प्रयागराज महाकुंभ को प्रदुषण मुक्त एवं प्लास्टिक मुक्त करने हेतु संकल्पित है। उन्होंने कहा कि हम सभी समाज के बंधुओ से आग्रह है कि पावन महाकुंभ की पवित्रता को बनाए रखने के लिए यह संकल्प ले कि महाकुंभ में जब भी स्नान हेतु जाएंगे न गंदगी फैलाएंगे न फैलाने देंगे। तदुपरांत जिला कार्यवाह हेमन्त कुमार ने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष पर स्वयंसेवकों व समाज के सहयोग से प्रयागराज महाकुंभ 2025 में हरित कुंभ- स्वच्छ कुंभ- पवित्र कुंभ,के लिये घर-घर से संग्रह करके प्रयागराज भेजा गया । इस मौके पर क्रीडा भारती के जिला अध्यक्ष ध्रुव शर्मा, नगर प्रचारक विवेकानंद, सुमित, धीरज,संजय, आशीष, प्रशांत, रमेश पटेल,बिपिन,शिवेश आदि उपस्थित रहे।

## वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर टेप



### • चालकों को किया गया जागरूक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** कोहरे में हादसों को रोकने के लिए बुधवार को यातायात पुलिस ने शहर में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति सावधानी बरतने के लिए जागरूक किया। इस दौरान पुलिस ने वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाकर चालकों को जागरूक किया। धुंध में सड़क हादसों से बचाव के लिए रिफ्लेक्टर टेप लगाने के लिए अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान के तहत छोटे-बड़े कामर्शियल वाहन पर रिफ्लेक्टर टेप लगाकर वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया गया। धुंध के मौसम में कम दृश्यता के चलते दुर्घटना ना हो इसके लिए जागरूक किया। यातायात उपनिरीक्षक संतोष शुक्ला ने बताया कि जैसे-जैसे सर्दी बढ़ रही है, वैसे ही कोहरा भी बढ़ेगा। कोहरे के कारण आगे वाले वाहन नजर नहीं आते हैं। इस वजह से लोग सड़क दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। जिसे देख उनकी टीम ने वाहनों में रिफ्लेक्टर टेप भी चिपकाने शुरू कर दिया हैं, ताकि घने कोहरे में लाइट से रिफ्लेक्टर टेप की चमक से वाहन का पता चल सके। इस मौके पर उपनिरीक्षक संतोष शुक्ला,उपनिरीक्षक सुधांशु पाठक,मुख्य आरक्षी संत सरन,आरक्षी प्रभात पांडेय आदि मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार जख्मी

**पट्टी प्रतापगढ़।** बाइक से अपनी मौसी के घर जा रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों की मदद से उसे 108 एंबुलेंस से सीएचसी भेजा गया है। कोतवाली इलाके के रसुलहा गांव के रहने वाले संदीप पाल 30 वर्ष बुधवार की सुबह 3रू00 बजे के आस-पास अपने घर से बाइक लेकर अपने मौसी के घर मझीगवा गांव जा रहा था। अभी वह भरोखन नहर पुलिया के पास पहुंचा था कि सामने से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को बुलाकर घायल युवक को पट्टी सीएचसी भेजा, जहां पर उसका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। घायल युवक का इलाज सीएचसी में चल रहा है।

## जरुरतमंदो की मदद करना पुनीत कार्य - अपर जिला जज

### • अधिवक्ता परिषद व भारतीय भाषा अभियान का कम्बल वितरण जारी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जनपद न्यायाधीश अब्दुल शाहिद जी के मार्गदर्शन में ठंड से लोगों को राहत दिलाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला जज सुमित पवार द्वारा बुधवार को दीवानी न्यायालय परिसर में ठंड से ठिठुर रहे दर्जनों जरूरतमंद वादकारियों को कम्बल प्रदान किया गया। कम्बल पाकर वादकारियों के चेहरे पर मुस्कान छा गई। इस मौके पर अपर जिला जज सुमित पवार ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने कमाई का एक निश्चित भाग गरीब व लाचार एवं जरूरतमंद लोगों की आवश्यकताओ के लिए दान करना चाहिए। उन्होंने भारतीय भाषा अभियान के जिला संयोजक महेश कुमार गुप्ता व अधिवक्ता परिषद के जिला महामंत्री शिवेश कुमार शुक्ल के संयुक्त तत्वावधान में चलायें जा रहें कम्बल वितरण अभियान की सराहना की।

अपर जिला जज सुमित पवार ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गरीब असहाय व्यक्तियों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करता है एवं सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने में सहयोग प्रदान करता है। इस मौके पर भारतीय भाषा अभियान के जिला संयोजक महेश कुमार गुप्ता व अधिवक्ता परिषद के महामंत्री शिवेश कुमार शुक्ल एडवोकेट ने संयुक्त रूप से कहा कि जरूरतमंद की मदद करना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य है।

यह अभियान ठंड भर सतत जारी रहेगा। इस मौके पर जेल विजिटर पैनल के विश्वनाथ त्रिपाठी, अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की राष्ट्रीय परिषद की सदस्य किरण बाला सिंह, जिला कोषाध्यक्ष भरत लाल वैश्य, जिला संयोजक भारतीय भाषा अभियान सतीश दूबे, अधिवक्ता परिषद उपाध्यक्ष रवि सिंह, आशीष गुप्ता,अजीत शर्मा,शालिनी श्रीवास्तव, शैलेश ओझा,अजय शर्मा, प्रमोद,ममता पाण्डेय, राकेश यादव आदि मौजूद रहे।

## दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफतार

**सांगीपुर,प्रतापगढ़।** थाना सांगीपुर पुलिस द्वारा दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के अभियोग से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) श्री संजय राय व क्षेत्राधिकारी लालगंज श्री रामसूरत सोनकर के पर्यवेक्षण व थाना प्रभारी सांगीपुर श्री मनीष त्रिपाठी के नेतृत्व में उ0नि0 इन्द्रेश कुमार मय हमराह का0 सोनू कुमार व का0 विश्वेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा दिनांक 08.01.2025 को देखभाल क्षेत्रध् संदिग्ध व्यक्तियोंध्वाहनों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर थाना सांगीपुर पर पंजीकृत अभियोग अन्तर्गत पाक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त दीपक वर्मा पुत्र भाईलाल वर्मा निवासी ग्राम महिमापुर थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र सांगीपुर के देउम चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया।

## मांधाता के पूरे लाल में लोकपाल की लगी चौपाल, समस्याओं का किया समाधान

### ▶▶ ग्राम में सतर्कता व निगरानी समिति का पुनर्गठन, उत्सव 3 फरवरी को



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** लोकपाल मनरेगा समाज शेखर की अध्यक्षता मे मांधाता ब्लाक के पूरे लाल ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में चौपाल का आयोजन करके ग्राम की समस्याओ को ग्राम सभा सदस्यों की उपस्थिति में सुना व समुचित समाधान किया गया। इस अवसर पर ग्राम में मनरेगा योजनाओ की निगरानी हेतु सतर्कता एवं निगरानी समिति का पुनर्गठन किया गया। इस पहल से शिकायत कर्ता भी संतुष्ट रहे और ग्राम की योजनाओ में पूर्ण मनोयोग से सहयोग का संकल्प लिया। चौपाल में मनरेगा योजना में सहयोग व निगरानी हेतु सतर्कता एवं निगरानी समिति का गठन प्रधान की अध्यक्षता में हुआ। जिसमे रवि सिंह, दशरथ शर्मा, प्रमिला देवी, जय सिंह एवं इश्तियाक को जिम्मेदारी दी गई। ग्राम वासियों ने अपने सुझाव देकर कुछ जरूरी कार्यो को कार्ययोजना में सम्मिलित कराया।

वहीं आवास के संदर्भ में कुछ छूटे पात्र व्यक्तियों का नाम सूची में जोड़ने की बात की। जिस पर सचिव ओम प्रकाश सरोज ने विस्तार से नये नियमो की जानकारी दी तथा आगामी सर्वे के दौरान सभी पात्र व्यक्तियों का नाम सम्मिलित कराकर आवास उपलब्ध कराया जायेगा। वहीं ग्राम वासियों ने लोकपाल की उपस्थिति में प्रत्येक माह ग्राम सभा के बैठक की माँग की, जिस पर तय हुआ कि नियमित रूप से प्रतिमाह बैठक होगी।

आगामी 3 फरवरी को ग्राम में पूरे लाल उत्सव का आयोजन करके ग्राम विकास की योजनाओ के बारे जागरूकता पैदा की जायेगी। साथ ही स्वस्थ मनोरंजन हेतु क्षेत्रीय संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम के बाद लोकपाल ने ग्राम पंचायत के साथ निर्माणाधीन गौशाला का स्थलीय निरीक्षण किया। सभी का स्वागत सचिव ओम प्रकाश व धन्यवाद ज्ञापन ग्राम प्रधान रमेश प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर दुर्गेश तिवारी, अंजनी तिवारी पत्रकार आदि बड़ी संख्या मे ग्राम वासी व मनरेगा कर्मी मौजूद रहे।

## राम राज इंटर कालेज में रोबोटिक निर्माण का प्रशिक्षण आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**पट्टी प्रतापगढ़।** स्थानीय रामराज इंटर कॉलेज पट्टी में रोबोटिक निर्माण का प्रशिक्षण विद्यालय प्रधानाचार्या रमेश चंद्र मिश्र के निर्देशन में चल रहा है। दिल्ली से आए प्रशिक्षक रितेश, मनोज बच्चो को प्रशिक्षण दे रहे हैं। बच्चों को सिखाया जा रहा है कि रोबोट का निर्माण किस तरीके से किया जाता है और इसका हम किस तरीके से प्रयोग कर सकते हैं। यह भी सिखाया गया कि हम रोबोट का निर्माण कैसे करेंगे और उसे कैसे चलाया जाएगा। इस दौरान विद्यालय के विज्ञान विभाग के शिक्षक नीलाभ मिश्र, प्रशस्त त्रिपाठी, संदीप पाण्डे व हरीश चन्द्र मिश्र भी साथ में बच्चो को जानकारी देते रहे। उक्त प्रशिक्षण विद्यालय में बुधवार को दिन में 10रू00 बजे से शुरू होकर 3 बजे तक कराया गया।

## नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष ने सीडीओ और डीपीआरओ का किया स्वागत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष बी एल पटेल ने आज डॉक्टर दिव्या मिश्रा मुख्य विकास अधिकारी एवं डीपीआरओ- जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत दर्वे जी तथा ऑफिस के संबंधित कई कर्मचारियों को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर तथा पुष्पगुच्छ देकर नई कार्यकारिणी गठन का आशीर्वाद लिया। सीडीओ मैम का बहुत ही अच्छा सहयोग कर्मचारियों के प्रति देखने को मिला। जिला पंचायत राज अधिकारी ने भी पूरा आश्वासन दिया कि आप सबको एक बैनर तले चुनाव लड़ाकर एक परचम लहराने का काम करते हुए पूरी ईमानदारी से सफाई कर्मचारी के हर सुख- दुख में मैं साथ खड़ा रहूंगा। उन्होंने कहा कि जनपद के पूरे सफाई कर्मचारी मेरे परिवार के अभिन्न अंग हैं, मैं आप लोगों को परिवार की तरह देखता हूं। इसीलिए जब से मैं आया हूं तब से ही समय से आप लोगों का वेतन देना शुरू कर दिया हूं। डीपीआरओ ने कहा कि कोई भी समस्या सफाई कर्मचारियों की होती है तो मुझे आप तत्काल सूचना दीजिए उसे अविलम्ब निस्तारण करने की पूरी कोशिश करूंगा।

नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष बी एल पटेल ने सभी अधिकारियों को संगठन की तरफ से धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान जिला मंत्री अनिल कुमार गौतम, जिला प्रभारी नागोराव मधुकर, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सरोज, जिला कोषाध्यक्ष दशरथ गौतम, महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्षा बिंदू माला, मंत्री मिथिलेश शर्मा सर्वेश कोरी, नीलेश गौतम, बृजेश सरोज, रामचंद्र गुप्ता अजीत प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

## अर्न्तजनपदीय क्रिकेट टूर्नामेण्ट में कसमापुर इलेवन को मिली विजेता ट्राफी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जलेशरगंज क्षेत्र के हरनाहर पूरे गोपाल पाण्डेय में हुए अर्न्तजनपदीय क्रिकेट टूर्नामेंट में कसमापुर इलेवन ने रोमांचक मुकाबले में विजेता कप अपने नाम किया। उप विजेता का खिताब हरनाहर इलेवन को मिला। पाण्डेय ब्रदर्स के बैनरतले सात दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट मे जिले के अलावा पडोसी अमेठी तथा रायबरेली व प्रयागराज समेत अठारह टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मुकाबले मे भोलानाथ सरस्वती शिशु मंदिर की टीम को तीन विकेट से कसमापुर इलेवन ने आखिरी ओवर में मात दी। विजेता टीम के कैप्टन रमेश पटेल को राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी शिवप्रकाश मिश्र सेनानी एवं जिपंस दिलीप पाण्डेय ने विजेता कप प्रदान किया। वहीं अतिथियों ने उपविजेता हरनाहर इलेवन के कैप्टन रामायण यादव को पुरस्कृत किया। आयोजक समाजसेवी रामप्यारे पाण्डेय ने विजेता टीम को ग्यारह हजार नकद व उप विजेता टीम को इक्यावन सौ रूपये का विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार सौंपा। मुख्य अतिथि शिवप्रकाश मिश्र सेनानी ने कहा कि खेल सदैव भाईचारे की मजबूती का पैगाम हुआ करता है। विशिष्ट अतिथि ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने सामाजिक सदभाव के लिए खेल की महत्वता पर प्रकाश डाला। संयोजक सज्जन पाण्डेय ने अतिथियों व खिलाडियो का स्वागत तथा बबलू पाण्डेय ने आभार जताया। अंपायर की भूमिका में अजय तिवारी सोनू व अवनीश तिवारी सराहे गये। कार्यक्रम का संचालन संजय शुक्ल ने किया। समापन समारोह में प्रधानाचार्य भोला नाथ पाण्डेय, भाजपा नेता बबलू मिश्र, बच्चन पाण्डेय, शिक्षक दिवाकर पाण्डेय, विशाल पाण्डेय ने भी आयोजन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर दीपांशु पाण्डेय, विवेक पाण्डेय, आदर्श पाण्डेय, मोनू पाण्डेय, राजेन्द्र तिवारी, धीरज पाण्डेय, छोटू, भगवान तिवारी, संजय पाण्डेय, राहुल मिश्र, दिनेश सिंह आदि रहे।

लोकमित्र
कौशाम्बी, गुरूवार ,9 जनवरी 2025



संक्षिप्त खबरें

## विवाहिता ने जेठ पर लगाया मारपीट कर घर से भगाने का आरोप

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक विवाहिता ने जेठ सहित ससुरालियों पर गाली गलौच व मारपीट कर घर से भगाने का आरोप लगाते हुए सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।सैनी कोतवाली क्षेत्र के मर्दानपुर ब्रजी का मजरा मीरापुर तकिया निवासी आरती देवी पत्नी विजय कुमार ने बुधवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके पति रोजी रोटी के सिलसिले में दिल्ली में चले जाते है। आरती देवी का आरोप है कि उसका जेठ नशे की हालत आएदिन गाली गलौच कर मारपीट पर आमादा हो जाता है और घर से भगाता है। आरती देवी ने बताया कि बुधवार को जेठ, सास व नंद मिलकर उसके साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट पर आमादा हो गए। और घर से भगाने की धमकी देने लगे। पीड़िता ने मामले में पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

## माध्यमिक शिक्षक सीखेंगे अंग्रेजी विषय की बारीकियां

**शहजादपुर, (कौशाम्बी)।** माध्यमिक शिक्षा विभाग के अनुसार बदलते दौर में पठन-पाठन के तरीकों से लेकर शब्दावली व प्रस्तुतिकरण के तरीकों में काफी बदलाव आया है। जिले में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के अंग्रेजी विषय के शिक्षकों को और दक्ष करने व आज की जरूरत के अनुसार तैयार करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके तहत कौशाम्बी जिले से तीन-तीन एलटी ग्रेड शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। वह आगे जिले के अन्य शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे।इससे शिक्षकों को अवगत व अपडेट कराने के लिए यह प्रशिक्षण डायट के माध्यम से कराया जाएगा। इसमें हर मास्टर ट्रेनर को आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान, प्रयागराज द्वारा विकसित ट्रेनिंग मॉड्यूल व हर राजकीय माध्यमिक विद्यालय के लिए कक्षा नौ व दस की अंग्रेजी विषय की टीचर गाइड भी दी जाएगी। इसके लिए प्रति शिक्षक 500 रुपये की दर से स्वीकृत किए गए हैं। विभाग के मुताबिक 15 जनवरी तक जिले में यह प्रशिक्षण पूरा कराने के निर्देश भी हैं। हांलकीं जिन शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर बनना हैं उन शिक्षकों की सूची अपर परियोजना निदेशक कार्यालय से जिले में प्रशिक्षण के लिए भेज दी गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ0 सच्चिदानंद यादव ने बताया कि यह प्रशिक्षण शिक्षकों को आज के अनुरूप अपडेट करने में काफी सहयोगी होगा।

## अच्छे कार्य करने वाले टॉप 03 जनसेवा केंद्र संचालकों को किया जाएगा सम्मानित

**कौशाम्बी।** शासन द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन करते हुए जिलाधिकारी श्री मधुसूदन हुल्गी द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में फार्मर रजिस्ट्री रजिस्ट्रेशन का कार्य जनपद में बहुत तेजी से चलाया जा रहा है। सरकार द्वारा संचालित फार्मर रजिस्ट्री रजिस्ट्रेशन कार्य का अभियान चलाकर अधिक से अधिक किसानों को जोड़ा जा रहा है। जनपद की सभी ग्राम पंचायत में प्रशासन की टीम किसानों को प्रेरित करते हुए सी.एस.सी. सेंटर में रजिस्ट्रेशन का कार्य करा रही है। अब तक के इस अभियान में ग्राम पंचायत कोशम इनाम के सी.एस.सी. केंद्र संचालक अभिषेक जैन, ग्राम पंचायत गिरिया खालसा के जनसेवा केंद्र संचालक आर्यन कुमार एवं ग्राम पंचायत कैमा के संचालक शिवपूजन साहू द्वारा अधिक से अधिक संख्या में किसानों का फार्मर रजिस्ट्री के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन करते हुए सराहनीय कार्य किया गया । इन सभी जनसेवा केंद्र संचालकों को कृषि विभाग द्वारा सम्मानित किया जाएगा। ऐसे सभी अच्छे कार्य करने वाले जनसेवा केंद्र संचालकों जिन्होंने इस अभियान में अपने स्तर से उत्साह दिखाते हुए अपने-अपने ग्राम पंचायत के किसानों का अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराया है और अभी भी रजिस्ट्रेशन कार्य तेजी से कर रहे है। इन सभी जनसेवा केंद्र संचालको के कार्य की कृषि विभाग के अधिकारी ने प्रशंसा व्यक्त की है और इनको अभियान के बाद सम्मानित भी किया जाएगा। यह जानकारी जिला कृषि अधिकारी और उपनिदेशक कृषि अधिकारी द्वारा दी गई।

## एसडीएम ने जारी की फॉर्मर रजिस्ट्री में लापरवाही करने वाले 11 लेखपालों को कारण बताओ नोटिस

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** फार्मर रजिस्ट्री के कार्य की एसडीएम सिराथू अजेंद्र सिंह ने मंगलवार को समीक्षा की। काम में लापरवाही पर सिराथू तहसील क्षेत्र के 11 लेखपालों को कारण बताओ नोटिस जारी की। साथ ही समय काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं।एसडीएम सिराथू अजेंद्र सिंह ने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर फॉर एग्रीकल्चर में पीएम किसान के लाभार्थियों समेत सभी भूमिधर किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री की जानकारी ली। इस दौरान पाया कि कई ग्राम पंचायत स्तर पर सीएचसी सेंटर संचालकों द्वारा फॉर्मर रजिस्ट्री का कार्य नहीं किया जा रहा है इसकी जानकारी भी लेखपालों द्वारा उच्चाधिकारियों को भी दी गई , साथ ही काम में लापरवाही बरती जा रही है। इस पर एसडीएम ने लेखपालों से नाराजगी जाहिर करते हुए कार्य में सुधार के निर्देश दिए। वहीं, लापरवाही पर लेखपाल मान सिंह , पूनम यादव , रवि विश्वकर्मा, जगदीश यादव , सोहन लाल, नित्या पाल, रवि प्रकाश, अमन सिंह, अनुराधा वर्मा, लोकनाथ पाण्डेय , विनोद पाल को नोटिस जारी करते हुए तीन दिनों के अंदर स्पष्टीकरण मांगा हैं।

## ससुराल गये युवक को साला ने पीटकर बाइक- नगदी छीना

**चायल, (कौशाम्बी)।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के डीहा कस्बा चायल में मंगलवार की शाम ससुराल गये युवक को साला ने डंडे से जमकर पीट दिया।साथ ही जेब में रखी नगदी और बाइक छीन लिया।चीख पुकार सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल ने पुलिस चौकी चायल जाकर आरोपी के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाने के बाद पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई है।पूरामुफ्ती थानाक्षेत्र के मीरापुर गांव निवासी रामू पुत्र राम बालक मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। उसके अनुसार दो वर्ष पूर्व उसका विवाह कस्बा चायल के वार्ड डीहा निवासी आशादेवी पुत्री रोगी के साथ हुई थी।उसकी पत्नी एक हफ्ता पूर्व मायके आई थी। मंगलवार की शाम वह ससुराल जा रहा था।इसी दौरान डीहा के समीप उसका साला अपने साथियों के साथ वहां मिला और बहन को परेशान करने का आरोप लगाकर उसके साथ गाली-गलौच करने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर वह अपने तीन साथियों के साथ डंडे से उसकी जमकर पिटाई कर दी। उन्होंने जेब में रखा साथ सौ रुपए नगदी और बाइक छीन लिया। शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल ने पुलिस चौकी चायल जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## दम्पति ने पुराने विवाद में दो भाइयों को पीटकर किया घायल

**चरवा, (कौशाम्बी)।** चरवा थानाक्षेत्र के शेखपुर रसूलपुर गांव में मंगलवार की शाम पुरानी रंजिश को लेकर पति-पत्नी ने एक युवक को पीट दिया। शोर सुनकर बीच बचाव करने पहुंचे उसके भाई को भी पीटा। पिटाई से दोनों भाई घायल हो गए। मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर आरोपी दम्पति के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

शेखपुर रसूलपुर गांव निवासी बंशीलाल पुत्र पंचमलाल मजदूरी कर परिवार का गुजारा करता है। उसके अनुसार गांव के एक युवक से उसका पुराना विवाद चल रहा है। मंगलवार की शाम उसका पुत्र अनिल कुमार घर से दवा लेने के लिए दुकान जा रहा था। इसी दौरान गांव का वही युवक अपने पत्नी के साथ उसे मिला और पुरानी रंजिश को लेकर उसके साथ गाली गलौच करने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर उन्होंने अनिल की पिटाई करना शुरू कर दिया। शोर सुनकर बीच बचाव करने पहुंचे भाई राजकुमार को भी जमकर पीट दिया। पिटाई से दोनों भाइयों को काफी चोटें आई। मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर दम्पति के खिलाफ घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## महिला उत्थान एवं जागृति संस्थान की अध्यक्ष ने वितरित किया गर्म कपड़ें

**जन सेवा ही मानव सेवा- अंजना मिश्रा**



लोकमित्र ब्यूरो

**बारा, (कौशाम्बी)।** महिला उत्थान एवं जागृति संस्थान की अध्यक्षा अंजना मिश्रा काउंसलर पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने मंगलवार को दिगम्बर जैन मंदिर गढ़वा में जरूरतमंद लोगों के बीच ऊनी कपड़ों का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा ही सच्ची सेवा है, और हर सक्षम व्यक्ति को अपने सामर्थ्य अनुसार समाज के जरूरतमंद वर्ग की मदद करनी चाहिए।अंजना मिश्रा ने सभी को यह आश्वासन दिया कि संस्थान आगे भी इस तरह के सामाजिक कार्यों को जारी रखेगा। इस वितरण कार्यक्रम के दौरान अंजना मिश्रा ने कहा, ठंड के मौसम में कंबल और ऊनी कपड़े जरूरतमंदों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। हमारी छोटी-सी मदद उनकी जिंदगी में बड़ा बदलाव ला सकती है। कार्यक्रम में महिला उत्थान एवं जागृति संस्थान के कई अन्य सदस्य और समाजसेवी, ग्राम प्रधान मुन्नू लाल दिवाकर, सहित कौशाम्बी थाना के उपनिरीक्षक, कास्टेबल, महिला कास्टेबल भी उपस्थित थे, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि संस्थान अपने सामाजिक कार्यों के लिए हमेशा अग्रणी रहा है। अंजना मिश्रा और उनकी टीम का यह प्रयास न केवल जरूरतमंदों की मदद करता है, बल्कि समाज में सेवा और मानवता का संदेश भी फैलाता है। साथ ही कोई भी ऐसी महिलाएं जो महिला शोषण का शिकार है वह अंजना मिश्रा (काउंसलर पुलिस अधीक्षक कार्यालय कौशाम्बी) से संपर्क कर सकती हैं।

## बेटे के जन्मदिन पर समाजसेवी ने जरूरतमंदों को वितरित किया कम्बल



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** विकास खंड कड़ा के चक बख्तियारा गांव के प्रधान प्रतिनिधि ने बेटे के जन्मदिन के अवसर पर गांव के वृद्ध व जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरण किया। विकास खंड कड़ा के चक बख्तियारा गांव के प्रधान प्रतिनिधि व समाजसेवी लवकुश निर्मल ने अपने बेटे अथर्व चौधरी के जन्मदिन के मौके पर बुधवार को अपने आवास में एक कार्यक्रम का आयोजन कर गांव के वृद्ध व जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क कम्बल वितरण किया। इस दौरान लवकुश निर्मल ने बताया कि वृद्ध व जरूरतमंदों की मदद करने से जहां आत्म सुख की प्राप्ति होती है वहीं मदद करने वालों से ईश्वर प्रसन्न रहते है। इस मौके पर लवकुश निर्मल के साथ सूरज कली, शिव राजी, कमला देवी , इंदिरा , गोधनी , सुनीता , केलपती सहित तमाम लोग मौजूद रहें।

## श्री बाबू सिंह डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का हुआ शुभारंभ




लोकमित्र ब्यूरो

**सैनी, (कौशाम्बी)।** सिराथू के सयारा में स्थित श्री बाबू सिंह डिग्री कॉलेज में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय (दिन-रात्रि) शिविर का शुभारंभ हुआ जिसमें विद्यालय के प्राचार्य डॉ गया प्रसाद वर्मा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर धूप दीप एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसमें प्राचार्य द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत किए जाने वाले सभी कार्यक्रमों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के लाभ के बारे में सभी छात्र छात्राओं को जानकारी प्रदान की और बताया कि हम सब मिलकर राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से समाज में जो अशिक्षित एवं गरीब तबके के लोगों को जागरूक कर एक समृद्ध और विकसित भारत की रचना करेंगे समाज में फैली हुई

अंधविश्वास से लोगों को जागरूक करने का कार्य करेंगे। इसी के साथ सभी छात्र छात्राओं को सात दिवसीय दिन-रात्रि शिविर में होने वाले संपूर्ण कार्यक्रम की जानकारी कार्यक्रम अधिकारी रामलाल द्वारा दी गई कार्यक्रम में महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी इकाई प्रथम रामलाल एवं कार्यक्रम अधिकारी इकाई द्वितीय डॉ. संजीव कुमार साहू, शेर सिंह , सुधाकर त्यागी, अभिजीत यादव , देशराज प्रजापति , पंकज यादव, सोनी मौर्या आदि समस्त कर्मचारी उपस्थित रहें।

## डोरमा में निःशुल्क डेंटल चेकअप शिविर आयोजित

**दीक्षा अवेयरनेस एंड केयर वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में लगाया गया शिविर**




लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** दिक्षा अवेयरनेस एंड केयर वेलफेयर सोसाइटी द्वारा विकास खंड कड़ा के डोरमा गांव में एक निशुल्क डेंटल चेकअप शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग तीन सौ लोगों ने दंत स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

दंत विशेषज्ञ डॉ. श्रवण आर्य ने सभी प्रतिभागियों के दांतों की निःशुल्क जांच की और उन्हें दांतों की देखभाल से जुड़ी उपयोगी सलाह दी। सोसाइटी की ओर से सभी को निःशुल्क टूथपेस्ट, टूथब्रश और टंग क्लीनर वितरित किए गए। शिविर के सफल आयोजन में सोसाइटी की अध्यक्ष दिक्षा सेठी का विशेष योगदान रहा। उनके नेतृत्व में सदस्यों ने मिलकर शिविर को सफल बनाया। प्रमुख सदस्यों में युगांक सेठी, प्रतिभा कक्कड़, प्रीति सिंह, कल्पना सिंह, पूजा, शालू मौर्य, अनीशा सेठी, और बेबी सेठी का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। सोसाइटी की अध्ययन दीक्षा सेठी ने बताया कि शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में दांतों के रोगों के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वच्छता को बढ़ावा देना था। लोगों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में ऐसे आयोजन की उम्मीद जताई।दिक्षा अवेयरनेस एंड केयर वेलफेयर सोसाइटी का लक्ष्य समाज के हर वर्ग को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और जागरूकता बढ़ाना है।

## नवागत अधिशाषी अधिकारी ने ग्रहण किया कार्यभार




लोकमित्र ब्यूरो

**कड़ा, (कौशाम्बी)।** नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम के नवागत अधिशाषी अधिकारी संजय तिवारी ने बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया।कार्यभार ग्रहण के उपरांत उन्होंने मौजूद कर्मचारियों से औपचारिक मुलाकात की एवं नगर से संबंधित अनेक प्रकार की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत को स्वच्छ बनाने एवं विकास कार्यों के लिए क्षेत्र की जनता का सहयोग चाहिए इन के सहयोग से ही नगर पंचायत को और भी अग्रसर कर विकास कार्य करूंगा। विदित हो कि अधिशाषी अधिकारी वैभव चौधरी के स्थानांतरण के पश्चात 2015 बैच के संजय तिवारी को नगर पंचायत की कमान सौंपी गई थी लेकिन स्वास्थ्य संबंधी कारणों के चलते वह कार्यभार ग्रहण नही कर सके थे। बुधवार को उन्होंने नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया और शक्तिपीठ कड़ाधाम जाकर मां शीतला का आशीर्वाद लिया।नवागत अधिशाषी अधिकारी का नगर अध्यक्षा रागिनी अरुण केशरवानी व अन्य नगर कर्मचारियों ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत-सम्मान किया और उनके उज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि अरुण केशरवानी, शिवम मौर्य, सुजीत मौर्य, अभिषेक मौर्या, नीरज, अनूप, जितेंद्र सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहें।

## इलेक्ट्रानिक दुकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू कस्बे में बीती रात चोरों ने चौनल व दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर पहुंचे चोरों ने इलेक्ट्रानिक दुकान से लाखों रुपए का सामान चोरी कर फरार हो गए , सुबह दुकान पहुंचे भुक्तभोगी ने दुकान का ताला टूटा देख पुलिस को सूचना दी जिसके बाद जांच पड़ताल में जुट गई है।कड़ा धाम थाना क्षेत्र के शीतला धाम निवासी धनेन्द्र कुमार पुत्र स्व गोरेलाल ने बुधवार को सैनी पुलिस को लिखित सूचना देकर बताया कि वह सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू कस्बे रेलवे ओवरब्रिज के नजदीक एसबीआई के पास कमल इलेक्ट्रानिक के नाम से दुकान खोल रखी है । धनेन्द्र का आरोप है कि बीती रात आए चोरों ने दुकान के पीछे की बाउंड्री फांदकर उसके अंदर पीछे की ओर दुकान का चौनल व दरवाजे का ताला तोड़कर दुकान में लगे कैमरे व तार को तोड़ कर दुकान में रखे 32 इंच की तीन एलईडी टीवी सैमसंग , 12 इन्वर्टर बैटरी तथा दो पीस सुजाता मिक्सी एवं अन्य इलेक्ट्रानिक सामान चोरी कर फरार हो गए , बुधवार की सुबह धनेन्द्र दुकान पहुंचा तो दुकान का सामान बिखरा देख दंग रह गया। धनेन्द्र ने मामले की लिखित सूचना पुलिस को दी जिसके बाद पहुंची पुलिस जांच पड़ताल ने जुट गई है।

## भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रतियोगिता में जय मां दुर्गे कॉलेज के दो छात्र बने बाल वैज्ञानिक



**अजुहा, (कौशाम्बी)।** मध्य प्रदेश के भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रतियोगिता में अजुहा कस्बे के जय मां दुर्गे इंटर कालेज के दो छात्रों को बाल वैज्ञानिक की उपाधि प्रदान की गई है। छात्रों को मिली इस उपाधि से विद्यालय स्टॉफ में खुशी का माहौल व्याप्त हैं।भोपाल के रविन्द्र भवन में आयोजित राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रतियोगिता में भारत सहित बहरीन, यूएई, कुवैत, ओमान, कतर तथा सऊदी अरब सहित खाड़ी देशों के 700 छात्र व शिक्षकों ने प्रतिभाग किया था। प्रतियोगिता में अजुहा कस्बे में स्थित जय मां दुर्गे इंटर कालेज के इंटर मीडिएट के छात्र आयुष कुमार व अनुराग गुप्ता ने ग्रेड ए प्राप्त किया। आयुष व अनुराग की इस उपलब्धि से दोनों छात्रों को बाल वैज्ञानिक की उपाधि प्रदान की गई। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग प्रो अभय कांरदिकर, मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित तमाम अतिथि मौजूद रहें। छात्रों की इस सफलता से गदगद विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार साहू सहित विद्यालय स्टॉफ ने छात्रों का बुधवार को माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान प्रधानाचार्य सुनील साहू ने कहा कि दोनों छात्रों ने विद्यालय सहित प्रदेश का मान सम्मान बढ़ाया है।

## महात्मा बुद्ध महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का हुआ शुभारंभ




लोकमित्र ब्यूरो

**अजुहा, (कौशाम्बी)।** अजुहा कस्बे में स्थित महात्मा बुद्ध महाविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय दिन-रात्रि शिविर का शुभारंभ हुआ, जिसमें विद्यालय के प्राचार्य डॉ मदन मोहन सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर धूप दीप एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस दौरान प्राचार्य मदन मोहन सिंह द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत किए जाने वाले सभी कार्यक्रमों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के लाभ के बारे में सभी छात्र छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि हम सब मिलकर राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से समाज में जो अशिक्षित एवं गरीब तबके के लोगों को जागरूक कर एक समृद्ध और विकसित भारत की रचना करेंगे समाज में फैली हुई अंधविश्वास से लोगों को जागरूक करने का कार्य करेंगे इसी के साथ सभी छात्र छात्राओं को सात दिवसीय दिन-रात्रि शिविर में होने वाले कार्यक्रम की संपूर्ण जानकारी कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार मौर्या द्वारा स्वयं सेवकों को दी गई कार्यक्रम में महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी इकाई प्रथम धरणी धर एवं कार्यक्रम अधिकारी इकाई द्वितीय डॉ. राजेश कुमार मौर्य, रामलोचन,

साकेत चौधरी , मनीराम , कपिल मुनि , मंतोष , दिनेश आदि समस्त कर्मचारी उपस्थित रहें।

## पूरामुफ्ती का अहमदपुर असरौली गांव गोलियों की तड़तड़ाहट से दहला

लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, कौशाम्बी।** पूरामुफ्ती थाने के अहमदपुर असरौली गांव बुधवार सुबह गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। पुरानी अदावत की चिंगारी आखिरकार जल उठी। दोनों पक्षों की तरफ से ईट-पत्थर के साथ-साथ कई राउंड हवा में फायरिंग की गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को देखते ही हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई है। अहमदपुर असरौली गांव निवासी अबरार अहमद पुत्र हारुन उर्फ नन्हू का गांव के ही ग्राम प्रधान के बेटे शाह सऊद पुत्र माशूक उद्दीन से पुरानी रंजिश चल रही है। काफी दिनों से अदावत की चिंगारी दोनों पक्षों के बीच सुलग रही है। लोगों के अनुसार मंगलवार शाम अबरार किसी काम से बेगम बाजार गया था। आरोप है कि शाह सऊद ने अपनी थार से उसे कुचलने का प्रयास किया। अबरार ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। बुधवार सुबह गांव में इसी बात को लेकर दोनों पक्ष आमने सामने हो गए। दोनों पक्षों के बीच जमकर ईट-पत्थर चले। ग्रमीणों के अनुसार दोनों तरफ से लगभग बीस राउंड हवाई फायरिंग की गई। किसी ने मामले की सूचना पुलिस को दे दी। सूचना मिलने के बद मौके पर पहुंची पुलिस को देख दोनों पक्ष के लोग फरार हो गए। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। इस सम्बंध में एसओ मनोज कुमार सिंह का कहना है कि फायरिंग नहीं हुई है। ईट-पत्थर चले हैं। दोनों पक्ष मौके से फरार हो गए हैं। पुलिस की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### तीन महीना पहले भी दोनों पक्षों के बीच हो चुकी है खूनी जंग

कौशाम्बी। अहमदपुर असरौली गांव में तीन महीना पहले भी दोनों पक्षों के बीच खूनी जंग हो चुकी है। 04 अक्तूबर 2024 को भी दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। मामले में अबरार अहमद की तरफ से शाह सऊद, शाह फैसल, सऊद फैसल पुत्रगण माशूक उद्दीन, अहमर और दाऊद पुत्रगण निक्के, जैद और उबैद पुत्र माबूद अहमद और निक्के के खिलाफ गंभीर धराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। वहीं दूसरी तरफ से शाह खालिद पुत्र माशूक उद्दीन ने शेरु, महफूजुल, अबुल, कामरान और इंजमाम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने दोनों तरफ से मिली तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया था। जमानत मिलने के बाद से ही दोनों पक्ष एक दूसरे से रंजिश रखते थे।

## शमशाद अली पुनः बनाए गए प्रयागराज मंडल अध्यक्ष



**टेवां, (कौशाम्बी)।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ राष्ट्रीय इकाई ने जनपद कौशांबी के पत्रकार शमशाद अली को पुनः प्रयागराज मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया। जनपद इकाई भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ, केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करती है। बड़े भाई शमशाद अली 2020 से लेकर 2022 तक लगातार भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ जिला अध्यक्ष कौशांबी के पद पर रहकर पत्रकारों के हितों की लड़ाई लड़ते रहे हैं उनके संघर्ष और मेहनत को देखकर केंद्रीय नेतृत्व ने शमशाद अली को पुनः मंडल अध्यक्ष प्रयागराज नियुक्त किया है।

## सम्पादकीय

# नियम को तुरंत बदलने की जरूरत

ओलिंपिक्स में मेडल जीतना खेल जगत की सबसे बड़ी उपलब्धि होता है। ऐसे में जो खिलाड़ी पदक जीतते हैं, उन्हें स्वाभाविक रूप से खेल रत्न पुरस्कार मिलने चाहिए। इसके लिए एथलीट खुद अर्जी दें, इस नियम को तुरंत बदलने की जरूरत है।ऐसे नियम अतार्किक हैं, जिनकी वजह से देश का नाम रोशन करने वाली शख्सियतों से उनका सम्मान छिने और वे आहत महसूस करें। वैसे भी सम्मान पाने के लिए खेल प्रतिभाओं के खुद आवेदन करने की शर्त अजीबोगरीब है। इसी शर्त के कारण ओलिंपिक खेलों में अप्रतिम प्रदर्शन करने वाली निशानेबाज मनु भाकर इस वर्ष खेल रत्न पुरस्कार पाने से वंचित हो गई हैं। भाकर का कहना है कि शर्त के मुताबिक उन्होंने पुरस्कार के लिए पोर्टल पर जाकर आवेदन किया था। लेकिन संभवत- किसी तकनीकी गड़बड़ी के कारण उनकी अर्जी अधिकारियों तक नहीं पहुंच पाई। इस तरह जिस साल उन्होंने ओलिंपिक्स में दो पदक जीत कर ऐसा करने वाली पहली भारतीय बनीं, उन्हें इस पुरस्कार से वंचित होना पड़ा है।इस पर मनु के असंतोष को आसानी से समझा जा सकता है। उनके पिता ने एक इंटरव्यू में मनु की उदास प्रतिक्रिया की जानकारी दी। उनके पिता ने बताया- %उसने मुझसे कहा कि मुझे ओलंपिक्स जाकर देश के लिए पदक जीतने ही नहीं चाहिए थे। असल में मुझे एथलीट ही नहीं बनना चाहिए था।' जब नाम जारी हुए, तब मनु को पता चला कि इस वर्ष खेल रत्न पुरस्कारों के लिए जिन 12 खिलाड़ियों को शॉर्ट लिस्ट किया गया है, उनमें उनका नाम नहीं है। जबकि 2021 में टोक्यो ओलंपिक्स के बाद वहां पदक जीतने वाले सभी सात खिलाड़ियों को खेल रत्न से सम्मानित किया गया था। ओलिंपिक्स में मेडल जीतना खेल जगत की सबसे बड़ी उपलब्धि होता है।जहां मुकाबला सचमुच वैश्विक स्तर का हो, वहां कामयाब होना आसान नहीं होता। ऐसे में जो खिलाड़ी पदक जीतते हैं, उन्हें स्वाभाविक रूप से खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुना जाना चाहिए। इसके लिए एथलीट खुद अर्जी दें, इस नियम को तुरंत बदले जाने की जरूरत है। मनु भाकर की उपलब्धि कितनी बड़ी है, क्या इसे उन्हें खुद बताना चाहिए? भारत में दिक्कत यह है कि ओलंपिक्स की सफलता देश को सिर्फ एक-दो दिन याद रहती है। ओलंपिक्स जैसे मौकों पर उपलब्धियों के अभाव के लिए देश की यह संस्कृति कम जिम्मेदार नहीं है। बहरहाल, अब सूरत बदले जाने की जरूरत है।




# विदेशों में बढ़ रही है भारतीय मूल के लोगों की राजनीतिक सरगर्मी



**अशोक भाटिया**

विदेशों में भारतीय मूल के लोगों की राजनीति सरगर्मी व उनकी विश्वसनीयता तेजी से बढ़ रही है ।उसकी ताजा मिसाल है कनाडा में होने वाले हालिया चुनाव । खबरों के अनुसार भारतीय मूल की नेता अनीता आनंद प्रधानमंत्री पद की एक मजबूत दावेदार हैं। बता दें जस्टिन ट्रूडो ने लिबरल पार्टी के नेता पद और प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, वह लिबरल पार्टी के नए नेता चुने जाने तक प्रधानमंत्री पद पर बने रहेंगे। अनीता आनंद कनाडा की वर्तमान परिवहन और आंतरिक व्यापार मंत्री हैं। अनीता इंदिरा आनंद का जन्म केंटविले, नोवा स्कोटिया में हुआ था। उनके माता-पिता (दोनों का देहांत हो चुका है) इंडियन फिजिशियन थे। उनके पिता तमिलनाडु से और उनकी मां पंजाब से थीं। आनंद की दो बहनें हैं ङ्क गीता आनंद, टोरंटो में एक वकील हैं, और सोनिया आनंद, मैकमास्टर यूनिवर्सिटी में एक फिजिशियन और रिसर्चर हैं।आनंद 1985 में ओंटारियो चली गईं। उन्होंने और उनके पति जॉन ने अपने चार बच्चों का पालन-पोषण ओकविले में किया। आनंद ने अपने करियर के दौरान अब तक कई पदों पर काम किया है। वह पहली बार 2019 में ओकविले के लिए संसद सदस्य के रूप में चुनी गई थीं। उन्होंने 2019 से 2021 तक सार्वजनिक सेवा और खरीद मंत्री के रूप में कार्य किया और ट्रेजरी बोर्ड के अध्यक्ष और राष्ट्रीय रक्षा मंत्री के रूप में भी काम किया। सार्वजनिक सेवा और खरीद मंत्री के रूप में, आनंद ने कोविड-19 महामारी दौरान कनाडाई लोगों के लिए वैक्सीन, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण और रैपिड टेस्ट सुरक्षित करने के लिए अनुबंध वार्ता का नेतृत्व किया। अनीता जब राष्ट्रीय रक्षा मंत्री बनीं, तो उन्होंने सेना में यौन दुराचार के खिलाफ कदम उठाए। उन्होंने रूस यूक्रेन युद्ध के दौरान कीव को व्यापक सैन्य मदद के साथ-साथ यूक्रेनी सैनिकों की ट्रेनिंग के लिए कर्मियों की व्यवस्था भी की। सितंबर 2024 में, अनीता आनंद को ट्रेजरी बोर्ड के अध्यक्ष के पद के अलावा परिवहन मंत्री भी नियुक्त किया गया। राजनीति के अलावा अनीता आनंद की पहचान एक विद्वान, वकील और रिसर्चर की रही है। वह टोरंटो यूनिवर्सिटी में कानून की प्रोफेसर रही हैं जहां उन्होंने इनवेस्ट प्रोटक्शन और कॉर्पोरेट गर्वनेंस में जेआर किंबर चेयर का पद संभाला था। आनंद ने एसोसिएट डीन के रूप में कार्य किया है और मैसी कॉलेज के गवर्निंग बोर्ड की सदस्य भी रही हैं। वह कैपिटल मार्केट्स इंस्टीट्यूट, रोटमैन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में नीति और अनुसंधान की निदेशक रही हैं। उन्होंने येल लॉ स्कूल, क्वीन्स यूनिवर्सिटी और वेस्टर्न यूनिवर्सिटी में भी कानून पढ़ाया है। अनीता आनंद ने क्वीन्स यूनिवर्सिटी से राजनीतिक अध्ययन में बैचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स), ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से न्यायशास्त्र में बैचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स), डलहौजी यूनिवर्सिटी से बैचलर ऑफ लॉ और टोरंटो यूनिवर्सिटी से मास्टर ऑफ लॉ की डिग्री हासिल की है।कनाडा की अनीता आनंद पहली भारतीय मूल की महिला नहीं है जो किसी दूसरे देश में शीर्ष पद पर पहुचने की तैयारी कर रही है इसके पहले भी भारतीय मूल के कई लोग है जो विदेशों में अपने भारतीय मूल का डंका बजा चुके है । हम विदेशों में अपने भारतीय मूल के लोगों का इतिहास देखे तो अमेरिका के सबसे संपन्न और पढ़े लिखे समुदायों में भारतवंशी शीर्ष पर हैं। गौर करने वाली बात ये है कि अब भारतवंशी, अमेरिकी राजनीति में भी अपनी पकड़ बना रहे हैं और बड़ी संख्या में चुनावी राजनीति का हिस्सा बन रहे हैं। अमेरिका में अभी विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं के साथ ही स्थानीय निकाय के चुनावों में तीन दर्जन से भी ज्यादा भारतवंशी उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी पेश की । अमेरिका में भारतीय मूल के लोगों के राजनीति में रुझान को इसी बात से समझा जा सकता है कि भारतीय अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने कहा है कि %अगर आप खाने की मेज पर नहीं बैठे हैं तो फिर इसका मतलब है कि आप मेन्यू का हिस्सा हैं।% कैलिफोर्निया में स्थानीय निकाय चुनाव हो रहे हैं और इन चुनाव में सबसे ज्यादा भारतीय मूल के लोग हिस्सा ले रहे हैं। कैलिफोर्निया से ही भारतीय मूल के रो खन्ना और एमी बेरा सांसद हैं। साथ ही राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार रही कमला हैरिस भी कैलिफोर्निया से ही ताल्लुक रखती हैं। साथ ही अदला चिश्ती डिस्ट्रिक्ट 11 के लिए काउंटी सुपरवाइजर के लिए चुनाव लड़ रही हैं। आलिया चिश्ती सिटी कॉलेज बोर्ड सैन फ्रांसिस्को के लिए, दर्शना पटेल स्टेट असेंबली के लिए, निकोल फर्नांडिज सैन मेटो सिटी काउंसिल के लिए, निथ्या रमन लॉस एंजेल्स सिटी काउंसिल के लिए, रिचा अवस्थी फोस्टर सिटी काउंसिल के लिए और सुखदीप कौर एमरीविले सिटी काउंसिल के लिए चुनाव लड़ रही हैं। सिलिकॉन वैली में भारतीय इंजीनियर्स का खूब प्रभाव है, अब यहां की राजनीति में भी भारतीय अपने पैर जमाने की कोशिश कर रहे हैं। भारतीय मूल की तारा श्रीकृष्णन सिलिकॉन वैली में डिस्ट्रिक्ट 26 से कैलिफोर्निया स्टेट असेंबली के लिए चुनाव लड़ रही हैं। डॉ। अजय रमन मिशिगन डिस्ट्रिक्ट 14 के लिए ऑकलैंड काउंटी कमिश्नर पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि अनिल कुमार और रंजीव पुरी मिशिगन स्टेट हाउस के लिए चुनाव मैदान में हैं। प्रिया सुंदरेशन एरिजोना में स्टेट सीनेट के लिए, रवि शाह स्कूल बोर्ड के लिए, पेंसिल्वेनिया में आनंद पाटके, अन्ना थॉमस और अरविंद वेंकट स्टेट हाउस के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं निकिल सावल स्टेट सीनेट के लिए उम्मीदवार हैं। इलिनोइस से भारतवंशी अनुषा थोटाकुरा स्कूल बोर्ड के लिए और नबील सैयद स्टेट हाउस के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। अश्विन रामास्वामी, जॉर्जिया स्टेट सीनेट के लिए चुनाव मैदान में हैं और अगर वे चुने जाते हैं तो वे सबसे कम उम्र के सीनेटर होंगे। ओहायो में चैंतल रघु काउंटी कमिश्नर पद के लिए और पवन पारिख काउंटी क्लर्क ऑफ कोर्ट्स पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। वर्जीनिया में डैनी अवुला रिचमंड के मेयर पद के लिए चुनाव मैदान में हैं। इसी तरह न्यूयॉर्क में जेरेमी कोनी और मनिता संघवी स्टेट सीनेट, जोहरान ममदानी स्टेट असेंबली के लिए चुनाव मैदान में हैं।

टेक्सास राज्य में सिटी काउंसिल के लिए भारतीय मूल की आशिका गांगुली, नबील शिके, रमेश प्रेमकुमार, रवि सैंडिल, सलमान भोजानी, शेखर सिन्हा, शेरिन थॉमस, सुलेमान लालानी सिटी काउंसिल, स्टेट हाउस और जज पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं मनका ढींगरा वाशिंगटन राज्य के अटॉर्नी जनरल पद और मोना दास सार्वजनिक भूमि के आयुक्त पद के लिए चुनावी रेस में शामिल हैं। भारतीय मूल के दो अमेरिकियों ने शीर्ष पदों पर आसीन होकर इतिहास रच दिया। अरुणा मिलर और विवेक मुलक ने अमेरिकी राज्यों मैरीलैंड और मिसौरी के उपराज्यपाल और कोषाध्यक्ष (वित्त मंत्री) के रूप में शपथ ली । भारत में पैदा हुई अरुणा मिलर ने अमेरिका के मैरीलैंड राज्य की पहली इंडियन अमेरिकन लेफ्टिनेंट गवर्नर बनी। अरुणा मिलर ने भगवत गीता पर हाथ रखकर शपथ ली और पद संभाला। 58 साल की अरुणा का जन्म भारत के हैदराबाद में हुआ था। वे 1972 में अपने परिवार के साथ अमेरिका गई थीं। उन्हें साल 2000 में अमेरिका की नागरिकता मिली थी। अरुणा मैरीलैंड राज्य की 10वीं लेफ्टिनेंट गवर्नर हैं। 2010 से 2018 तक वे मैरीलैंड के हाउस ऑफ डेलीगेट में भी रही थीं। उन्होंने वहां अपने दो कार्यकाल पूरे किए थे। अरुणा भारतीय-अमेरिकी लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। लेफ्टिनेंट गवर्नर के चुनाव में कई ट्रम्प समर्थकों ने उनका समर्थन किया था।यूनाइटेड किंगडम के इतिहास में पहली बार, देश का नेतृत्व एक गैर-श्वेत व्यक्ति द्वारा प्रधानमंत्री के रूप में किया गया है। 42 साल की उम्र में ऋषि सुनक, जोकि एक हिंदू हैं, ब्रिटेन के 200 से अधिक वर्षों के इतिहास में सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री भी रहे । यह किसी इतिहास से कम नहीं है। प्रत्येक भारतीय के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण रहा क्योंकि पहली बार यूनाइटेड किंगडम में भारतीय मूल का कोई प्रधानमंत्री बना । लेकिन यह पहली बार नहीं था जब कोई भारतीय मूल का व्यक्ति भारत के बाहर एक प्रमुख नेता बना।गुयाना के नौवें कार्यकारी अध्यक्ष, मोहम्मद इरफान अली, जिन्होंने अगस्त 2020 में कार्यभार संभाला, गुयाना के पहले मुस्लिम राष्ट्रपति हैं। लियोनोरा में एक मुस्लिम इंडो-गुयाना परिवार में पैदा होने के कारण, इरफान नूर हसनाली के बाद अमेरिका में दूसरे मुस्लिम राष्ट्राध्यक्ष भी हैं।एंटोनियो कोस्टा ने 2015 में पुर्तगाल के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। उनकी जड़ें भारत से संबंधित हैं क्योंकि उनका पैतृक परिवार गोवा से है, जबकि उनके पिता ऑरलैंडो दा कोस्टा का जन्म मोजाम्बिक, पूर्वी अफ्रीका में हुआ था।चंद्रिकापरसाद ÷चान÷ संतोखी को सूरीनाम (दक्षिण अमेरिकी देश) के राष्ट्रपति के रूप में चुना गया था। इससे पहले 1991 में, नीदरलैंड में पुलिस अकादमी में अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद संतोखी को पुलिस प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया था। सूरीनाम के राष्ट्रपति के रूप में संतोखी की नियुक्ति एक बड़ी सफलता थी क्योंकि इसने देश में तानाशाही को समाप्त कर दिया था।प्रवीण जगन्नाथ, जो 2017 से मॉरीशस के प्रधानमंत्री हैं, भारतीय राज्य उत्तर प्रदेश से हैं। जगन्नाथ का जन्म ला कैवर्ने में अहीरों के एक हिंदू परिवार में हुआ था।मॉरीशस में भारतीय मूल के प्रधान मंत्री होने के अलावा उनके राष्ट्रपति भी हैं, जिनका एक भारतीय संबंध भी है। पृथ्वीराजसिंह रूपुन जीसीएसके या प्रदीप सिंह रूपुन, जिन्होंने 2019 में कार्यभार संभाला, एक हिंदू परिवार में पैदा हुए और आर्य समाज के अनुयायी हैं।हाल ही में अपने कार्यकाल के दो साल पूरे करने वाले सेशेल्स के राष्ट्रपति वेवेल रामकलावन का भी भारत के साथ एक अजीब संबंध है। सेशेल्स के एक द्वीप माहे में पैदा होने के कारण, रामकलावन के दादा बिहार, भारत के नागरिक थे।हलीमा याकूब, जो 2017 में सिंगापुर की पहली महिला राष्ट्रपति बनीं। इनका जन्म एक भारतीय पिता और एक मलय मां से हुआ था। इससे पहले एक वकील, हलीमा ने देश के आठवें राष्ट्रपति के रूप में चुने जाने से पहले सिंगापुर के स्पीकर के रूप में भी काम किया था।

## सरोकार

# मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत का शैक्षिक पुनर्जागरण



**प्रो. आरके जैन अरिजीत**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रेरणादायी नेतृत्व में भारत ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने और वैश्विक पटल पर मजबूती से उभरने के लिए अनेक ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी पहल की हैं। विदेशी छात्रों के लिए आरंभ की गई ÷ई-छात्र वीज़ा÷ और ÷ई-छात्र-एक्स÷ वीज़ा योजनाएं इस दिशा में एक अद्वितीय मील का पत्थर सिद्ध हो रही हैं। ÷ई-छात्र वीज़ा÷ भारत में उच्च शिक्षा के इच्छुक विदेशी छात्रों को आमंत्रित करता है, जबकि ÷ई-छात्र-एक्स÷ वीज़ा उनके परिजनों को साथ रहने की सुविधा देकर उन्हें आत्मीयता का अहसास कराता है। यह अनूठा कदम भारत को एक मैत्रीपूर्ण, समावेशी और विश्वस्तरीय शैक्षणिक गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक सशक्त प्रयास है।भारत प्राचीन काल से ही ज्ञान और शिक्षा का अनुपम केंद्र रहा है। नालंदा और तक्षशिला जैसे महान विश्वविद्यालयों ने न केवल भारतीय शिक्षा की उत्कृष्टता का प्रमाण दिया, बल्कि इसे विश्वभर में एक आलोक स्तंभ के रूप में प्रतिष्ठित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इस गौरवमयी परंपरा को आधुनिक युग में पुनर्जीवित करने का दृढ़ संकल्प लिया है। उनकी डिजिटल इंडिया पहल के अंतर्गत ÷स्टडी इन इंडिया÷ (स्ढ्ढ) पोर्टल की शुरुआत, शिक्षा के क्षेत्र में भारत को पुनः वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। यह पोर्टल विदेशी छात्रों के लिए एकीकृत डिजिटल मंच के रूप में कार्य करता है, जहां वे अपनी पसंद के विश्वविद्यालय और पाठ्यक्रम का चयन कर सकते हैं। साथ ही, वीज़ा प्रक्रिया को त्वरित, सरल और पारदर्शी तरीके से पूरा कर सकते हैं। यह पहल छात्रों के अनुभव को सहज, सुलभ और सुखद बनाने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।विदेशी छात्रों के लिए वीज़ा प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने का यह अभूतपूर्व प्रयास भारत के आर्थिक और सांस्कृतिक परिदृश्य पर गहरा और दीर्घकालिक प्रभाव डालेगा। इन छात्रों की उपस्थिति से न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिलेगी, बल्कि उनके दैनिक जीवन की आवश्यकताओं, जैसे आवास, भोजन, परिवहन और अन्य सेवाओं पर होने वाला खर्च स्थानीय व्यवसायों और उद्यमों को सशक्त करेगा। इसके साथ ही, यह पहल सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्र में भी एक नई क्रांति का सूत्रपात करेगी।



विभिन्न देशों और पृष्ठभूमियों से आने वाले छात्र भारत की बहुरंगी संस्कृति, प्राचीन परंपराओं और अतुलनीय आतिथ्य भावना का अनुभव करेंगे। यह ÷वसुधैव कुटुंबकम्÷ के शाश्वत संदेश को साकार करने में सहायक होगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की कार्यशैली में दूरदृष्टि, नवाचार और समग्रता का अद्वितीय समन्वय झलकता है। उनकी नीतियां भारत को शिक्षा के क्षेत्र में एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में सशक्त कदम उठा रही हैं। वीज़ा प्रक्रिया को सरल बनाकर और छात्रों के परिजनों को ÷ई-छात्र-एक्स÷ वीज़ा के माध्यम से साथ रहने की अनुमति देकर, उन्होंने एक ऐसा वातावरण तैयार किया है जो शिक्षा के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धियों को संभव बनाता है।÷ई-छात्र वीज़ा÷ विदेशी छात्रों को स्नातक, स्नातकोत्तर, पीएचडी और तकनीकी शिक्षा में अद्वितीय अवसर प्रदान करता है। यह पहल न केवल भारत की शिक्षा प्रणाली को सुदृढ़ और समावेशी बना रही है, बल्कि वैश्विक छात्रों के लिए भारत को एक आदर्श शिक्षा केंद्र के रूप में प्रस्तुत कर रही है। भारत में विदेशी छात्रों की संख्या में निरंतर वृद्धि भारत की शिक्षा प्रणाली की बढ़ती प्रतिष्ठा का प्रतीक है। वर्ष 2023 में, भारत ने 13,126 से अधिक विदेशी छात्रों को शिक्षा प्रदान की। ये आंकड़े भारतीय विश्वविद्यालयों की उत्कृष्टता को प्रमाणित करते हैं, जो वैश्विक मानकों पर खरा उतरने की दिशा में प्रगति कर रही है। डिजिटल इंडिया पहल के तहत विकसित ÷स्टडी इन इंडिया÷ पोर्टल न केवल आवेदन प्रक्रिया को सहज और त्वरित बनाता है, बल्कि भारतीय शिक्षा प्रणाली को डिजिटल युग की आवश्यकताओं के अनुरूप आधुनिक और सुदृढ़ भी करता है। यह नीति शिक्षा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने पर केंद्रित है। इन पहल से भारत को एक वैश्विक शैक्षणिक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में प्रगति हो रही है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भारत शिक्षा के क्षेत्र में एक स्वर्णिम युग की ओर अग्रसर है। उनकी नीतियां भारतीय शिक्षा प्रणाली को सशक्त और समावेशी बना रही हैं। ÷ई-छात्र वीज़ा÷ और ÷ई-छात्र-एक्स÷ वीज़ा जैसी योजनाएं इस दिशा में भारत की प्रतिबद्धता और दूरदृष्टि का उत्कृष्ट प्रतीक हैं। ये पहल छात्रों के जीवन, भारत की छवि, और वैश्विक मंच पर भारत की भूमिका को सशक्त कर रही हैं।

## समसामयिक

# विकसित भारत बनाने की यात्रा आगे बढ़ेगी

विधायी कामकाज के दृष्टिकोण से वर्ष 2025 बहुत महत्वपूर्ण होने वाला है। यह एक बड़े चुनावी वर्ष यानी सुपर इलेक्शन ईयर के बाद का साल है।ज् केंद्र और राज्य सरकारों को एक बड़ा अंतराल विधायी और प्रशासनिक कार्यों के लिए मिल रहा है। ऐसी संभावना है कि इस अवधि में अनेक लम्बित विधायी कार्यों का निपटारा किया जाएगा। संसद में दो विधेयक संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी के समक्ष हैं। जेपीसी वक्फ बोर्ड कानून में बदलाव के लिए लाए गए विधेयक पर विचार कर रही है दूसरी जेपीसी बनी %एक देश, एक चुनाव' के महत्वाकांक्षी कानून पर विचार करेगी।नव वर्ष 2025 की संभावनाओं का आकलन कई पहलुओं से किया जा रहा है। हर व्यक्ति के मन में यह सवाल उठ रहा है कि 2025 में भारत कैसा होगा? भारत की अर्थव्यवस्था कैसी होगी? राजनीति के क्षेत्र क्या गतिविधियां होंगी? कौन कौन से विधायी कार्य लम्बित हैं, जिन्हें पूरा किया जाएगा? विपक्ष क्या वैसे ही राजनीति करता रहेगा, जैसे अभी कर रहा है? सनातनधर्मियों की ओर से सभ्यतागत न्याय सुनिश्चित करने के लिए जो पहल की जा रही है क्या वह जारी रह पाएगी? 12 वर्षों के बाद हो रहे महाकुंभ का क्या संदेश देशवासियों के लिए होगा? वैश्विक पटल पर भारत की क्या स्थिति होगी? विश्व में युद्ध और तनाव का जो दौर चल रहा है वह 140 करोड़ भारतवासियों को कैसे प्रभावित करेगा और आम नागरिक का जीवन कैसा होगा? इनके अलावा भी निश्चित रूप से कुछ और प्रश्न होंगे, जिनके उत्तर की खोज किसी न किसी रूप में हो रही होगी।इन समस्त प्रश्नों के बीच अगर एक वाक्य में 2025 की संभावनाओं का आकलन बताना हो तो कहा जा सकता है कि नव वर्ष सांगठनिक, विधायी और आर्थिक उपलब्धियों का वर्ष होगा। जब हम संगठन की बात करते हैं तो उसमें तमाम राजनीतिक दलों और सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक संगठन आ जाते हैं। यह वर्ष राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ का शताब्दी वर्ष है। संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं। संघ एक सांस्कृतिक संगठन है, जिसने पिछले एक सौ साल में भारत की संस्कृति और धर्म के रक्षण का कार्य कुशलतापूर्वक किया है। 12 वर्ष के बाद महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज में हो रहा है, जहां देश के तमाम धार्मिक संगठन और अखाड़े एकत्र हो रहे हैं। सनातन धर्म से जुड़े समस्त संगठनों के लिए कोई नया दिशा निर्देश महाकुंभ से निकलेगा, ऐसी संभावना जताई जा रही है। राजनीतिक दलों की बात करें तो भारतीय जनता पार्टी को नया अध्यक्ष मिलना है। अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है और भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री के लक्ष्मण की अध्यक्षता वाली कमेटी चुनावी प्रक्रिया को आगे बढ़ा रही है। मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने कर्नाटक के बेलगावी में कार्य समिति की विशेष बैठक में संकेत दिया कि संगठन में इस वर्ष बदलाव किए जाएंगे।विधायी कामकाज के दृष्टिकोण से वर्ष 2025 बहुत महत्वपूर्ण होने वाला है। यह एक बड़े चुनावी वर्ष यानी सुपर इलेक्शन ईयर के बाद का साल है। पिछले साल यानी 2024 में पूरे साल चुनाव होते रहे थे। पहले लोकसभा और चार राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए और उसके बाद चार राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए। यानी 2024 लोकसभा और आठ राज्यों के चुनाव का वर्ष था। वह सिर्फ भारत के लिए बड़ा चुनावी वर्ष नहीं था। दुनिया के महाशक्ति देशों में भी पिछले वर्ष चुनाव हुए। अमेरिका में राष्ट्रपति का चुनाव हुआ तो ब्रिटेन और फ्रांस में संसद का चुनाव हुआ। कह सकते हैं कि 2024 में पूरा विश्व ही चुनाव में व्यस्त रहा था। नव वर्ष 2025 में भारत में सिर्फ दो राज्यों के चुनाव हैं। साल के आरंभ में दिल्ली का विधानसभा चुनाव है और वर्ष के अंत में बिहार का चुनाव है। इसके बीच केंद्र और राज्य सरकारों को एक बड़ा अंतराल विधायी और प्रशासनिक कार्यों के लिए मिल रहा है।ऐसी संभावना है कि इस अवधि में अनेक लम्बित विधायी कार्यों का निपटारा किया जाएगा। संसद में दो विधेयक संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी के समक्ष हैं। श्री जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली जेपीसी वक्फ बोर्ड कानून में बदलाव के लिए लाए गए विधेयक पर विचार कर रही है तो श्री पीपी चौधरी की अध्यक्षता में एक नई जेपीसी बनी है, जो %एक देश, एक चुनाव' के महत्वाकांक्षी कानून के लिए लाए गए विधेयक पर विचार करेगी। इस जेपीसी का स्वरूप सामान्य से बड़ा है। इसमें 39 सदस्यों को रखा गया है। राष्ट्रीय हित के दृष्टिकोण से ये दोनों विधेयक बहुत अहम हैं। ध्यान रहे वर्तमान वक्फ बोर्ड कानून अनेक संवैधानिक प्रावधानों और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के विपरीत है। यह एक समुदाय विशेष का तुष्टिकरण करने वाला कानून है। इसलिए उसे तर्कसंगत बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। मित्रों का भरपूर सहयोग मिलेगा। आज आपके घर में शुभ कार्य होने के संकेत हैं। रिश्तेदारों और अन्य लोगों के आने जाने से खुशी का माहौल बना रहेगा। घर में व्यस्त होने के कारण व्यापार में कम ध्यान रहेगा, फिर भी आप लाभ में रहेंगे, आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी। नौकरी में आपको सहकर्मियों का पूरा सहयोग मिलेगा। |
| वृष | आज आपका पूरा दिन प्रसन्नता पूर्वक बीतेगा। घर पर हो रहे किसी पूजा अनुष्ठान में माता-पिता के साथ आप भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। आज नौकरी में काम ज्यादा होने पर भी आप अपना सौ प्रतिशत देने का प्रयास करेंगे। बॉस खुश होंगे और आपके प्रमोशन की संभावनाएं बढ़ेंगी। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। |
| मिथुन | आज आपका दिन अच्छा रहेगा। नौकरी कर रहे लोगों को आज किसी काम से बहार की यात्रा करनी पड़ सकती है। सहकर्मियों के साथ अच्छे व्यवहार से लाभ मिलेगा। बिजनेस कर रहे लोगों को बड़े ही सूझबूझ और संयम से काम लेना चाहिए, पुराने व्यापारिक समझौते आपके आपसी रिश्ते से ही बने रहने की संभावना है। |
| कर्क | आपके लिए आज का दिन बेहतर परिणाम देने वाला रहेगा। यदि आप प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में लगे हैं और इंटरव्यू होने वाला है तो आप पूरे कॉन्फिडेंस के साथ इंटरव्यू दें, सफलता जरुर मिलेगी। अगर आप नौकरीपेशा हैं तो आज आपके काम का बोझ हल्का होगा और आपको आराम मिलेगा। |
| सिंह | आज आप मानसिक शांति का अनुभव करेंगे। आपके परिवार में आज आध्यात्मिक वातावरण बना रहेगा, सभी के साथ आपका व्यवहार बहुत संतुलित रहेगा। लोगों से आपको मान सम्मान मिलेगा। व्यापार में उतार चढ़ाव आने के बावजूद आपकी आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी और किसी को उधार दिया हुआ पैसा आज वापस मिल सकता है। |
| कन्या | आज आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। परिवार के सभी सदस्य आज एक साथ बैठकर किसी पुरानी बात को लेकर गहन चर्चा करेंगे, इसमें आपके विचारों का विशेष महत्व होगा आपकी बात सभी लोग ध्यान से सुनेंगे। परिवार आज आपके मन में व्यापार को लेकर नये-नये विचार आएंगे। जो लोग नौकरी ढूंढ रहे हैं, आज उन्हें अच्छी खबर मिल सकती है। |
| तुला | आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप मित्रों के साथ मिलकर घर में गीत संगीत का प्लान बनाएंगे और इस काम में किसी मित्र का विशेष सहयोग मिलेगा। पारिवारिक माहौल खुशहाल रहेगा।व्यापारिक दृष्टि से दिन अच्छा है, यदि आपने कहीं निवेश किया है तो वापस धन लाभ की संभावना बढ़ेगी। नौकरी करने वालों के लिए दिन अच्छा है। |
| वश्चिक | आज आप पूरे दिन आशा से भरे रहेंगे। अपने बच्चों की पढ़ाई और विद्यालय की अन्य गतिविधियों में उनकी अच्छी सफलता देखकर आप बहुत आनंदित होंगे। आशान्वित होकर उनके भविष्य के लिए कोई ठोस निर्णय लेंगे जो आगे चलकर लाभकारी सिद्ध होगा। आज आप परिवार के बड़े बुजुर्गों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखेंगे। |
| धनु | आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपकी प्रशंसा हो सकती है, पारिवारिक जीवन आज बेहतरीन रहने वाला है। आज किन्हीं कारणों से घर का उत्तरदायित्व आप पर होगा और आप उसे कुशलता पूर्वक निभाएंगे, सबकी जरूरतों का ध्यान रखेंगे। सभी लोग खुश होंगे और आपकी काबिलीयत की सराहना करेंगे। व्यापारिक दृष्टि से लाभ के योग हैं। |
| मकर | आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज घरवालों के साथ कहीं घूमने जाने का प्लान बन सकता है। आज नन्हे मेहमान के घर आने की खुशी मिलेगी। आज आपको अपने बच्चों की जरूरतों का ध्यान रखना होगा। आज आपकी आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अविवाहित जातकों के लिए अच्छा रिश्ता आने की संभावना है |
| कुम्भ | आज आप बच्चों के साथ कहीं घूमने-फिरने जाने का प्लान बना सकते हैं। घर में आज किसी मेहमान के आने से आपको खुशी मिलेगी, आप उनके साथ अलग-अलग पकवानों का आनंद उठाएंगे। यदि आप अपनी रचनात्मक प्रतिभा का समुचित प्रयोग करें तो अधिक फायदेमंद साबित होगा। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। |
| मीन | आज आप अच्छे स्वास्थ्य का आनन्द उठाएंगे। जीवन शैली बदलने का प्रयास सफल होने की संभावना है। आप अपने व्यापार को नई योजनाओं के साथ आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। यदि नौकरी करते हैं तो स्थिति आपके अनुकूल रहने वाली है। आज आप पारिवारिक जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे। |

# कृष्ण ने सबसे पहले पूतना का किया उद्धार-आचार्य अंकित जी

## ब्रह्मलीन स्वामी संत श्री स्वामी लीलानंद जी की पुण्यतिथि पर श्रीमद्भागवत कथा आयोजित





**लोकमित्र ब्यूरो**

**सांगीपुर प्रतापगढ़।** ब्रह्मलीन स्वामी संत श्री स्वामी लीलानंद जी महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर लीला धाम बंधवा दुर्गा मंदिर, लखहरा में 6 जन से 12 जनवरी तक भव्य सामूहिक संगीत मय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन प्रतिदिन दोपहर 1ः00 बजे से शाम 5ः00 बजे तक मंदिर परिसर में होता है।

कथा के प्रारंभ में एक भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साह से भाग लिया। श्रीमद्भागवत कथा का पाठ श्री धाम वृंदावन से पधारे आचार्य श्री अंकित जी द्वारा किया जा रहा है। कथा में आचार्य श्री अंकित जी महाराज ने अपनी मधुर वाणी से भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया और पूतना वध की कथा सुनाते हुए बताया कि कैसे भगवान कृष्ण ने अपनी नन्ही सी उम्र में राक्षसी पूतना का वध किया।

आचार्य जी ने कहा कि कृष्ण ने सबसे पहले पूतना का उद्धार किया। कृष्ण जन्म के समय जब नंद बाबा ने राजा कंस को बताया कि उनके घर पुत्र ने जन्म लिया है, तो कंस ने उसे चिरंजीवी होने का वचन दिया।

लेकिन कंस को यह नहीं पता था कि वही बालक, जिसे वह चिरंजीवी मान रहा था, वही उसका काल होगा। भगवान कृष्ण ने अपनी बाल लीलाओं से पूतना का वध किया, जो कंस के आदेश पर श्री कृष्ण को मारने के लिए गोकुल पहुंची थी।

आचार्य श्री अंकित जी ने बताया कि पूतना पहले अपने पिछले जन्म में राजा बलि की पुत्री रत्नमाला थी, जो भगवान विष्णु के वामन अवतार से नाराज हो गई थी और भगवान को श्राप देने की सोचने लगी। भगवान ने उसके इस क्रोधित भाव को पहचानकर उसे अगले जन्म में पूतना राक्षसी बनने का वरदान दिया। फिर पूतना ने गोकुल में श्री कृष्ण को मारने के लिए सुंदर स्त्री का रूप धारण किया, लेकिन कृष्ण ने उसका असली रूप पहचानते हुए उसका वध किया।इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं और भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का आनंद ले रहे हैं।

## दुष्कर्म का आरोपी धराया, गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दुष्कर्म व पास्को एक्ट के आरोपी को सांगीपुर पुलिस ने धर दबोचा। सांगीपुर के दरोगा इन्द्रेश कुमार फोर्स के साथ बुधवार को गश्त पर निकले थे। देउम चौराहा पर चेकिंग के दौरान पुलिस को दुष्कर्म व पास्को एक्ट का वांछित दिख गया। पुलिस टीम ने लालगंज कोतवाली के महिमापुर निवासी भाई लाल वर्मा के पुत्र दीपक वर्मा को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

## सड़क हादसे में युवक जख्मी, गंभीर

**कुंडा प्रतापगढ़।** जनपद कौशाम्बी के जहानपुर गांव निवासी केशलाल यादव का 33 वर्षीय बेटा गुड्डू यादव बाइक से कहीं जा रहा था। जैसे ही वह हथिगवां इलाके के हाईवे पर पहुंचा, अनियंत्रित वाहन की टक्कर से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल को सीएचसी भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने स्वरुप रानी अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया।

# अपराध का अंजाम हमेशा बुरा होता है

### ▶▶ हमलावर 2 अभियुक्तों को पुलिस ने दबोचा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**पटटी,प्रतापगढ़।** पट्टी कस्बा में मैजिक डाला व चार पहिया वाहन सवारों द्वारा झगड़े में मौके पर पहुँची पुलिस टीम के साथ अभद्रता, गाली गलौच कर हमलावर होने के प्रकरण में 02 अभियुक्तों को पुलिस ने दबोचा है।

दिनांक 07.01.2025 की शाम में पट्टी कस्बा में मैजिक डाला व चार पहिया वाहन में सवार कुछ व्यक्तियों द्वारा झगड़ा किया गया । जिसमें मौके पर पहुँची थाना पट्टी पुलिस टीम के साथ चार पहिया सवारों द्वारा अभद्रता एवं गाली गलोच कर सरकारी कार्य में व्यवधान डालते हुए हमलावर होने के प्रकरण में पट्टी पुलिस द्वारा जीरो टॉलरेन्स नीति के तहत सख्त कार्यवाही करते हुए 02 अभियुक्त गिरफ्तार किये गये ।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के मार्गदर्शनध्पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक पट्टी आलोक कुमार के नेतृत्व में उ0नि0 इन्द्रेश कुमार मय हमराह का0 नितिन कुमार द्वारा मु0अ0सं0- 06ध्25 उपरोक्त में विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान वांछित 02 अभियुक्तों 1- प्रतिरोध सिंह उर्फ बन्टी सिंह पुत्र अनिल सिंह निवासी ग्राम बीबीपुर थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़, 2- अश्वनी सिंह उर्फ महाकाल पुत्र अजय सिंह निवासी ग्राम बीबीपुर थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ को क्षेत्रान्तर्गत राम इंटर कालेज पट्टी के पास से गिरफ्तार किया गया ।

## आरोपी के खिलाफ युवती के अपहरण का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर पुलिस ने युवती के अपहरण को लेकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के एक गांव की पीडिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि दो जनवरी को दोपहर दो बजे वह घर से बाहर गयी थी। घर पर उसकी बेटी अकेली थी। आरोप है कि इस बीच डांडी बसावन गांव निवासी आरोपी जितेन्द्र सिंह का पुत्र विवेक सिंह उसकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। पीडिता का यह भी कहना है कि वह घर वापस लौटी तो बेटी के साथ घर में रखा पांच हजार रूपये नकद भी नदारद मिला। पीड़िता ने पुत्री के साथ अप्रिय घटना की आशंका जतायी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी विवेक के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।

## स्थगन के बावजूद रास्ते के निर्माण का आरोप, कार्रवाई की गुहार

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना क्षेत्र के हण्डौर के पूरे शुक्लान गांव में पीडित ने कोर्ट के स्थगन आदेश के बावजूद दबंगई से रास्ते के निर्माण का आरोप लगाया है। गांव के राम अनुराग शुक्ला ने डीएम को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि कोर्ट के स्थगन के बावजूद उसकी भूमिधरी से विपक्षी पेड़ काटकर रास्ते का निर्माण कर रहे हैं।

# कार से टकराकर नशेड़ी बाइक सवार घायल

### ● अन्य घटना में चारपाई से गिरकर बालक चोटिल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** शराब के नशे में बाइक चलाते समय युवक कार से टकराकर घायल हो गया। जबकि एक अन्य घटना में चारपाई से गिरकर बालक गंभीर रूप से चोटिल हो गया। इलाज के लिए दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कौशांबी जनपद के जहानपुर निवासी गुड्डू यादव 33 वर्ष पुत्र केश लाल यादव कुंडा क्षेत्र में अपनी ससुराल बाइक से आया था। सायंकाल शराब पीकर नशे की हालत में सड़क पर बाइक चलाते समय अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़ी कार से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने घायल युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडा में ले जाकर भर्ती कराया। उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर बेहतर इलाज के लिए गंभीर हालत में स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज रेफर किया गया है। कुंडा कोतवाली क्षेत्र के जमेठी गांव निवासी अच्छा अनिल कुमार का 5 वर्षीय बेटा अर्नव बुधवार को सुबह चारपाई पर सोते समय अचानक नीचे गिर जाने से चोटिल हो गया। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया।

## कूटरचित बैनामे को लेकर शिकायत, जांच में जुटा प्रशासन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के बलीपुर कटरा निवासी माताफेर के पुत्र राजेन्द्र ने डीएम को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि कूटरचित अभिलेखों के सहारे एक गांव के आरोपित ने उसकी भूमिधरी का बैनामा करा लिया। पीडित का कहना है कि फर्जी आधार व निवास जैसे कागजात तैयार कर आरोपित ने निबंधन कार्यालय की मिलीभगत से उसकी जमीन का बैनामा कराया है। डीएम ने मामले में एसडीएम को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। प्रभारी तहसीलदार पंकज कुमार का कहना है कि शिकायती पत्र की जांच की जा रही है, दोषियों के खिलाफ जांच के आधार पर कडी कार्रवाई की जाएगी।

# श्रद्धालुओं की सुविधाओं के साथ कोई समझौता नहीं- जयवीर सिंह

## भक्तों को पुण्य की डुबकी का इतंजार, सनातन संस्कृति के सबसे बड़े आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश तैयार



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज विश्व के सबसे बड़े धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक समागम महाकुम्भ-2025 की तैयारियों का जायजा लिया। प्रयागराज में महाकुंभ की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण के तत्पश्चात मंत्री जयवीर सिंह ने सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ भारतीय आस्था के स्पंदन का प्रतीक है। राज्य सरकार का प्रयास है कि महाकुम्भ से लौटने वाला प्रत्येक श्रद्धालु एक सुखद अनुभूति लेकर जाए। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति में आस्था रखने वाले लगभग 40 से 50 करोड़ श्रद्धालुओं के इस महाकुम्भ में आने की संभावना है।श्री सिंह ने कहा कि कुंभ क्षेत्र में श्रद्धालुओं के ठहरने, आने-जाने में कोई कठिनाई न हो इसके लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं का निरीक्षण किया। तैयारियां हमारे मनोनुकूल है। नेत्र चिकित्सालय भी देखा। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जिस आशा और उम्मीद से महाकुम्भ के लिए कदम बढ़ाया था, सकारात्मक रुख के साथ निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, प्रयागराज शहर में 20 लघु मंचों के माध्यम से प्रदेश की विभिन्न लोक कलाओं, क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा 45 दिनों तक भव्य प्रदर्शन किया जाएगा।उप्र. पर्यटन विभाग की विशेष सचिव पर्यटन ईशा प्रिया ने महाकुम्भ से जुड़ी हर छोटी-बड़ी जानकारी की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महाकुम्भ-2025 से संबंधित समस्त जानकारियों के लिए वेबसाइट एवं ऐप बनाया गया है। 990 पर्यटन स्कॉर्ट्स गाइड, 1500 वेंडर्स की ट्रेनिंग कराई गई है। 1000 टैक्सी-ऑटो ड्राइवर और 600 नाविकों को स्टोरी टेलिंग का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। ये सभी श्रद्धालुओं/पर्यटकों को कुंभ की कथा सुनाएंगे। उन्होंने बताया, कुंभ में क्या करें, क्या न करें इसके लिए एक पत्रिका तैयार की गई है। निःशुल्क मिलने वाली पत्रिका सभी पर्यटन केंद्रों पर आगंतुकों के लिए उपलब्ध होगी।

## जॉय राइड के लिए उपलब्ध होगा मेले में हेलीकॉप्टर- सान्या छाबड़ा

**प्रयागराज।** उ0प्र0 पर्यटन निगम (यूपीएसटीडीसी) की एमडी सुश्री सान्या छाबड़ा ने पर्यटन निगम द्वारा मेले में की गयी तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यूपी एसटीडीसी ने विभिन्न पैकेज तैयार किए हैं जिसकी जानकारी संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध है। श्रद्धालु ऑनलाइन गाइड की बुकिंग कर सकते हैं। यह सुविधा मेला सेंटर पर भी उपलब्ध होगी।

भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय की ओर से कला ग्राम बसाया गया है। टेंट सिटी में भी सभी सुविधाएं उपलब्ध करवायी गई है। उन्होंने बताया, रेलवे, हवाई अड्डे या अन्य सड़क मार्ग से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यातायात आदि की सुविधा होगी। योग, मेडिटेशन सेंटर के साथ-साथ हेलीकॉप्टर जॉयराइड की भी सुविधा दी जा रही है। 7-8 मिनट की हेलीकॉप्टर सवारी के लिए 3000 रुपए देने होंगे।





# वैष्णव अखाड़ों का कुम्भ क्षेत्र में हुआ भव्य प्रवेश

## अखिल भारतीय पंच निर्मोही अणि, निर्वाणी अणि और दिगम्बर अनी अखाड़े की संयुक्त छावनी प्रवेश यात्रा में दिखी युद्ध कौशल की झलक

### ➪राजसी रथ में सवार सैकड़ों महामंडलेश्वर और द्वाराचार्य पर जमकर हुई पुष्प वर्षा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महाकुम्भ नगर।** त्रिवेणी के तट पर 13 जनवरी से आयोजित होने जा रहे आस्था के जन समागम महाकुम्भ में सनातन धर्म के ध्वज वाहक अखाड़ों की दुनिया विस्तार लेने लगी है। शैव उपासक संन्यासी अखाड़ों के छावनी क्षेत्र में प्रवेश के बाद बुधवार को विष्णु उपासक वैष्णव अखाड़ों का भी भव्य छावनी प्रवेश हुआ। शहर में जगह जगह वैष्णव अखाड़ों के संतों का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। संगम की रेती में बसी अखाड़ों की दुनिया में शिव उपासक अखाड़ों के छावनी प्रवेश के समापन के बाद अब वैष्णव अखाड़ों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है। शहर के केपी ग्राउंड परिसर से तीनों वैष्णव अखाड़ों की भव्य छावनी प्रवेश यात्रा की शुरुआत हुई। तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु राम भद्राचार्य की अगुवाई में यह प्रवेश यात्रा निकाली गई जिसमें दस हजार से अधिक वैष्णव उपासक संतो ने हिस्सा लिया। अखिल भारतीय श्री पंच निर्मोही अणि अखाड़े के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत राजेंद्र दास का कहना है कि प्रवेश यात्रा में तीनों वैष्णव अखाड़ों के सौ से अधिक महा मंडलेश्वर और द्वाराचार्य ने हिस्सा लिया।





तीनों वैष्णव अखाड़ों ने संयुक्त रूप से अपनी छावनी प्रवेश यात्रा निकाली जिसे देखने के लिए शहर के मार्गो में दोनों तरफ हज़ारों लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। यात्रा में सबसे आगे तीनों अखाड़ों के इष्ट भगवान हनुमान की धर्म ध्वजा और मूर्ति के बाद अखाड़ों के खालसों की रंग बिरंगी धर्म ध्वजा लहरा रही थी। तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु राम भद्राचार्य के रथ के बाद गाजे बाजे और बैंड बाजे के साथ हाथी, घोड़े और ऊंट की सवारी में सिंहासन में विराजमान संत चल रहे थे। इन सबके बीच वैष्णव अखाड़ों के संतों के युद्ध कला कौशल का प्रदर्शन सबके लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। एक हाथ में माला और एक हाथ में भाला के संकल्प को दर्शाती इस युद्ध कला का प्रदर्शन कर रहे संतो पर जगह जगह पुष्प वर्षा की गई। मेला प्रशासन की तरफ से भी वैष्णव अखाड़ों का महा कुम्भ क्षेत्र पहुंचने पर विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया।



# पटाखा बजाने पर विवाद करने से व्यापारियों में उबाल

## सड़क पर उतरकर जताया विरोध, दुकान बंद कर तालाबंदी का ऐलान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया ।** बहरिया बाजार में मंगलवार की रात पटाखा बजाने पर विशेष समुदाय के लोगों द्वारा विवाद करने से आक्रोशित व्यापारियों ने बुधवार की सुबह आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर सड़क पर उतरकर विरोध जताया और बाजार की सारी दुकानें बंद कर तालाबंदी का ऐलान किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि देर रात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और नौ लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है इसके बाद भी व्यापारी अड़े रहे। व्यापारियों के सड़क पर उतरने की जानकारी एसीपी फूलपुर पंकज लवानिया को हुई तो वह भी मौके पर पहुंचे और किसी तरह से व्यापारियों को समझा बूझाकर बाजार की दुकानों को खुलवाया। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।बहरिया कस्बा निवासी दीपचंद केसरवानी की बहरिया बाजार में मिठाई की दुकान है। उनके भतीजे राम जी केसरवानी को कुछ दिन पहले बेटा हुआ था। इसी खुशी में रात में दुकान के कर्मचारी पटाखा बजा रहे थे। दीपचंद के बेटे अंकित का आरोप है कि इसी दौरान समुदाय विशेष के कुछ युवक विवाद करने लगे। कुछ ही देर में उनके समर्थन में कई लोग लाठी डंडा और कुल्हाड़ी लेकर आ गए। इसके बाद दुकान में काम करने वाले कारीगर विधायक यादव को पीट दिया गया। बीच बचाव करने आए लोगों से भी धक्का मुक्की की गई। सूचना पर पुलिस पहुंची तो मारपीट करने वाले भाग निकले। उधर घटना की जानकारी मिली तो व्यापारियों में आक्रोश फैल गया।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य भाजपा नेता कमलेश पाल, व्यापार मंडल के अध्यक्ष लालचंद, केसरवानी, रमाशंकर गुप्ता, पूर्व प्रधान हरिश्चंद्र साहू ,राजू साहू, दयाराम समेत अन्य व्यापारियों ने कार्रवाई की मांग करते हुए थाने का घेराव कर दिया। अंकित केसरवानी ने एक दर्जन लोगों के खिलाफ तहरीर दी। थानाध्यक्ष बहरिया महेश मिश्रा ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने का आश्वासन देकर किसी तरह से व्यापारियों को रात में वापस किया। लेकिन बुधवार सुबह आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर व्यापारी सड़क पर उतर आए और सैकड़ो की संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। व्यापारियों ने दुकान बंद कर तालाबंदी का ऐलान किया तो पुलिस प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। मौके पर थानाध्यक्ष महेश कुमार मिश्रा भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे और बताया एक दर्जन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है और नौ लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। लेकिन व्यापारी सड़क पर जम रहे। मामला गंभीर होने पर एसीपी फूलपुर पंकज लवानिया भी बहरिया पहुंचे और व्यापारियों को समझा बुझा कर दुकान खुलवाया। मामले में अंकित केसरवानी की तहरीर पर मोहम्मद अयान, टीपू, साहिल, मोनू, सुहेल चिकवा,फउवा सहित एक दर्जन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# सीएचसी अधीक्षक ने महिला कर्मी को बाल पकड़कर पीटा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** सोरांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला कर्मचारियों से मारपीट का वीडियो सामने आया है। सीएचसी में डाटा एंट्री आपरेटर के पद पर तैनात सुषमा व अन्य महिला कर्मचारी शिकायत लेकर अधीक्षक डॉ. अनुपम के पास पहुंची तो कहासुनी हो गई। इसके बाद अधीक्षक ने महिला कर्मियों को भगाना शुरू कर दिया। महिला कर्मी का आरोप है कि उसे जमीन में गिराकर पीटा गया। बाल पकड़ा गया। कई महिला कर्मचारी रोने लगीं। सीएमओ से शिकायत की गई है। साथ ही सोरांव थाने में तहरीर दी गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार फूलपुर के हुसामगंज के रहने वाले अमित मौर्या की पत्नी सुषमा मौर्या ने तहरीर दी है कि वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोरांव प्रयागराज में डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर कार्य करती हैं। आरोप है कि पिछले कुछ महीनों से अधीक्षक अनुपम द्विवेदी वेतन में कटौती कर रहे थे। इस माह भी वेतन कट कर मिलने पर वह शिकायत लेकर पहुंचीं।

महिला कर्मी का आरोप है कि 7 जनवरी को ऑफिस में गईं। उनके साथ अन्य महिला कर्मी गीता और मीना भी गईं। इन महिला कर्मचारियों का वेतन भी जबरन काट दिया गया था। इसी सिलसिले में सवाल जवाब के दौरान हंगामा हुआ।महिला का आरोप है कि पूछने पर कि क्यों वेतन काटा जा रहा है, अधीक्षक अपनी कुर्सी से उठ कर जाने लगे। उन्हें रोका गया तो धक्का देने लगे। मारपीट की। बाल पकड़ कर मुझे गिराते हुए पैर से भी मारने लगे।

कर्मचारी का कहना है कि आफिस में एक कैमरा लगा है जिसकी निगरानी निजी तौर पर निजी मोबाइल पर करते हैं। इस मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों को पत्राचार एवं मौखिक रूप से दी जा चुकी है लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# गैरज का ताला तोड़कर दो बाइक समेत चुरा लिया कीमती सामान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**हंडिया।** फूलपुर के गुलचपा गाँव में हंडिया वन विभाग की जमीन में रखी गुमटी में ताला तोड़कर दो बाइक बैट्री और ऑटो पार्ट्स समेत लगभग 4 लाख का सामान चोरी कर लिया गया। पीड़ित दुकानदार ने थाने पर नामजद तहरीर दिया है। गुलचपा गाँव निवासी कृष्ण कुमार ने हंडिया वन क्षेत्राधिकारी से पूछकर अपनी जीविका के लिए गाँव में ही वन विभाग की जमीन में गुमटी रखा हुआ है। वह ऑटो गैरेज का काम करता है। आरोप है कि बीती रात उसकी दुकान का ताला तोड़कर कुछ लोग दुकान में रखी दो बाइक, बैटरी कीमती पार्ट्स को चुरा ले गए। कुल कीमत लगभग चार लाख की बताई जा रही है। पीड़ित का आरोप है कि उसकी दुकान के सामने लकड़ी गिराकर वन विभाग की जमीन को कब्जा करना चाहते हैं। बताया कि सूचना पर रात को ही वह दुकान पर पहुंचा तो उसकी दुकान का ताला टूटा था बाइक बैटरी पार्ट्स गायब थे। दुकान पर कुछ लोग खड़े थे जिसे वह पहंचानता है।

# कमलेश मौर्य बने भाजपा के बलीपुर मंडल अध्यक्ष, हुआ जोरदार स्वागत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**हंडिया।** विधानसभा प्रतापपुर क्षेत्र के बलीपुर गांव निवासी किसान के बेटे कमलेश मौर्य दूसरी बार भाजपा के बलीपुर मंडल अध्यक्ष बनाए गए हैं। दूसरी बार मंडल अध्यक्ष बनाए जाने से उनका जोरदार स्वागत किया गया है। शांत प्रिय सरल स्वभाव के कमलेश मौर्या को भाजपा ने दूसरी बार भरोसा जताया है। फल स्वरूप उन्हें दूसरी बार बलीपुर मंडल अध्यक्ष नामित किया है। दूसरी बार मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर उन्हें पार्टी नेताओं ने और कार्यकर्ताओं ने जमकर माला फूल पहनकर स्वागत सत्कार किया है। इस अवसर पर श्री मौर्य ने संवाददाता को बताया कि पार्टी ने उनकी ईमानदारी और पार्टी के प्रति लगन को देखते हुए दूसरी बार मंडल अध्यक्ष बनाया है। जिसका मैं ईमानदारी से निर्वहन करुंगा।

# सुरक्षा की दृष्टिगत एनएसजी और एटीएस की संयुक्त मॉक ड्रिल

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 में सुरक्षा की दृष्टिगत आज एन एस जी कमांडोज और एटीएस की संयुक्त टीम द्वारा एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल के दौरान आतंकवादियों द्वारा अपहरण किए गए बस को छुड़ाया गया। एवं बस में बैठे यात्रियों को सुरक्षित करते हुए आतंकवादियों के मंसूबों को नष्ट किया।एनएसजी कमांडोज के द्वारा 16 मिनट पर पूरी ड्रिल को खत्म किया। पूरे ड्रिल के दौरान किसी प्रकार की कोई क्षति नहीं हुई है इसको सुनिश्चित करते हुए इस ड्रिल में एनएसजी कमांडोज के साथ-साथ एटीएस एवं स्थानीय पुलिस की सहभागिता रही। गौरतलब हो कि महाकुंभ 2025 को लेकर सरकार पूरी तरीके से तैयार है

## विवाहिता के प्रेम में अंधे प्रेमी ने की थी रामकृष्ण की हत्या

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट**-जिले के थाना भरतकूप क्षेत्र के ग्राम पतौड़ा में रेलवे ट्रैक के पास 1 जनवरी 2025 को एक लावारिस शव मिलने की घटना का खुलासा पुलिस ने किया है। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चल रही कार्रवाई के दौरान एसओजी/सर्विलांस टीम, थाना भरतकूप पुलिस और अन्य संबंधित अधिकारियों ने बुधवार को मामले का पर्दाफाश करते हुए हत्या में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी विनोद यादव और सुनैना हैं।घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती एक जनवरी 2025 को थाना भरतकूप को सूचना मिली थी कि ग्राम पतौड़ा स्थित बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस.वे के नीचे रेलवे ट्रैक पर एक शव पड़ा हुआ है, जो ट्रेन से कटा हुआ था।



पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और पाया कि शव के पास खून के धब्बे और एक पत्थर पर भी खून लगा हुआ था, जिससे यह अनुमान लगाया गया कि मृतक को घसीटकर रेलवे ट्रैक पर रखा गया और फिर ट्रेन से उसे कुचला गया। शव की पहचान सोशल मीडिया के माध्यम से कराई गई। रामरतन पुत्र लालाराम निवासी चौसड़ थाना बिसण्डा जनपद बांदा ने थाना भरतकूप में सूचना दी कि उनका पुत्र रामकृष्ण घर से अतर्रा बाजार जाकिट लेने गया थाए लेकिन घर वापस नहीं लौटा।

बाद में उन्हें यह जानकारी मिली कि रामकृष्ण की लाश ग्राम पतौड़ा के पास पाई गई। उन्होंने शव की पहचान कपड़े और फोटो के जरिए की और शक जताया कि उनके बेटे की हत्या विनोद यादव और उनकी बहू सुनैना ने की है, क्योंकि विनोद का उनके घर आना.जाना था। इसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और जांच शुरू की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विनोद को गिरफ्तार किया और उसकी तलाशी ली। उसके कब्जे से दो मोबाइल फोन बरामद हुए, जिनमें से एक मोबाइल मृतक का था। सुनैना की भी तलाशी ली गई, जिसमें उसका मोबाइल बरामद हुआ। जिससे यह स्पष्ट हुआ कि घटना के समय वह विनोद के संपर्क में थी। इसके आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस घटनाक्रम में एसओजी/सर्विलांस टीम, थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, उपनिरीक्षक राहुल कुमार पाण्डेय, आरक्षी सतीश यादव, रणवीर सिंह व महिला आरक्षी निशा अहिरवार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## अपर एसपी ने किया विवेचकों का अर्दली रूम

**चित्रकूट**- अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने चौकी सरैया में थाना मानिकपुर, मारकुंडी एवं बहिलपुरवा के विवेचकों का अर्दली रूम किया। जिसमें उन्होंने विवेचकों को लम्बित प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करने के निर्देश दिए।अपर पुलिस अधीक्षक ने अर्दली रूम में समस्त विवेचकों से लंबित विवेचना पर वार्ता करते हुए विवेचना लंबित रखने का कारण पूछा तथा गुण-दोष के आधार पर विवेचना का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।इस मौके पर क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु फहद अली, प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर दुर्ग विजय सिंह, प्रभारी निरीक्षक मारकुंडी शिवआसरे, थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह, चौकी प्रभारी सरैंया रामअधार सिंह सहित सम्बन्धित विवेचक आदि मौजूद रहे।

## गैर इरादतन हत्या के मामले में आधा दर्जन आरोपियों को 10-10 वर्ष की कैद

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट**-पड़ोसियों के बीच रात्रि में हुए विवाद के दौरान फरसे चलने से एक व्यक्ति की गैर इरादतन हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने आरोपी पिता को उसके पांच बेटों के साथ 10-10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही इस घटना में दूसरे पक्ष के भी कई लोगों के घायल होने के मामले में दोष सिद्ध होने पर सात लोगों को तीन-तीन वर्ष की सजा सुनाई है। दोनों पक्षों के आरोपियों को अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया है।जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुंदर मिश्रा ने बताया कि राजापुर थाने के सरधुवा गांव के कल्याणीपुरवा निवासी सोमदत्त ने बीती 24 मई 2020 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी के अनुसार 23 मई 2020 को रात दस बजे वह अपने भाई गणेश के साथ घर में खाना खा रहा था। इस दौरान पड़ोस में रहने वाला बद्री निषाद अपने पांच लड़कों ननकौना, बुद्धि, बच्चू, बाबू व कलुवा के साथ अपने छत पर चढ़कर उनको और पूरे गांव वालों को गाली देने लगे। जिस पर वह अपने भाई गणेश और पत्नी नीलम के साथ छत पर गया और गाली देने का विरोध किया। इस पर बद्री निषाद ने अपने बेटों के साथ उन पर लाठी, डंडों और फरसे से हमला कर दिया। जिससे उसके भाई गणेश के सिर पर गंभीर चोट आई और उसकी मौत हो गई। साथ ही उसकी पत्नी नीलम, भाई बुद्धराज व ओमप्रकाश भी गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान उन लोगों की गुहार सुनकर गांव के लोग एकत्रित हुए। जिस पर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। जिसके बाद उन्होंने थाने जाकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई।इस घटना में मारपीट के दौरान दूसरे पक्ष के लोग भी घायल हुए थे। दूसरे पक्ष की रानी देवी ने भी थाने में सोमदत्त, नंगा, पंचू, शंकर प्रसाद, राजा, खूनी व बुद्धराज निषाद के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

बचाव और अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनने के बाद बुधवार को सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने निर्णय सुनाया। जिसमें गैर इरादतन हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर बद्री निषाद व उसके पांचों बेटों ननकौना, बुद्धि, बच्चू, बाबू व कलुवा को 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास व अर्थदण्ड की सजा सुनाई। साथ ही दूसरे पक्ष के सोमदत्त, नंगा, पंचू, शंकर प्रसाद, राजा, खूनी व बुद्धराज निषाद को मारपीट के मामले में दोष सिद्ध होने पर तीन-तीन वर्ष कारावास व अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

## चेकपोस्ट पर संदिग्ध वाहनों की पुलिस ने की सघन जांच



**चित्रकूट ब्यूरो**- पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बुधवार को प्रयागराज महाकुंभ मेला 2025 के दृष्टिगत अन्तर्राज्यीय कोतवाली कर्वी अंतर्गत देवागंना बैरियर में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की। साथ ही उन्होंने मऊ थाने का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।सोमवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने आगामी महाकुंभ के दृष्टिगत शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतवाली कर्वी अंतर्गत अन्तर्राज्यीय बैरियर देवागंना पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने देवागंना बैरियर पर बनाए जा रहे चेक पोस्ट का निरीक्षण भी किया। उन्होंने चेक पोस्ट में उपस्थित पुलिस कर्मियों रिहर्सल कराया। उन्होंने पुलिस कर्मियों को चंकिंग के दौरान संदीग्ध व्यक्तियों व वाहनों की पहचान करने के तरीके तथा मार्ग से निकलने वाले व्यक्तियों को जंगल का रास्ते होने के कारण बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी देने के निर्देश दिए। इस मौके पर कर्वी कोतवाली प्रभारी उपेन्द्र नाथ सिंह, थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह, पीआरओ प्रवीण सिंह आदि मौजूद रहे।इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने थाना मऊ का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर की साफ-सफाई, कार्यालय में रजिस्टरों के उचित रख-रखाव, बंदीगृह, सीसीटीएनएस कार्यालय, प्रभारी निरीक्षक कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, नवनिर्मित भवन व अस्पताल का निरीक्षण कर परिसर के अन्दर रखे कण्डम सामान को व्यवस्थित रखकर साफ-सफाई कराने एवं महाकुंभ प्रयागराज के दृष्टिगत थाना क्षेत्र में लगातार चेकिंग करने, रास्ते से अतिक्रमण हटवाने व रोड पर अनावश्यक रूप से वाहन खड़े न होने देने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस मौके पर क्षेत्राधिकारी यामीन अहमद, प्रभारी निरीक्षक मऊ विनोद कुमार राय, पीआरओ प्रवीण सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## शिवमहापुराण कलश यात्रा का आयोजन 16 को

**चित्रकूट ब्यूरो**- आगामी मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर 16 जनवरी को सदर तहसील परिसर स्थित श्रीपरमानन्देश्वर परम धाम महादेव मंदिर से एक विशाल शिवमहापुराण कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा।मंदिर के महंत विद्यानंद ने बताया कि यह कलश यात्रा आगामी 16 जनवरी को प्रातः 11:15 बजे गाजे-बाजे के साथ शुरू होगी। उन्होंने सभी माताओं और बहनों से अनुरोध किया है कि वे इस यात्रा में भाग लेने के लिए अपना नाम लिखवाएं। इसके लिए मंदिर परिसर में नामांकन प्रक्रिया चल रही है, जिसमें प्रत्येक श्रद्धालु को इस धार्मिक आयोजन का हिस्सा बनने का अवसर मिलेगा। बताया कि शिवमहापुराण कथा का वाचन राजस्थान के अलवर जिले के स्वामी कमलदास बापू द्वारा किया जाएगा। यह कथा प्रतिदिन दोपहर 1:15 बजे से शुरू होकर 4:15 बजे तक होगी। बताया कि शिवमहापुराण कथा का श्रवण करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। यह आयोजन चित्रकूट की धार्मिक धारा को और भी सशक्त बनाएगा और श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग दिखाएगा।

## चकबंदी में किसानों का हक नहीं दबा पाएंगे भू माफिया- राजेश



**चित्रकूट ब्यूरो**- चकबंदी ग्राम चौपाल में खरौंध और ऐंचवारा के किसानों ने भू माफियाओं द्वारा चकबंदी के दौरान सरकारी भूमि की मालियत लगाए जाने का मुद्दा उठाया। जिसके बाद चौपाल में मौजूद उपसंचालक चकबंदी अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद ने विभागीय अधिकारियों को संदर्भ के माध्यम से अभिलेख दुरुस्त करते हुए किसानों की समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए।मानिकपुर तहसील के खरौंध गांव में बुधवार को आयोजित चौपाल में उप संचालक चकबंदी अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद ने बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहरलाल वर्धन के साथ किसानों की समस्याएं सुनी। उन्होंन बताया कि प्रदेश के चकबंदी आयुक्त एवं जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देश पर चकबंदी प्रक्रिया पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ गति प्रदान करने के उद्देश्य से चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि खरौंध गांव में अंतिम अभिलेख तैयार किया जा रहा है। फरवरी माह में धारा 52 का प्रकाशन कराया जाएगा।

इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत खरौंध की श्रेणी तीन की भूमि एवं अन्य सरकारी भूमि में मालियत लगा दी गई है, जो गलत है। कई वर्ष पूर्व श्रेणी तीन की भूमि से खातेदारों का नाम खारिज होकर बंजर के रूप में दर्ज हो गया है, जो विभिन्न स्थलों में स्थित है। कुछ माफियाओं के चलते सरकारी भूमि की मालियत लगा दी गई है। इस पर अपर जिलाधिकारी ने मौके पर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही संदर्भ के माध्यम से अभिलेख दुरुस्त करने की कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रकरणों में विभागीय कर्मचारियों की संलिप्तता पाए जाने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि सम्बन्धित विभाग द्वारा नहर निकाली गई है, किंतु गूल, नाली चकबंदी विभाग द्वारा नहीं निकाली गई है।

जिसका निराकरण करने के निर्देश अपर जिलाधिकारी ने दिए। इस दौरान चौपाल में ऐंचवारा गांव के चक अपीलों को सुनकर 14 वादों में 12 वादों का निस्तारण मौके पर किया गया। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी ने बताया कि यहां धारा 23 पूर्ण हो गई है।

इसके बाद पैमाइश की कार्यवाही भी हो गई है। इस मौके पर सहायक चकबंदी अधिकारी राकेश श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान लवकुश यादव, चकबंदी लेखपाल व चकबंदी कर्ता समेत क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

## मॉनीटरिंग कमेटी ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण



**चित्रकूट ब्यूरो**- इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्देश के अनुक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश द्वारा गठित मॉनीटरिंग समिति के चेयरमैन अपर जिला जज प्रथम अनुराग कुरील ने बुधवार को समिति के सदस्य अन्य न्यायिक अधिकारियों के साथ विनायकपुर स्थित वृद्धाआश्रम का आकस्मिक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान वद्धाश्रम में 60 संवासी उपस्थित पाये गये। अध्यक्ष सहित समिति के सदस्यों ने उपस्थित वृद्ध संवासियों से मुलाकात कर उनसे समस्याओं के बारे में जानकारी ली। जिसमें वृद्ध संवासियों ने उन्हें सुनाई न देने व आंखों के लिए चश्मा न होने के बारे में बताया। समिति के सदस्यों ने वृद्धाआश्रम में आवासित संवासियों के लिये कम्बल व रजाई उचित संख्या में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। साथ ही अधिक ठंड होने के कारण से बचाव के लिए अलाव, हीटर आदि की व्यवस्था न होने के बारे में भी अवगत कराया। जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि वृद्ध संवासियों को ठंड से बचाने के लिये अलाव व हीटर की उचित व्यवस्था करें। इस दौरान समिति ने वृद्धाआश्रम में संचालित पाकशाला का भी निरीक्षण किया। जिसमें गुणवत्ता के अनुसार सामान की उपलब्धता नहीं पायी गई। जिस पर पाकशाला के केयर टेकर को गुणवत्ता सुधारने के लिए निर्देशित किया गया।निरीक्षण के दौरान मॉनीटरिंग समिति की सदस्य विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रेनू मिश्रा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल, सिविल जज सचिन कुमार दीक्षित, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया सहित कर्मचारी व सुरक्षाकर्मी उपस्थित रहे।

## हनुमत कथा में भक्ति की रसधार बही



लोकमित्र से

**मीरजापुर।** हनुमत कथा में व्यासपीठ से बोलते हुए डा. मदन मोहन मिश्र ने कहा कि वेश और पद की गरिमा के प्रतिकूल व्यवहार अनिष्ट को आमंत्रण देता है।

कथा को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि जब देवराज इंद्र अहिल्या के साथ छल करके संसर्ग करता है तो वो अहिल्या को कम भ्रष्ट करता है क्योंकि अहिल्या का तो समय आने पर उद्धार हो जाता है किन्तु अपने माथे पर इतना बड़ा कलंक ले लेता है कि देवराज होते हुए भी पूजनीय होने का अधिकार खो देता है।

इसी क्रम में उन्होंने कालनेमि का उदाहरण दिया कि उसने संत का वेश धारण करके रामकाज में बाधा डालने का कुत्सित प्रयास किया और पवन पुत्र को संजीवनी लाने में विलंब करना चाहा तो तुरंत ही अपने प्राण खो दिया जबकि लंका का बहुत बड़ा वैज्ञानिक था और रावण भी उसको बचा नहीं पाया। उन्होंने आगे कहा कि कालनेमि इतना मूर्ख था कि उसको हनुमानजी की शक्ति का आभास भी नहीं था। उसे नहीं पता था कि यदि हनुमानजी को वो दो चार दिन तक रोक भी लेता कथा के बहाने तो भी लक्ष्मण को कोई हानि न पहुंचती क्योंकि हनुमतलाल ने सूर्य को धमकी दे रखी थी कि भाई मुझसे पंगा मत लो वर्ना निगल भी सकता हूं इसलिए सूर्योदय तभी हो जब वो संजीवनी लेकर लंका पहुंच न जाएं। हनुमानजी पर्वत पर छायी माया का जाल को जब नहीं तोड़ पाए और संजीवनी बूटी को पहचानने में समस्या हुई तो पूरे पर्वत को ही उठा लिए और मायाजाल पर विजय पायी। कथा के प्रमुख श्रोताओं में सर्वेश त्रिपाठी, विष्णु यादव, नरेश शर्मा, पवन तिवारी, विमला शर्मा आदि रहे।

## सपा के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने कार्यकर्ता की हत्या पर जताया गुस्सा



**मीरजापुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार पार्टी का 9 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल कटरा कोतवाली थाना क्षेत्र के हरना की गली पहुंचा। वहां पहुंचकर कटरा कोतवाली थाना क्षेत्र के अन्तर्गत हरना की गली निवासी सुरेश चन्द्र ओझा के पुत्र प्रियांशु ओझा जिसकी 1 जनवरी को कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी गई थी शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी और हर प्रकार से साथ देने का आश्वासन दिया। सपा कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए विधायक सकलडीहा प्रभु नारायण यादव ने कहा कि पुलिस घटना में शामिल साजिशकर्ता को अभी गिरफ्तार नही कर पायी है। प्रियांशु ओझा का परिवार आर्थिक स्थिति से कमजोर है। उन्होंने कहा कि जनपद की कानून व्यवस्था बिगड़ गई है, अपराधी खुलेआम घटना को अंजाम देकर फरार हो जा रहे हैं, लूट, हत्या व छिनैती की घटनाओं के अलावा बलात्कार की घटनायें भी जनपद में बढ़ी हैं। विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा ने कहा कि प्रियांशु ओझा के परिवार को हर सम्भव मदद किया जायेगा। प्रतिनिधिमंडल में देवी प्रसाद चौधरी, जिलाध्यक्ष, प्रभु नारायण यादव विधायक सकलडीहा, आशुतोष सिन्हा एम.एल.सी, सतीश मिश्रा, रोहित शुक्ला लल्लू, मुन्नी यादव और अन्य शामिल रहे।

## अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश आवेदन के लिए बढ़ी तिथि, अब 15 तक होंगे आवेदन

**चित्रकूट ब्यूरो**- अटल आवासीय प्रवेश परीक्षा सत्र 2025-26 में कक्षा-6 एवं कक्षा-9 में प्रवेश के लिये आवेदन करने की तिथि बढ़ा दी गई है। जिसके तहत अब आगामी 15 जनवरी तक आवेदन किए जा सकेंगे।सहायक श्रमायुक्त आर के गुप्ता ने बताया कि अटल आवासीय प्रवेश परीक्षा में सभी पात्र निर्माण श्रमिकों के बच्चों से प्रवेश के लिए आवेदन की तिथि आगामी 15 जनवरी तक बढ़ा दी गई है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल वर्ष, 2019 अनुक्रमांक 1750407 का अंकपत्र सह प्रमाणपत्र वास्तव मे खो गया है।

अंकित सरोज
पुत्र शंकर लाल
पश्चिमनारा, होलागढ़, प्रयागराज

**कार्यालय ग्राम पंचायत अटसरई विकास खण्ड कड़ा, जनपद-कौशाम्बी**

**निविदा**

महात्मा गाँधी नरेगा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में ग्राम पंचायत अटसरई में निम्नलिखित परियोजना की निविदा आमंत्रण हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है। उक्त के अनुपालन में कार्यहित में निविदा आमंत्रण मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित परियोजनाओं पर सामाग्री की आवश्यकता है। सम्बन्धित फर्म जो डी0आर0डी0ए0 कौशाम्बी में मनरेगा वेबसाइट पर पंजीकृत इच्छुक निविदाताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता फर्म का टिन नम्बर/जी0एस0टी0 नम्बर फीड कराना होगा। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से दिनांक 10.01.2025 से प्राप्त एवं दिनांक 24.01.2025 तक निर्धारित शुल्क मु0 200/रू0 ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा किये जा सकते है। निविदा दिनांक 27.01.2025 को ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान/सचिव की उपस्थिति में निविदा फार्म खोले जायेंगे। निविदा स्वीकृति/अस्वीकृति करने का अधिकार निविदा समिति के पास सुरक्षित होगा। सामाग्री की मात्रा निम्नानुसार है–

| क्र0 सं0 | कार्यदायी संस्था ग्राम पंचायत | परियोजना का नाम | परिमाप | प्राक्कलित लागत लाख | निविदा हेतु सामाग्री की लागत (लाख रू0में) | सामग्री का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अटसरई | उचित दर की दुकान एवं जन सुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य | 1 नग | 7.73 | 6.89 | सामग्री प्राक्कलन के अनुसार |

**रामसखी**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत–अटसरई
वि0ख0–कड़ा, कौशाम्बी

**शरद श्रीवास्तव**
ग्रा0वि0अ0/ग्रा0पं0अ0
ग्राम पंचायत–अटसरई
वि0ख0–कड़ा, कौशाम्बी

पत्रांक : /मनरेगा/निविदा/सामग्री/2024–25 दिनांक 08.01.2025

**कार्यालय प्रबन्धक, दृष्टि नेत्रहीन बालिका विद्यालय**
**शंकर बाजार कर्वी, जनपद– चित्रकूट**

पत्रांक: 01/विधायक निधि/टेन्डर नोटिस/2025 — दिनांक 08.01.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विधायक निधि योजनान्तर्गत दृष्टि नेत्रहीन बालिका विद्यालय, शंकर बाजार, कर्वी जनपद चित्रकूट में द्वितीय तल में 02 शिक्षण कक्षों का निर्माण कराया जाना है। उक्त कार्य में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु व्यापार कर/आयकर में पंजीकृत फर्मों/सप्लायरों से दिनांक 16.01.2025 अपराहा 2.00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो कि उसी दिन अपराहा 3.30 बजे विद्यालय में तैनात निर्माण समिति द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं के साथ खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री विज्ञापन निकलने के दूसरे दिन से 15.01.2025 को सायं 04 बजे तक की जायेगी। निविदा प्रपत्र के मूल्य की अदायगी उक्त विद्यालय में कर प्रपत्र क्रय किये जा सकते है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | सामग्री का मूल्य (लाख में) | 2% धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दृष्टि नेत्रहीन बालिका विद्यालय शंकर बाजार, कर्वी जनपद चित्रकूट में द्वितीय तल में 02 शिक्षण कक्षों का निर्माण। | 5,54,421.00 रु0 | 11,000.00 रु0 | 1000.00 रु0 |

निविदा शर्ते :–
1. टेन्डर दाताओं को सलाह दी जाती है कि कार्यस्थल की भलीभांति निरीक्षण कर लें।
2. निर्धारित मानक व गुणवत्ता पूर्ण सामग्री चट्टा लगाकर ही कार्यस्थल पर स्वीकार की जायेगी। सामग्री का चट्टा न लगाने पर स्टेकिंग चार्ज देय नही होगा।
3. सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी।
4. सामग्री पर दी गई दरों के अतिरिक्त कोई भी व्यय व चार्जेज देय नहीं होंगे बल्कि नियमानुसार रायल्टी, व्यापार कर एवं आयकर की कटौती की जायेगी।
5. जमानत राशि 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि एन०एस०सी०/एफडीआर के साथ, जो कि प्रबन्धक, दृष्टि नेत्रहीन बालिका विद्यालय, शंकर बाजार कर्वी जनपद चित्रकूट के नाम बन्धक होगी, निविदा प्रपत्र के साथ प्रस्तुत किया जाए।
6. ससमय यथा आवश्यक सामग्री की आपूर्ति न करने अथवा मानक व गुणवत्ता विपरीत होने की दशा में आपूर्ति आदेश निरस्त कर दिया जायेगा।

**प्रबन्धक**

## कन्तित दरगाह के उर्स में जुटे हजारों जायरीन

**▸▸ हिंदू के चादर से शुरू होता है कंतित दरगाह का उर्स**

लोकमित्र से

**मीरजापुर।** प्रेम सौहार्द का प्रतीक कंतित का उर्स ख्वाजा इस्माईल चिश्ती के दरगाह पर हर वर्ष लगने वाला मेला बेमिसाल हैं। देश का यह पहला दरगाह है जहा सालाना उर्स की शुरुआत नगर के कसरहट्टी निवासी हिन्दू परिवार जवाहर कसेरा के चादर के चढाने के साथ आरम्भ होता है ।

मेले में प्रदेश के विभिन्न जनपदों और प्रांतों से जायरीन पहुँच रहे हैं। मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। अजमेर शरीफ के ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती के भांजे ख्वाजा इस्माईल चिश्ती के दरगाह पर चार दिवसीय सलाना जलसा मनाया जाता है। मत्था टेकने वालों की मुरादें पूरी होने से हर वर्ष आने वाले जायरीनों की संख्या में वृद्धि हो रही है । उर्स के मौके पर आसपास के जनपदों से ही नही पडोसी प्रान्तों से भी बड़ी संख्या में जायरीन व सूफी संतों की भीड़ चार दिनों तक चलने वाले उर्स में पहुँचती है। दरगाह की व्यवस्था देखने वालों का कहना है कि सांप्रदायिक सौहार्द के प्रतीक उर्स में सभी धर्मों के जायरीनों का ताँता लगा रहता है। जो लोग अजमेर शरीफ के ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती के दरगाह पर नहीं जा पाते उनके भांजे ख्वाजा इस्माईल चिश्ती के दरगाह पर



मत्था टेककर सभी मुरादें पूरी करते है।

भारी संख्या में आने वाले जायरीनों के चलते पूरा क्षेत्र मेले में बदल जाता है। सैकडों दुकानें और मनोरंजन के साधन के चलते उर्स हर उम्र के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# अर्द्ध विक्षिप्त अधेड़ ने दलित दिहाड़ी श्रमिक की कुल्हाड़ी और चाकुओं से गोदकर की निर्मम हत्या

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सलोन,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के उमरन बाजार में अर्द्ध विक्षिप्त अधेड़ ने दलित दिहाड़ी श्रमिक की कुल्हाड़ी और चाकुओं से गोदकर निर्मम हत्या कर दी।पुलिस की माने तो खुद पर हमले की आशंका को लेकर आरोपी ने घटना को अंजाम दिया है।एक हफ्ते में दो हत्याओ को लेकर ग्रामीणों ने परिजनों के साथ मिलकर सलोन ऊंचाहार मार्ग जाम कर दिया।

सूचना पर पहुँचे राज्यमंत्री मनोज पांडे के आश्वाशन पर ग्रामीणों ने मार्ग जाम बहाल किया है। मृतक की पत्नी की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्जकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। सलोन कोतवाली क्षेत्र उमरन गांव निवासी राम खेलावन उर्फ घसीटे (40)पुत्र बदलू की रक्त रंजित लाश उमरन बाजार स्थित राहुल मिश्रा के मकान के नीचे मिली थी। एक हफ्ते के अंदर



लगातार दो हत्याओं से सहमे ग्रामीण पुलिस के विरुद्ध मुखर हो गए। इसके बाद हंगामा काटते हुए परिजनों ने ग्रामीणों के साथ सलोन ऊंचाहार मार्ग जाम कर दिया। सूचना पर एडिशनल एसपी संजीव कुमार सिन्हा सीओ प्रदीप कुमार डीह रायबरेली ऊंचाहार पुलिस बल समेत कई थानों की फोर्स वारदात स्थल पर पहुँच गई। वही जांच पड़ताल के दौरान शव के पास एक धारदार चाकू पड़ा मिला। चाकू पर खून के निशान भी पाए गए हैं। घटनास्थल पर टीनशेड और सीढ़ियों और दीवाल पर खून के छींटे साइको अधेड़ के कमरे तक पुलिस को खींच ले गई। इस दौरान हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी के साथ हत्यारा भी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। जिसके बाद पुलिस उसे थाने उठा लाई।एडिशनल एसपी संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि उमरन बाजार में शटर के नीचे दिहाड़ी श्रमिक का शव बरामद हुआ था।श्रमिक का शव जहां मिला उसी मकान के ऊपर रहने वाले अर्द्ध विक्षिप्त राहुल मिश्रा ने किसी अनहोनी की आशंका के तहत वारदात को अंजाम दिया है।पर्याप्त साक्ष्य और सबूतों के आधार पर आरोपी को हिरासत में लिया गया है।मृतक की पत्नी सलकांति की तहरीर पर हत्या का मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## अंतर्जनपदीय शातिर चोर गिरफ्तार

**सलोन,रायबरेली।** कोतवाली पुलिस ने एटीएम में धोखाधड़ी करने वाले अंतर्जनपदीय शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी आसपास के कई जिलों में एटीएम के जरिए लोगों के पैसे चुरा लेते थे। पुलिस ने इनके पास से एक अदद एंड्राइड फोन नगदी बरामद किया है। लगभग दो महीने पूर्व सूची चौकी क्षेत्र के खरकन मजरे दरसवा नंद लाल पुत्र महादेव सूची कस्बे में लगे एसबीआई के एटीएम से पैसे निकालने गया हुआ था।पुलिस के मुताबिक पीड़ित के एटीएम से धोखे से आरोपी शहजाद खान उर्फ सैयद खान पुत्र कमालुद्दीन निवासी तिलोरी थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ ने चालीस हजार रुपये पार कर दिए थे।जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध ऊंचाहार थाने में तीन,जेठवारा में दो,सैनी कौशाम्बी और सलोन में एक मुकदमा पंजीकृत है।आरोपी के पास से एक हजार पचास नगद और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है।

## शिकायत पर शिकायत होने के बावजूद फर्जी अंक पत्रों के जरिए नौकरी कर रहे रोजगार सेवक के खिलाफ नहीं हो रही है कार्यवाही, मामला पहुंचा डीएम के दरबार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज विकासखंड के खजूर गांव में तैनात रोजगार सेवक दिनेश कुमार यादव पुत्र सीताराम ने कूट रचित रचना के द्वारा अपनी जन्मतिथि बदल कर दोबारा हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण कर रोजगार सेवक की नौकरी फर्जी तरीके से खजूर गांव ग्राम पंचायत में प्राप्त की थी। रोजगार सेवक के फर्जी तरीके से चयनित होने की ऑनलाइन शिकायत कई बार हो चुकी है। कार्यवाही ना होते देख खजूर गांव के ही सुशील सिंह ने डीएम के यहां फिर से दिनेश यादव के खिलाफशिकायती पत्र दिया है। सुशील सिंह का कहना है कि खण्ड विकास अधिकारी लालगंज द्वारा जॉच के क्रम में दिनेश यादव के 1993 के हाई स्कूल के अंक पत्र की जॉच इण्टरमीडियट कालेज अम्बारा पश्चिम व अपर सचिव क्षेत्रीय कार्यालय मा0शि0 परिषद प्रयागराज द्वारा करायी गयी। जिसमें दोनों संस्थान द्वारा दिनेश यादव के 1993 के हाई स्कूल के अंकपत्र को सही पाया गया है। पूर्व में इण्टरमीडियट कालेज अम्बारा पश्चिम द्वारा अपनी जॉच आख्या में यह स्पष्ट किया है कि आरोपी दिनेश कुमार के द्वारा उनके विद्यालय में प्रवेश के समय जूनियर हाईस्कूल खजूरगॉव की टी0सी0 जमा की गयी थी एवं ग्राम विकास अधिकारी द्वारा जनसूचना के माध्यम से यह स्पष्ट किया है कि दिनेश कुमार पुत्र सीताराम नाम का कोई दूसरा व्यक्ति ग्राम पंचायत खजूरगॉव में निवास नही करता है। सुशील सिंह का कहना है कि रोजगार सेवक की नौकरी पाने के लिए दिनेश कुमार ने अपनी मूल जन्मतिथि छिपाकर धोखाधड़ी करते हुए दोबारा हाईस्कूल की परीक्षा 2001 में कौशांबी जिले से उत्तीर्ण कर रोजगार सेवक के पद पर नौकरी प्राप्त की है। परन्तु खण्ड विकास अधिकारी लालगंज द्वारा उपरोक्त तथ्यों की अनदेखी कर सन् 1993 के हाई स्कूल के प्रमाण पत्रों में माता का नाम दर्ज न होने एवं पिता के नाम की स्पेलिंग भिन्न होने के तथ्य देकर दोषी को बचाने का कृत्य किया जा रहा है।

सुशील सिंह ने जिलाधिकारी से मिलकर उक्त प्रकरण की जांच अन्य विभाग के सक्षम अधिकारी द्वारा कराने की मांग की है। शिकायतकर्ता सुशील सिंह का कहना है कि इण्टर कालेज अम्बारा पश्चिम में आरोपी द्वारा जमा की गयी टी0सी0 तथा कालेज छोडते समय प्राप्त की गयी टी0सी0 की गहनता से जाँच कराकर दोषी रोजगार सेवक दिनेश यादव को नौकरी से बर्खास्त किया जाए और उसके खिलाफ विभाग के द्वारा मुकदमा दर्ज करा कर जेल भेजा जाए। वास्तव में सुशील सिंह का कहना है कि दिनेश यादव के द्वारा फर्जी तरीके से नौकरी पाने से नौकरी के सही हकदार का हक मारा गया है।

## यातायात पुलिस द्वारा की गई मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर चलने वाली गाड़ियों की चेकिंग



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में दिनांक 08.01.2025 को जनपद रायबरेली यातायात पुलिस द्वारा मोडिफ़इड साइलेंसर लगाकर चलने वाली बुलेट मोटरसाइकिल की डेसिबल मीटर से चेकिंग की गई मोडिफ़इड साइलेंसर में निर्धारित तीव्रता से अधिक आवाज होने वाले साइलेंसर लगे होने पर उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई ।

साथ ही तेज रफ्तार से चलने वाली मोटरसाइकिल एवं बिना नंबर व गलत नंबर लगाकर चलने वाले मोटरसाइकिल विशेष कर पल्सर तथा अपाचे की सघन चेकिंग करते हुए गलत पाए जाने पर उन पर भी मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

## जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा वितरित किये गये कंबल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित किए जा रहे कम्बल वितरण कार्यक्रम के तहत आज ब्लाक डलमऊ व सतांव सहित शहरी क्षेत्र के 18 वार्डो में 85 बूथों पर गरीबों को कम्बल वितरण किया गया।

कार्यवाहक जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी के नेतृत्व में सांसद राहुल गांधी द्वारा भेजे गये कम्बलों का वितरण किया जा रहा है।उक्त जानकारी देते हुए कार्यवाहक जिला प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि 4 जनवरी से 9 जनवरी 2025 तक चलने वाले कम्बल वितरण कार्यक्रम में हजारों पात्र लोगों को ठंड से राहत दिलाने का कार्य सांसद अमेठी के.एल.शर्मा जी के दिशा निर्देश पर सफलता पूर्वक



किया जा रहा है।इस अवसर पर प्रमुख रुप से समन्वयक विधानसभा सदर रोहित सिंह, निर्मल शुक्ला, सुधा द्विवेदी, पद्मधर सिंह, पद्मधर सिंह, केशन लाल लोधी, संतोष त्रिवेदी, अजीत सिंह, शूजा खान गांधी, मो.जफरूल, अजय प्रताप सिंह, मनोज तिवारी, विनोद प्रताप सिंह, अरूण यादव, सर्वोत्तम मिश्रा, सूर्य कुमार बाजपेयी, अभय त्रिवेदी, संजय श्रीवास्तव, मनोज मिश्रा, मनोज त्रिवेदी, मो.सरताज, अजीजुल हसन, शादाब खान, सै.अरशद, सोनू खान, महेश्वर सिंह, अंकुर सिंह चौधरी, मो.सलीम, मुकेश श्रीवास्तव, सौरभ शुक्ला, गजेन्द्र प्रताप सिंह, सुरेन्द्र बहादुर सिंह, मुकेश त्रिपाठी, श्री सुरेश चन्द्र चौधरी, अखिलेश अवस्थी, दिनेश त्रिवेदी, विश्वनाथ त्रिपाठी, प्रदीप यादव, महेन्द्र सिंह, गुरू प्रसाद लोधी, सुभाष दीक्षित, आदित्य त्रिपाठी, मथुरा सिंह, मनोज पासवान, नीतू गिरि, श्रीमती मंजू पासवान, रवीन्द्र शुक्ला, राम विलाश त्रिवेदी, हरिभान चौधरी, बैजनाथ दीक्षित, अनिल गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित रहें।

## नेशनल हाईवे ने लालगंज में डलमऊ रोड पर बने पुल की सर्विस लेन को किया बंद

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज में लगने वाले जाम में उस समय कोढ़ में खाज की कहावत साबित हुई है जब डलमऊ रोड पर बने पुल की सर्विस लेन को नेशनल हाईवे के अधिकारियों ने बीच सड़क पर बड़े-बड़े पत्थर रखकर बंद कर दिया है। सर्विस लेने के बंद होने से अब अटल चौक गांधी चौराहे पर भारी वाहनों की आमद बढ़ गई है। अभी तक रायबरेली और लखनऊ से आने वाले खाली ट्रक डलमऊ रोड से घूम कर सर्विस लेन होकर फतेहपुर निकल जाते थे। लेकिन जिलाधिकारी के निरीक्षण के बाद सुविधा देने को कौन कहे नेशनल हाईवे के अधिकारियों ने



सर्विस लेन ही बंद कर दिया जिसके कारण 5 दिन से लालगंज में पूरे दिन जाम लगा रहता है। जबकि जिलाधिकारी ने नेशनल हाईवे के अधिकारियों को जल्द से जल्द पुल का निर्माण और अन्य सड़के ठीक करा कर आवागमन सुलभ करने का निर्देश दिया था लेकिन यहां तो नेशनल हाईवे के अधिकारियों ने डीएम के निर्देश का पालन न कर सर्विस लेन बंद कर लोगों के लिए और अधिक मुसीबत पैदा कर दिया है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा ने नेशनल हाईवे के अधिकारियों की संवेदनशीलता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करते हुए कहा है कि एन एच के अधिकारी मोदी सरकार की किरकिरी कराने में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा है कि जल्द जिलाधिकारी से मिलकर मामले की शिकायत की जाएगी।

## आरेडिका में प्रगति पत्रिका के दिसम्बर अंक का विमोचन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** आरेडिका में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुयी। बैठक में पिछली त्रैमासिक में राजभाषा पर किये गये कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गई एवं आगामी होने वाले राजभाषा संबंधी क्रियाकलापों पर चर्चा की गई।महाप्रबंधक ने प्रगति पत्रिका के दिसम्बर-2024 अंक का विमोचन किया। इस पत्रिका में समस्त विभागों से प्राप्त लेखों यथा काव्य संग्रह, कहानियां, संस्मरण, रेखाचित्र, आदि को शामिल किया गया। जीएम ने प्रगति पत्रिका के इस अंक में



प्रकाशित लेखों की सराहना की ।मुख्य राजभाषा आधिकारी, रूपेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रगति पत्रिका के तीन सर्वश्रेष्ठ रचनाकारों को पुरस्कृत किया जाएगा। जिससे अन्य लोगों को भी राजभाषा में लेखन को प्रोहत्सान मिलेगा। बैठक में आरेडिका के पीएफए बीएल मीना, पीसीएमई विवेक खरे, पीसीईई हरीश चन्द्र, पीसीएमएम राजीव खण्डेवाल, पीसीएससी रमेश चन्द्र, मुख्य राजभाषा आधिकारी रूपेश कुमार श्रीवास्तव, राजभाषा अधिकारी राजेश कुमार व अन्य उपस्थित थे।

## सड़कों पर उतरकर चौहान गुट व्यापारियों ने किया डीएम कार्यालय का घेराव, सौंपा ज्ञापन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट लगातार व्यापारियों के शोषण की आवाज बुलंद करता रहता है, बावजूद जनपद के थानों में व्यापारियों के शोषण रुकने का नाम नहीं ले रहे। आज सुबह सैकड़ों की संख्या में चौहान गुट प्रदेश अध्यक्ष जीसी सिंह चौहान की अगुवाई में व्यापारी डीएम कार्यालय का घेराव करने पहुंच गए। जिसके बाद न्याय मांगने के साथ हल्लाबोल करते ज्ञापन सौंपा गया और कहा न्याय नहीं मिला तो व्यापारी सड़को पर उतरेंगे। आपको बता दे कि एक बार फिर कोतवाली क्षेत्र के तेलियाकोट में चौहान गुट के व्यापारियों के शोषण का मामला सामने आया जहां बताया गया कि दुकान मालिक बदरुन निशा, जमीला खातून व रहीशा बनो की चार दुकाने मौजूद है जिसे पिछले 26 वर्षो से राम सुरेश, कृष्ण कुमार, अब्दुल सहाब, मो. सादिफ नामक व्यापारियों




को किराए पर दी गई है, आरोप है कि खाली करवाने के विवाद में देर रात किला बाजार चौकी इंचार्ज की मिली भगत से जेसीबी चलवा दी गई। जबकि पूर्व दिनांक 06 जनवरी 2025 को सिटी मजिस्ट्रेट को व्यापार मंडल की ओर से लिखित सूचना दी जा चुकी है, वहीं चौकी इंचार्ज को भी अवगत कराया गया। बावजूद व्यापारियों ने चौकी इंचार्ज की मिली भगत से दुकानों पर जेसीबी चलवाले का आरोप लगाया है। डीएम के दिए शिकायती पत्र में दर्शाया गया कि किला बाजार पुलिस चौकी इंचार्ज की मिली भगत से रात्रि 3:30 बजे विपक्षी गण से मिलकर के अबुबकर और उनके दोनों लड़के व चालक शिवा जेसीबी नंबर यूपी 33 सीटी 8556 लेकर दुकान तोड़ डाला, जिसमें व्यापारियों का भारी नुकसान हुआ। व्यापारियों का कहना था कि तीन दिन पहले चौकी इंचार्ज से फोन पर वार्ता हुई जिसमें उन्होंने पूर्ण आश्वासन दिया था कि अभी कुछ नहीं होगा। बावजूद बीती रात चौकी इंचार्ज ने विपक्षी गण को बुलाकर कहा रात में दुकाने तोड़वा दो हम देख लेंगे। बड़ी बात यह कि दुकानें तोड़ने के साथ पांचों दुकानों के सामने एक मीटर गहरा और 2 मीटर चौड़ा सामने गड्ढा खोद दिया गया। जिसमें दुकानदारों का नुकसान हो गया। प्रदेश अध्यक्ष जीसी सिंह चौहान ने प्रशासन को अवगत कराते हुए कहा व्यापारियों का शोषण कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, जल्द ही दबंग पर कार्रवाई व उचित न्याय नहीं मिला तो चौहान गुट व्यापार मंडल सड़कों पर उतरने को मजबूर होगा। यदि इस बीच कुछ होता है तो इसका जिम्मेदार पुलिस प्रशासन होगा । इस मौके पर प्र.अध्यक्ष जीसी सिंह चौहान के साथ सचिव संदीप पाठक, यूपी मीडिया प्रभारी एसके सोनी, संगठन मंत्री राजेश सिंह, जिलाध्यक्ष मो. उमर, मीडिया प्रभारी मो. इम्तियाज, युवा संगठन मंत्री अमित मिश्रा, नगर अध्यक्ष आशीष वर्मा, जिलाध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, भगवानदीन, सरवरी बेगम, चित्रेश, ताहिरा बेगम, प्रशांत बाजपेई, सूरज पाल सहित व्यापारी मौजूद रहे।

## शिवम गुप्ता के द्वारा प्रभारी निरीक्षक लालगंज को महाकुंभ वर्णित कैलेंडर किया गया भेंट



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** भाजपा नेता सुशील शुक्ला,उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष विवेक शर्मा और नगर महामंत्री समाजसेवी शिवम गुप्ता

महाकुंभ 2025 का प्रचार प्रसार करने में जुटे हुए हैं। उनके द्वारा महाकुंभ 2025 से वर्णित फोल्डर कैलेंडर,डायरी और कलम प्रभारी निरीक्षक को नववर्ष पर भेंट किया गया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने व्यापार मंडल के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल लालगंज का सक्रिय व्यापारियों का संगठन है जो समय-समय पर जहां व्यापारियों की सहायता करता है वहीं प्रशासन की भी मदद में अग्रसर भूमिका अदा करता है। बताते चले कि शिवम गुप्ता और उनका परिवार समाज सेवा के कार्य में अग्रणी भूमिका निभाता है। जहां कहीं भी जरूरत पड़ती है, मदद करने से ही हिचकते नहीं है।

## राना बेनी माधव बक्स सिंह स्मारक समिति की ओर किया जायेगा कुंभ के स्वर संध्या व संत समागम का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** नव्य,दिव्य,डिजिटल और अमृत महाकुंभ में सहभागिता के लिए राना बेनी माधव बक्स सिंह स्मारक समिति की ओर कुंभ के स्वर संध्या व संत समागम का आयोजन किया जा रहा है। जहां भजन गायिका पद्मश्री डॉक्टर सोमा घोष द्वारा कुंभ के स्वर की प्रस्तुति होगी। वहीं महाकुंभ के अवसर पर संतों के आशीर्वचन से अभिभूत होंगे। संत समागम समारोह के अंतर्गत जनपद के संतों का सम्मान किया जाएगा। समिति के संरक्षक पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह ने बताया कि नौ जनवरी को पूर्वाह्न 3 बजे से 7 बजे तक मनिका रोड स्थित सेनानी होटल में कुंभ के स्वर के रूप में संत समागम व भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन डिजिटल महाकुंभ प्रोमो के तहत संपन्न होगा। समिति के संरक्षक व पूर्व विधायक सिंह ने कहा कि कार्यक्रम में जनपद के महान साधु संतों को सम्मानित किया जाएगा और संतों का आशीर्वचनों से लाभान्वित भी होंगे। समिति के संरक्षक व पूर्व विधायक इंद्रेश विक्रम सिंह ने बताया कि संत सम्मान समारोह के बाद पद्मश्री डा सोमा घोष द्वारा कुंभ के स्वर रूपी भजन प्रस्तुति होगी। भजन संध्या शाम 7 बजे तक चलती रहेगी। सभी से अनुरोध है कि समय पर पहुंच कर पुण्य कार्य में सहभागी बने।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी की मिली अर्धनग्न लाश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गोसाईंगंज–**गोसाईंगंज कोतवाली इलाके में बुधवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक किशोरी की अर्धनग्न लाश गांव के समीप नहर में पायी गयी। किशोरी के वस्त्र, चप्पल व शाल शव से 100 फिट की दूरी पर अलग बिखरे पड़े थे। मामले में मृतका के पिता की तहरीर पर गोसाईगंज पुलिस ने हत्या की धारा में केस दर्ज किया है। तहरीर में पड़ोस के गांव के एक युवक पर आशंका व्यक्त की गई है। पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूंछतांछ कर रही है। घटना गोसाईगंज व महराजगंज सीमा के सादुल्लाहपुर गांव का है। गोसाईगंज कोतवाली इलाके के गोकुलपुर के मजरे सादुल्लापुर के रामगणेश की पुत्री चांदनी मंगलवार को रात में खाना पीना खाकर घर मे अपनी छोटी बहन के साथ सोयी। सुबह गांव के बाहर घर से लगभग तीन सौ मीटर दूर पौसारा रजबहा में महराजगंज थाना क्षेत्र के कंचनपुर के समीप उसका अर्धनग्न शव पानी मे औंधे मुंह पड़ा हुआ था। सादुल्लाहपुर गांव का ही एक युवक जब नहर पर शौंच के लिए आया तो शव देखकर उसके होश उड़ गए। शव औंधे मुंह पड़ा होने के कारण वह पहचान नही पाया। सूचना पर जब पुलिस ने पहुंचकर उसे बाहर निकाला तो उसकी पहचान 16वर्षीय चांदनी पुत्री राम गणेश के रूप में हुई। मामले की जानकारी होने पर एसएसपी राजकरन नैय्यर, एसपीआरए बलवंत चौधरी व सीओ योगेंद्र कुमार,प्रशिक्षु सीओ अरविंद सोनकर, फोरेंसिक व एसओजी टीम भी घटना स्थल पहुंचकर गहनता से छानबीन किया। वंही फोरेंसिक टीम ने भी अलग अलग नमूना लिया।पुलिस अधिकारियों ने जब परिजनों से बातचीत की तब पता चला कि वह पड़ोस के एक शिक्षण संस्थान में कक्षा 10 की छात्रा थी। रात्रि में 12 बजे के करीब मृतका की मां की मोबाइल पर दो बार किसी का काल आया था लेकिन मां की आवाज सुनकर फोन करने वाले ने फोन काट दिया था।अनुमान लगाया जाता है कि अर्धरात्रि में किसी के फोन पर घर से निकली थी। शव के परिस्थितियों को देखकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की बात से इंकार नही किया जा सकता। पिता रामगणेश ने पड़ोस गांव मानापुर के मजरे मुखमूलपुर के युवक मोनू शर्मा को नामजद किया है।

पुलिस ने नामजद व एक अन्य संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूंछतांछ कर रही है साथ ही रात में आये फोन काल व अन्य बिंदुओं की ओर जिले की स्वाट टीम ,गोसाईगंज व महराजगंज पुलिस की अलग अलग टीम घटना के अनावरण के लिए एसएसपी राजकरन नैय्यर ने लगाई है। प्रभारी निरीक्षक गोसाईगंज परशुराम ओझा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर घटना के अनावरण के लिए टीम कार्य कर रही है जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।

## डीएम के प्रयास से अटल आवासीय विद्यालय में कमरों एवं शौचालय के निर्माण हेतु सीएसआर से 50 लाख की धनराशि स्वीकृत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा 03 अगस्त 2024 को समाज कल्याण विभाग द्वारा जनपद में संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय सलोन का निरीक्षण किया गया था निरीक्षण के दौरान कक्षा 6 से कक्षा 08 की संचालित कक्षाओं के भवन जो अत्यन्त जर्जर अवस्था में पाए गए थे।

जिस पर जिलाधिकारी द्वारा कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सी0एस0आर0) के अंतर्गत इक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं स्टेट हेड़, यूपीएसओ-1, स्टेट ऑफिस इण्डियन ऑयल भवन, टीसी 39-वी, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, 226010 को उक्त आवासीय विद्यालय में छात्रों के लिए नवीन 04 कमरों के निर्माण हेतु अनुरोध किया गया था। जिसके क्रम में इक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं स्टेट हेड, यूपीएसओ-1, स्टेट ऑफिस इण्डियन ऑयल भवन, टीसी 39-वी, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, 226010 द्वारा उक्त आवासीय विद्यालय में 03 कमरों एवं शौचालयों के निर्माण हेतु कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सी0एस0आर0) के माध्यम से लगभग धनराशि रू0 50.00 लाख की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

# भाजपा ने सौंपी युवाओं को मण्डल की कमान

## पांचों मण्डल में चार नए चेहरे, एक की हुई वापसी

➪ मण्डल अध्यक्ष के मनोनयन में नजर आया जातीय संयोजन







**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** भाजपा संगठन के गठन प्रक्रिया में मेजा क्षेत्र के मण्डल अध्यक्ष पद पर बड़ा उलटफेर हुआ है। क्षेत्र के दिघिया को छोड़कर चारों मण्डल में इस बार उन युवाओं को मौका दिया है, जो पार्टी के लिए समर्पित रहे हैं।

मेजा क्षेत्र के भाजपा मंडल अध्यक्ष की सूची प्रकाशित होने के साथ कयासों का दौर समाप्त हो गया।चर्चा है कि जनपद के एक कद्दावर नेता के लोगों को इस मनोनयन में वरीयता दी गयी है।प्रकाशित सूची में मेजा मंडल अध्यक्ष-शैलेश पांडेय,सिरसा मंडल अध्यक्ष-राणा सेठ,उरूवा मंडल अध्यक्ष आशीष सिंह,दिघिया मंडल अध्यक्ष सुबालाल प्रजापति और मांडा मंडल अध्यक्ष श्रीमती लीलावती गुप्ता को कमान सौंपी गई है।समर्थकों ने मनोनीत अध्यक्षों को बधाई दी है।

इस बार मेजा क्षेत्र के मण्डल अध्यक्ष पद के मनोनयन में जातीय संयोजन को वरीयता दी गयी है। ज्यादातर नए युवा चेहरों को मौका दिया है।मेजा मण्डल में शैलेश पांडेय को कमान सौंपी गई है।श्री पांडेय स्व. पूर्व विधायक नीलम करवरिया के करीबी रहे हैं। पांडेय पार्टी संगठन में विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके हैं।उनके मनोनयन से पार्टी टीम में उत्साह है। उरुवा मण्डल में आशीष सिंह पटेल को मौका दिया गया है। यह भी पार्टी के युवा प्रकोष्ठ के साथ मोर्चे के पदाधिकारी के रूप में पार्टी को मजबूत किया है।पार्टी कई बार अभियान की कमान दी गयी है।कार्य और पार्टी के प्रति निष्ठा को प्राथमिकता दी गयी है।सिरसा मण्डल के राना सेठ युवा और ऊर्जावान हैं। इन्हें पार्टी के युवा मोर्चा में अहम जिम्मेदारी पूर्व में दी गई थी। कार्य ,व्यवहार का इन्हें ईनाम मिला है।राणा सेठ को सिरसा कस्बे में भाजपा का जनाधार बढ़ाना होगा।

माण्डा की कमान महिला नेत्री लीलावती गुप्ता को सौंपी गई है।श्रीमती गुप्ता पूर्व में पार्टी महिला प्रकोष्ठ की जनपद की उपाध्यक्ष रही हैं।मुखर रहने वाली श्रीमती गुप्ता महिला हक व सम्मान के लिए मुखर रही हैं। दिघिया मण्डल अध्यक्ष सूबालाल प्रजापति की वापसी हुई है।चर्चा है कि प्रजापति निर्विवाद हैं और पार्टी के लिए वह समर्पित रहे हैं।पार्टी समर्थकों ने मनोनयन का स्वागत करते हुए बधाई दी है।

## विभाग के निर्देशों का हो शत प्रतिशत अनुपालन

**फूलपुर।** शासन की मंशा है कि कोई भी नौनिहाल आउट ऑफ स्कूल न रहे,शिक्षा और ज्ञान से वंचित न रहे,छात्रों को विभागीय सुविधाओं को प्रदान करने में कोई भी कोताही न हो।हम सभी इसके अनुपालन में अपना शत प्रतिशत योगदान देंगे।इसके साथ ही निपुण विद्यालय,निपुण ब्लॉक,निपुण जनपद और निपुण प्रदेश बनाने को सच्चे मन से संकल्प लें।अगर इन सबकी सम्प्राप्ति हो गई तो भविष्य का भारत ज्ञानवान,कौशलवान और प्रबुद्ध होगा।महासंघ के जिला उपाध्यक्ष योगेन्द्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि शिक्षक अपनी हर भूमिका में खरा उतरने का प्रयास करता है,विभाग और अधिकारियों को उनका योग्य मार्गदर्शक और संरक्षक बनने का कार्य करना चाहिये।ब्लॉक अध्यक्ष मिथिलेश यादव ने कहा कि हम सभी मिलकर फूलपुर को शिक्षा के क्षेत्र में नयी बुलंदियों पर ले जाने का कार्य करेंगे।उपस्थित पदाधिकारियों ने बुके,माल्यार्पण और उपहार से बीईओ का अभिनंदन किया।मौके पर महामंत्री राधेश्याम मिश्र, कार्यकारी अध्यक्ष मो.शहज़ाद,वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश मौर्या,मिथिलेश मौर्या,कमला यादव,विनोद कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए यह आयोजन एक अवसर - राजेश पटेल

## हरगढ़ क्रिकेट टूर्नामेंट में भुंडा टीम बनी विजेता



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** बजरंग क्रिकेट क्लब हरगढ़ द्वारा आयोजित बारह दिवसीय मैच में बुधवार को खेले गए मैच में भुंडा टीम ने बजरंग क्रिकेट क्लब टीम को पराजित कर ट्राफी पर कब्जा कर लिया।

बजरंग क्रिकेट क्लब हरगढ़ की टीम उपविजेता रही। भुंडा करछना की क्रिकेट टीम के कप्तान आर्यन केसरी ने फाइनल मैच में पहले बैटिंग कर 173 रन का स्कोर बजरंग क्रिकेट क्लब की टीम सामने रखा। जहां पर बजरंग क्रिकेट क्लब की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुऐ चार विकेट गवा कर 164 रन बना पाई। मैन ऑफ द मैच कानेश ने प्राप्त किया और वही उपविजेता टीम की खिलाड़ी ओपी मिश्रा ने मैन ऑफ द सीरीज हासिल किया । कमेंटेटर अभय राज सिंह रहे। अंपायर धीरज सिंह और विजय कुमार पटेल ने निष्पक्ष निर्णय लेकर निर्विवाद रूप से 12 दिवसीय क्रिकेट मैच का समापन कराया। ूर्नामेंट के समापन के मुख्य अतिथि अपना दल एस के राष्ट्रीय सचिव राजेश कुमार पटेल उर्फ बुलबुल को टूर्नामेंट के आयोजक शिवा पटेल ने पुष्प माला से सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि के हाथो विजेता टीम को दस हजार रुपए नकद व ट्राफी जबकि उपविजेता टीम को पांच हजार रुपए नकद व ट्राफी देकर पुरस्कृत किया। टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी टीमों के खिलाड़ियों को उत्साहवर्धन करते हुए कहा हमारे ग्रामीण क्षेत्र में खिलाड़ियों की प्रतिभा छुपी है इन प्रतिभाओं को निखारने के लिए शिवा पटेल, सुरेश पटेल आदि आयोजक निरंतर कई वर्षो से क्रिकेट आयोजन में लगे हैं जो बधाई के पात्र हैं। इस मौके पर समाज सेवी श्रीमती चंदा पटेल, डा हौसला प्रसाद सिंह पटेल वरिष्ठ पत्रकार, रजनीकांत सोनकर, शेषमणि पटेल, राम मनोहर पटेल, संजय सोनकर, अर्जुन पटेल, उमेश कोल, ग्राम प्रधान राकेश कुमार कोटार्य व गांव के कई सम्मानित लोग मौजूद रहे।

# महर्षि जी का 108वां जन्मोत्सव महर्षि ज्ञानयुग दिवस के रुप में मनाया जायेगा- पूजा चन्दोला

**नैनी(प्रयागराज)।** महर्षि विद्या मंदिर, सीनियर सेकंडरी स्कूल , दूरवाणी नगर , ए0डी0ए0 कॉलोनी नैनी की प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा चन्दोला ने विद्यालय के सभी छात्रों एवं शिक्षक- शिक्षिकाओं को जानकारी देते हुए कहा कि इस वर्ष 12 जनवरी को पूज्य महर्षि महेश योगी जी का 108 वां जन्म दिवस महर्षि ज्ञानयुग दिवस के रुप में मनाया जायेगा। इस समारोह का आयोजन तीर्थराज प्रयाग में गंगा, युमना एवं सरस्वती नदियो के पवित्र संगम तट के समीपस्थ महर्षि वेद विज्ञान विधा के महर्षि स्मारक के भव्य परिसर में किया जा रहा है। यह मुख्य समाहरो अनंत श्री विभूषित जयोतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री वासुदेवानंद सरस्वती महाराज, बद्रिका आश्रम, हिमालय की दिव्य उपस्थति में आयोजित किया जा रहा है7 इस अवसर पर भारतीय संस्कृति एवं परम्पराओ के माध्यम से विश्व शांति की स्थापना विषय पर एक संगोष्ठी भी आयोजित होगी।

यह उत्सव महर्षि आश्रम में प्रातः10¬30 बजे से प्रारंभ होगा जिसमे श्री गुरु परम्परा पूजन , महर्षि वैदिक पंडितो द्वारा वैदिक शांति पाठ , संतो तथा वैदिक विद्वानों का सम्मान, भारत के महर्षि विद्या मंदिर विद्याला समूह के अध्यक्ष , वेद विद्या मार्तणड ब्रह्मचारी गिरीश जी का मुख्य संबोधन, महर्षि जी के 50 वर्षो के अनवरत कार्यो एवं वैश्विक उपलाबिध्यो पर आधारित वृत्तचित्र का प्रदर्शन और शंकराचार्य जी महाराज द्वारा दिव्य आशीवार्द भी सम्मिलित है।प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा जी ने सभी छात्रों, अभिभावाको एवं शिक्षको को %महाकुंभ% की अवधि में होने वाले कार्यक्रमों के विषय में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि 12 जनवरी 2025 को %महर्षि ज्ञानयुग दिवस% के नवीन वर्ष के उदघाटन के साथ यह उत्सव 13 जनवरी से प्रारंभ होने वाले भूतल पर सबसे बडे ऐतिहासिक आध्यातिम्क समागम महाकुंभ 2025 से लेकर महाशिवरात्रि 26 फरवरी को पूर्ण होगा। इस अवधि में वैदिक पंडितो द्वार अतिरुद्रभिषेक महायज्ञ , कथा वाचको द्वारा एक एक सप्ताह के लिए श्री मदभागवत महापुराण कथा , श्री शिवपुराण कथा, देवी महापुराण कथा और श्री राम कथा क आयोजन किया जा रहा है। सायंकाल में सम्पूर्ण भारतवर्ष के प्रतिष्ठित कलाकारों और महर्षि विद्या मंदिर विद्यालयो के चयनित शिक्षको और विध्यार्थियो द्वारा आध्यातिम्कता एवं देशभाक्ति पर आधारित गीत , नृत्य एवं अभिनय , बिभिन्न वाधयंत्रो के वादन , भारतीय शास्त्रीय संगीत गायन आदि की प्रस्तुति होगी।

# बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे दर्जनों अस्पताल, क्लीनिक

**लोकमित्र ब्यूरो**
**जारी(प्रयागराज)।** इलाके में बिना रजिस्ट्रेशन के कई हास्पिटल, पाली क्लीनिक,क्लीनिक पैथालाजी सेंटर धड़ल्ले से चल रहे हैं। इनके पास न तो प्रशिक्षित चिकित्सक हैं और न ही स्वास्थ्यकर्मी। फिर भी बुखार से लेकर ऑपरेशन तक का जिम्मा उठाकर मरीजों की जान जोखिम में डालने से अस्पताल संचालक नहीं चूकते हैं। इलाके के जारी कस्बा सहित गडैया कला,गड़ैया खुर्द, कुल्हड़िया, मिश्रा बांध,जारी गांव, लाल तारा,दसौती,इटवा,खूंटा,चांद खमरिया, गौहनिया आदि जगहों पर कुकुरमुत्ते की तरह गली-गली में अस्पताल, पैथालाजी सेंटर,क्लीनिक,पाली क्लीनिक संचालित हो रहे हैं।और तो और कई ऐसे भी हैं, जो आगे मेडिकल की दुकान चला रहे हैं और पीछे दो कमरों में पूरा नर्सिंग होम संचालित कर रहे हैं। इन अस्पतालों में कोई डिग्रीधारक चिकित्सक भी नहीं है। लेकिन, हर तरह के मरीजों को भर्ती कर उनका आर्थिक शोषण, स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। कोई अस्पताल दो कमरे में चल रहा है तो कोई किराए के मकान में। इनमें ज्यादातर में झोलाछाप इलाज के नाम पर मरीजों से मोटी वसूली कर रहे हैं। इलाके में संचालित इन अवैध अस्पतालों में प्रशिक्षित स्टाफ नर्स नहीं होती हैं, इस तरह के अस्पतालों में लापरवाही की हद तो यह है कि आयुर्वेदिक स्नातक की डिग्री पर चिकित्सक गंभीर अवस्था के मरीजों का सीजर ऑपरेशन करते हैं। ऑपरेशन टेबल पर मरीजों का केस बिगड़ने पर बाहर से प्रशिक्षित चिकित्सकों को बुलाया जाता है। जारी इलाके में अवैध रूप से चलाए जा रहे नर्सिंग होम व अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग का शिकंजा नहीं कसने से मानकों को ताक पर रखकर चलाए जाने वाले अवैध अस्पतालों के संचालको के हौसले बुलंद हैं। बिना रजिस्ट्रेशन व सुविधाओं के चल रहे अस्पतालों ने स्वास्थ्य विभाग की पोल खोल दी है। मनमाने तरीके से चलाए जा रहे अस्पतालों के सवालों के घेरे में आने के साथ ही विभागीय कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं। जारी कस्बा सहित आस पास क्षेत्रों मे दर्जनोंअस्पताल ,क्लीनिक,पाली क्लीनिक मानक विहीन हैं। जो स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई से बचे हुए हैं।

### अस्पताल संचालन में यह जरूरी

अग्निशमन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र, प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम के तहत अनापत्ति प्रमाण पत्र, जिस बिल्डिंग में हॉस्पिटल चल रहा है उस बिल्डिंग का भी कोर्ड होना जरूरी है। डॉक्टरों की योग्यता और उनका रजिस्ट्रेशन नंबर, पैरामेडिकल कर्मियों की तैनाती, चिकित्सा उपकरणों के साथ- साथ अन्य उपकरण भीआवश्यक है।

# कोर्ट के तेवर से प्रशासन की टूटी नींद

➪ समहन एकल पेयजल योजना पर जमीन चिन्हित करने की कवायद शुरू

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश पर जल निगम के अधिशाषी अभियंता प्रवीन कुट्टी ने समहन एकल पेयजल योजना के लिए जमीन चिन्हित करने के लिए तहसील की राजस्व टीम के साथ कवायद शुरू की है। इस मामले में अधिशाषी अभियंता ने भ्रामक रिपोर्ट के जरिए कोर्ट और प्रशासन को बरगलाने की कोशिश की थी। न्यायलय के तेवर से विभाग और तहसील महकमे की नींद टूटी है।

समहन गांव में कुछ माह पहले पेयजल योजना के लिए धन की मंजूरी मिल चुकी है। योजना के लिए प्रधान द्वारा सरकारी जमीन को लेकर हाँथ खड़े किए जाने से योजना आकर नहीं ले सकी। संबधित अधिकारियों ने पत्र लिख शासन व संबधित विभाग को गुमराह किया कि समहन गांव का जल स्तर सही नहीं है, जिससे योजना साकार नहीं हो पाएगी। इस बात की जानकारी गांव के अश्वनी कुमार द्विवेदी को हुई तो योजना को स्थापित कराने को लेकर तत्पर हो गए। हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर करते हुए बताया कि गांव में सरकारी जमीन व जमीनी जल स्तर दोनों मौजूद है, ऐसी दशा में योजना स्थापित होने में क्या दिक्कत है।

अश्वनी द्विवेदी की याचिका को गंभीरता से लेते हुए हाईकोर्ट ने डीएम प्रयागराज को निर्देशित किया कि वह समहन गांव में एकल पेयजल योजना के कार्य को गम्भीरता से देखें और पूरा कर रिपोर्ट प्रेषित करें। डीएम ने एसडीएम मेजा को पत्र लिख सरकारी जमीन उपलब्ध कराने व जल निगम को स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। डीएम के निर्देश पर तहसील प्रशासन एवं जल निगम की संयुक्त टीम पँचायत में योजना के लिए जमीन तलाश रही है।

# सर्वर डाउन होने से फार्मर रजिस्ट्री में हो रहा व्यवधान

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। जन सुविधा केंद्र के अतरिक्त राजस्व विभाग एवं पंचायत भवन तथा लोग स्वयं मोबाइल के जरिए लोगों किया जा रहा है। लेकिन सर्वर डाउन होने से दिक्कत उठानी पड़ रही है। जबकि प्रत्येक गांव में ग्राम प्रधानों ने वाहनों पर माइक के जरिए लोगों को जागरूक करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। जबकि किसानों ने सहज सेवा केन्द्र पर फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनवाने के लिए जगह-जगह कतार लगी हुई है। सर्वर डाउन होने से कारण बुधवार को इस कार्य में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। शासन से तहसील को दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने का प्रयास संबंधित विभाग द्वारा भरपूर किया जा रहा है। मगर संबंधित बेवसाइट के सर्वर न चलने से यह कार्य बहुत ही धीमी गति से ही चल रहा है। किसान नजदीकी जन सेवा केन्द्र पहुंचकर फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनवाने के लिए जुट रहे हैं। किंतु सर्वर की वजह से इस महत्वपूर्ण कार्य में बांधा उत्पन्न हो रही है।

# इंजीनियर का शव देख भीड़ के निकले आँसूं

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** थाना क्षेत्र के दिघिया गांव के युवक की राजस्थान में मौत हो गई। घर पर सूचना पहुंची तो कोहराम मच गया। शव पहुंचने पर परिजनों के साथ मौजूद भीड़ के आँसू नहीं थम रहे थे।


(फाइल फोटो -अरविंद दूबे )

दिघिया गांव निवासी 32 वर्षीय अरविंद दूबे पुत्र स्व राजेंद्र प्रसाद दूबे की मंगलवार को राजस्थान के ब्यावर जिले के जवानगढ, जयतारण में कम्पनी में ड्यूटी के दौरान अचानक दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई।वह पेशे से इंजीनियर था।घर पर यह मनहूस खबर पहुंची तो परिजनों के साथ पूरा गांव दरवाजे की तरफ दौड़ पड़ा। आनन-फानन में परिजन राजस्थान के लिए निकल पड़े। पति के मौत की खबर सुन पत्नी सोनी बदहवास हो गई। मृतक राजस्थान में बांगर सीमेंट कम्पनी में इंजीनियर था। मृतक के बड़े भाई दीपक दूबे ने बताया कि मौत की ख़बर आने के आधा घंटा पहले अरविंद ने वीडियो कॉल पर बात की थी। उसके आधे घंटे बाद कंपनी से फोन के माध्यम से मौत की खबर आयी, तो सभी हैरान रह गए। अरविंद की मौत की खबर सुन मंगलवार से ही घर पर भारी भीड़ जमा रही। बुधवार को शव घर लाया गया तो माहौल हृदय विदारक हो गया। पिता का शव देख 5 वर्षीय आदित्य और 2 वर्षीय आर्तिकेश रो-रो बेहाल है। मृतक पांच भाइयों में चौथे नंबर का था।

मृतक के माता-पिता की कुछ वर्ष पहले ही मौत हो चुकी थी। बुधवार को चौकठा- नरवर गंगा घाट पर गमगीन माहौल में परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया है।

# अघोषित बिजली कटौती से गेहूं की सिंचाई बाधित

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** भीषण ठंड और कोहरे से आम लोगों का जनजीवन प्रभावित हुआ है। पिछले कुछ दिनों से पड़ रही ठंड से लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक समस्या का सामना किसानों को करना पड़ रहा है।

तहसील क्षेत्र के अंतर्गत लगातार हो रही अघोषित विद्युत कटौती से गेहूं की सिंचाई करने में किसानों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को समय से बिजली न मिलने से रात में खेतों में ही बिजली आने का इंतजार करना पड़ता है । जिससे वह ठंड से बीमार पड़ रहे हैं । बीते कई महीनो से बिजली विभाग द्वारा जारी की गई मनमानी पूर्वक रोस्टर प्रणाली से तहसील क्षेत्र के किसानों में नाराजगी है। पांच दिनों पूर्व धोबहट गांव के उपेंद्र कुशवाहा की गेहूं की सिंचाई करते समय ठंड लगने से बीमार हो गए थे।किसान महेंद्र कुमार ने बताया कि किसी बिजली विभाग की मनमानी से किसानों को जूझना पड़ता रहा है। दिन में बिजली रहने से किसानों की सिंचाई करने में आसानी होती है । जबकि सुबह से शाम तक कई बार बिजली आने-जाने की आंख में मिचौली चलती रहती है । बिजली कब आएगी कब जाएगी इसकी कोई पता नहीं है । जिससे किसान सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं । गेहूं की सिंचाई करने के लिए उन्हें रात खेतों में ही गुजारनी पड़ती है । गोबरा गांव के किसान आशुतोष कुमार द्विवेदी ने कहा कि किसानों की समस्या से किसी का कोई सहानुभूति नहीं है । जबकि किसान कड़ी मेहनत करके फसल तैयार करता है । जिससे क्षेत्र की जनता का पेट भरता है । किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष सिंबू सिंह ने कहा कि हमारा संगठन किसानों की समस्याओं के लिए लड़ रहा है । कई वर्षो से तैनात किए गए बिजली विभाग के अधिकारियों की मनमानी से किसानों को जूझना पड़ रहा है।

# अवैध पैथोलॉजी लैब का फैल रहा मकड़जाल

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता से क्षेत्र में फर्जी तरीके से पैथलॉजी लैब का कारोबार खूब फलफूल रहा है। क्षेत्र में अवैध ढंग से पैथोलॉजी सेंटर संचालित हो रहे । जबकि मोटी रकम के साथ धड़ल्ले से अपना अबैध धंधा चल रहे हैं और जिम्मेदार अपनी तिजोरी भरने में मदमस्त हैं। जिम्मेदारों को अनैतिक कार्य गांधी युक्त चश्मे से दिखाई नहीं दे रहा है।

जिससे कुछ पंजीकृत बिना पंजीकृत चलने वाले पैथोलॉजी में बिना डिग्री डिप्लोमा के बैठे लोग मरीजों की तमाम तरह की जांच रिपोर्ट बना रहे हैं। इसके एवज में मनमाना शुल्क वसूल रहे हैं। जबकि बिना पंजीकृत है।इसकी आज तक जांच नहीं होने से डिप्लोमा होल्डर जांच कर रहे हैं।तहसील क्षेत्र के अधिकांशतः गांवों व स्वास्थ्य विभाग के नाक के सामने से लेकर क्षेत्र के हर गली मोहल्ले क्लीनिक व नर्सिंग होम के आसपास मधुमक्खी के छत्ते की तरह उपजे पैथोलॉजी लैबों में जहां एक तरफ मरीजों का आर्थिक शोषण होता हो रहा है, वहीं उनके द्वारा किए गए जांच की गलत रिपोर्ट होने से मरीजों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। जबकि दर्जनभर से अधिक पैथोलॉजी लैब संचालित हो रहे हैं । बड़ोखर, भोगन , खीरी, सिरहिर , लालतारा, महुली, देवघाट, आदि बाजारों में ही दर्जनों फर्जी लैब संचालित हैं ।

वही कुछ ऐसे भी पैथोलॉजी लैब के नाम पर अस्पताल भी चला रहे हैं । जिन लैबों में नौसिखिए खून निकाल कर जांच कर रहे हैं । और रिपोर्ट भी बनाकर दे दे रहे हैं। इतना ही नहीं उस रिपोर्ट पर किसी नामी डॉक्टर का हस्ताक्षर भी फर्जी ढंग से बनाकर दे देते हैं। ये डॉक्टर कौन होता है कोई नहीं जानते तक नहीं। सभी की रिपोर्ट में किसी न किसी डॉक्टर का हस्ताक्षर रहता है। जबकि ऐसे कई जांच हैं जो सिर्फ एमडी (पैथोलॉजी) ही कर सकते हैं।

अब देखने वाली बात यह होगी कि अवैध तरीके से फल फूल रहे पैथोलॉजी लैब पर विभागीय आला अफसरों का चाबुक चलता है अथवा ऐसे ही विभाग मौन स्वीकृति देकर अपनी जेब गर्म करते रहेंगे। और अवैध रूप से संचालित हो रहे अवैध पैथोलॉजी लैब आम जनमानस का शोषण कर मालामाल होते रहेंगे । जो अपने आप में बड़ा और अहम सवाल है।

## मृतक के परिजनों को ब्लाक प्रमुख ने दिया आश्वासन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**उत्तराव ।** हंडिया तहसील के अनर्गत सराय आलम मदारीपुर गांव के किसान लालचंद पटेल का पुत्र प्रदीप पटेल का प्यागीपुर हाईवे के सर्विस रोड तिराहा पर शुक्रवार को एक्सीडेंट मे मौत हो गयी थी। वही बुधवार को सैदाबाद ब्लाक प्रमुख राजेन्द्र सिंह पटेल मृतक प्रदीप पटेल के परिवार से मुलाक़ात कर रोते बिलखते परिवारजनों का ढाढ़स बधाया और हर सम्भव मदद करने का आश्वासन दिया।इस मौके पर समाजसेवी अपना दल एस नेता,जगत पटेल,सुभाष पटेल, रामराज, सर्वजीत व ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

# सर्द हवाओं ने बढ़ाई गलन, अलाव बना सहारा

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** एक सप्ताह से बढ़ी ठंडक ने ग्रामीणों में जनजीवन को प्रभावित कर दिया है । बुधवार को भी लोग घरों में दुबके रहे । सड़कों पर आवागमन बहुत ही काम रहा । ऐसे ठंड में अलाव की लोगों के लिए सहारा बना रहा । लोगों ने खुद अलाव जलवाए । विकास खंड कोरांव अंतर्गत क्षेत्र में ग्रामीणों ने अलाव जलाने की मांग की है ।



लेड़ियारी निवासी लवकुश दुबे , सुनील कुमार कुशवाहा , शिव मोहन द्विवेदी , हरिश्चंद्र वर्मा , सुरेश कुमार केशरी। आदि ने प्रशासन से मांग की है कि प्रत्येक गांव में चौराहे या तिराहे पर अलाव जलाने की व्यवस्था की जाए । ताकि इस प्रचंड ठंड में गरीब वर्ग की थोड़ी सी राहत मिल सके । लेड़ियारी निवासी आशीष मिश्रा ने बताया कि ठंड में गरीबों के लिए आग ही कपड़ा का कार्य करता है । क्योंकि गरीब के पास इतनी बड़ी इतनी व्यवस्थाएं नहीं होती है की ठंडक से अपना बचाव कर पाए । वहीं कैथवल से प्रबंधक राकेश कुमार कुशवाहा ने बताया कि प्रत्येक गांव स्तर पर ग्राम पंचायत को अलाव जलनें की व्यवस्था करनी चाहिए। क्योंकि सभी के पास समान रूप से ठंड से निपटने के लिए व्यवस्थाएं नहीं होती है।

ग्राम प्रधान बहरैचा शंकर दयाल तिवारी , लेड़ियारी रवि सिंह , कैथवल गीता देवी ने बताया कि शासन द्वारा धन उपलब्ध नहीं कराने जाने से हर मजरे में अलाव जलाना मुश्किल है। लोगों ने कहा कि प्रत्येक गांव स्तर पर ग्राम पंचायत को अलाव जलाने की व्यवस्था करनी चाहिए । इस संबंध में बीडीसी राकेश कुमार केशरी ने कहा कि क्योंकि सभी के पास समान रूप से ठंड से निपटने के लिए व्यवस्थाएं नहीं होती है । डीही खुर्द निवासी श्याम नारायण ने बताया कि सुबह शाम को कोहरे एवं तेज हवाओं से कृषि कार्य प्रवाहित हुआ है । ऐसे में आग ही एक मात्र सहारा है । साधन सहकारी समिति लेड़ियारी अध्यक्ष विष्णु प्रताप सिंह ने ठंड से निपटने के लिए ग्रामीण क्षेत्र के प्रमुख स्थान पर आग जलाने की व्यवस्था को लेकर प्रधानों को निवेदन की है । वहीं ठंड को देखते हुए समिति के अध्यक्ष व क्षेत्र पंचायत सदस्य राकेश कुमार केशरी ने जगह-जगह अलाव की व्यवस्था किए गए हैं।

# श्री सहायक लाल अंडर-12 क्रिकेट आज से

**प्रयागराज।** श्री सहायक लाल अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता गुरुवार से डॉ. केएन काटजू इंटर कॉलेज मैदान पर खेली जायेगी। उद्घाटन मुकाबला डीएसए क्लब बी और कैंट बोर्ड के बीच सुबह साढ़े आठ बजे से खेला जायेगा। दूसरा मुकाबला विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल और एमआईसी के बीच होगा।



आयोजन सचिव प्रणय गुप्ता (राजा) के अनुसार उद्घाटन मैच में इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त संयोजक (लीग एवं मंडल) एलबी काला मुख्य अतिथि होंगे।

# आशीष पाल अध्यक्ष व संजीव पांडेय जिला प्रतिनिधि नियुक्त

**लोकमित्र ब्यूरो**
**नारीबारी (प्रयागराज)।** मण्डल अध्यक्ष नारीबारी आशीष पाल और जिला कार्य समिति सदस्य संजीव पांडेय को बनाए जाने पर मण्डल के सदस्यों द्वारा माल्यार्पण और लड्डू वितरित कर बधाई दिया गया।

उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि कमलेश त्रिपाठी जिला मंत्री ने बधाई देते हुए संविधान गौरव अभियान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश के सर्वस्व न्योछावर करने वाले भुला दिए गए बलिदानियों को याद करने के लिए मण्डल से प्रदेश तक टोली बना कर अभियान चलाया गया। जिसमें 11 से 25 जनवरी को सभी बूथ और मण्डल पर सभी कार्यकर्ता एकत्र होकर कर समाज के वंचित समूह के प्रबुद्ध लोगों के समक्ष हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान के तहत संविधान गौरव पर चर्चा करेंगे। विशिष्ट जनो की सूची तैयार कर जागरुक करना है।उक्त अवसर पर मण्डल अध्यक्ष आशीष पाल, जिला प्रतिनिधि संजीव पांडेय, धर्मराज पाल, रत्नाकर सिंह, कुलदीप पाठक,दिवाकर त्रिपाठी नीरज मिश्र, विवेक सिंह,पृथ्वीराज साहू, सत्यम पांडेय, राम सुमेर आदिवासी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# महाकुम्भ जन जागरण यात्रा में शामिल हुए पूर्व विधायक उदयभान

**जारी(प्रयागराज)।** महाकुम्भ जन जागरण यात्रा बायपास गौहनिया से आरम्भ हुई जो जारी बाजार से वापस कांटी में समाप्त हो गई।।चर्चित व बारा विधानसभा का दो बार प्रतिनिधित्व करने वाले उदयभान करवरिया लम्बे अरसे के बाद जन जागरण जैसे सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल हुए।गौरतलब है कि, हाल ही में उनकी आजीवन कारावास के शेष अवधि की सजा शासन की संस्तुति से माफ हुई है।



यात्रा में
श्री श्री 1008 श्री मां पवित्रा नंद गिरी महामंडलेश्वर जूना अखाड़ा व किन्नर अखाड़ा , सुरेन्द्र चौधरी विधान परिषद सदस्य ,सुनील पटेल जिला महामंत्री (यमुना पार) किसान मोर्चा आदि खुली गाड़ी में महाकुंभ का संदेश देने निकले।

प्रतिकात्मक बुलडोजर,डीजे , दो दर्जन चार पहिया वाहन तथा सैकड़ों मोटर साइकिल के साथ लोग जनजागरण जुलूस में शामिल हुए।

# शीश महल को लेकर भाजपा हमलावर

## कहा- अराजकता का प्रदर्शन कर रही है आआपा



नई दिल्ली, (हि.स.)। दिल्ली विधानसभा चुनाव की घोषणा होने के साथ ही शीश महल (6 फ्लैग स्टाफ रोड स्थित मुख्यमंत्री का आवास) को लेकर जुबानी जंग तेज हो गई है। शीश महल को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आम आदमी पार्टी पर हमला बोलते हुए आज कहा कि दिल्ली में आचार संहिता लगने के साथ ही भ्रष्टाचार के स्मारक (शीश महल) की हकीकत जनता के सामने आती जा रही है। आज एक भौंडा प्रदर्शन आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह और मंत्री सौरभ भारद्वाज द्वारा किया गया। ये जितना भी प्रयास कर लें परंतु शीश महल, जो अरविंद केजरीवाल की विलासिता का स्मारक है, उसे बचा नहीं सकते। ये लाचारी है या बाजीगरी है, यह दिल्ली की जनता भलीभांति समझती है।बुधवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि भ्रष्टाचार के स्मारक की हकीकत लोगों के सामने आ रही है।

आज जो घटनाक्रम सामने आ रहा है और आप सांसद संजय सिंह और दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज जो चरित्र दिखा रहे हैं, वे चाहे कुछ भी कर लें, अरविंद केजरीवाल के भ्रष्टाचार के संग्रहालय, %शीश महल% को नहीं बचा पाएंगे। आज उन्होंने जो कुछ भी किया है, वह अराजकता का स्पष्ट प्रदर्शन है।सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह और मंत्री सौरभ भारद्वाज द्वारा संसद में किया गया शर्मनाक व्यवहार उनकी हताशापूर्ण कोशिशों को दर्शाता है। उनके तमाम प्रयासों के बावजूद %शीश महल% कांड से जुड़ी घटनाओं ने लोगों का ध्यान खींचा है। यह पूरा प्रकरण लोगों का ध्यान भटकाने के लिए रचा गया है । इस तरह की हरकतें राजनीतिक नैतिकता का घोर अभाव, बेशर्मी और अनियंत्रित, अराजक व्यवहार को दर्शाती हैं। यह आम आदमी पार्टी की स्वाभाविक प्रवृत्ति का स्पष्ट और विशिष्ट प्रदर्शन है।इससे पहले बुधवार सुबह आआपा के दो वरिष्ठ नेता संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज मीडिया को मुख्यमंत्री आवास दिखाने के लिए 6 फ्लैग स्टाफ मार्ग पहुंच गए। वहां तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा उन्हें रोक दिया गया, जिसके बाद वे लोग वहीं धरने पर बैठ गए। सौरभ भारद्वाज के अनुसार पुलिस ने उन्हें रोकने का कारण बताते हुए कहा कि ऊपर से आदेश है। इस बीच पीडब्ल्यूडी ने मुख्यमंत्री आवास को अपने कब्जे में ले लिया है। धरना खत्म होने के बाद संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज सेंट्रल विस्टा में बन रहे प्रधानमंत्री आवास के लिए निकल गए।

## जीडीपी पर सरकार को ध्यान देने की जरूरत-मायावती

लखनऊ, (हि.स.)। केंद्र सरकार के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में चालू वित्त वर्ष में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 6.4 फीसदी रहने का अनुमान जताया। इसको लेकर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए।मायावती ने बुधवार को एक्स पोस्ट में कहा कि आज की प्रमुख खबरों में एक महत्वपूर्ण खबर यह है कि चार वर्षों में सबसे कम 6.4 प्रतिशत रह सकती है विकास दर। इसको लेकर अगर कोई वास्तव में दुखी है तो वह देश के गरीब एवं मेहनतकश समाज के लोग हैं। जो अपनी बदहाल जिंदगी जीने के बावजूद देश के बारे में कुछ भी अहित सुनने को तैयार नहीं।मायावती ने लिखा कि विश्व बाजार में रुपये के लगातार हो रहे अवमूल्यन से भले ही गरीबों का सीधा संबंध ना हो, फिर भी उससे वह खुश नहीं।

# असम की कोयला खदान में फंसे खनिकों को बचाएगी नौसेना, टीम ने शुरू किया बचाव कार्य

**▶▶अत्यधिक प्रशिक्षित क्लीयरेंस डाइवर्स को विशाखापट्टनम से घटनास्थल पर पहुंचाया गया**



नई दिल्ली, (हि.स.)। भारतीय नौसेना ने असम के दीमा हसाओ जिले के एक दूरदराज के औद्योगिक शहर उमरंगसो में फंसे खनिकों को बचाने में सहायता के लिए एक विशेष टीम को तैनात किया है। इस टीम में एक अधिकारी और ग्यारह नाविक हैं, जिसमें अत्यधिक प्रशिक्षित क्लीयरेंस डाइवर्स शामिल हैं । यह टीम गहरे पानी में गोता लगाने और बचाव कार्यों में कुशल है ।नागरिक प्रशासन के अनुरोध पर तैनात की गई नौसेना की टीम इस महत्वपूर्ण और संवेदनशील मिशन के लिए पूरी तरह से उपकरणों के साथ लैस है। टीम के पास खोज और बचाव के लिए गहरे पानी में गोता लगाने के उपकरण और पानी के नीचे रिमोट से संचालित वाहन (आरओवी) जैसे विशेष उपकरण हैं। यह प्रयास भारतीय सेना, एनडीआरएफ और स्थानीय नागरिक प्रशासन के साथ मिलकर किया जा रहा है, ताकि तत्काल और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सके।भारतीय नौसेना की टीम को विशाखापट्टनम से 07 जनवरी को वायु सेना के एमआई-17 हेलीकॉप्टर से घटनास्थल पर पहुंचाया गया है। गहन खोज और बचाव अभियान के साथ समय पर बचाव अभियान को सुविधाजनक बनाने के लिए सभी संबंधित एजेंसियों के साथ नियमित रूप से सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जा रहा है। भारतीय नौसेना संकट के समय में त्वरित सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो जीवन की रक्षा करने और आपात स्थितियों में राष्ट्र का समर्थन करने के अपने संकल्प को प्रदर्शित करता है।असम के उमरंगसो क्षेत्र की कोयला खदान में 6 जनवरी को पानी भरने के कारण अनेक मजदूर फंस गए। प्रशासन ने घटना के तुरंत बाद राहत कार्य तेज कर दिए। खदान से 10 मजदूरों को सुरक्षित निकाल लिया गया, लेकिन कम से कम 12 मजदूर के अभी तक फंसे होने की सूचना है।

# कश्मीर में रात का तापमान -9.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा



श्रीनगर, (हि.स.)। कश्मीर घाटी में मंगलवार रात का तापमान फिर से गिर गया। गुलमर्ग जैसे पर्यटन स्थलों में -9.8 डिग्री सेल्सियस, पहलगाम में -8.2 डिग्री सेल्सियस और सोनमर्ग में -10.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने 15 जनवरी तक मौसम आमतौर पर शुष्क रहने और जम्मू के मैदानी इलाकों में हल्की बारिश और 11 और 12 जनवरी को जम्मू और कश्मीर में छिटपुट स्थानों पर बर्फबारी की संभावना जताई है। अधिकारियों ने बताया कि गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट में तापमान -9.0 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया, जबकि पिछली रात तापमान -6.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। यह उत्तरी कश्मीर के बारामुल्ला जिले के पर्यटन स्थल के लिए दिन का सामान्य से -20 डिग्री सेल्सियस कम था। पहलगाम में मंगलवार को -7.8 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले न्यूनतम तापमान -8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस अवधि के दौरान दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के पर्यटन स्थल के लिए यह सामान्य से 2.0 डिग्री सेल्सियस कम था।मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले के सुरम्य सोनमर्ग में भी मंगलवार और बुधवार की मध्यरात्रि के दौरान दर्ज किया गया न्यूनतम तापमान -10.4 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। जम्मू और कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में पिछली रात के 0.9 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले न्यूनतम तापमान -1.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और यह इस अवधि के दौरान इस स्थान के औसत से 0.9 डिग्री सेल्सियस अधिक था। श्रीनगर और कश्मीर घाटी के अन्य हिस्सों में मंगलवार को तेज धूप खिलने के साथ ही दिन का तापमान बढ़ गया। राजधानी शहर में अधिकतम तापमान 8.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो दिन के लिए सामान्य से 2.0 डिग्री सेल्सियस अधिक था।

# अर्थव्यवस्था के निराशाजनक आंकड़े नए केंद्रीय बजट के लिए चिंताजनकः कांग्रेस



नई दिल्ली,(हि.स.)। कांग्रेस पार्टी ने मौजूदा वित्तीय वर्ष के लिए केंद्र सरकार द्वारा जीडीपी ग्रोथ में गिरावट के अनुमान को निराशाजनक बताया है। पार्टी का कहना है कि अर्थव्यवस्था से सम्बंधित लगातार सामने आ निराशाजनक आंकड़े आगामी केंद्रीय बजट के लिए चिंताजनक पृष्ठभूमि तैयार करते हैं।कांग्रेस महासचिव (संचार) एवं सांसद जयराम रमेश ने बुधवार को यहां एक बयान में कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक़ वित्त वर्ष 2025 में सिर्फ 6.4 प्रतिशत जीडीपी ग्रोथ का अनुमान है। यह चार साल का सबसे निचला स्तर है और वित्त वर्ष 2024 में दर्ज 8.2 प्रतिशत के ग्रोथ की तुलना में स्पष्ट गिरावट है। यह भारतीय रिजर्व बैंक के हालिया 6.6 प्रतिशथ के ग्रोथ के उस अनुमान से भी कम है, जो ख़ुद ही पहले के 7.2 प्रतिशत अनुमान से कम है। कुछ ही हफ़्तों में भारतीय अर्थव्यवस्था निचले स्तर पर आ गई है। अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर उस तरह से नहीं बढ़ रहा है, जिस तरह से बढ़ना चाहिए। सरकार अब देश के ग्रोथ में गिरावट की वास्तविकता और इसके विभिन्न पहलुओं से इनकार नहीं कर सकती है।जयराम रमेश ने कहा कि पिछले दस वर्षों में देश की उपभोग कहानी रिवर्स स्विंग में चली गई है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सबसे बड़ी समस्या बनकर उभरी है। इस वर्ष की दूसरी तिमाही के आंकड़ों में निजी अंतिम उपभोग व्यय (पीएफसीई) ग्रोथ पिछली तिमाही के 7.4 प्रतिशत से धीमा होकर 6 प्रतिशत रह गया। कारों की बिक्री चार साल के निचले स्तर पर आ गई है।उन्होंने कहा कि सकल स्थिर पूंजी निर्माण (पब्लिक और प्राइवेट) में ग्रोथ के लिए सरकार का अनुमान है कि इस वर्ष यह धीमा होकर 6.4 प्रतिशत हो जाएगा, जो पिछले वर्ष 9 प्रतिशत था। यह आंकड़ा भी भारत में निवेश करने के लिए प्राइवेट सेक्टर की अनिच्छा की वास्तविकता को दिखाता है। जैसा कि सरकार के अपने आर्थिक सर्वेक्षण (2024) ने स्वीकार किया, ÷मशीनरी और उपकरण और बौद्धिक संपदा उत्पादों में प्राइवेट सेक्टर का सकल निश्चित पूंजी निर्माण (जीएफसीएफ) वित्त वर्ष 2023 तक चार वर्षों में संचयी रूप से केवल 35 प्रतिशत बढ़ा है,यह अच्छा मिश्रण नहीं है।÷ वित्त वर्ष 2023 और वित्त वर्ष 24 के बीच प्राइवेट सेक्टर द्वारा नए प्रोजेक्ट की घोषणाओं में 21 प्रतिशत की गिरावट के साथ यह और भी बदतर हो गया है।कांग्रेस नेता ने कहा कि वित्त वर्ष 2025 के केंद्रीय बजट में 11.11 लाख करोड़ रुपए के आवंटन के साथ पूंजीगत व्यय निवेश में वृद्धि को लेकर बड़े-बड़े और भव्य वादे किए गए। नवंबर तक सिर्फ 5.13 लाख करोड़ खर्च हुए हैं यानि पिछले साल से 12 प्रतिशत कम। अधिकांश अनुमान बताते हैं कि सरकार वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले लक्ष्य पूरा करने में विफल रहेगी।जयराम रमेश ने कहा कि केंद्र सरकार के आंकड़ों से ही पता चलता है कि 2020-2021 और 2022-2023 के बीच परिवारों की शुद्ध वित्तीय बचत में 9 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई है। इस बीच घरेलू वित्तीय देनदारियां अब सकल घरेलू उत्पाद का 6.4 प्रतिशत हैं, जो दशकों में सबसे अधिक है। यह वित्त वर्ष 2025-26 के आगामी केंद्रीय बजट की एक निराशाजनक पृष्ठभूमि है। देश के ग़रीबों के लिए आय सहायता, मनरेगा के लिए अधिक मजदूरी और बढ़ी हुई एमएसपी समय की मांग है। साथ ही साथ जटिल जीएसटी व्यवस्था का बड़े पैमाने पर सरलीकरण और मध्यम वर्ग के लिए आयकर राहत भी समय की मांग है।

# इसरो के नये प्रमुख होंगे अंतरिक्ष विज्ञानी वी नारायणन


**▶▶14 जनवरी को सोमनाथ की जगह लेंगे**



नई दिल्ली, (हि.स.)। केंद्र सरकर ने वी नारायणन को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का नया अध्यक्ष बनाया है। वे 14 जनवरी को एस. सोमनाथ की जगह लेंगे। नारायणन की नियुक्ति 14 जनवरी से दो साल की अवधि के लिए रहेगी। यह जानकारी आधिकारिक अधिसूचना में दी गई।इसरो के नये अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन अभी लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम्स सेंटर (एलपीएससी) के निदेशक हैं। नारायणन ने लगभग चार दशक तक अंतरिक्ष संगठन में कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है। रॉकेट और अंतरिक्ष यान प्रणोदन उनकी विशेषज्ञता का क्षेत्र है। वह जीएसएलवी एमके इल वाहन के सी25 क्रायोजेनिक प्रोजेक्ट के परियोजना निदेशक भी थे। 1984 में नारायणन इसरो में शामिल हुए और केंद्र के निदेशक बनने से पहले विभिन्न पदों पर कार्य किया।शुरुआत में करीब साढ़े चार साल तक उन्होंने विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) में साउंडिंग रॉकेट्स और एएसएलवी और ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) के ठोस प्रणोदन क्षेत्र में काम किया। 1989 में उन्होंने आईआईटी-खड़गपुर में प्रथम रैंक के साथ क्रायोजेनिक इंजीनियरिंग में एम.टेक पूरा किया और लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम सेंटर (एलपीएससी) में क्रायोजेनिक प्रोपल्शन क्षेत्र में शामिल हुए। लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम सेंटर, वलियामाला के निदेशक के रूप में जीएसएलवी एमके ढ्ढढ्ढ के लिए सीई20 क्रायोजेनिक इंजन विकसित करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। उनके कार्यकाल में एलपीएससी ने इसरो के विभिन्न मिशनों के लिए 183 लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम और कंट्रोल पावर प्लांट बनाए हैं।डॉ. नारायणन को कई पुरस्कार और सम्मान मिले हैं। उन्हें आईआईटी खड़गपुर से रजत पदक मिला है। एस्ट्रोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया (एएसआई) ने उन्हें स्वर्ण पदक से सम्मानित किया है। एनडीआरएफ से उन्हें राष्ट्रीय डिजाइन पुरस्कार भी मिला है।

# बिहार-नेपाल सीमा से 1,600 किग्रा मानव बाल के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार

**दक्षिण भारत से खेप लाकर चीन भेजने की थी तैयारी**



पटना, (हि.स.)।डायरेक्टरेट ऑफ रेवन्यू इंटेलिजेंस (डीआईआई) ने बिहार के मधुबनी में पश्चिम बंगाल के दो तस्करों के साथ बिहार के एक आरोपित को तिरुपति बालाजी समेत दक्षिण भारत के कई मंदिरों से चोरी कर बिहार के रास्ते नेपाल ले जाए जा रहे मानव-बाल की 1,600 किलोग्राम एक बड़ी खेप पकड़ी है। यह बाल नेपाल के रास्ते चीन तक पहुंचाए जाने थे।डीआरआई की टीम इससे पूछताछ कर रही है।डीआरआई की यह कार्रवाई बिहार-नेपाल सीमा के मधुबनी में सामने आयी है। पकड़े गए तस्करों में दो पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के रहने वाले हैं, जबकि एक बिहार के मधुबनी जिले के रहने वाला है। डीआरआई की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की है। पश्चिम बंगाल नंबर का एक ट्रक मधुबनी से गुजर रहा था, जहां बालों की खेप ले जाए जाने की सूचना थी।डीआरआई की मुजफ्फरपुर शाखा में पूछताछ में तस्करों ने बताया कि बरामद किया गया बाल दक्षिण भारत के कई तीर्थ स्थलों से चुराकर जुटाया गया था। तिरुपति बालाजी मंदिर में होने वाले मुंडन से सबसे ज्यादा बाल जुटाए गए थे। बाल की कीमत करीब 80 लाख रुपये आंकी गई है। चूंकि बाल नेपाल के रास्ते चीन जाने वाला था, इसलिए संलिप्त गिरोह के अन्य सदस्यों तक पहुंचने के लिए जानकारी जुटाई जा रही है।डायरेक्टरेट ऑफ रेवन्यू इंटेलिजेंस के अधिकारी ने बताया कि भारत में बाल की सप्लाई प्रतिबंधित है। कुछ गिरोह तस्करी करते हुए इसे नेपाल के रास्ते चीन पहुंचाते हैं। इससे विग और अन्य सामग्री का निर्माण कराया जाता है। चीन में इन चीजों की बहुत ज्यादा मांग है और दुनियाभर के देशों में इसकी सप्लाई की जाती है। पूर्व में इस मामले में ईडी की कार्रवाई और बॉर्डर सील होने के कारण गिरोह के लोग पश्चिम बंगाल की जगह बिहार के रास्ते का उपयोग करने लगे हैं।उल्लेखनीय है कि भारत के बालों का निर्यात 6,000-8,000 करोड़ रुपये का है, जिसमें चीन का हिस्सा कुल निर्यात का 80 प्रतिशत है। उद्योग का अनुमान है कि हर साल भारत से चीन में लगभग 9,000 करोड़ रुपये के कच्चे मानव बालों की तस्करी की जाती है। आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में घरों और मंदिरों से बाल एकत्र किए जाते हैं। बालों का उपयोग विग, नकली दाढ़ी, भौंहें और एक्सटेंशन बनाने के लिए किया जाता है। इसका उपयोग बेकिंग उद्योग के लिए प्रोटीन निकालने के लिए भी किया जाता है।

# बीएसएफ ने भारतीय जमीन पर बांग्लादेशी कब्जे की खबरों को बताया बेबुनियाद



कोलकाता,(हि.स.) । भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के पास भारतीय जमीन के पांच किलोमीटर हिस्से पर बांग्लादेश की बॉर्डर गार्ड (बीजीबी) के कब्जे की खबरों को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने सख्ती से खारिज कर दिया है।

बीएसएफ ने इन खबरों को आधारहीन और गैर-जिम्मेदाराना करार दिया।बीएसएफ साउथ बंगाल फ्रंटियर की ओर से जारी बयान में कहा गया कि ये खबरें, जो बांग्लादेशी मीडिया के एक वर्ग में प्रकाशित हुई थीं, सत्य और विश्वसनीयता से कोसों दूर हैं। बयान में स्पष्ट किया गया कि जिस क्षेत्र का जिक्र किया जा रहा है, वह भारत के पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के बागदा ब्लॉक के रंगहट गांव में स्थित है।

बीएसएफ ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सीमा कोडालिया नदी द्वारा चिह्नित है और दोनों तरफ रिफरेंस पिलर्स लगे हुए हैं। बुधवार को जारी बयान में कहा गया, ÷आईबी ( अंतर्राष्ट्रीय सीमा) की स्थिति और बीएसएफ की ड्यूटी का पैटर्न दशकों से अपरिवर्तित है।बीएसएफ ने यह भी खारिज किया कि बीजीबी के जवान 19 दिसंबर से मोटराइज्ड बोट्स और एटीवी के जरिए 24 घंटे गश्त कर रहे हैं। इसे गढ़ी हुई कहानी बताते हुए बीएसएफ ने कहा, ÷ये झूठी और मनगढ़ंत खबरें हैं। बीएसएफ और बीजीबी दोनों अपने-अपने क्षेत्रों में शांतिपूर्ण तरीके से ड्यूटी कर रहे हैं।स्मगलिंग और घुसपैठ की समस्या पर बीएसएफ ने कहा कि यह इलाका बिना बाड़ के है और इन गतिविधियों के लिए संवेदनशील है।

हालांकि, सख्त उपायों की वजह से क्षेत्र में घुसपैठ की कोशिशें लगभग समाप्त हो गई हैं।बीएसएफ ने आश्वस्त किया कि ÷भारतीय जमीन का एक इंच भी कब्जा नहीं हुआ है और न ही होगा।÷ 1975 के भारत-बांग्लादेश सीमा दिशानिर्देशों के अनुसार दोनों बल अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं और सीमा की अखंडता बनाए रखी जा रही है।

# ओडिशा में निवेश की अपार संभावनाएं

**▶▶प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में बोले मुख्यमंत्री मांझी**



भुवनेश्वर, (हि.स.)। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के दौरान विदेश मंत्रालय एवं ओडिशा सरकार के संयुक्त व्यापार सत्र में राज्य में निवेश संभावनाओं को उजागर किया।मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, ओडिशा के उद्योग मंत्री सम्पद चंद्र स्वाईं और भारतीय एवं ओडिया प्रवासी व्यापार जगत के प्रमुख नेताओं का स्वागत करते हुए इस प्रतिष्ठित आयोजन की मेजबानी पर गर्व और आभार व्यक्त किया। यह सत्र एक होटल में आयोजित किया गया।मुख्यमंत्री ने ओडिशा की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्ता पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि ओडिशा को ÷भगवान जगन्नाथ की भूमि÷ के रूप में जाना जाता है। यह राज्य कला, शिल्प और वास्तुकला के लिए विश्व प्रसिद्ध है और अब यह ÷भारत के विकास इंजन÷ के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ÷समृद्ध ओडिशा 2036÷ और ÷विकसित भारत 2047÷ के राष्ट्रीय दृष्टिकोण को साकार करने में ओडिशा अपनी भूमिका का निर्वाह कर रहा है।मुख्यमंत्री मांझी ने ओडिशा के बदलाव के लिए एक रोडमैप साझा करते हुए राज्य की रणनीतिक निवेश संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ओडिशा खनिज संसाधनों में भारत का दूसरा सबसे समृद्ध राज्य है, जो उद्योगों के लिए विशाल अवसर प्रदान करता है। राज्य में स्थिर कानून-व्यवस्था, शांतिपूर्ण सामाजिक ताना-बाना और राजनीतिक स्थिरता का इतिहास है। राजमार्गों, रेलवे कॉरिडोर, तीन कार्यशील बंदरगाहों और दो प्रमुख हवाई अड्डों के नेटवर्क के साथ ओडिशा निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करता है।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य निवेशक-अनुकूल औद्योगिक नीति और प्रतिस्पर्धात्मक लागत पर कुशल और अकुशल कार्यबल की उपलब्धता प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले छह महीनों में सड़क और रेलवे परियोजनाओं के लिए 5 बिलियन डॉलर (लगभग 40 हजार करोड़ रुपये) की मंजूरी दी है, जिससे ओडिशा की बुनियादी ढांचे की क्षमता और बढ़ी है।उन्होंने कहा कि हमारी दृष्टि नवीकरणीय ऊर्जा, उन्नत निर्माण, पेट्रोकेमिकल्स, वस्त्र, फार्मास्यूटिकल्स और जैव प्रौद्योगिकी जैसे भविष्य के लिए तैयार क्षेत्रों पर आधारित है।उन्होंने प्रवासी समुदाय से ओडिशा के समृद्ध पर्यटन क्षेत्र में अवसर तलाशने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ओडिशा के पास 480 किलोमीटर लंबा समुद्र तट, हरे-भरे जंगल, पहाड़ और ऐतिहासिक स्थल शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि ओडिशा ÷उत्कर्ष ओडिशा÷ मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव 2025÷ की तैयारी कर रहा है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को इस यात्रा में शामिल होने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि भारत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के लिए पसंदीदा गंतव्य है और हम ओडिशा को भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के लिए पसंदीदा गंतव्य बनाना चाहते हैं।

# बंधकों को नहीं छोड़ा तो मिडिल ईस्ट बर्बाद हो जाएगा-डोनाल्ड ट्रम्प



वॉशिंगटन,(हि.स.)। अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर हमास को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनके शपथ ग्रहण से पहले बंधक बनाए गए लोगों को रिहा नहीं किया तो मिडल ईस्ट में सबकुछ बर्बाद हो जाएगा। ट्रम्प 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने जा रहे हैं।नव निर्वाचित राष्ट्रपति ट्रम्प मंगलवार को फ्लोरिडा के मार-ए-लागो में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अमेरिकी बंधकों की रिहाई को लेकर हमास के साथ चल रही बातचीत संबंधी सवाल का जवाब दे रहे थे।हमास की तरफ से बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए ट्रम्प ने साफ लहजे में कहा कि 20 जनवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में उनके शपथ ग्रहण से पहले अगर बंधकों को रिहा नहीं किया गया तो यह हमास या किसी के लिए अच्छा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि ÷अगर मेरे पदभार ग्रहण करने तक इजराइली बंधक वापस नहीं आए, तो मध्य पूर्व में सबकुछ बिगड़ जाएगा।÷ उन्होंने कहा कि उन्हें बहुत पहले बंधकों को रिहा कर देना चाहिए

# काठमांडू में ऑनलाइन सट्टेबाजी चलाने के आरोप में दो भारतीयों सहित 53 गिरफ्तार



काठमांडू, (हि.स.)। काठमांडू शहर के सातदोबाटो इलाके में एक पांच मंजिला मकान में चलाए जा रहे कॉल सेंटर पर केंद्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने छापा मार कर दो भारतीय नागरिकों सहित 53 लोगों को गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान हाल ही में हुए भारत-ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट क्रिकेट में बॉल टु बॉल सट्टा कराए जाने के प्रमाण मिले हैं। बुधवार को इन सभी को जिला अदालत में पेश किया गया, जहां से पांच दिनों की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है।सीआईबी के प्रमुख एआईजी दीपक थापा ने बताया कि कॉल सेंटर चलाने के नाम पर यहां से विभिन्न भारतीय खेलों के लिए ऑनलाइन सट्टेबाजी की जा रही थी।मंजिला मकान में अवैध गतिविधि होने की सूचना मिलने पर मंगलवार की शाम को सीआईबी ने छापा मारा था। छापेमारी के दौरान कॉल सेंटर से 85 लैपटॉप, 84 मोबाइल फोन, 100 से अधिक बिना प्रयोग किये हुए सिम कार्ड जब्त किये गए।सीआईबी के मुताबिक पकड़े गए भारतीय नागरिकों में बिहार के मोतिहारी निवासी मनीष कुमार झा और गुजरात निवासी राहुल मेगोडा हैं। इसके अलावा नेपाल नागरिक मोनी दहाल, सुष्मिता नेपाली, सेलिना श्रेष्ठ, आदित्य कुमार सिंह और रौशन श्रेष्ठ को पकड़ा गया है। सभी को आज बुधवार को जिला अदालत में पेश कर पांच दिनों के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। गिरफ्तार किए गए लोगों के बारे में अभी भी जांच चल रही है।सीआईबी ने अदालत में बताया कि इस कॉल सेंटर में सिंहम लॉटरी, अन्ना लॉटरी, भानु लॉटरी, इंडस बेट जैसे ऑनलाइन बेटिंग एप का इस्तेमाल करते हुए ऑनलाइन सट्टेबाजी की जा रही थी। इस दौरान वाट्सएप के जरिए विभिन्न ई-वॉलेट में पेमेंट जमा कराया जाता था।

# गणतंत्र दिवस के मद्देनजर 23-26 जनवरी तक दिल्ली के रेलवे स्टेशनों पर बंद रहेगी पार्सल सेवा

नई दिल्ली,(हि.स.)। गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय राजधानी के सभी रेलवे स्टेशनों पर 23 से 26 जनवरी तक पार्सल सेवा बंद रहेगी। समाचार पत्रों और पत्रिकाओं को इस प्रतिबंध से बाहर रखा गया है।उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने एक बयान में कहा कि आगामी गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए नई दिल्ली, दिल्ली जंक्शन, हजरत निजामुद्दीन, आनंद विहार टर्मिनल, दिल्ली सराय रोहिल्ला, आदर्श नगर दिल्ली और पटेल नगर स्टेशनों पर 23 से 26 जनवरी तक सभी प्रकार के पार्सल लेन-देन (लीज्ड एसएलआर, वीपी और डिमांड वीपी सहित) प्रतिबंधित रहेंगे।उन्होंने कहा कि पार्सल गोदाम और प्लेटफॉर्म पार्सल पैकेज व पैकिंग से मुक्त रहेंगे और नई दिल्ली क्षेत्र के सभी स्टेशनों पर लीज्ड एसएलआर और वीपी (डिमांड वीपी सहित) सहित आवक और जावक दोनों पार्सल यातायात पर प्रतिबंध लगाया गया है।उपाध्याय ने कहा कि यात्री अपने साथ डिब्बों में सामान लेकर यात्रा कर सकते हैं। सभी व्यावसायिक औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद पंजीकृत समाचार पत्रों और पत्रिकाओं की बुकिंग की अनुमति दी जाएगी।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत आज अपनी विरासत पर गौरव की अनुभूति कर रहा हैः योगी

**स्वच्छता, सुरक्षा और आधुनिकता के मॉडल के साथ आस्था और आधुनिकता का एक नया समागम भी होगाः सीएम**

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के निवासियों का सौभाग्य है कि उन्हें भारत की आध्यात्मिक विरासत को महाकुम्भ के माध्यम से प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित होने वाले महाकुम्भ में भारत की प्राचीन सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की और कहा कि उनके मार्गदर्शन में भारत अपनी प्राचीन विरासत पर गर्व कर रहा है। मुख्यमंत्री एक मीडिया समूह द्वारा आयोजित 'डिवाइन उत्तर प्रदेश- द मस्ट विजिट सेक्रेड जर्नी' कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे।




मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर का परिचायक है। यह आयोजन देश और दुनिया के लोगों को अपनी प्राचीन परंपराओं पर गर्व करने और अपनी सांस्कृतिक जड़ों को समझने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य न केवल धार्मिक आस्था को प्रोत्साहित करना है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन भी प्रदान करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें संतों के सानिध्य में इस आयोजन को सफल और सुविधाजनक बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इस बार का महाकुम्भ एक भव्य, दिव्य और डिजिटल आयोजन होगा। 10,000 एकड़ क्षेत्रफल में आयोजित यह महाकुम्भ स्वच्छता, सुरक्षा और आधुनिकता का आदर्श प्रस्तुत करेगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए डिजिटल टूरिस्ट मैप, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े सुरक्षा तंत्र और स्मार्टफोन के माध्यम से शौचालयों की स्वच्छता का आकलन करने की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ के आयोजन में पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखा गया है। गंगा और यमुना नदी में किसी भी प्रकार के सीवर या कचरे का निर्वहन नहीं किया जाएगा। इसके लिए अत्याधुनिक एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) और बायो-रिमिडिएशन पद्धतियों का उपयोग किया जा रहा है। साथ ही 1.5 लाख से अधिक शौचालयों को इस तरह डिज़ाइन किया गया है कि वे पूरी तरह से स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल हों। मुख्यमंत्री योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की और कहा कि उनके मार्गदर्शन में भारत अपनी प्राचीन विरासत पर गर्व कर रहा है। उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या, और प्रयागराज के विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी की दूरदृष्टि का परिणाम है कि आज ये स्थान वैश्विक स्तर पर आकर्षण के केंद्र बन गए हैं। महाकुम्भ के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 25 सेक्टरों में विभाजित क्षेत्र में 30 पेंटून ब्रिज, 5000 एकड़ में पार्किंग की व्यवस्था और 8000 से अधिक बसें संचालित की जाएंगी।

### ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण का माध्यम है महाकुम्भ

मुख्यमंत्री ने प्रयागराज की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का जिक्र करते हुए कहा कि महाकुम्भ का आयोजन सिर्फ धार्मिक ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण का भी एक माध्यम है। प्रयागराज में अक्षय वट कॉरिडोर, सरस्वती कूप कॉरिडोर, पातालपुरी कॉरिडोर और महर्षि भारद्वाज कॉरिडोर का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही भगवान राम और निषाद राज के मिलन स्थल श्रृंगवेरपुर में भव्य कॉरिडोर और प्रतिमा स्थापित की गई है।

### देश और प्रदेश के आर्थिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है महाकुम्भः योगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ जैसे आयोजनों का प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बताया कि 2019 में आयोजित कुम्भ के दौरान उत्तर प्रदेश की आर्थिक वृद्धि में 1.2 लाख करोड़ रुपये का योगदान हुआ था। इस बार 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, जिससे प्रदेश को 2 लाख करोड़ रुपये तक की आर्थिक वृद्धि होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु जब प्रदेश में आते हैं, तो परिवहन, आवास, भोजन और अन्य सेवाओं पर खर्च करते हैं, जिससे स्थानीय व्यवसाय और रोजगार को बढ़ावा मिलता है। सीएम योगी ने जानकारी देते हुए कहा कि 2024 में काशी में 16 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने काशी विश्वनाथ के दर्शन किए वहीं अयोध्या में जनवरी 2024 से सितंबर तक श्रद्धालुओं की संख्या 13 करोड़ 55 लाख से अधिक रही है।

## सूर्य प्रताप शाही ने केंद्रीय कपड़ा मंत्री को दिया महाकुंभ का निमंत्रण

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से महाकुंभ-2025 में आने का निमंत्रण दिया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया कि यह ऐतिहासिक आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इसे दिव्य, भव्य और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। महाकुंभ को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए पूरे मेला क्षेत्र में डेढ़ लाख से अधिक शौचालय बनाए गए हैं, सिंगल-यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया गया है, और पर्यावरण संरक्षण के लिए तीन लाख पौधे लगाए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सात स्तरीय सुरक्षा चक्र, 2,750 सीसीटीवी कैमरे और अत्याधुनिक एआई आधारित निगरानी प्रणाली का उपयोग होगा। स्वास्थ्य सुविधाओं के तहत 100 बेड का अस्पताल और आईसीयू की व्यवस्था की गई है।



महाकुंभ के दौरान प्रयागराज को सजाने के लिए 'पेंट माई सिटी' अभियान चलाया गया है, जिसमें 35 लाख वर्गफुट क्षेत्र में वॉल पेंटिंग की गई है। तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए 101 स्मार्ट पार्किंग स्थल और 1,249 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई गई है। डिजिटल खोया-पाया केंद्र और गूगल मैप इंटीग्रेशन जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## केवल 100 रुपये में होगा स्टाम्प में कमी के मामलों का समाधान, 31 मार्च तक प्रभावी रहेगी योजना

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में लंबित स्टाम्प वादों के त्वरित निस्तारण और राजस्व वसूली में तेजी लाने के उद्देश्य से 'स्टाम्प कमी समाधान योजना' को पुनः लागू करने का निर्णय लिया है। यह योजना 31 मार्च 2025 तक प्रभावी रहेगी। इसके तहत पक्षकार मात्र 100 रूपए के न्यूनतम अर्थदंड और नियमानुसार ब्याज अदा कर लंबित वादों का समाधान करवा सकते हैं।



स्टांप तथा पंजीयन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने ये जानकारी दी। बुधवार को विधान भवन में प्रेसवार्ता में उन्होंने बताया कि स्टांप पंजीयन विभाग द्वारा एकमुश्त समाधान योजना भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 के तहत लंबित मामलों के निस्तारण के लिए तैयार की गई है। राज्य के स्टाम्प कलेक्टर और सीसीआरए के न्यायालयों में हजारों मामले लंबित हैं, जिनसे राज्य को राजस्व की क्षति हो रही है। इन वादों का शीघ्र निपटारा न केवल राज्य के राजस्व में वृद्धि करेगा, बल्कि जनता को न्याय में देरी और आर्थिक बोझ से भी राहत प्रदान करेगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की अपेक्षा के अनुसार शासन को जनता के लिए सुगम बनाने की पहल के अंतर्गत एकमुश्त समाधान योजना संचालित की जा रही है। इससे पूर्व स्टाम्प कमी के मामलों में चार गुना तक का अर्थदंड वसूला जाता था, जो पक्षकारों के लिए भारी आर्थिक बोझ बन जाता था। नई योजना के तहत यह अर्थदंड घटाकर मात्र 100 रुपये कर दिया गया है। इससे पक्षकारों को आर्थिक राहत मिलेगी। इसके अतिरिक्त, वाद लंबित रहने से बढ़ने वाले ब्याज का बोझ भी कम होगा।

योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित न्यायालय पक्षकारों को नोटिस भेजेंगे, ताकि उन्हें योजना की जानकारी मिल सके। इच्छुक पक्षकार निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। संबंधित अधिकारी आवेदनों पर एक सप्ताह के भीतर तिथि निर्धारित कर आवश्यक कार्यवाही करेंगे। इससे न केवल वादों की संख्या घटेगी, बल्कि जनता को त्वरित समाधान का लाभ मिलेगा। योजना के तहत राज्य की राजस्व आय में भी वृद्धि होगी। समाधान प्रक्रिया सरल और पारदर्शी होगी, जिससे जनता में विश्वास बढ़ेगा।

## कपिल देव अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल को महाकुंभ का दिया निमंत्रण



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने बुधवार को नई दिल्ली में सहकारिता राज्य मंत्री, भारत सरकार, कृष्ण पाल से भेंट कर उन्हें महाकुंभ में सहभागिता के लिए औपचारिक निमंत्रण दिया।इस अवसर पर कपिल देव अग्रवाल ने महाकुंभ के विशेष महत्व और इसकी तैयारियों पर चर्चा करते हुए कहा कि यह आयोजन भारतीय संस्कृति, परंपरा और सामाजिक समरसता का भव्य परिचायक है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरफ से केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि वे इस आयोजन में उपस्थित होकर इसे अपनी उपस्थिति से अलंकृत करें।महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज में होगा, जिसमें देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु और पर्यटक शामिल होंगे। योगी सरकार इसको ऐतिहासिक बनाने के लिए भव्य तैयारियां कर रही है।

### अखिलेश यादव ने गंगा में ड्रेजर मशीन लगाने पर किया कटाक्ष

## नदियों के बहाव से छेड़छाड़ करना पर्यावरणीय अपराध हैः अखिलेश

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रयागराज में गंगा नदी से गाद निकालने की कवायद पर कटाक्ष करते हुए बुधवार को कहा कि नदियों के बहाव से छेड़छाड़ करना ''पर्यावरणीय अपराध'' है। अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि इस कवायद का मकसद केवल अपने लोगों को ठेका देना और उनके जरिए ''भ्रष्टाचार से पैसा'' कमाना है।



सपा प्रमुख ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''इतिहास गवाह रहा है कि नदियां अपने मार्ग को स्वयं बनाकर चलती हैं। ये प्राकृतिक बहाव नदियों की निरंतरता के लिए, अपने आप बनाया हुआ रास्ता होता है। इस भौगोलिक सत्य को स्वीकार करते हुए, नदियों के बहाव से छेड़छाड़ करना पर्यावरणीय अपराध है।'' उन्होंने आरोप लगाया, ''प्रयागराज महाकुम्भ में गंगा जी में 'ड्रेजर मशीन' लगाने का मकसद केवल अपने लोगों को ठेका देना और उनके जरिए भ्रष्टाचार से पैसा कमाना है।''

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''नदियां किस जगह आकर मिलेंगी, ये प्रकृति पर छोड़ देना चाहिए, उसके लिए मनमानी करना और जबरदस्ती करके बहाव को बदलना अनुचित भी है और अवांछनीय भी।''

उन्होंने कहा, ''ऐसा करने से गंगा जी के जल-जीव-जंतु की जैविकी और प्राकृतिक पारिस्थितिक संतुलन पर बुरा असर होगा।''

## एनएसओ के कम विकास दर रहने के अनुमान पर मायावती ने जताई चिंता

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा चालू वित्त वर्ष के लिए राष्ट्रीय आय के जताए गए अग्रिम अनुमान पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इसको लेकर अगर कोई वास्तव में दुखी है तो वह देश के गरीब एवं मेहनतकश समाज के लोग हैं। एनएसओ के चालू वित्त वर्ष के लिए राष्ट्रीय आय के अग्रिम अनुमान के मुताबिक, देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 6.4 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा। मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, विकास दर चार वर्षों में सबसे कम 6.4 प्रतिशत रह सकती है। अखबारों में यह आज प्रमुख खबर है, जिसको लेकर अगर कोई वास्तव में दुखी है तो वह देश के गरीब एवं मेहनतकश समाज के लोग हैं जो अपनी बदहाल जिन्दगी के बावजूद देश के बारे में कुछ भी अहित सुनने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह उन करोड़ों लोगों की भावनाओं की कद्र करते हुए उनके श्अच्छे दिनश् के लिए संकीर्ण राजनीति को त्यागकर जन व देशहित की चिन्ताओं पर ध्यान केन्द्रित करे। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने चालू वित्त वर्ष के लिए राष्ट्रीय आय का पहला अग्रिम अनुमान जारी करते हुए मंगलवार को कहा कि देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वित्त वर्ष 2024-25 में 6.4 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा, जबकि पिछले वित्त वर्ष में इसकी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत थी। अगर ऐसा होता है तो देश की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2020-21 के बाद सबसे धीमी गति से बढ़ेगी।



## मनरेगा श्रमिकों को किया जाएगा जल्द भुगतान

- मनरेगा श्रमिकों के लिए मिले 267 करोड़
- बहुत जल्द पहुंचेगी मनरेगा श्रमिकों के खातों में धनराशि

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।**उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सरकार श्रमिकों के हितों सर्वोपरि रखते हुए लगातार उनके हितों के काम कर रही है। मनरेगा श्रमिकों की मजदूरी उनके खाते में समय से पहुंचे इसे सुनिश्चित किया जा रहा है। श्रमिकों के बकाये का अब बहुत जल्द ही भुगतान होगा। उप मुख्यमंत्री के निर्देशों के करीब रू 267 करोड़ की धनराशि शीघ्र ही श्रमिको के खाते मे भेजी जायेगी। ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदेश के मनरेगा श्रमिकों के लिए 267 करोड़ रुपये जारी हुआ है। जारी किये गये 267 करोड़ रुपए जिससे अकुशल श्रमिकों को भुगतान



किया जाएगा।इस धनराशि से उनकी बकायदारी भी उतरेगी और कच्चे-पक्के कार्य में भी तेजी आयेगी। मनरेगा श्रमिकों के श्रमांश हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 के दूसरे भाग की दूसरी किस्त के लिए करीब 267.47 करोड़ रुपए ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार से जारी किये गये हैं।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि मानव दिवस सृजित करने में यूपी अग्रणी राज्य है।वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 26 करोड़ मानव दिवस का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिस लक्ष्य को प्राप्त करते हुए इस वर्ष अब तक 27.39 करोड़ से ज्यादा मानव दिवस सृजित कर लिये गये हैं। इस वर्ष मानव दिवस सृजन में देश में उत्तर प्रदेश सबसे आगे है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक प्रदेश में योजनांतर्गत 3,13,076 परिवारों द्वारा 100 दिवस का रोजगार भी पूर्ण किया जा चुका है, 100 दिन का रोजगार देने में भी उत्तर प्रदेश सबसे आगे है।आयुक्त, ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी ने बताया कि मनरेगा योजना के अंतर्गत कार्य करने वाले जॉब कार्ड होल्डर श्रमिकों की मजदूरी हेतु भारत सरकार द्वारा करीब 267.47 करोड़ की धनराशि निर्गत की गई है, इस धनराशि से श्रमिकों का बकाया भुगतान किया जा सकेगा। बहुत जल्द ही श्रमिकों के खाते में भुगतान पहुंचेगा।

## आरएलडी व्यापार प्रकोष्ठ के लखनऊ और अयोध्या जिलाध्यक्षों का मनोनयन




लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय के सम्मुख एवं वरिष्ठ नेता अनिल दुबे की उपस्थिति में व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने लखनऊ के नीरज तिवारी तथा अयोध्या के राजेश तिवारी को व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी। व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कहा कि लखनऊ के नीरज तिवारी तथा अयोध्या के राजेश तिवारी के मनोनयन से पार्टी को लखनऊ तथा अयोध्या में मजबूती मिलेगी और संगठन विस्तार होगा।

उन्होंने कहा कि हम सरकार के माध्यम से व्यापारियों के हित के लिए संघर्षरत हैं। इस अवसर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ0 सुरेश यादव, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी, प्रदेश महासचिव रमावती तिवारी, प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष अम्बुज पटेल, प्रदेश कोषाध्यक्ष बी0एल0 प्रेमी, प्रदेश सचिव रामगोपाल चंदेल, युवा रालोद के प्रदेश महासचिव संगठन विपिन द्विवेदी आदि लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

## प्रयागराज बनेगा विश्व का भव्य और विलक्षण नगर

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं उर्जा मंत्री एके शर्मा ने महाकुम्भ-2025 की तैयारियों का जायजा लेने के लिए बुधवार को प्रयागराज का दौरा किया।

इस दौरान उन्होंने प्रयागराज में आयोजित विभिन्न् कार्यक्रमों मे प्रतिभाग किया। सर्वप्रथम उन्होंने विकास कार्यों एवं सफाई कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया तथा महाकुम्भ के दृष्टगत प्रयागराज के सोरांव में बन रहे पार्किंग स्थल का निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिये।



नगर विकास मंत्री ने प्रयागराज एवं कुम्भ मेला क्षेत्र में स्वच्छता बनायें रखने तथा स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए नगर विकास द्वारा संचालित किये जा रहे स्वच्छता रथ यात्रा में समिलित होकर लोगों से स्वच्छता पर विषेश ध्यान देने का आग्र्रह किया।

उन्होंने कहा कि सफाई कर्मी दिन-रात परिश्रम कर रहे लेकिन स्वच्छता कार्यों में जनसहयोग आवश्यक है। स्वच्छता का संदेश देने तथा स्वच्छता परमो धर्मः को आत्मसात करने तथा इन कार्यों में जनभागीदारी बढ़ाने के लिए भारद्वाज आश्रम से स्वच्छता रथ यात्रा निकाली गयी। इस बार के महाकुंभ में प्रयागराज वैश्विक स्तर का नगर दिखे, इसके लिए पूरे प्रयास किए जाएंगे।

महाकुम्भ-2025 की तैयारियों के दृष्टिगत मंत्री जी ने नगर विकास, विद्युत विभाग, जलकल एवं जल निगम के अधिकारियों के साथ बैठक कर जरूरी निर्देश दिये। उन्होंने कुम्भ मेला क्षेत्र एवं प्रयागराज की सड़कों की साफ-सफाई कराने तथा मलवा हटाने के निर्देश दिये। इसी प्रकार जल निकासी एवं पाइप डालने के कार्यों को समय से पूरा करने को कहा। सड़कों एवं गलियों पर सभी स्ट्रीट लॉइटे रात में जलती हुई दिखे। मेला क्षेत्र में विद्युत सुरक्षा का विषेश ध्यान रखा जाये। बिजली के खम्भों पर क्यूआर कोड को समय रहते लगाये। साथ ही फायर ब्रिगेड टीम को हमेशा सतर्क रखे। लोगों के लिए बनाये जा रहे आश्रय स्थलों में सभी सुविधाएं व व्यवस्थाएं उपलब्ध रहें।

महत्वपूर्ण जगहों पर अलाव की भी व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि इस बार महाकुम्भ 13 जनवरी से 26 फरवरी तक चलेगा। इस अवसर पर करोड़ों श्रद्धालु प्रयागराज में एकत्र होंगे और गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में स्नान करेंगे।

## बीमा कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** संयुक्त मोर्चे के तत्वधान में नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड पार्क रोड, ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड हजरतगंज लखनऊ, युनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड अलीगंज लखनऊ में तथा यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस मंडल कार्यालय 3 शाखा कार्यालय पांच में भी 1:30 बजे से 2 बजे तक प्रदर्शन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मांगे निम्न वत हैं 1. 1 अगस्त 2022 से लंबित वेतन समझौता वार्ता हेतु तुरंत बुलाया जाय । 2. चारों सकारी बीमा कंपनीयों का बिलय किया जाय। 3.एन पी एस 10त्न से बढ़ाकर कर 14 प्रतिशत किया जाए 4.फैमिली पेंशन 15त्न से 30त्न किया जाए 5.चारों बीमा कंपनी में नई भर्ती की जाए। प्रदर्शन में जी एस सिंह, आलोक सेठ, अंकुर कपूर, नीरज वर्मा, संजीव शर्मा, मनोज कुमार श्रीवास्तव, अंगन प्रसाद, संतोष कुमार, पीसी शुक्ला, शरद बाजपेई, भूपेन्द्र तिवारी, राम लखन, प्रदीप कुमार, शुभेंदु शुक्ला, स्पर्शी सिंह, पूनम कुमारी, अनिल वर्मा, निर्मल त्रिपाठी, हरीश उपाध्याय, शिवेंद्र, अनिल कुमार, अनिल कुमार लाल शुभकरण, इत्यादि साथियों ने हिस्सा लिया।

## परिवहन मंत्री ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी एवं राज्यमंत्री राजभूषण चौधरी को दिया महाकुंभ का निमंत्रण

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी एवं केंद्रीय जलशक्ति राज्यमंत्री राजभूषण चौधरी को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से महाकुंभ-2025 में आने का निमंत्रण दिया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया कि यह ऐतिहासिक आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इसे दिव्य, भव्य और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। महाकुंभ को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए पूरे मेला क्षेत्र में डेढ़ लाख से अधिक शौचालय बनाए गए हैं, सिंगल-यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया गया है, और पर्यावरण संरक्षण के लिए तीन






लाख पौधे लगाए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सात स्तरीय सुरक्षा चक्र, 2,750 सीसीटीवी कैमरे और अत्याधुनिक एआई आधारित निगरानी प्रणाली का उपयोग होगा। स्वास्थ्य सुविधाओं के तहत 100 बेड का अस्पताल और आईसीयू की व्यवस्था की गई है।

संक्षिप्त खबरें

## साले ने बहनोई पर लगाया 25 लाख ऐंठने का आरोप

**लखनऊ।** अमीनबाद कोतवाली में साले ने बहनोई के खिलाफ 25 लाख रुपये हड़पने का मुकदमा दर्ज कराया है। ससुर की मौत के बाद मिली गैच्युटी और पेंशन की रकम आरोपी ने सास को झांसा देकर हड़प ली। गोईन तालाब निवासी मो. आसिफ के मुताबिक पिता गुलाम दस्तगीर यूपीएसआरटीसी में ड्राइवर थे। पांच मई 2023 को बीमारी से गुलाम की मौत हो गई। इसके बाद पेंशन, गैच्युटी और बीमा के करीब 25 लाख रुपये आसिफ की मां रहनुमा को मिले थे। आसिफ के अनुसार बहनोई मो. हसन मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में तैनात कार्यालय सहायक के पद पर है। आरोप है कि हसन ने सास का भरोसा जीत कर करीब 25 लाख रुपये ऐंठ लिए। इस बात की जानकारी होने पर आसिफ ने विरोध किया था। चार मार्च 2024 को आसिफ की मां रहनुमा की भी मौत हो गई। पीड़ित ने दोबारा से बहनोई हसन से रुपये लौटाने के लिए कहा था। जिस पर आरोपी गाली गलौज करने लगा। इंस्पेक्टर अमीनाबाद सुनील कुमार आजाद ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## बीबीएयू के विद्यार्थियों को कल मिलेंगे टैबलेट

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में 10 जनवरी को टैबलेट वितरण समारोह होगा। जिसके अंतर्गत विभिन्न विभागों के लगभग 1050 से अधिक विद्यार्थियों को टैबलेट बांटे जाएंगे। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद योजना के तहत आयोजित होगा। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रो. नरेन्द्र कुमार ने बताया कि टैबलेट मिलने से विद्यार्थियों में हर्ष एवं उत्साह का माहौल है। उन्होंने बताया कि टैबलेट वितरण के लिए विश्वविद्यालय में तीन स्थान निर्धारित किये गये हैं। जिसके तहत सूची क्रमांक 1- 560 तक के विद्यार्थियों को अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह में, 561-860 तक के विद्यार्थियों को पृथ्वी एवं पर्यावरण विज्ञान विद्यापीठ के सभागार में एवं 861-1058 तक के विद्यार्थियों को ओल्ड एडमिन सभागार में टैबलेट वितरित किये जायेंगे। जिन विद्यार्थियों को टैबलेट मिलना है उनकी सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

## बेहटा से सहिहारा तक हटेंगे कब्जे, चौड़ी होगी सड़क

**लखनऊ।** वरिष्ठ संवाददाता मुख्य मार्ग से संपर्क मार्ग की सड़कें अतिक्रमण और अवैध कब्जे के कारण सकरी होती जा रही हैं। इसी क्रम में कुर्सी रोड स्थित बेहटा से सहिहारा तक की सड़कें भी सकरी हो गई हैं। जहां पर सड़क किनारे अवैध कब्जे और अतिक्रमण कर लिए गए हैं। पीडब्ल्यूडी इस मार्ग पर करीब सात किलोमीटर की सड़कों को चौड़ीकरण करेगा। ताकि ट्रैफिक जाम से राहत मिलने के साथ ही वाहन चालकों का सफर आसान बनाया जा सके। पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता ने बताया कि तीन जनवरी को बेहटा से सहिहारा तक सड़क को चौड़ीकरण की मंजूरी दे दी गई है। टेंडर प्रक्रिया शुरू हो गई। सड़क चौड़ीकरण में करीब 56 लाख रुपये खर्च होंगे। तीन काम को पूरा करने के लिए कार्यदायी संस्था को तीन माह का समय दिया गया है। इसके पहले सड़क किनारे कब्जा जमाए लोगों से हटने के निर्देश दे दिए गए है, जिससे अवैध कब्जा जमाए लोग समय रहते जगह खाली कर दें।

## जिम ट्रेनर को सिपाही ने मारी टक्कर, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** गौतमपल्ली कोतवाली में जिम ट्रेनर ने वूमन पॉवर लाइन में तैनात सिपाही के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि वूमन पॉवर लाइन की गाड़ी से टक्कर मारी गई। विरोध करने पर सिपाही ने जिम ट्रेनर को गाड़ी से कुचलने की धमकी दी। जियामऊ निवासी जिम ट्रेनर सतीश यादव के मुताबिक आठ सितंबर की रात करीब 12 बजे दोस्त को अस्पताल से देख कर घर लौट रहे थे। तभी वूमन पॉवर लाइन के पास एक गाड़ी ने सतीश की बाइक में टक्कर मार दी। वह बुलेट समेत सड़क पर जा गिरे। विरोध करने पर सिपाही ने उन्हें धमकाना शुरू कर दिया। पीड़ित के मुताबिक गौतमपल्ली कोतवाली में तहरीर देने पर भी मुकदमा नहीं लिखा गया। जिसके बाद सतीश ने न्यायालय में अर्जी दायर की। आदेश मिलने पर गौतमपल्ली कोतवाली में मंगलवार को मुकदमा दर्ज किया गया।

## कैंट में भर्ती को लेकर 13 दिन रहेगा रूट डायवर्जन

**लखनऊ।** कैंट के एएमसी सेंटर में 10 से 22 जनवरी तक अग्निवीर भर्ती को लेकर रात दो से सुबह 11 बजे तक रूट डायवर्जन रहेगा। इस दौरान लालकुर्ती की तरफ से वाहन करियप्पा चौराहे के बजाय छप्पन चौराहा होकर जाएंगे। बनिया बाजार मोड़ तिराहा से वाहन लाल कुर्ती तिराहा के बजाय ऑफिसर्स एंक्लेव, छप्पन चौराहा होकर जाएंगे।

## भिखारियों को सरकारी सुविधाएं न देने पर लेखपाल व सचिव पर कार्रवाई



**लखनऊ।** मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब बुधवार को भिक्षावृत्ति व बाल भिक्षावृत्ति में संलिप्त परिवारों व उनके बच्चों को चिह्नित कर उनके पुनर्वासन के उद्देश्य से भजाखेड़ा गांव प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में आयोजित चौपाल में शामिल हुईं। मंडलायुक्त ने मौके पर मौजूद महिलाओं से उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर अधिकारियों को उनकी वृद्धा व विधवा पेंशन, राशन कार्ड, पीएम आवास व सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं की सूची बनाकर लाभान्वित किए जाने के निर्देश दिए। स्कूल न जाने वाले बच्चों को चिह्नित कर नजदीकी स्कूल में दाखिला करवाने को कहा। मंडलायुक्त ने भिक्षावृत्ति में लगे युवाओं की सूची तैयार कर श्रम विभाग द्वारा उनका श्रम कार्ड जारी करने और स्वरोजगार के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। संवाद के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत सचिव और लेखपाल उनकी कोई सुनवाई नहीं करते है। इसी वजह से योजना का लाभ नहीं मिल पाता। इस पर मंडलायुक्त ने दायित्वों में प्रति लापरवाही बरतने और लोगों को सरकारी योजनाओं से वंचित रखने के आरोप में सचिव जेपी सिंह को प्रतिकूल प्रविष्टि व लेखपाल अशोक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए। संवाद के दौरान अंबवा मुर्तजापुर गांव की उर्मिला, सोनावती व राकेश ने कई वर्ष पहले मिली पट्टे की जमीन पर दबंगों द्वारा किए गए अवैध कब्जे को मुक्त कराए जाने की मांग की। वहीं भजाखेड़ा की संवरिया ने राशन कार्ड बनवाने व लड़की की शादी में मदद की गुहार लगाई। वहीं भिक्षावृत्ति में संलिप्त गंभीर बीमारी से ग्रसित विशाल (18) ने आयुष्मान कार्ड होने पर भी केजीएमयू में आपरेशन के लिए नगद धनराशि मांगे जाने की शिकायत की। इस पर मंडलायुक्त ने सीएचसी नगराम के अधीक्षक को मेडिकल कालेज ले जाकर मरीज के समुचित इलाज कराने को कहा। मंडलायुक्त ने भिक्षावृत्ति में संलिप्त परिवारों के जन्म, मृत्यु व आय प्रमाण पत्र, आधार, परिवार रजिस्टर की नकल, बैंक खाता आदि प्राथमिकता के आधार पर तैयार कराये जाने के लिए बीडीओ व एसडीएम को निर्देशित किया।

## ड्रग वेयर हाउस में साफ-सफाई दुरुरत रखने के निर्देश

**लखनऊ।** परिवार कल्याण महानिदेशक ने बुधवार को नादरगंज स्थित स्टेट ड्रग वेयरहाउस का जायजा लिया। ड्रग हाउस में कई जगह गंदगी नजर आई। उन्होंने साफ-सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। परिवार कल्याण महानिदेशक डॉ. सुषमा सिंह, निदेशक डॉ. दिनेश कुमार व संयुक्त निदेशक डॉ. उदय प्रताप ने नादरगंज स्टेट ड्रग वेयरहाउस का निरीक्षण किया। उन्हें ड्रग हाउस में कई जगह गंदगी नजर आई। महानिदेशक ने ड्रग हाउस में साफ-सफाई की व्यवस्था को बेहतर बनाएं। नियमित सफाई करें। साथ ही उन्होंने परिवार नियोजन संबंधी दवाओं का पर्याप्त स्टाक रखने के निर्देश दिए। अस्पतालों को मांग के मुताबिक परिवार नियोजन संबंधी दवाओं की आपूर्ति के निर्देश दिए हैं।

# ठंड का कहरः हाथ-पैर नीले पड़ रहे

[अस्पतालों में ठिठुरन और बेचैनी के मरीज बढ़े]



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में कड़ाके की ठंड से अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। यहां कोल्ड स्ट्रोक, हार्ट, सांस और पेट-सिर दर्द के मरीज बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। इनमें बच्चों और बुजुर्गों की संख्या अधिक है। ठंड को देखते हुए यूपी के डीजी मेडिकल हेल्थ की तरफ से प्रदेशभर के सभी जिला अस्पतालों को निर्देश जारी किए गए हैं। मरीजों को बेहतरीन इलाज मुहैया कराने के लिए पाबंद किया गया है। बलरामपुर अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अध्यक्ष डॉ. संजय तेवतिया ने बताया कि अस्पतालों में ठंड की चपेट में आने वाले बुजुर्गों और बच्चों की संख्या में इजाफा हुआ है। पिछले कुछ दिनों से इसके गंभीर लक्षण वाले मरीज भी इमरजेंसी में आ रहे हैं। अस्पताल में रोजाना 1000 से 1100 मरीज इमरजेंसी में पहुंच रहे है। इनमें से 100 के करीब मरीज ठंड के लक्षण से जुड़े है। सिविल अस्पताल के वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. नीलांबर श्रीवास्तव ने बताया कि सिविल अस्पताल की इमरजेंसी में आने वाले 500 मरीजों में भी ठंड से जुड़े लक्षण के 50 से ज्यादा मरीज सामने आ रहे। ठंड के दौरान बच्चों को लेकर ज्यादा अलर्ट रहना होगा। उनको ठंड के चपेट में आने से बचाव के लिए पर्याप्त मात्रा में गर्म कपड़े पहनाने होंगे। लखनऊ के राज नारायण लोकबंधु अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव दीक्षित ने बताया कि ठंड के मरीज अस्पताल में बढ़े है। ओपीडी से लेकर इमरजेंसी में तैनात डॉक्टरों समेत सभी मेडिकल स्टाफ को सजग रहने के निर्देश दिए गए हैं। लखनऊ सीएमओ डॉ.एनबी सिंह ने बताया कि ठंड को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। जरूरी दवाएं भी स्टॉक रखने को कहा गया है। साथ ही गंभीर मरीजों के विशेष निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

## तेज रफ्तार से चल रही बर्फीली हवा,3 दिन रहेगा कोल्ड डे

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सर्दी का सितम जारी है। बुधवार तड़के लखनऊ का अधिकतम तापमान 7 डिग्री दर्ज किया गया है। अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस बना रहेगा। मंगलवार को अधिकतम और न्यूनतम तापमान में महज 2 डिग्री का अंतर रह गया था। अधिकतम तापमान 13.5 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य तापमान से 6.9 डिग्री कम रहा है। न्यूनतम तापमान 11.5 डिग्री रहा है। यह सामान्य से 3.9 डिग्री अधिक रहा। दिन भर कोल्ड डे की स्थिति बनी रही है। अधिकतम आर्द्रता 95 फीसदी और न्यूनतम आर्द्रता 85 फीसदी रही। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 10 जनवरी तक पश्चिमी विक्षोभ के चलते भीषण ठंड होगी। गुरुवार से पूर्वी हवा चलनी शुरू होगी। इससे तापमान में बदलाव होगा। कोहरे और धुंध के चलते यह स्थिति बनी हुई है। अभी दिन भर बादलों की आवाजाही रहेगी। न्यूनतम और अधिकतम तापमान के बीच में मामूली अंतर देखने को मिलेगा।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आई महिला, मौत

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर विस्तार में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। महिला कपड़े डालने के लिए छत पर गई थी। इस दौरान घर के ऊपर से गुजर रही लाइन की चपेट में आ गई। परिजनों ने महिला को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। भवानीपुर विल्लेम साहेब सीतापुर का रहने वाला राजू राजपूत (38) लखनऊ में मजदूरी करता है। विजयनगर खरगापुर प्राइमरी स्कूल के बगल में परिवार के साथ किराए पर रहता है। बुधवार करीब 10.30 बजे राजू की पत्नी गुड़िया (35) छत पर कपड़े डालने गई थी। इस दौरान घर के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गई। जिससे गुड़िया झुलस गई। शोर सुनकर परिवार व आसपास के लोग पहुंच गए। गुड़िया को गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मकान मालिक बृजेश यादव ने बताया



कि उन्होंने बिजली विभाग से कई बार शिकायत की, लेकिन खुले तारों को लेकर अधिकारियों ने कोई ध्यान नहीं दिया। वहीं, करंट से महिला की मौत की सूचना मिलने के बाद बिजली विभाग के जेई और एसडीओं ने बृजेश यादव के मकान पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इंस्पेक्टर का कहना है कि परिजनों ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी हैं। पोस्टमार्टम के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## भीख मांगना छोड़ रोजगार से जुड़ेंगे भिखारी

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ को भिक्षावृत्ति से मुक्त करने के लिए कमिश्नर की अध्यक्षता में ग्राम भजाखेड़ा (नगराम), मोहनलालगंज में सात दिवसीय पुनर्वासन शिविर का शुभारंभ किया गया। प्राथमिक विद्यालय, भजाखेड़ा में आयोजित शिविर का उद्देश्य भिक्षावृत्ति में शामिल परिवारों का सर्वेक्षण, उनकी समस्याओं का समाधान और उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है। शिविर का उद्घाटन महिला प्रधान ने किया। इसके बाद विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सरकारी योजनाओं और उनकी पात्रता की जानकारी दी। कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने लाभार्थियों से बात की। पात्र व्यक्तियों को चिन्हित करने और आवश्यक दस्तावेज तैयार करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह शिविर सात दिनों तक चलेगा, ताकि हर परिवार को योजनाओं का लाभ मिल सके। शिविर के दौरान ग्रामीणों ने पंचायत सचिव जेपी सिंह और लेखपाल अशोक की लापरवाही की शिकायत की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं दिया जा रहा।

# कैफे की आड़ में चल रहा था हुक्का बार, चार गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** विकासनगर पुलिस ने गुलाचीन मंदिर के पास कैफे ला एसेंशिया में छापा मार कर हुक्का बार चला रहे मैनेजर समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया। करीब 16 हुक्के, चिलम, फ्लेवर तंबाकू और 29 हजार रुपये बरामद हुए।

एसओ विकासनगर आलोक कुमार सिंह ने बताया कि कैफे ला एसेंशिया का संचालक अमृत सिंह आनंद है। रेस्त्रां-कैफे की आड़ में हुक्का बार खोला था। मंगलवार रात गुलाचीन मंदिर से सटे कॉम्प्लेक्स की तीसरी मंजिल पर छापा मार कर अलीगंज सेक्टर-क्यू निवासी मैनेजर हर्षवर्धन सिंह, बीकेटी बरगदी खुर्द निवासी राहुल, मड़ियांव एल्डिको सिटी आईआईएम निवासी प्रांजल सिंह और अलीगंज सेक्टर-क्यू निवासी रमन सिंह को गिरफ्तार किया गया।



मैनेजर हर्षवर्धन ने पुलिस को बताया कि हुक्के के एक शॉट के लिए 600 रुपये लिए जाते हैं। फ्लेवर बदलने पर भी चार्ज वसूला जाता है। हर्षवर्धन के मुताबिक कैफे संचालन से ठीक आमदनी नहीं हो रही थी। इसलिए कैफे के साथ हुक्का बार शुरू किया गया। एसआई जितेंद्र कुमार सिंह के मुताबिक हुक्का बार में 18 वर्ष से कम के व्यक्ति का प्रवेश नहीं हो सकता। अंदेशा है कि बार में नाबालिगों को भी प्रवेश दिया जाता था। इसकी जांच की जाएगी।

# डॉक्टर की लापरवाही से महिला के पेट में बच्चे की मौत

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के लोकबंधु अस्पताल में डॉक्टरों की कथित लापरवाही से जुड़ा एक मामला सामने आया है, जिसने सोशल मीडिया पर गहरा आक्रोश पैदा कर दिया है। वायरल हो रहे एक वीडियो में एक महिला ने दावा किया है कि अस्पताल में डॉक्टरों की लापरवाही के कारण उनकी भाभी के गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई। आरोप यह भी है कि डिलीवरी से पहले डॉक्टर ने मरीज के परिजनों से मूंगफली लाने को कहा, और जब पूरी मात्रा में मूंगफली नहीं मिली, तो ताने भी मारे गए। महिला ने वीडियो में बताया कि उनकी भाभी को प्रसव पीड़ा के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दिन की शिफ्ट में ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने नॉर्मल डिलीवरी की बात कही और मामला रात की शिफ्ट में दूसरे डॉक्टर को सौंप दिया। रात में नई डॉक्टर ने कहा कि यह पहला बच्चा है, इसलिए समय लगेगा। महिला का आरोप है कि रात करीब 11 बजे डॉक्टर ने उनके



भाई से 100 रुपये की मूंगफली लाने को कहा। देर रात होने के कारण मुश्किल से 250 ग्राम मूंगफली मिल पाई, जिसे देखकर डॉक्टर भड़क गई। इसके बाद भी उन्होंने मरीज का चेकअप किया और नॉर्मल डिलीवरी की बात दोहराई। महिला ने बताया कि सुबह होने पर डॉक्टरों ने ऑपरेशन की जरूरत बताई और मरीज को रेफर करने की बात कही। सुबह 7 बजे परिजनों ने ऑपरेशन करने का अनुरोध किया, लेकिन अस्पताल स्टाफ ने कहा कि यहां 10 बजे से पहले ऑपरेशन नहीं किया जा सकता। इस दौरान परिजन करीब दो घंटे तक इंतजार करते रहे। सुबह 10 बजे ऑपरेशन किया गया, लेकिन तब तक बच्चे की हालत गंभीर हो चुकी थी। उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। महिला का यह वीडियो वायरल हो गया है, जिसमें वह रोते हुए अस्पताल स्टाफ की लापरवाही और मूंगफली मांगने जैसी घटनाओं का जिक्र कर रही हैं। वीडियो ने लखनऊ की स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोग डॉक्टर और स्टाफ के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। घटना पर विपक्षी नेताओं ने भी प्रतिक्रिया दी है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वीडियो को साझा करते हुए राज्य सरकार पर निशाना साधा और इसे भाजपा सरकार की असंवेदनशीलता का उदाहरण बताया। इस मामले को लेकर अब तक प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन सोशल मीडिया पर हो रही आलोचना के बाद कार्रवाई की उम्मीद जताई जा रही है। लोकबंधु अस्पताल की लापरवाही ने राज्य की स्वास्थ्य सुविधाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# साहित्यकार के घर लगी आग, फायर टेंडर ने 15 मिनट में काबू पाया

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में इंदिरानगर सी सेक्टर निवासी साहित्यकार के घर बुधवार दोपहर शॉट सर्किट से आग लग गई। घटना के वक्त वह पत्नी के साथ लॉन में बैठे थे। स्टोर रूम से धुआं निकलता देख पुलिस और दमकल को सूचना दी। दमकल की गाड़ी ने 15 मिनट में आग पर काबू पाया। साहित्यकार वीरेंद्र यादव ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब 12 बजे घर के बाहर पत्नी कुसुम के साथ बैठे थे। तभी स्टोर रूम से धुआं निकलता देखा। कुछ समझते इतनी देर में ही बेड रूम से आग की लपटें निकलने लगी। अंदर आग देखने गए तो सारा सामान जल रहा था। उन्होंने बताया कि आग बुझाने के दौरान लपट से उनके पीछे के बाल झुलस गए। लॉन में होने से बड़ा हादसा टल गया। साहित्यकार की पत्नी कुसुम



ने बताया कि आग से स्टोर रूम में रखे सामान के साथ बेड रूम का भी सामान जल गया। दमकल कर्मियों के आने से कुछ सामान जलने से बच गया। घर से धुआं निकलता देख आस-पास के लोग भी घरों से निकल आए। इंदिरा नगर फायर स्टेशन से पहुंची एक गाड़ी ने 15 मिनट में आग पर काबू पा लिया। एफएसओ ने बताया समय से आग बुझने से भारी नुकसान होने से बच गया।

# दोस्त के साथ मिलकर बलात्कार किया

## पंजाब की महिला को रिश्तेदार ने होटल में बंधक बनाया

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के पीजीआई क्षेत्र में बंधक बनाकर महिला से 3 दिन रेप किया गया। महिला पंजाब के लुधियाना की रहने वाली है। पीड़िता ने मंगलवार देर शाम अपने रिश्तेदार और उसके दोस्त के खिलाफ स्थानीय थाने में रेप का मुकदमा दर्ज कराया है।

पीड़िता ने बताया कि 3 अक्टूबर 2024 को प्रतापगढ़ के दवरसा किठावर निवासी रिश्तेदार घर आया। उसने बताया कि लखनऊ के पीजीआई में एक बहुत बड़े प्रोजेक्ट में काम मिला है। उसी के संबंध में पंजाब कुछ सामान लेने आया हूं। उन्होंने बताया कि मैं घर में अकेली थी। रिश्तेदार अपने साथ मिठाई लाया था। मिठाई खाकर बेहोश हो गई। इसके बाद उसने मेरे सारे कपड़े उतार कर फोटो खींच ली। रेप भी किया। मुझे जब होश आया तो शरीर पर कोई कपड़ा नहीं था। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने अपने मोबाइल में अश्लील तस्वीर दिखाई और बोला तुम्हारे घर में जो भी ज्वेलरी हो मुझे दे दो। मेरा प्रोजेक्ट दिसंबर तक पूरा हो जाएगा। तुम्हारी सारी ज्वेलरी वापस कर दूंगा। उन्होंने बताया कि ब्लैकमेल करके घर में रखी सारी ज्वेलरी, गले का हार, मांग टीका, नथिया, कान का झुमका, तीन अंगूठी, मंगलसूत्र, चेन, दो अंगूठी, पायल, कान के टॉप्स, कमरबंद, चांदी की बिछिया और 6000 नगद लेकर लखनऊ चला गया। मैं घबरा गई थी, इसलिए किसी को घटना की जानकारी नहीं दी। पीड़िता ने बताया कि इसके बाद रिश्तेदार रोजाना वीडियो कॉल करता। बात नहीं करने पर फोटो वायरल करने की धमकी देता था। इज्जत बचाने के लिए कॉल उठाती रही। बीती दस दिसम्बर को आरोपी ने फोन कर कहा- प्रोजेक्ट पूरा हो गया है। लखनऊ आ जाओ और अपनी सारी ज्वेलरी और पैसा ले जाओ। उन्होंने बताया कि रिश्तेदार की बात पर विश्वास करके अपने घर के सदस्यों को बिना बताए 11 दिसम्बर को बेगमपुरा एक्सप्रेस से लखनऊ पहुंची। उसके कहने पर आलमबाग स्टेशन पर उतर गई। यहां रिश्तेदार के साथ उसका दोस्त फुरकान मिला। दोनों मुझे पीजीआई के एक होटल ले गए, जहां मुझे तीन दिन तक बंधक बना कर रखा। रिश्तेदार ने अपने दोस्त के साथ मिलकर रेप किया। पीड़िता ने बताया कि अपने जेवरात और रुपए वापस मांगे तो रिश्तेदार कार से गोंडा लेकर गया। बोला ज्वेलरी वहीं रखी है। वहां रेप किया। मामले में पीजीआई इंस्पेक्टर रवि शंकर त्रिपाठी का कहना है कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है।

## बलात्कारी का आरोपी 8 महीने बाद गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में एक किशोरी से युवक ने रेप किया। शादी का झांसा देकर मुंबई लेकर गया। जहां उसके साथ कई दिनों तक रेप किया। पुलिस तक मामला पहुंचने पर किशोरी को घर के बाहर छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने आरोपी को मुंबई से पकड़ा है। मंगलवार को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर लखनऊ पहुंची। चिनहट पुलिस के मुताबिक, चिनहट लौलाई निवासी 16 साल की लड़की को इलाके का नईम नाम का युवक 14 मई को घर से भगा ले गया था। परिजनों की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पीड़िता को जून में बरामद कर लिया। पीड़िता के बयान पर रेप की बात सामने आई थी। पुलिस आरोपी को पिछले छह माह से तलाश रही थी। पुलिस टीम ने आरोपी नईम को मुंबई के पालघर थाना क्षेत्र के नाला सौपारा से गिरफ्तार कर लिया।

# अंसल एपीआई बिल्डर पर 14.40 करोड़ जुर्माना

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी रेरा ने अंसल एपीआई पर एक बार फिर बड़ा जुर्माना लगाया है। रेरा में पंजीकरण कराए बिना बिल्डर ने सुशांत गोल्फ सिटी में एक अरब 44 करोड़ के 329 प्लाट बेच डाले हैं। इन भूखण्डों की रजिस्ट्री भी कर दी गई। अंसल के बिना पंजीकरण के भूखण्ड बेचे जाने की जानकारी बाद रेरा ने जांच करायी तो पता चला कि रजिस्ट्री के बाद बिल्डर ने ग्राहकों से पूरा पैसा भी दूसरे खातों में जमा करा लिया। अंसल प्रॉपर्टीज एण्ड इन्फ्रस्ट्रक्चर लिमिटेड ने 26 मार्च 2022 से लेकर 14 अगस्त 2024 तक विभिन्न तिथियों में उसकी हाईटेक टाउनशिप सुशान्त गोल्फ सिटी में बिना रेरा पंजीकरण के 144 करोड़ के भूखण्ड बेचे। उसने सेक्टर एम के अपंजीकृत पॉकेट-1 ए, 2 में कुल 58 विक्रय-विलेख किए। सेक्टर एच के पॉकेट-1, 2ए, 2बी, 2सी में 32, सेक्टर एच के ही एक पॉकेट में 104 विक्रय-विलेख किए। इस सेक्टर के इन पॉकेट्स में बिल्डर ने कुल 136 विक्रय-विलेख किए। सेक्टर जे के पॉकेट-1 में 48 विक्रय-विलेख, सेक्टर जी के पॉकेट-3बी एवं 5 में कुल 82 विक्रय-विलेख, सेक्टर एफ के पॉकेट-2ए में 04 तथा सेक्टर बी के पॉकेट-4 में 01 विक्रय-विलेख किए। इन सभी अपंजीकृत पाकेट में उसने कुल 329 भवन भूखण्ड बेच डाले। जो नियमानुसार बिना पंजीकरण के नहीं बेचे जा सकते थे। विक्रय-विलेख रेरा अधिनियम की धारा-3 का उल्लंघन करते हुए निष्पादित किए गये हैं। रेरा की ओर मामले में बिल्डर को कारण बताओ नोटिस दिया गया। अंसल ने कोई उत्तर व अनुपालन आख्या नहीं दी। बार-बार समय देने के बावजूद उत्तर न दिये जाने के कारण बिल्डर को प्राधिकरण बोर्ड में बैठक में व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर दिया गया। बिल्डर के प्रतिनिधि ने उपस्थित होकर उत्तर प्रस्तुत करने के लिए अतिरिक्त समय की मांग की। उसे 15 दिन समय दिया गया। कारण बताओ नोटिस का उत्तर उप-प्रबन्ध निदेशक के हस्ताक्षर से आया। 06 नोटिस के सापेक्ष प्रोमोटर ने अलग-अलग उत्तर न देते हुए एक ही दिया। अभिलेखों की जांच की गयी। इसमें पता चला कि बिल्डर ने अवैध तरीके से प्लाट बेचे। बिना पंजीकृत कराए भवन भूखण्ड बेचना कानून के खिलाफ था। रेरा अधिनियम की धारा-3 का उल्लंघन है। अपंजीकृत पॉकेट में प्लाट मकान बेचे जाने के कारण रेरा अधिनियम की धारा-59(1) के अनुसार उस पर कुल कीमत का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। जो 14 करोड़ 40 लाख, 90 हजार रुपए हुआ।

## 30 दिन में जमा करनी होगी रकम

अंसल एपीआई बिल्डर को 30 दिन में यह धनराशि जमा करनी होगी। न जमा करने तथा रेरा अधिनियम की धारा-59(1) में पारित आदेश के अनुपालन आरसी जारी होगी।

## लोकबंधु में कल से दो दिन बिना रक्तदाता मिलेगा खून

**लखनऊ।** आशियाना स्थित लोकबंधु अस्पताल में गुरुवार और शुक्रवार को बिना डोनर उपलब्धता के आधार पर खून मुहैया कराया जाएगा। सुबह आठ से शाम छह बजे तक जरूरतमंद खून ले सकेंगे। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि दो दिनों तक ओ पॉजिटिव और एबी पॉजिटिव खून सरकारी व प्राइवेट अस्पताल में भर्ती मरीजों को बिना डोनर दिया जाएगा। इसके लिए तीमारदार को डॉक्टर द्वारा भरा गया फॉर्म व मरीज के रक्त का नमूना लाना होगा। खून की जांच व दूसरी प्रक्रिया पूरी करने के बाद खून जारी किया जाएगा। साथ ही डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने लोगों से स्वैच्छिक रक्तदान की अपील की। उन्होंने कहा कि आपके खून के एक कतरे से जरूरमंदों की जान बचाई जा सकती है। कोई भी व्यक्ति अस्पताल के ब्लड बैंक में आकर रक्तदान कर सकता है। इसके बदले डोनर के खून की पांच तरह की जांच होगी।

# जलकल विभाग के जेई से हड़पी कार, मुकदमा दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** हजरतगंज कोतवाली में जलकल विभाग के जेई ने व्यापारी के खिलाफ कार हड़पने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी ने जेई की क्षतिग्रस्त कार सही कराने के बहाने से ली थी। जिसे वापस नहीं किया।

कैंट नीलमथा निवासी हरेंद्र यादव जलकल विभाग लालबाग में जेई है। 15 अक्टूबर 2022 की रात हरेंद्र की कार में आग लग गई थी। जिसकी जानकारी इंश्योरेंस कम्पनी को जेई ने दी। तीन मार्च 2023 को हरेंद्र दफ्तर में थे। तभी सुपर मार्केट में दुकान चलाने वाला इसमीत सेठी ऑफिस पहुंचा। उसने हरेंद्र की कार की जली हुई कार खरीद कर बनवाने की बात कही। साथ ही इश्योरेंस क्लेम दिलाने का दावा किया। हरेंद्र ने इसमीत के कहे मुताबिक उसे कार सौंप दी। पीड़ित



के अनुसार कार सही कराने के बाद इसमीत ही चला रहा है। उन्हें रुपये भी नहीं दिए गए। कार भी ट्रांसफर नहीं कराई। फोन करने पर आरोपी कई बार गाली गलौज करचुका है। यह आरोप लगाते हुए हरेंद्र ने हजरतगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

## पीसीएस अधिकारी जगमोहन गुप्ता ने संभाला एसडीएम जलेसर का पदभार



▸▸ गरीब-असहायों को न्याय एवं शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होगी पहली प्राथमिकताः एसडीएम

लोकमित्र ब्यूरो

**जलेसर/एटा।** बुधवार को सुबह उपजिलाधिकारी अलीगंज पद पर कार्यरत भावना विमल द्वारा उपजिलाधिकारी एटा पद का कार्यभार संभाल लिया गया। मूलतः अयोध्या जनपद की रहने वाले जगमोहन गुप्ता वर्ष 2019 बैच की पीसीएस अधिकारी है। पदभार ग्रहण के उपरांत पत्रकारों से मुलाकात में नवागत एसडीएम जगमोहन गुप्ता ने बताया कि उनकी पहली प्राथमिकता गरीब असहाय लोगो को त्वरित न्याय दिलाना,सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे हटबाना एवं शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना होगी। इसके साथ ही लम्बित मुकद्दमों का प्राथमिकता के साथ जल्द से जल्द निस्तारण कराया जाना भी प्राथमिकता में सम्मिलित है। ताकि वादकारियों को नियमानुसार नियत समय मे न्याय प्रदान किया जा सके।जमीनों की पैमाइश राजस्व अभिलेख के अनुसार सभी संबंधित पक्षो के समक्ष हो इसका भी विशेष ध्यान रखा जायेगा। तथा ऑनलाइन शिकायती पत्रों का ससमय में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जायेगा। साथ ही शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन कराकर उसका लाभ सभी पात्रों को दिलाया जाना भी उनकी प्राथमिकताओं में सम्मिलित है।

# बोर्ड ऑफ विजिटर्स एटा द्वारा जिला कारागार का किया गया निरीक्षण

▸▸ माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एंव जनपद न्यायाधीश, एटा दिनेश चन्द एवं बोर्ड ऑफ विजिटर्स के सदस्यों के द्वारा जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण करते हुए संधारित विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन किया गया



लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के माध्यम से बुधवार को जिला कारागार,एटा का बोर्ड ऑफ विजिटर्स तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एटा द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया।

माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एंव जनपद न्यायाधीश, एटा दिनेश चन्द एवं बोर्ड ऑफ विजिटर्स के सदस्यों के द्वारा जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण करते हुए संधारित विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन किया गया। विचाराधीन बन्दी (प्रवेश मुक्ति रजिस्टर) एवं सिद्धदोष बन्दी (प्रवेश मुक्ति रजिस्टर) में 13 नवंबर 2024 के बाद किसी भी बन्दी के नाम के सामने जाति का उल्लेख नहीं पाया गया। निरीक्षण के दौरान बन्दियों के मध्य जाति आधारित या इसीप्रकार का अन्य कोई भेद-भाव नहीं पाया गया।

इस प्रकार बोर्ड ऑफ विजिटर्स तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एटा के संयुक्त निरीक्षण के दौरान पाया गया कि जिला कारागार, एटा द्वारा सुकन्या शान्था बनाम् भारत संघ में उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा पारित दिशा-निर्देशों का पालन किया जा रहा है।

इस अवसर पर बोर्ड ऑफ विजिटर्स के सदस्यगण जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह, कमालुद्दीन, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अनिल कुमार मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, डॉ0 उमेश कुमार त्रिपाठी, मुख्य चिकित्साधिकारी एवं राजेश कुमार वर्मा, सहायक अभियन्ता लोक निर्माण विभाग एवं जिला कारागार, एटा प्रशासन उपस्थित रहे।

## आर्किटेक्चर्स एग्जीबिशन में आचार्य दीपक तेजस्वी को सम्मानित किया गया



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** आर्किटेक्ट असोसिएशन गाजियाबाद द्वारा आर्किटेक्चर्स एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। आर्किटेक्चर्स एग्जीबिशन में आचार्य दीपक तेजस्वी को सम्मानित किया गया। कविनगर के रामलीला मैदान में आयोजित एग्जीबिशन आर्किटेक्चर्स एग्जीबिशन में देश भर के आर्किटेक्टस ने भाग लिया। एग्जीबिशन में आचार्य दीपक तेजस्वी को संस्था की अध्यक्ष पूजा सारस्वत, सचिव हिमांशु गुप्ता व कोषाध्यक्ष प्रियंका श्रीवास्तव ने स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया। उन्हें यह सम्मान धर्म व आध्यात्म के साथ वास्तु कला के क्षेत्र में उनके द्वारा दिए जा रहे योगदान के लिए दिया गया। आचार्य दीपक तेजस्वी ने सम्मान के लिए संस्था के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि वास्तुकला सिर्फ़ इमारतों को डिज़ाइन करने से कहीं ज़्यादा है। यह ऐसी कला है जो हमारे जीवन को अनगिनत तरीकों से प्रभावित करती है। हमारे भौतिक वातावरण को आकार देने से लेकर हमारे जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने तक में वास्तुकला महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# अमरोली भाजपा मंडल अध्यक्ष बनने पर लोगों ने किया स्वागत

▸▸ पटाखे फोड़ मनाया मनाया जश्न, एक दूजे को खिलाई मिठाई




लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** विकासखंड अलीगंज के अमरोली रतनपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष बनाये जाने पर लोगों नें फूलमाला व शॉल पहनाकर स्वागत किया और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और नवनिर्वाचित भाजपा मंडल अध्यक्ष को बधाई देते हुए जश्न मनाया।विकासखंड अलीगंज के अमरोली रतनपुर मंडल अध्यक्ष नवीन राजपूत को बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं व लोगों ने फूल माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए पटाखे छोड़कर जश्न मनाया। संबोधित करते हुए नव निर्वाचित मंडल अध्यक्ष नवीन राजपूत ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व ने भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष पद पर रहते हुए मुझे अमरोली रतनपुर का दायित्व सौपा है।

भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को संगठित कर अपने दायित्वों का निष्ठा पूर्वक निर्वाहन करते हुए अधिक से लोगों को भाजपा से जोड़कर प्रदेश नेतृत्व के निर्देश का पालन करूंगा साथ ही सबका साथ सबका विकास स्लोगन से प्रेरणा लेकर पार्टी हित में काम करुंगा। मौके पर सत्यवान सिंह पूर्व प्रधान, दिलीप कुमार पूर्व प्रधान, राम प्रकाश राजपूत, सत्यवान सिंह फौजी, मनोज कुमार, राजीव कुमार एडवोकेट, सुरेंद्र कुमार, हरिनाथ सिंह, मुकेश बूथ अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, विजय राजपूत, सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सांसों जहर का घुलना हुआ थोड़ा कम 55 अंक कम हुआ एक्यूआई




लोकमित्र ब्यूरो

**साहिबाबाद।** 24 घंटे के अंतराल में वायु गुणवत्ता सूचकांक में थोड़ी कमी आई है, इससे कुछ राहत है। मंगलवार को जनपद का वायु गुणवत्ता सूचकांक 202 दर्ज किया गया, जो सोमवार के मुकाबले 55 अंक कम रहा। वहीं, करीब 15 दिन बाद इंदिरापुरम के एक्यूआई में भी कमी आई और यहां की हवा बेहद खराब श्रेणी से खराब श्रेणी में दर्ज की गई।मंगलवार को जनपद की हवा में थोड़ा सुधार रहा। वहीं वसुंधरा, लोनी एवं संजयनगर की हवा मध्यम श्रेणी में दर्ज किया गया। यहां का एक्यूआई 200 से कम रहा वहीं इंदिरापुरम का एक्यूआई 254 दर्ज किया गया जो कि खराब श्रेणी में रहा। इंदिरापुरम का एक्यूआई 15 दिनों से लगातार 300 के पार दर्ज किया जा रहा था। ऐसे में एक्यूआई कम होने से लोगों को थोड़ी राहत मिली है। क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी विकास मिश्रा का कहना है कि मौसम के तापमान, हवा और बारिश पर भी एक्यूआई निर्भर रहता है ऐसे में अभी एक्यूआई घटते-बढ़ते क्रम में दर्ज हो रहा है। विभाग की ओर से लगातार औचक निरीक्षण एवं पानी का छिड़काव किया जा रहा है ।

## सोसायटी के फ्लैट की बालकनी से कूद रेस्तरां कारोबारी ने दी जान

▸▸ नीचे मौजूद एक युवक ने तुरंत उन्हें उठाया और परिजनों को सूचना दी

लोकमित्र ब्यूरो


**कौशांबी।** नंदनी मेट्रो सुईट सोसायटी के नौवें तल पर स्थित फ्लैट नंबर 902 निवासी रेस्टोरेंट कारोबारी अजय गुप्ता (50) ने अपने ही फ्लैट की बालकनी से कूदकर आत्महत्या कर ली। हादसा सोमवार की शाम करीब पांच बजे हुआ। उस समय घर में उनका बड़ा बेटा ओम गुप्ता और नौकर थे।नीचे गिरने की आवाज सुनकर दौड़े युवक ने उन्हें उठाया और परिजनों को बुलाया। कौशांबी स्थित निजी अस्पताल में डॉक्टरों ने कारोबारी को मृत घोषित कर दिया। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि कारोबारी अजय गुप्ता फ्लैट में पत्नी शिवानी गुप्ता, बड़े बेटे ओम और छोटे बेटे मनन के साथ रह रहे थे। इंदिरापुरम के हैबिटेट सेंटर में एक व नोएडा में उनके दो रेस्टोरेंट संचालित हैं। सोमवार को उनकी पत्नी शिवानी सोसायटी में नीचे टहल रही थीं। वहीं छोटा बेटा रिश्तेदारी में गया हुआ था। शाम करीब पांच बजे अजय गुप्ता फ्लैट की बालकनी से नीचे कूद गए। नीचे मौजूद एक युवक ने तुरंत उन्हें उठाया और परिजनों को सूचना दी। कारोबारी मुंह के बल नीचे गिरे थे। एसीपी ने बताया कि पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि अजय गुप्ता का करीब 15 साल से डिप्रेशन का इलाज चल रहा था। पुलिस को अभी तक कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। न ही किसी तरह के विवाद की बात सामने आई है। नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती रहे थे कारोबारी - एसीपी ने बताया कि जब पुलिस ने उनके परिजनों से पूछताछ की तब पता चला कि कारोबारी डिप्रेशन के शिकार थे। लंबे समय से उनका इलाज तो चल ही रहा था साथ ही जून 2024 में उन्हें नशा मुक्ति केंद्र में भी भर्ती किया गया था।

## रोजगार मेले का आयोजन 10 जनवरी को

**एटा।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी विपिन कुमार यादव ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार जिला सेवायोजन कार्यालय, एटा द्वारा जिला सेवायोजन कार्यालय, जिला पंचायत परिसर, एटा में 10 जनवरी को पूर्वान्ह 10 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जेप्टो इंडिया व औरा टेक्सटाईल्स हिमांचल प्रदेश जैसी बड़ी कम्पनियों द्वारा भारी संख्या में विभिन्न पदों पर पुरूष/महिला अभ्यर्थियो का साक्षात्कार कर अच्छे वेतन पर रोजगार हेतु चयन किया जायेगा। रोजगार मेले में सम्मिलित होने हेतु अभ्यर्थी अपना पंजीयन रोजगार संगम पोर्टल (rojgaarsangam.up.gov.in) एवं एन0सी0एस0 पोर्टल पर कराकर अपनी शैक्षिक योग्यता/आयु / वर्ग के अनुसार पोर्टल पर प्रदर्शित कम्पनियों में ऑनलाइन आवेदन अवश्य कर दें।

## गर्म पानी की बाल्टी में गिरा दो साल का मासूम, अस्पताल में मौत

लोकमित्र ब्यूरो



**लोनी।** बॉर्डर थाना क्षेत्र के अमित विहार कॉलोनी स्थित घर के अंदर गर्म पानी की बाल्टी में दो साल का बच्चा खेलते हुए गिर गया। गर्म पानी में गिरने से बच्चा झुलस गया था। 13 दिनों तक अस्पताल में इलाज के बाद सोमवार रात बच्चे की मौत हो गई। बच्चे की मौत के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। अमित विहार कॉलोनी में अरविंद पाल परिवार के साथ रहते हैं। वह दिल्ली स्थित फैक्टरी में काम करते हैं। परिवार में पत्नी अन्नू और दो बेटे लविश (5), विराज (2) हैं। परिजनों ने बताया कि बीते 25 दिसंबर को अरविंद अपने काम पर चला गया था। घर में नहाने के लिए बाल्टी में गर्म पानी किया था। विराज खेलते हुए गर्म पानी की बाल्टी तक पहुंच गया। तभी वह गर्म पानी की बाल्टी में गिर गया। तभी उसकी मां आई और अपने बेटे को पानी से बाहर निकाला। गर्म पानी की बाल्टी में गिरने से विराज झुलस गया। विराज को पास के अस्पताल में ले गए। य जहां से विराज को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में रेफर किया।

यहां भी हालत ठीक नहीं होने पर विराज को जीटीबी अस्पताल से एम्स अस्पताल में रेफर किया गया। सोमवार रात करीब 12 बजे विराज की उपचार के दौरान मौत हो गई। विराज की मौत के बाद परिवार में मातम पसर गया। एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया कि मामले में कोई शिकायत नहीं आई है। पुलिस को परिजनों ने सूचना दी है।

# श्याम बिहारी स्कूल एटा में दौड़ प्रतियोगिता व एक संगोष्ठी का किया गया आयोजन








लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बुधवार श्याम बिहारी सीनियर सैकेण्ड्री पब्लिक स्कूल एटा में दो दोड प्रतियोगितायें व एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें छात्रगणों व शिक्षकगणों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया संगोष्ठी में जिला मद्य निषेध अधिकारी भूपेश कुमार के द्वारा बताया गया कि नशा युवा वर्ग को अपनी चपेट में ले रहा है जिससे युवा वर्ग अपने लक्ष्य से भटक जाता है साथ ही आर्थिक स्थिति व सामाजिक स्थिति का पतन होता जाता है। इसलिए नशा को जड़ से उखाड़ फैकना आवश्यक है।आयोजित प्रतियोगिताओं के जूनियर वर्ग में सचिन कुमार ने प्रथम स्थान अंकित कुमार ने द्वितीय स्थान शौर्यांश ने तृतीय स्थान व शिव कुमार ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया । सीनियर वर्ग में विमल कुमार ने प्रथम अभिषेक ने द्वितीय अंकुश ने तृतीय व लकी ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। विजयी प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य जी द्वारा पुरूस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। संगोष्ठी में मुख्य रूप से प्रधानाचार्य श्री विजयवीर सिंह जी, नीलू यादव पी0टी0आई0, सचिन यादव पी0टी0आई0 रवि यादव स0अ0, सौरभ यादव स0हा0 आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम के अन्त में सभी को नशा के विरूद्ध शपथ ग्रहण करायी गयी एवं बीच-बीच में साहित्य का वितरण किया गया।

## सड़क हादसे में घायल अकाउंटेंट निशा की मौत


लोकमित्र ब्यूरो



**साहिबाबाद।** पांच जनवरी को लिंक रोड थाना क्षेत्र स्थित वसुंधरा फ्लाईओवर के नीचे हुए सड़क हादसे में घायल बृज विहार के सी ब्लॉक निवासी निशा त्रिपाठी (40) की मंगलवार सुबह मौत हो गई। हादसे में उनकी भाभी रश्मि अवस्थी की मौके पर ही मौत हो गई थी। एसीपी रजनीश उपाध्याय ने बताया कि निशा त्रिपाठी पेशे से अकाउंटेंट थीं और निजी कंपनी में कार्यरत थीं। पांच जनवरी को पति राजेंद्र त्रिपाठी, भाई विनीत अवस्थी और भाभी रश्मि अवस्थी के साथ कानपुर स्थित अपने गांव से लौट रही थीं। पांच जनवरी की सुबह करीब चार बजे वसुंधरा फ्लाईओवर के नीचे से लिंक रोड की तरफ जाते समय चौराहे पर मेट्रो स्टेशन की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी थी। हादसे में उनकी भाभी रश्मि की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं, निशा व उनकी बेटी मान्या गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनका कौशांबी स्थित निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। मंगलवार सुबह निशा त्रिपाठी ने भी दम तोड़ दिया।

# कारोबारी को बेहोश कर 17.50 लाख की चोरी, 2.50 लाख खाते से निकाले

लोकमित्र ब्यूरो



**साहिबाबाद।** ग्रेटर नोएडा सेक्टर 121 की क्योटी सोसायटी निवासी सुरेंद्र सिंह अरोड़ा को बेहोश कर एक युवक ने उनकी गाड़ी से नकदी व जेवर समेत 17.50 लाख की चोरी कर लिए। इसके अलावा दो मोबाइल भी चोरी किए, जिनमें चल रहे यूपीआई एप्लीकेशन की मदद से दो बैंक खातों से 2.50 लाख रुपये निकाल लिए। युवक उनके पास काम मांगने के बहाने पहुंचा था। मोहननगर में कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उन्हें पिलाया और वारदात को अंजाम दिया। घटना पांच दिसंबर 2024 की है। घर से निकलने के बाद लापता हुए 60 वर्षीय कारोबारी 24 घंटे बाद छह दिसंबर की सुबह आनंद विहार रेलवे स्टेशन के पास बेहोशी की हालत में मिले थे। पुलिस ने एक महीने बाद सोमवार रात मुकदमा दर्ज किया। सुरेंद्र सिंह अरोड़ा का मोहननगर स्थित सेंटर मॉल में रेस्तरां है। संचालन में विवाद के चलते वह मोहननगर स्थित मेट्रो पिलर 225 के सामने बरातघर का निर्माण करा रहे हैं। पांच दिसंबर 2024 को वह मोहननगर स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान पर एसी खरीदने आए थे। तभी एक युवक उनके पास पहुंचा और काम मांगने लगा। निर्माणाधीन बरातघर में पेंट का काम करने वाले व्यक्ति ने भी कारोबारी से युवक की पैरवी की। इस पर कारोबारी ने हामी भरी और उसे अपने साथ रेस्तरां पर ले जाने लगे। रास्ते में उनकी कुछ तबीयत कुछ बिगड़ी तो युवक उनके लिए कोल्ड ड्रिंक खरीदकर ले आया और भरोसा दिलाते हुए बातों में फंसाकर पिला दी। कारोबारी ने बताया कि इसके बाद उन्हें कुछ होश नहीं रहा। इधर घर न लौटने पर परिजन उनकी खोजबीन कर रहे थे। बताया कि छह दिसंबर की सुबह जब उन्हें होश आया तब वह अपनी गाड़ी में आनंद विहार रेलवे स्टेशन के पास थे। उन्होंने एक ठेले वाले से मोबाइल लेकर बेटे को फोन पर पूरी जानकारी दी।

## बुक की गई बाइक न पहुंचने पर ट्रांसपोर्टर पर धोखाधड़ी का मुकदमा




लोकमित्र ब्यूरो

**कौशांबी।** वैशाली सेक्टर दो निवासी अनीश परिहार ने राइटी कार बाइक ट्रांसपोर्ट के खिलाफ धोखाधड़ी करने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि उन्होंने अपनी बाइक ओडिशा भेजने के लिए बुकिंग की थी।

ट्रांसपोर्ट कंपनी दो महीने बाद भी न तो बाइक ओडिशा पहुंचाई और अब दोगुना से भी ज्यादा रकम की मांग कर रहे हैं। अनीश ने बताया कि चार नवंबर 2024 को उन्होंने अपनी बाइक ओडिशा भेजने के लिए राइटी कार बाइक ट्रांसपोर्ट से बुकिंग की थी। इसके लिए 4720 रुपये का किराया तय हुआ था। आरोप है कि अभी तक ट्रांसपोर्ट कंपनी ने अभी तक न तो उनकी बाइक पहुंचाई है।

इसके अलावा किराये के नाम पर 12,650 रुपये की मांग की जा रही है। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर ट्रांसपोर्ट कंपनी संचालक से बातचीत की जा रही है। जांच के तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## वरिष्ठ पत्रकार सचेन्द्र गुप्ता का निधन, शोक की लहर



लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** नगर अलीगंज के वयोवृद्ध पत्रकार सचेन्द्र कुमार गुप्ता का मंगलवार की देररात निधन हो गया। निधन की खबर से राजनीतिक दलों, पत्रकारों एवं शिक्षाविदों ने उनके घर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा परिजनों को ढांढस बंधाया। स्व0 गुप्ता के शव का अलीगंज के मोक्षधाम में अन्तिम संस्कार किया गया है।

शोक व्यक्त करने वाले पत्रकारों में विश्वजीत यादव, निकेश सक्सेना, राकेश सक्सेना, गोविन्द गुप्ता, दिलीप वर्मा, नंद कुमार, विकास दुबे, सुनील गुप्ता, मोहित यादव, राजीव यादव, राजेश गुप्ता, शिवम गुप्ता, राघव यादव, राजेश मिश्रा, अनंत मिश्रा आदि प्रमुख है।

## टप्पेबाजों ने व्यक्ति के सत्तर हजार रुपये किये पार

**जलेसर/एटा।** नगर की एसबीआई बैंक से सत्तर हजार रुपये निकाल घर जा रहे व्यक्ति को दो टप्पेबाजों ने रास्ते मे रोककर बाइक पर बैठा लिया और फिर जेब काटकर छोड़ दिया। मंगलवार को नगर के बीचोबीच दिनदहाड़े हुई इस घटना के बाद लोगो मे भय व्याप्त हो गया है। पीड़ित द्वारा घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत गांव जैनपुरा निवासी ध्यानपाल पुत्र मेघ सिंह गत 7 जनवरी को दोपहर लगभग डेढ़ बजे बैंक से 70 हजार रुपये निकाल कर मण्डी जवाहरगंज से मुझे मोटर साईकिल पर बिठाकर आगरा रोड की तरफ लेकर गये। जहाँ रास्ते मे ही नदी के पास जेब काट ली। जेब मे सत्तर हजार रुपये रखे हुए थे। जेब काटने के बाद बाइक सवार पीड़ित को टिरी में बिठाकर भाग गये। जब वह अपने घर पहुँचा तब उसे जेब काट लिए जाने की घटना की जानकारी हुई।

संक्षिप्त खबरें

## पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया पैदल गश्त



**अमेठी** बुधवार को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा मिशन शक्ति नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिलाओं/बालिकाओं एवं आमजनमानस में सुरक्षा व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस बल के साथ कस्बा अमेठी में भीड़भाड़ एवं संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त किया गया तथा मुख्य मार्गों एवं चौराहों आदि पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं, वाहनों तथा नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई तथा वहाँ पर मौजूद स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों से वार्ता की गई।

## 20 ग्राम स्मैक के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी।** बुधवार को उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार सिंह थाना इन्हौना मय हमराही द्वारा अभियुक्त अमजद खान पुत्र नजीर खान निवासी ग्राम पूरे नियामत का पुरवा मौजा दक्खिनगांव थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 25 वर्ष को ग्राम इन्हौना के पास से समय करीब 11:10 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया । तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 20 ग्राम स्मैक बरामद हुआ । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना इन्हौना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

## खाकी कर रही रिश्तों को मजबूत

**अमेठी।** मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत दिनांक 08.01.2025 को उ0नि0 ममता रावत थानाध्यक्ष महिला थाना मय टीम द्वारा पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के संबंध में शिकायतों को सुना गया तथा समस्याओं को सुलझाते हुए पति-पत्नी को साथ रहने के लिए समझाया गया । जिसमें 01 वैवाहिक जोड़ा राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गया तथा अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया। अमेठी पुलिस द्वारा उनको आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गईं ।

## महिला आरक्षियों को एसपी द्वारा किया गया पुरस्कृत

**अमेठी।** जिले में मिशन शक्ति फेज-5 कार्यक्रम में अत्यन्त लगन व मेहनत के साथ अपने-अपने थानाक्षेत्रों के बीट मे जाकर अभियान के तहत बीट लिखवाने, पीड़िताओं की काउन्सलिंग व सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में सराहनीय कार्य करने वाली 03 महिला आरक्षियों 1. सुचिता सोमवंशी थाना पीपरपुर 2. वन्दना यादव थाना मुंशीगंज 3. सोनी यादव थाना मोहनगंज को बुधवार 08/01/2025 को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा उत्साहवर्धन व भविष्य मे और मेहनत व लगन के साथ कार्य करने हेतु नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया ।

## नकली कैस्ट्रॉल ऑयल बेचने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी।** अंसार खाँन, ऑपरेशन मैनेजर मेसर्स कैस्ट्रॉल लि0 में शिकायत देने के लिये अधिकृत द्वारा थाना इन्हौना पर सूचना दी गयी कि अजय कुमार शुक्ला पुत्र स्व0 जय नारायण शुक्ला ग्राम बनमऊ बाबा बाजार जनपद अयोध्या जो कस्बा इन्हौना में अजय ट्रेडर्स के नाम से दुकान खोले हुए हैं एवं नकली कैस्ट्रॉल कंपनी का ऑयल कूट रचित स्टीकर लगाकर बेचते हैं। उक्त सूचना पर उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार सिंह थाना इन्हौना द्वारा पुलिस बल व अंसार खाँन उपरोक्त के साथ अजय ट्रेडर्स दुकान की तलाशी से 05 कार्टन में 100 नग कैस्ट्रॉल कंपनी का नकली 900 एमएल ऑयल व अजय कुमार शुक्ला उपरोक्त की बोलेरो गाड़ी सं0 क्र32 स्क्र2622 की तलाशी से 02 कार्टन में 40 नग कैस्ट्रॉल कंपनी का नकली 900 एमएल ऑयल बरामद हुआ । बोलेरो वाहन के कागज मांगने पर दिखा न सका । गिरफ्तारी का कारण बताते हुए अजय कुमार शुक्ला उपरोक्त कोमंगलवार को मौके से ही समय करीब 08:30 बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदी के संबंध में थाना इन्हौना पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई।

## पुलिस आरक्षी भर्ती का एसपी द्वारा किया गया निरीक्षण

**अमेठी।** रिजर्व पुलिस लाइन में उ0प्र0 पुलिस की आरक्षी भर्ती प्रकिया के तहत चल रही प्रपत्रों की जांच एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण का बुधवार को पुलिस अधीक्षक अर्पणा रजत कौशिक द्वारा निरीक्षण किया गया तथा निष्पक्ष, पारदर्शी ढंग से प्रपत्रों की जांच एवं शारीरिक दक्षता प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश/निर्देश दिये गये । इस दौरान क्षेत्राधिकारी गौरीगंज/पुलिस लाइन्स अखिलेश कुमार वर्मा, प्रशिक्षणाधीन पुलिस उपाधीक्षक दिनेश कुमार मिश्र, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन राजेन्द्र कुमार व अन्य अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे।

## हुआ सूर्य देव का दर्शन लोगों को मिली राहत

**अमेठी।** लगातार बड़ी ठंड से जिले में लोगों को राहत मिली जब सूर्य की रोशनी से मिली गर्माहट से लोग घरों से बाहर निकले, बताए चले कि लगातार पिछले कई दिनों से धूप न निकलने के कारण लोगों को ठंड की वजह से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था वही बुधवार को धूप खुलने से लोगों को ठंड से राहत नजर आई , और पछुआ हवा के बहने से आसमान में छाए बादल की वजह से लोगों को ठंड का सामना करना पड़ रहा था, तो वही धूप के निकलने से लोगों ने राहत की सांस ली जनपद में जहां पिछले कई दिनों से ठंड की वजह से लोग बाहर निकलने से डर रहे थे वही सूर्य की गर्माहट से लोग अपने घरों से बाहर निकल कर टहलते नजर आए।

## अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकराई, दम्पति व अबोध बच्ची गम्भीर रूप से घायल



**बांगरमऊ,उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई और दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में दंपति और उनकी अबोध बच्ची तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। यहां के सरकारी अस्पताल द्वारा नाजुक हालत में तीनों घायलों को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है। नोएडा निवासी अभिजीत 29 वर्ष पुत्र जयशंकर प्रसाद अपनी पत्नी सुषमा 27 वर्ष व पुत्री त्रिशिका 2 वर्ष को लेकर कार से लखनऊ जा रहे थे। तभी रास्ते में बुधवार को दोपहर बाद करीब 12.20 बजे बांगरमऊ क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे स्थित हवाई पट्टी पर अचानक कार अनियंत्रित होकर अस्थाई डिवाइडर से जा टकराई और दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में दंपति और उनकी बच्ची तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम ने आनन-फानन तीनों घायलों को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखकर तीनों घायलों को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। यूपीडा रेस्क्यू टीम ने घटनास्थल से क्षतिग्रस्त कार को सुरक्षित स्थान पर खड़ी कराने के बाद मार्ग पर आवागमन बहाल कराया।

# डीएम ने की जनसुनवाई

लोकमित्र ब्यूरो



**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। और जिलाधिकारी निशा अनंत ने जनपद के समस्त सम्मानित ग्राम प्रधानों से अपील करते हुए कहा है कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना एग्रीस्टैक के अंतर्गत किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री तैयार की जानी है इस योजना के अंतर्गत जनपद में फार्मर रजिस्ट्री कराए जाने का कार्य समस्त राजस्व ग्रामों में चल रहा है जिसे दिनांक 20 जनवरी 2025 तक शत प्रतिशत पूर्ण कराया जाना अनिवार्य है। कृषि क्षेत्र के विकास से जुड़ी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में ग्राम प्रधान का महत्वपूर्ण योगदान रहता है।

उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों से अपील करते हुए कहा कि आप लोग अपनी-अपनी ग्राम पंचायत के किसान बंधुओं की फार्मर रजिस्ट्री जरूर करवाएं इसके लिए आप अपने ग्राम पंचायत के किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री हेतु कृषकों के आधार कार्ड, मोबाइल नंबर एवं खतौनी की छाया प्रति के साथ अपने नजदीकी जन सेवा केंद्र, कृषि एवं राजस्व विभाग के संयुक्त कैंप तथा स्वयं के माध्यम से रजिस्ट्रेशन हेतु किसानो को प्रोत्साहित करते हुए फार्मर रजिस्ट्री कराएं। इसके साथ ही अपनी अपनी ग्राम पंचायत में किसानों को योजना से होने वाले लाभ जैसे कि पीएम किसान सम्मन निधि योजना अंतर्गत आगामी किस्त प्राप्त करने हेतु फार्मर रजिस्ट्री आईडी अनिवार्य है बिना फॉर्मर रजिस्ट्री के अगली किस्त नहीं प्राप्त होगी, किसानों को फसल बीमा हेतु किसान क्रेडिट कार्ड, एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड एवं कृषि के विकास हेतु अन्य ऋण प्राप्त करने हेतु किसान फार्मर रजिस्ट्री आवश्यक होगी, फसल बीमा का लाभ प्राप्त करने में सुगमता होगी, इसके साथ ही आपदा प्रबंधन के अंतर्गत कृषको को क्षतिपूर्ति हेतु कृषको का चिन्हांकन करने में सुगमता होगी, फार्मर रजिस्ट्री करने से किसान भाइयों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने तथा कृषि एवं संबद्ध विभागों को फार्मर रजिस्ट्री पर उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर योजनाओं का लाभ वितरण करने में सुगमता होगी, लाभार्थी कृषक भाइयों का बार-बार सत्यापन करना आवश्यक नहीं होगा आदि चीजे बताएं।

## डीएम की अध्यक्षता में टास्क फोर्स समिति की हुई बैठक

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को बेसिक शिक्षा विभाग की जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, प्राचार्य डायट, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, समस्त जिला समन्वयक, पैक्सफेड प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा कायाकल्प के 19 पैरामीटर, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में निर्माण की प्रगति, स्पॉट असेसमेंट, मध्याह्न भोजन योजना एवं सामुदायिक सहभागिता के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गये। एनबीएमसी पोर्टल से प्राप्त डाटा की समीक्षा की गई साथ ही निर्देशित किया गया कि संघर्षशील विद्यालयों की निरंतर समीक्षा करते हुए संघर्षशील विद्यालयों को मध्यम इव सक्षम श्रेणी में लाने हेतु प्रयास किया जाए। आरटीई के अंतर्गत द्वितीय चरण में अधिकाधिक बच्चों का पोर्टल के माध्यम से आवेदन करवाया जाए साथ ही साथ निरंतर समीक्षा भी की जाए।

# बड़ी छावनी अयोध्या में पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने किया भंडारा, क्षेत्र के तमाम लोग हुए शामिल



सभी संत महात्माओं को भोजन कराने के बाद दक्षिणा देकर आशीर्बाद प्राप्त किया। पूरे परिवार समेत पंहुचे श्री अवस्थी ने अयोध्या की बड़ी छावनी के महंत से आशीर्बाद प्राप्त किया

लोकमित्र ब्यूरो

**रामनगर।** बड़ी छावनी अयोध्या में निवर्तमान विधायक शरद अवस्थी द्वारा साधू संतो का विशाल भंडारा कराया गया। सभी संत महात्माओं को भोजन कराने के बाद दक्षिणा देकर आशीर्बाद प्राप्त किया। पूरे परिवार समेत पंहुचे श्री अवस्थी ने अयोध्या की बड़ी छावनी के महंत से आशीर्बाद प्राप्त किया। इसके बाद संत महात्माओं का भंडारा किया।

रामनगर विधान सभा से भी सैकडो लोग भंडारे में पंहुचे और प्रसाद ग्रहण किया जिनमें पूर्व चेयर मैन बद्री विशाल त्रिपाठी,शेखर द्वारण, इन्द्र मणि श्याम,संजय प्रधान गोपाल पुर,राजेश अवस्थी, सत्येंद्र वर्मा प्रधान गोपाल पुर,गुड्डू बारी,सुशील वर्मा,उमेश मिश्रा,चंदन,नानमून शुक्ला,श्यामू शुक्ला,राहुल अवस्थी,पिंटू सिंह, देव पांडेय, दीपक कुमार,प्रफुल्ल आदि मौजूद रहे।

## किसानों की समस्या को लेकर किसान संगठन ने खंड विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**बीघापुर,उन्नाव।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक गुट ने खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। बुधवार दिन के 02 बजे किसान संगठन के पदाधिकारियो ने ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से आवारा जानवरों से किसानो को निजात दिलाने, सरकार द्वारा आयी सरकारी योजनाओं को किसानों तक पहुचाने, किसानों को राशन कार्ड बनवाने में आ रही समस्याओं से निजात पाने, गाँवो में नालियों की सफाई न होने , गाँवो में लगे हैंडपंप की रिबोरिंग कराने, पांडेयपुर की गौशाला की व्यवस्था सुधारने, आदि समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है।

# फॉर्मर रजिस्ट्री न कराने वाले किसानों की रुकेगी सम्मान निधि



लोकमित्र ब्यूरो

**बाराबंकी।** फॉर्मर रजिस्ट्री न कराने वाले किसानों की अब पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिलेगा। आज ग्राम पंचायत सराय बेलहरी डोर तो डोर कैंपेन, असदामऊ में सीएसएसी पर जाकर विकास खंड सिद्धौर की खंड विकास अधिकारी/उप जिलाधिकारी पूजा गुप्ता द्वारा स्थलीय सत्यापन किया गया जिसमें सभी किसानों को फॉर्मर रजिस्ट्री हेतु अभी को निर्देशित किया गया कैंपेन के समय किसानों गणेश, मिथलेश जंग बहादुर प्रेमवती आदि से खंड विकास अधिकारी ने खुद से जल्द से जल्द फॉर्मर रजिस्ट्री के लिए बोला सत्यापन के समय अवर अभियंता सोमवीर, ग्राम पंचायत सचिव रेखा, ग्राम प्रधान रामसागर, प्रधान शुभकरण, प्रधान जाकिर रोजगार सेवक हरे कृष्ण, पंचायत सहायक उर्मिला, तकनीकी सहायक महेंद्र यादव उपस्थिति थे

# कथा के तीसरे दिन द्रौपदी चीर हरण की कथा हुई व्यथित

लोकमित्र ब्यूरो



**मसौली बाराबंकी।** कस्बा के भूलीगंज स्तिथ मां शक्ति काली पीठ मंदिर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचिका साध्वी पूनम ने द्रौपदी चीरहरण की कथा सुनाई।

कथावाचिका साध्वी पूनम ने कहा भगवान श्रीकृष्ण ने सुदर्शन चक्र से शिशुपाल का वध किया था तब भगवान श्रीकृष्ण की उंगली कट गई थी और उसमें से निरंतर खून बह रहा था। तब द्रौपदी ने तुरंत अपनी साड़ी का पल्लू फाड़ कर भगवान श्रीकृष्ण की उंगली पर पट्टी बांधी थी।तब श्रीकृष्ण ने कहा था कि मैं इस बात को हमेशा याद रखूंगा और भविष्य में इस साड़ी के टुकड़े की कीमत जरुर चुकाऊंगा। पांडव जब कौरवों से जब जुएं में हार गये थे,तब उन्होंने ने अपनी पत्नी द्रौपदी को भी दांव पर लगा दिया था ओर उनकी पराजय हुई थी। तब भरी सभा में दुर्योधन ने दुशासन को द्रौपदी को लाने के लिए बोला।

दुशासन द्रौपदी के केश पकड़ कर उसको सभा में घसीटते हुए ले कर आया।तब दुर्योधन ने दुशासन से द्रौपदी का चीरहरण करने के लिए कहा ओर जब दुशासन द्रौपदी की तरफ बढ़ कर चीरहरण करने लगा,तब द्रौपदी ने हाथ जोड़कर आंखें बंद करके भगवान श्रीकृष्ण को याद किया।तब भगवान श्रीकृष्ण ने द्रौपदी के द्वारा बांधी गई साड़ी का कर्ज चुकाते हुए उस समय द्रौपदी की लाज बचाई थी।

इस मौके पर कथा आयोजक अमरीष वर्मा, गुड्डू यादव, राजू यादव, राम सागर वर्मा, सतेंद्र वर्मा,पंकज वर्मा,भगौती प्रसाद,राम सिंह आदि भक्त उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर तालाब में पलटा चालक की मौत



लोकमित्र संवाद

**सफीपुर, उन्नाव।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के पनपथा मार्ग पर बुधवार को एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर तालाब में पलट गया।हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे अस्पताल ले जाया गया लेकिन इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।जानकारी के मुताबिक,रामपुर जिले के थाना शाहाबाद क्षेत्र निवासी मिंटू पुत्र चोखे बिजली टावर निर्माण कंप में ठेकेदारी का काम करता था।हादसे के समय वह ट्रैक्टर लेकर सफीपुर के पनपथा मार्ग से मरौदा मार्ग पर जा रहा था।अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर तालाब में पलट गया और ट्रैक्टर पलटने से मिंटू उसके नीचे दब गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी।पुलिस मौके पर पहुंची मिंटू को घायल अवस्था में सीएचसी में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने मृतक की पहिचान कर टावर निर्माण कंपनी के अधिकारियों व परिजनों को घटना की जानकारी दी। सफीपुर इंस्पेक्टर श्याम नारायण यादव ने बताया कि मामले की जांच पूरी कर आवश्यक कार्यवाही की गई है।

# ठंड से कांपा इलाका, लोग घरों में दुबके



लोक मित्र संवाद

**असोहा, उन्नाव।** इधर एक सप्ताह से चल रही सीत लहरी व हाड कपाऊ सर्द से इलाके में लोग शाम होते ही घरो में दुबक जाते हैं व दिन भर जैसे तैसे आग के किनारे बैठे हुए गपशप करते रहते हैं पहले तो लोग कहते थे कि शायद इस बार सर्दी नहीं होगी परंतु दिसंबर माह ने जाते-जाते इतनी सर्दी पैदा कर दी की 2025 काप उठा और लोगों ने ताबड़तोड़ उऊनी कपड़े बड़ी संख्या में निकाल कर आंग की शरण ले ली लगातार 2 दिन तक सूर्य देवता ने दर्शन नहीं दिए जिससे लोग सर्द के मारे लोग त्राहि माम कर उठे और गर्मी को याद करने लगे आग के किनारे खेतों के रखवाली कर रहे।

किसानों के सामने दोहरी समस्या खड़ी हुई है एक तो ठंड दूसरे आवारा पशुओं से फसलों की रखवाली और असोहा क्षेत्र में इधर एक सप्ताह से कड़ाके की शर्द पड़ रही है निचले स्तर के विद्यालय में छुट्टी है तो वही बड़े क्लास के बच्चे ठिठुर हुए।

स्कूल जाते रहते हैं तथा मजदूर सुबह से ही रोजी-रोटी के लिए निकल पड़ते है वहीं पर किसान खेतों में पहुंचकर खेती किसानी में व्यस्त हो जाता है और आग के सहारे बैठकर तापा है संवाददाता को आग के किनारे बैठे किसानों ने ठंड के विषय में बताते हुए कांप उठे।

## निर्माणाधीन मकान से निर्माण सामग्री चोरी

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पोनी रोड स्थित श्री नगर, माली कुआं के पास एक निर्माणाधीन मकान से अज्ञात चोरों ने हजारों रुपये की सामग्री चोरी कर ली। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शक्ति नगर निवासी राज गुप्ता ने बुधवार को गंगाघाट कोतवाली में तहरीर दी। उन्होंने बताया कि माली कुआं के पास वे एक मकान का निर्माण करा रहे हैं। मंगलवार शाम काम बंद होने के बाद वे ताला लगाकर घर चले गए थे। रात के अंधेरे में अज्ञात चोरों ने निर्माणाधीन स्थल पर धावा बोल दिया। चोरों ने निर्माण कार्य के लिए रखी गई सामग्री पर हाथ साफ़ किया। चोरी हुई सामग्री में 50 किलो सरिया, 115 लोहे की रिंग, एक हैंडपंप, एक जाली, दो लोहे की ग्रिल, खाने के बर्तन, फावड़ा और तसला शामिल हैं। पीड़ित राज गुप्ता के अनुसार, चोरी हुई सामग्री की कीमत हजारों रुपये में है। घटना की जानकारी मिलते ही राज गुप्ता ने तुरंत पुलिस को

# विद्युत विभाग के दोहन के खिलाफ व्यापारियों ने जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

जिला अध्यक्ष रजनीकांत श्रीवास्तव द्वारा ज्ञापन के माध्यम से जिला अधिकारी से मांग करते हुए कहा की विद्युत विभाग द्वारा बिना कनेक्शन दिए कागज पर खाना पूर्ति कर बिल जेनरेट कर दिए जाते हैं

लोक मित्र ब्यूरो

**उन्नाव।** विद्युत विभाग की जा रही अनियमिताओं एवं दोहन शोषण को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष रजनीकांत श्रीवास्तव के नेतृत्व में व्यापारियों ने पांच सूत्री ज्ञापन द्वारा नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा।

जिला अध्यक्ष रजनीकांत श्रीवास्तव द्वारा ज्ञापन के माध्यम से जिला अधिकारी से मांग करते हुए कहा की विद्युत विभाग द्वारा बिना कनेक्शन दिए कागज पर खाना पूर्ति कर बिल जेनरेट कर दिए जाते हैं तथा विद्युत विभाग द्वारा मीटर लोड को लेकर होटल रेस्टोरेंट गेस्ट हाउस छोटे-छोटे उद्योगों कारखानों में शोषण और दोहन किया जा रहा है यही नहीं विद्युत कनेक्शन के नाम पर बड़े-बड़े एस्टीमेट बनाकर उत्पीड़न दोहन की स्थिति पैदा की जाती है। नगर अध्यक्ष संजय शुक्ला ने बताया शहर शहर मुख्यालय के दर्जनों मोहल्ले में बलियों के सहारे 100 मीटर की दूरी पर से जो कनेक्शन किए गए हैं वहां पर पोल लगाकर सभी कनेक्शन वैध किए जाएं ।जिला प्रशासन से व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष रजनीकांत श्रीवास्तव ने मांग करते हुए कहा विद्युत विभाग की सभी कमियों की जांच कर कर और व्यापारी एवं उद्यमियों के साथ हो रहे दोहन शोषण उत्पीड़न को बंद कराया जाए। अन्यथा व्यापार मंडल धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा। जनपद में कड़ाके की ठंड को देखते हुए सभी व्यापारिक बाजारों, चौराहों, रेलवे स्टेशन बस स्टेशन जिला चिकित्सालयों कचहरी परिसर आदि आम जनमानस जगह पर अलाव जलवाने की मांग व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारीयों द्वारा की गई। आज के इस कार्यक्रम में जिला महामंत्री शैलेंद्र गुप्ता जिला उपाध्यक्ष कमलेश गुप्ता जिला वरिष्ठ महामंत्री राजेश सिंह, इश्तियाक गौरी नगर जिला उपाध्यक्ष नवीन तिवारी अध्यक्ष संजय शुक्ला, जिला संगठन मंत्री अजय श्रीवास्तव जिला युवा अध्यक्ष संजय त्रिपाठी जिला युवा महामंत्री महेश गुप्ता नगर युवा अध्यक्ष सुमित गुप्ता प्रभारी के जितेंद्र दीक्षित मंत्री सुदीश चंद्र कटिहार, रामेंद्र गुप्ता मनोज गुप्ता सुशील कुमार शर्मा दिनेश कुशवाहा आशीष सिंह दुर्गेश कुमार अभय प्रकाश तिवारी पुलिन दीक्षित विवेक प्रकाश तिवारी विजय शुक्ला सौरभ गुप्ता आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## बेटों को जान से मारने की दी गई धमकी

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आजाद मार्ग पर एक बाइक मैकेनिक को धमकी भरा पत्र मिला है, जिससे उसका पूरा परिवार दहशत में है। सुखलाल खेड़ा निवासी भगवानदीन के बेटे संजय निषाद आजाद मार्ग पर बाबा कुटी के सामने अपनी रिहायशी मकान में बाइक मरम्मत की दुकान चलाते हैं। बुधवार सुबह एक बंद लिफाफा भी फेंका। लिफाफा खोलने पर उन्हें दस रुपये का सिक्का और एक धमकी भरा पत्र मिला। पत्र में लिखा था, ष्संजय, तुम एक सप्ताह के लिए दुकान बंद कर दो, नहीं तो तुम्हारे दोनों बच्चे मारे जायेंगे। इसे मज़ाक न समझना, तुम्हारे कारण मेरा नुकसान हो रहा है।ष् धमकी देने वाले ने लिफाफे पर यह भी लिखा था कि पुलिस को खबर करने की गलती न करें। इस धमकी से संजय और उनका परिवार बेहद डरा हुआ है। संजय ने तत्काल पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और धमकी देने वाले की तलाश में जुट गई है।

# चोरी के ई-रिक्शा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** बुधवार को थानामुसाफिर के उ0नि0 हेमनारायण सिंह मय हमराह द्वारा मु0अ0सं0 02/25 धारा 317(2) बीएनएस थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी से संबंधित प्रकाश में आये अभियुक्त शिवा पाण्डेय पुत्र रामनवल पाण्डेय निवासी ग्राम पूरे प्रेमशाह थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र करीब 20 वर्ष को पिण्डारा कट, सुलतानपुर-लखनऊ हाइवे के पास से समय करीब 12.30 बजे रात मे गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से 01 बैट्री एवं 300 रुपया बरामद हुआ। पूछताछ में अभियुक्त ने उक्त बैट्री के संबंध में बताया कि ÷यह बैट्री, करीब 02 माह पूर्व काशीराम कालोनी अमहट सुलतानपुर के पास से चोरी कर लाये ई-रिक्शा की है । ई-रिक्शा के बारे मे पूछने पर अभियुक्त ने बताया कि उसने ई-रिक्शा पूरे-प्रेमशाह के जंगल में छुपा के रखा है । अभियुक्त की निशानदेही पर 01 नीले रंग का ई-रिक्शा, 03 एक्साइड बैट्री, और ई-रिक्शा के 02 पहिया बरामद किया गया। ई-रिक्शे से संबंधित पहिया,मोटर, हैन्डिल व छतरी के बारे मे अभियुक्त ने बताया कि उसने उक्त सामान किसी अन्जान व्यक्ति को बेच दिया, बरामद 300 रूपये उसी ब्रिकी के है । बरामद ई-रिक्शा क्र44 8799 के संबंध में जनपद सुलतानपुर के थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 792/24 धारा 303 बीएनएस पंजीकृत है। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

## संक्षिप्त खबरें

### पार्टी के सामने संकट था, इसलिए मुझे रिटायर कियाः बृजभूषण

**गोण्डा।** कैसरगंज से पूर्व बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा, पार्टी के सामने संकट था, इसलिए मुझे रिटायर किया गया। हम फैसले का स्वागत करते हैं। वहीं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंल केजरीवाल पर हमला बोला। कहा, दुर्भाग्य है कि 10 साल से एक फ्राडिया दिल्ली पर कब्जा करके बैठा हुआ है, जिसको दिल्ली के विकास से नहीं मतलब है। दिल्ली की सफाई से नहीं मतलब है। दिल्ली की गंदगी से नहीं मतलब है। यमुना से मतलब नहीं है। ना पढ़ाई लिखाई से मतलब है। बस फ्रॉड, फ्रॉड, फ्रॉड और अब वहां पर जनता को फैसला लेना है। मेरी नजर में अरविंद केजरीवाल फ्रॉडिया है। फ्रॉड करके ही अरविंद केजरीवाल ने सरकार बनाई है। प्रयागराज महाकुंभ के संगम की तुलना करते हुए पूर्व सांसद ने कहा कि नंदिनी नगर के प्रांगण में आयोजित संगम भी बहुत महत्वपूर्ण है, जहां लोगों ने उन्हें आशीर्वाद देने के लिए आकर समर्थन दिखाया। उन्होंने यह भी बताया कि देवीपाटन मंडल की भूमि तपस्वियों की भूमि है और इसे लेकर उन्हें गर्व महसूस होता है। बृजभूषण शरण सिंह ने गोंडा और अयोध्या के बीच गहरे रिश्ते की बात करते हुए कहा कि गोंडा बिना अयोध्या अधूरी है, और अयोध्या के बिना गोंडा अधूरी है। उनका यह बयान इस क्षेत्र के धार्मिक महत्व को दर्शाता है। पूर्व सांसद ने अपने रिटायरमेंट पर कहा कि यह बात कर्म में निकल गई थी, और किसी से जबरदस्ती नहीं कहा था। उन्होंने यह भी बताया कि उनके कई समर्थक चाहते थे कि वह रिटायर ना हों, और आज भी उनकी यही इच्छा बनी हुई है। बृजभूषण शरण सिंह ने रामचरितमानस की चौपाई पढ़ते हुए कहा कि पार्टी के फैसले का स्वागत करते हुए उन्होंने पार्टी के सामने मौजूद संकट का जिक्र किया।मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही वहां जीत हासिल करेगी।

### नहर में रिसाव से कई बीघा फसल डूबी, प्रशासन से मुआवजे की मांग

**गोण्डा।** सदर तहसील के लक्ष्मणपुर हरिवंश गांव के पास सरयू नहर में रिसाव के कारण किसानों की फसलें बर्बाद होने की कगार पर हैं। नहर के नीचे से हो रहे पानी के रिसाव से कई बीघा जमीन पर खड़ी फसल जलमग्न हो गई है। इस घटना से किसान परेशान हैं और प्रशासन से मुआवजे की मांग कर रहे हैं। गांव के करुणेश मिश्रा ने नहर के रिसाव का वीडियो बनाकर शिकायत की। उन्होंने जिला प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की और सरयू नहर विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। करुणेश का कहना है कि सूचना देने के बावजूद विभाग के अधिकारी समय पर मौके पर नहीं पहुंचे, जिससे स्थिति और खराब हो गई। गोंडा के डीएम के आदेश के बाद सरयू नहर विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। बुलडोजर की मदद से रिसाव को बंद करने का काम शुरू कर दिया गया है। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाए हैं। अरुणेश मिश्रा ने बताया कि उनके खेत में सरसों और गेहूं की तीन एकड़ फसल खड़ी थी, जो अब पानी में डूब चुकी है। उनका आरोप है कि सरयू नहर विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण यह स्थिति पैदा हुई। कई बार सूचना देने के बावजूद अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे। अब मेरी पूरी फसल बर्बाद हो गई है। मैं प्रशासन से मांग करता हूं कि नहर विभाग के लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाए,ष् अरुणेश ने कहा।

### ऑटो पार्ट्स की दुकान में भीषण आग, 25 लाख रुपए से ज्यादा का नुकसान

**गोण्डा।** जिले के धानेपुर थाना क्षेत्र के देवरिया अलावल बाजार में देर रात एक ऑटो पार्ट्स की दुकान में भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि पूरी दुकान जलकर राख हो गई। घटना के बाद आसपास के लोग हैरान रह गए और अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय निवासियों ने दुकान मालिक गुरु प्रसाद और पुलिस को आग लगने की सूचना दी। सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकान मालिक गुरु प्रसाद ने बताया कि आग लगने से उनकी दुकान में रखा ऑटो पार्ट्स और अन्य सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। उन्होंने बताया कि इस हादसे में लगभग 25 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। आग के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। हालांकि, गुरु प्रसाद ने आशंका जताई है कि यह घटना किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जानबूझकर की गई हो सकती है। इस संबंध में उन्होंने धानेपुर थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीमें आग लगने के कारणों का पता लगाने में जुटी हैं।

### सहयोग संस्था ने खिन्नी बाग चौराहे पर वितरित की चाय'

**शाहजहांपुर।** ठंडी से बचने हेतु सहयोग संस्था के पदाधिकारियों ने खिन्नी बाग के रामलीला चौराहे पर कैंप लगाकर सभी राहगीरो को गरमा गरम चाय पिलाई और बिस्किट खिलाए। संस्था के सचिव डॉक्टर पुनीत मनीषी ने सभी को चाय पिलाते हुए कहा कि हमारी संस्था पूरी मेहनत व लगन से पूरे ठंडी के मौसम में चाय वितरण एवं कंबल वितरण का कार्य करेगी और जनता के सहयोग के जो जो कार्य हैं उसमें अपनी सहभागिता अवश्य करेगी। कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक अनिल गुप्ता प्रधान एवं शालू यादव, शिवम वर्मा, विकास सक्सेना, डॉक्टर सैय्यद अनवर, अंचल गुप्ता, अजय सिंह भंडारी, आयुष रस्तोगी, काजल ,सिमरन, संध्या, आरती, सुधीर आदि उपस्थित रहे।

### दिलीप गुप्ता भाजपा हनुमत धाम मंडल के पुनः अध्यक्ष बनाए गए

**शाहजहांपुर।** हनुमत धाम मंडल के दिलीप गुप्ता को फिर से अध्यक्ष बनाए जाने पर उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। अमन सक्सैना महामंत्री हनुमान धाम मंडल के नेतृत्व में मंडल अध्यक्ष दिलीप गुप्ता का व महानगर मंत्री अभिषेक यादव का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर शाश्वत श्रीवास्तव, हर्षित सक्सेना, प्रियांशु सक्सेना, शिवा सक्सेना, शिव गुप्ता, संतोष गुप्ता, अंकित मिश्रा, सामोद शर्मा आदि दर्शनों कार्यकर्ताओं ने उनके आवास पर जाकर दिलीप गुप्ता का माला पहनकर ब मिठाई खिलाकर स्वागत किया। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्षोल्लास से खुशी मनाई।

# महिला सम्मेलन में बोले सीएम योगीः जो सुधरता नहीं है, उसे प्रकृति सुधार देती

- राजनीति वही कर सकता, जिसे सब कुछ आताः सतीश महाना
- कार्यक्रम में यूपी की 48 और उत्तराखंड की शामिल हुई 8 महिला विधायक





**सुनील बाजपेई**

**कानपुर।** आज यहां बुधवार को बिठूर में आयोजित कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड विधान मंडल के महिला सम्मेलन का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो सुधरता नहीं है, उसे प्रकृति सुधार देती है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश सुधार की ओर है। लोकतंत्र में हमने कभी अपनी बात को दूसरों पर नहीं थोपा। कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन के कार्यक्रम में यूपी-उत्तराखंड की 56 महिला विधायकों संबोधित कर करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी विधानसभा पिछले 3 सालों में नए-नए प्रयोग के बारे में जानी जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारी ई-विधानभा पेपरलेस है। ई-प्रणाली लागू करने में हम देश में नंबर वन हैं। हम विधानसभा में एक साथ बैठते हैं। तब हम समाज के बारे में सोचते हैं।
उन्होंने कहा कि पहले लोग कहते थे कि जो कुछ नहीं कर सकता, वो राजनीति में आता है। आज की राजनीति में जिसे सब कुछ आता है, वो ही राजनीति कर सकता है। इस दौरान सरकार द्वारा जनहित में किया जा रहे कार्यों के बीच चर्चा करते हुएमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज हम 1 करोड़ 91 लाख बच्चों को जूते-मोजे और पूरी ड्रेस दे रहे हैं। एक जनप्रतिनिधि के रूप में शिक्षकों से बात कर सकते हैं।
ऑपरेशन कायाकल्प के तहत स्कूल अच्छे बनाए गए। जनसहभागिता से ये काम किया गया। गांव आज 5 से 7 लोगों को रोजगार उपलब्ध करा रहा है। स्वावलंबी गांव की तरफ हम बढ़ रहे हैं। वहीं इस मौके पर सतीश महाना ने कहा कि भारतीय संस्कृति में देवी को ऊंचा दर्जा है। हम महिलाओं को दुर्गा, काली व सरस्वती कहते हैं। व्यवहार में हम कहां हैं, ये सोचना है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि महिला के सम्मान की हमेशा चर्चा हुई, लेकिन जब वो फाइल में बंद कर रख दी जाती हैं, तो कोई महत्व नहीं रह जाता है। कार्यक्रम में यूपी की 48 और उत्तराखंड की 8 महिला विधायक शामिल हुईं।

# गरीबों व असहायों की मदद करने से आत्मिक सुख की अनुभूति होती हैः कय्यूम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिंगाही-खीरी।** गरीबों और असहायों की मदद करने से व्यक्ति को आत्मिक सुख की अनुभूति होती है। जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे आने वाले व्यक्तियों को समाज उनके अनुकरणीय कार्यों के लिए सदैव याद रखेगा। गरीबों की मदद करते समय सदैव निस्वार्थ भाव मन में रखना चाहिए। उक्त विचार नगर पंचायत चेयरमैन ने मोहम्मद क़य्यूम ने कंबल वितरण के समय व्यक्त किये। हर साल की तरह नगर पंचायत चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम ने अपने आवास पर जरूरतमंदों को एक हजार कंबल वितरित किए। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने ने कहा कि सर्दी के मौसम में कंबल गरीबों के लिए काफी हद तक मददगार साबित होता है। गरीबों और असहायों की सहायता अवश्य की जानी चाहिए। चेयरमैन ने कहा कि नर सेवा ही नरायण सेवा होती है। गरीबों की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य हैं।उनका प्रयास है कि गरीबों के दुखों में भागीदार बनकर उनका सहयोग किया जाये। चेयरमैन ने कहा कि वह नगर की जनता की सेवा के लिए पूरे पारदर्शी तरीके से कृत संकल्प हैं। वह हर सम्भव प्रयास कर रहे हैं। चेयरमैन ने कहा कि ये अभियान लगातार जारी रहेगा। जिसे भी जरूरत होगी। जानकारी मिलने पर उन्हें गर्म कंबल भेंट करेंगे। इस दौरान सभासद नरेन्द्र गुप्ता,मो0 आकिल,हाफिज अब्दुल हफीज, रामजी गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# विधायकों की मेहनत हुई सफल

- कस्ता भाजपा विधायक सौरभ सिंह पर हमले को लेकर सभी विधायक पहुंचे थे सीएम दरबार
- एस पी गणेश प्रसाद साहा का हुआ तबादला संकल्प शर्मा हुए खीरी जिले के नए एसपी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** जनपद खीरी के विधायकों की चलो कुछ हद तक मेहनत रंग ले ही आई। सूबे के मुखिया उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खीरी जिले के विधायको की बातों को आखिर गंभीरता से सुना।
और लखीमपुर खीरी के विधायकों ने पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा को हटाने के लिए एकजुट हो गए। सभी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने लखनऊ पहुंच गए। जनपद के सभी विधायको ने कहा कि एस पी का नहीं उठता है फोन,नहीं सुनते कोई बात,कानून व्यवस्था को पूरी तरह से बिगाड़ रखा है।
सीएम ने विधायकों की बात का संज्ञान लिया,उधर दूसरे दिन तब तलक लखीमपुर के निघासन / मझगई के हुलासी पुरवा गांव में एक बड़ा मामला घट गया। पुलिस पिटाई से एक युवक की मौत का मामला सामने आ गया,जो काफी चर्चित रहा।
जिस पर सूबे के मुखिया ने तत्काल जिला लखीमपुर खीरी के पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा को हटा दिया और उनको मैनपुरी ट्रांसफर कर दिया गया वही जिला लखीमपुर खीरी के संकल्प शर्मा को नया एसपी बनाकर तैनात कर दिया गया है।

# लखीमपुर सिविल कांट्रेक्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने भेजा ज्ञापन

- गन्ना के मार्गों के पुनर्निर्माण हेतु निविदाओं व अन्य मांगों के सम्बंध में अधिशाषी अभियंता खीरी व प्रमुख अभियंता लखनऊ को भेजा ज्ञापन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** लखीमपुर सिविल कांट्रेक्टर्स एसोसिएशन लोक निर्माण विभाग ने अपनी विभिन्न मांगों के सम्बंध में मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग लखनऊ व अधिशाषी अभियंता लखीमपुर को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में कहा गया है कि लखीमपुर के सभी ठेकेदारों के प्रपत्रों की जांच का एक नियत समय तय किया जाए और उनकी प्रहरी का अप्रूवल जारी किया जाए जिससे सभी ठेकेदार निविदाओं में भाग ले सकें।जिले के लिए जारी सीआरसी ही विभाग द्वारा स्वीकार की जाए।अन्य जनपदो की नहीं।टीएस की कापी अनुबंध के गठन तक जारी होनी चाहिये।निविदाओं की एल वन को छोड़कर सभी की सिक्योरिटी तत्काल वापस की जाए।कार्य समाप्ति के बाद तत्काल फाइनल बिल भुगतान किया जाए।न कि बाद में निल का बिल देकर लटकाया जाए।विभाग सभी ठेकेदारों के अनुबंध के साथ दी गयी।
धरोहर धनराशि को गोपनीय रूप से ऑनलाइन परीक्षण कराएं एवं सम्बंधित सहायक अभियंता द्वारा एफडीआर का सत्यापन की सत्यता अंकित की जाए।सीआरसी की मूल दोनों प्रतियां ठेकेदार से ली जाएं।एक प्रति को अमान्य माना जाए।इसके साथ ही ज्ञापन में डीएलपी की स्थिति भी स्पष्ट करने की मांग की गई है।
ज्ञापन पर अध्यक्ष नीरज वर्मा,संरक्षक दिनेश वर्मा,उपाध्यक्ष विवेक त्रिपाठी,अरुण कुमार सिंह,महामंत्री भुवन कुमार गुप्ता,कोषाध्यक्ष मो. शफीक, मंत्री संजय गुप्ता,संयुक्त मंत्री विपिन कुमार,संगठन मंत्री परवेज अहमद व सौरभ पांडे,मीडिया प्रभारी चमन सिंह राणा व मो. मोनिस सहित अन्य पदाधिकारियों के हस्ताक्षर हैं।

# धूमधाम से पूर्व सांसद बृजभूषण ने मनाया अपना जन्मदिन, बुलडोजर से बरसे फूल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गोण्डा।** कैसरगंज लोकसभा सीट से पूर्व सांसद और भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने अपने जन्मदिन को इस बार भी बेहद धूमधाम से मनाया। हर साल की तरह इस बार भी उन्होंने युवा ज्ञान शक्ति संगम का आयोजन किया, जो उनकी विशिष्ट पहल बन चुकी है। इस कार्यक्रम में लगभग 40 जिलों के बच्चों के बीच मंडलीय प्रतिभा खोज परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में प्रथम स्थान पाने वाले लड़कों को मोटरसाइकिल और लड़कियों को स्कूटी देकर सम्मानित किया गया। इस बार भी दर्जनभर से अधिक बच्चों को बृजभूषण शरण सिंह ने खुद ये पुरस्कार भेंट किए। वहीं, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले हजारों प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर उनकी मेहनत को सराहा गया। साथ ही अन्य प्रतिभागियों को ट्रैकसूट, मेडल और प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।
बृजभूषण शरण सिंह अपने घर से सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ नंदिनी नगर स्पोर्ट्स स्टेडियम पहुंचे। रास्ते में समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। कुछ स्थानों पर तो बुलडोजर पर चढ़कर पुष्प वर्षा करते हुए बधाई दी गई।
कार्यक्रम स्थल पर हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे, जिनमें बच्चों और उनके अभिभावकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। बृजभूषण शरण सिंह के जन्मदिन पर यह आयोजन हर साल किया जाता है। इस बार 35 से अधिक जिलों के हजारों बच्चों ने इसमें भाग लिया। यह आयोजन न केवल बच्चों के बीच प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देता है, बल्कि उन्हें बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने का हौसला भी देता है।

# कोलकाता ने झारखंड को 5-4 से हराकर फाइनल में

- स्व. फूलमती देवी राष्ट्रीय महिला फुटबाल प्रतियोगिता
- कोलकाता और पथरदेवा का फाइनल आज

**लोकमित्र ब्यूरो**



**बैतालपुर, देवरिया।** स्व. फूलमती देवी राष्ट्रीय महिला फुटबाल प्रतियोगिता के सातवे दिन बुधवार को कोलकाता और झारखण्ड (धनबाद )के बीच खेला गया, हाई बोलटेज मैच में कोलकाता की टीम झारखण्ड पर लगातार दबाव बनाई हुई थी द्य लेकिन दोनों ही टीमें एक भी गोल नहीं कर सकी द्य अंत में पेनाल्टी शूट द्वारा मैच का निर्णय हुआ जिसमें कोलकाता ने झारखंड को 5-4 से हरा कर फ़ाइनल में प्रवेश कर लिया।
मैच के मुख्य अतिथि समाजसेवी राधेश्याम राय (प्रधान)विशिष्ट अतिथि त्रिलोकी जायसवाल कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीप्रवेश मणि त्रिपाठी (पूर्व सैनिक ) द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। बैतालपुर नगर पंचायत के पंचमुखी हनुमान मंदिर के प्रांगण में चल रहे राष्ट्रीय महिला फुटबॉल मैच में बुधवार को कोलकाता और झारखंड के बीच खेला गया द्य हाई बोलटेज मैच में कोलकाता और झारखंड की टीम लगातार दबाव बनाई हुई थी, लेकिन गोल नहीं हो सकी।
अंत में ट्राई ब्रेकर द्वारा मैच का निर्णय हुआ जिसमें कोलकाता ने झारखंड को 5-4 से मैच जीत फाइनल में प्रवेश कर लिया। मंच का संचालन अजय पाण्डेय व कमेंट्री संतजी, मंजेश द्वारा किया गया। इस दौरान अवनीद्र श्रीवास्तव (संरक्षक ) सुयश मणि त्रिपाठी(संरक्षक), सूर्यप्रकाश मणि त्रिपाठी (अध्यक्ष ), राकेश मणि, नविन मणि, राधेश्याम राय, गजधर मणि त्रिपाठी (चेयरमैंन, बैतालपुर), सुरेंद्र मणि त्रिपाठी, भरत मणि त्रिपाठी, अजय मणि त्रिपाठी, प्रवीण डूबे, अमरचंद, उमेशधर द्विवेदी, अजय मणि त्रिपाठी, नवीन मणि त्रिपाठी, अनिल मणि (प्रधान )अशोक (प्रधान), अमित यादव (सभासद), विकी पाण्डेय, विनय मणि, ओम शंकर, भूपेंद्र मणि, नरेंद्र मणि, भोलू वर्नवाल, आकाश, आदि उपस्थित रहे।

**झारखंड ने लखनऊ को 3-0 से हरायाङः** तीसरे और चौथे नम्बर का मैच स्व. फूलमती देवी राष्ट्रीय महिला फुटबाल प्रतियोगिता के सातवे दिन बुधवार को झारखण्ड (धनबाद )और लखनऊ के बीच तीसरे और चौथे नंबर के बीच खेला गया, हाई बोलटेज मैच में झारखंड लगातार गोल के लिए दबाव बनाई हुई थी झारखंड की प्लेयर == ने लखनऊ को 3-0 से हरा क़र तीसरे स्थान की जगह पक्का क़र लिय। मैच के मुख्य अतिथि सपा नेता बाँके लाल यादव विशिष्ट अतिथि विनोद सिंह और कार्यक्रम की अध्यक्षता उमेश धर द्विवेदी प्रबंधक, जीवन ज्योति शिक्षा निकेतन, बैतालपुर) द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। दर्शकों से खचाखच भरा मैदान देवरिया। बैतालपुर प्रांगण में चल रहे स्वश फूलमती देवी राष्ट्रीय महिला फुटबॉल मैच को देखने के लिए जबरदस्त भीड़ पहुंची, जिसको सँभालने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन का सहयोग लेना पड़ा।

# बैकफुट पर आयी पुलिस लिखित आश्वासन के बाद हुआ अंतिम संस्कार

- भाजपा नेता द्वारा आश्वासन के बाद परिजन शव का अंतिम संस्कार करने को राजी हो गए जिसके बाद शांति पूर्ण तरीके से अंतिम संस्कार किया

**लोकमित्र ब्यूरो**



**निघासन-खीरी।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस हिरासत में युवक की मौत के मामले में भाजपा नेता द्वारा परिवार को दिए गए लिखित आश्वासन के बाद परिजन मृतक के शव का अंतिम संस्कार करने को राजी हो गए हैं शव का अंतिम संस्कार शांति पूर्ण किया गया जैसा कि विदित हो मझगई थाना क्षेत्र के हुलासी पुरवा गांव निवासी रामचंद्र पुत्र लालता प्रसाद (36) जो कि बीते दिन मंगलवार गांव के कुछ लोगों के साथ करीब पांच किलोमीटर दूर जंगल में जलौनी की लड़की बीनने गया था।
परिजनों का आरोप है कि वहां पर निघासन कोतवाली और मझगई थाने की पुलिस पहुंची और युवक को अवैध शराब बनाने के आरोप में पकड़ लिया उसके बाद उसकी जमकर पिटाई कर दी जिससे युवक की तबीयत बिगड़ गई जिसके बाद पुलिस कर्मी युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन में लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने युवक को मृतक घोषित कर दिया।
युवक की मौत की खबर पाकर अस्पताल पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया परिजन चिल्लाते रहे कि पुलिस ने जबरन युवक का शव छीन कर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया था जैसे ही शव गांव पहुंचने से पहले युवक की मौत से आक्रोशित ग्रामीण हाईवे पर जाम लगाने पहुंच गए जिन पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया मंगलवार को जब शव गांव पहुंचा तो परिजनों ने अपनी मांगों को लेकर शव का अंतिम संस्कार न करने पर अड़ गए थे जिसके बाद आज बुधवार दोपहर एक बजे मौके पर पहुंचे।
भापजा नेता वासुदेव मौर्य के द्वारा परिवार को एक स्टांप पेपर पर लिखित आश्वासन दिया गया कि परिवार को कृषक लाभ के तहत पांच लाख रुपए का मुआवजा दिलाया जायेगा मृतक रामचंद्र की पत्नी पूनम को रसोईया या आंगनबाड़ी की नौकरी दिलाई जाएगी साथ ही मृतक के बच्चों को 18 वर्ष की उम्र तक 4000 रुपए प्रतिमाह की मदद मिलेगी और पुलिस परेशान नहीं करेगी गैंगस्टर का केस खत्म किया जायेगा।
इस आश्वासन के बाद परिवार वाले शव का अंतिम संस्कार करने को राजी हो गए शव का अंतिम संस्कार किया गया जब इस मामले में मृतक के भाई से बात की गई तो उन्होंने कहा कि इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है लेकिन समझौता ज़रुर हो गया है पुलिस ने कहा कि वह अब उनके घर नहीं आएगी और गुंडा एक्ट भी हटा दिया जायेगा।

# उम्रकैद की सजा काट रहे आशाराम को मिली अंतरिम जमानत

**शाहजहांपुर।** नाबालिग युवती से दुष्कर्म के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे आशाराम को अंतरिम जमानत मिल गई है।शाहजहांपुर में आज पीड़िता के पिता ने आसाराम को जमानत मिलने के बाद परिवार पर हमले की आशंका जताई है। हालांकि मुकदमा दर्ज होने के बाद पीड़िता के घर के बाहर सुरक्षा के लिहाज से एक अस्थायी चौकी बनाई गई थी।एएसपी सिटी संजय कुमार ने पीड़िता के घर का निरीक्षण किया और सुरक्षा बेहतर हो इसलिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। आसाराम को अंतिम जमानत मिलने के बाद पीड़िता के पिता ने नाराजगी जताई है उन्होंने इस फैसले को परिवार के लिए खतरा बताया। यह आरोप लगाया कि आसाराम अपने समर्थकों को भड़काकर हमला करवा सकता है,पीड़िता के पिता ने कहा कि आसाराम का इलाज जेल में हो सकता था, लेकिन उसे 31 मार्च तक की जमानत मिल गई है।

# मानक विहीन अस्पतालों पर कार्रवाई करने से कतरा रहे जिम्मेदार

- नौरंगाबाद से रामापुर तक कुकुरमुत्ते की तरह जगह जगह उगे है गैर पंजीकृत अस्पताल और डायग्नोस्टिक सेंटर
- क्षेत्र में संचालित रजिस्ट्रेशन युक्त अस्पतालों की सूची नहीं दे रहे विभागीय अधिकारी

**लोकमित्र ब्यूरो**

लखीमपुर-खीरी। स्थानीय शहर लखीमपुर के मोहल्ला नौरंगाबाद से रामापुर में जगह जगह मौत के सौदागर बैठे हुए हैं और जिम्मेदार अधिकारी ऐसे लोगों पर कठोर कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं किसी प्रकार की कार्रवाई न होने से इनके हौंसले बढ़ रहे हैं और फर्जी तरीके से संचालित हो रहे मानक विहीन अस्पताल अब देखना होगा की जिम्मेदार अधिकारी के द्वारा क्या कोई भी कठोर कार्रवाई की जाती है या तो फिर खाना पूर्ति कर रफा-दफा कर दिया जाता है। नौरंगाबाद से रामपुर क्षेत्र के अंतर्गत बड़े पैमाने पर मानक विहीन अस्पताल संचालित हो रहे हैं जिनमें ना तो प्रशिक्षित डॉक्टर है और ना ही कोई प्रशिक्षित स्टाफ है केवल बड़े-बड़े बोर्ड पर डिग्री धारक डॉक्टर के नाम लिखे हुए हैं और उन डॉक्टरों का कहीं भी पता नहीं है अस्पतालों में डॉक्टरों की डिग्री केवल लगी हुई है और इलाज कोई और कर रहा है मानक विहीन अस्पताल के संचालक पर रोक लगाने के लिए डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के द्वारा लगातार कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है और आदेश निर्देश जारी किए जा रहे हैं किंतु जिले के जिम्मेदार स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं इसी क्रम में रामापुर क्षेत्र के अंतर्गत संचालित रजिस्ट्रेशन युक्त अस्पतालों की जानकारी सूचना अधिकार अधिनियम के अंतर्गत मांगी गई थी किंतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा भ्रष्टाचार में संलिप्तता के कारण सूचना अधिकार अधिनियम के अंतर्गत मांगी गई सूचनाओं को नहीं दिया जा रहा है इससे ऐसा प्रतीत होता है की मुख्य चिकित्सा अधिकारी के संरक्षण में अवैध मानक विहीन अस्पताल चलाये जा रहे हैं जिन पर कार्रवाई करना तो दूर की बात है उनकी तरफ देखना तक पसंद नहीं करते हैं इससे ऐसा प्रतीत होता है कि इन अधिकारियों के संरक्षण में ही अवैध अस्पताल संचालित हो रहे हैं और कार्रवाई के नाम पर केवल कर दिया जाता है।फर्जी और मानक विहीन अस्पतालों में जब किसी की मृत्यु हो जाती है तब स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी जांच के नाम पर मोटी रकम लेते हैं और अस्पताल सीज कर देते हैं उसके बाद फिर अस्पताल खोल

संक्षिप्त खबरें

## गोरखपुर महोत्सव- शूटिंग प्रतियोगिता के लिए 20 निशानेबाजों का हुआ चयन



**अयोध्या।** गोरखपुर महोत्सव शूटिंग प्रतियोगिता के लिए अयोध्या शूटिंग रेंज के 42 प्रतिभागियों में से 20 निशानेबाजों का चयन किया गया है। ये चयनित निशानेबाज 9 जनवरी को गोरखपुर में आयोजित महोत्सव में अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे।

चयनित खिलाड़ियों में भास्कर तिवारी,डॉ0 अजय सिंह, आकृति तिवारी, भैरव सिंह, अपूर्व मौर्य, सरिता वर्मा, श्रेयांश सिंह, श्रेया सिंह, सूर्यमणि द्विवेदी, ज्योत्सना सिंह समेत कुल 20 प्रतिभागी शामिल हैं। इन प्रतिभागियों का नेतृत्व कोच और प्रबंधक सनी वर्मा करेंगे, जो टीम को मार्गदर्शन देने के साथ उन्हें गोरखपुर लेकर जाएंगे। इस प्रतियोगिता में चयनित निशानेबाज अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और सभी से उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। गोरखपुर महोत्सव में इस बार का शूटिंग इवेंट खास आकर्षण का केंद्र रहेगा। चयनित खिलाड़ियों के परिवार और समर्थकों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## पॉलिटेक्निक में पदोन्नति रद्द करने के लिए विरोध जारी, हाथ में काली पट्टी बांधकर कर रहे हैं कार्य

**अयोध्या।** प्रदेश के राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों में विभागाध्यक्ष पद पर हुई पदोन्नति के खिलाफ प्रवक्ता संवर्ग द्वारा कड़ी प्रतिक्रिया दी जा रही है। यह विरोध काली पट्टी बांधकर किया जा रहा है, जिसमें उपाशा (उप्र. तकनीकी शिक्षा अप्लाइड साइंस एवं मानविकी सेवा संघ) के प्रदेश महामंत्री भोलेनाथ प्रसाद ने पदोन्नति को नियमों के खिलाफ बताते हुए इसे रद्द करने की मांग की है।भोलेनाथ प्रसाद ने कहा कि इस पदोन्नति में एआईसीटीई के नियमों का उल्लंघन हुआ है। 1 मार्च 2019 को जारी राजपत्र में एआईसीटीई के नियमों को 3 मई 2018 से लागू कर दिया गया था, जिसके तहत विभागाध्यक्ष पद को लोक सेवा आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती से भरा जाना चाहिए था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विभाग ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में 30 मई 2024 को शपथ पत्र दायर किया था, जिसमें कहा गया था कि विभागाध्यक्ष के पद पर कोई पदोन्नति नहीं की जाएगी, लेकिन उसी दिन समिति ने व्याख्याता को विभागाध्यक्ष के पद पर पदोन्नति दे दी।भोलेनाथ प्रसाद ने घोषणा की कि जब तक यह नियमविरुद्ध पदोन्नति रद्द नहीं होती, तब तक उनका सत्याग्रह जारी रहेगा।

## युवा पत्रकार की हत्या के मामले को लेकर आक्रोशित पत्रकारों दिया मांगपत्र

**तारुन- अयोध्या।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में युवा पत्रकार की हत्या के मामले को लेकर आक्रोशित पत्रकारों ने राष्ट्रपति महामहिम राष्ट्रपति महोदया को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी तारुन को सौपकर राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग किया है । साथ ही स्थानीय जिले के वरिष्ठ पत्रकार बनवीर सिंह के आकस्मिक निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना भी व्यक्त किया गया । नेशनल यूनियन जर्नलिस्ट्स ( इंडिया)तहसील बीकापुर पत्रकार प्रदीप कुमार के नेतृत्व में पत्रकारों ने माननीय राष्ट्रपति महोदया भारत सरकार को संबोधित चार सूत्रीय मांग पत्र खंड विकास अधिकारी तारुन आनंद कुमार श्रीवास्तव के माध्यम से सौंपा है । ज्ञापन के माध्यम से मृतक पत्रकार मुकेश चंद्राकर के परिजनों को 5 करोड़ रुपए की आर्थिक मदद के साथ परिजनों की समुचित सुरक्षा प्रदान कराने सहित पूरे देश में प्रकाश सुरक्षा कानून लागू कराए जाने की मांग किया । ज्ञापन सौंपने के उपरांत जिले के वरिष्ठ पत्रकार बनवीर सिंह के आकस्मिक मृत्यु को लेकर खंड विकास अधिकारी कार्यालय तारुन पर हुए खंड विकास अधिकारी तारुन आनंद कुमार श्रीवास्तव की मौजूदगी में शोक सभा का आयोजन किया गया । शोक सभा की अध्यक्षता भगवती प्रसाद वर्मा, संचालन रामजनम यादव ने किया । शोक संवेदना व्यक्त करने में शेर बहादुर शेर, प्रदीप कुमार सोनी, संजीव पाठक, शिवपूजन यादव, श्रीमांत मिश्रा, राजू गुप्ता, राजेश वर्मा, पिंकी सिंह, अमर सिंह चिराग सहित लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया ।

## संविधान देश के लोकतंत्र का गौरव ग्रंथ - विजय प्रताप सिंह

**अयोध्या।** संविधान गौरव अभियान के तहत सहादतगंज भाजपा कार्यालय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि संविधान देश के लोकतंत्र का गौरव ग्रंथ है। पार्टी द्वारा संविधान गौरव अभियान के तहत भारतीय संविधान के सिद्धान्तों तथा मूल्यों का प्रचार प्रसार कर भारतीय संविधान के शिल्पकार डा बाबा साहब अम्बेडकर को श्रद्धांजलि दी रही है। कार्यशाला की शुरूआत दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान न केवल देश का कानूनी दस्तावेज है बल्कि यह हमारे लोकतंत्र की नींव है। इस प्रकार के अभियान देश के नागरिकों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों का ज्ञान प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें देशभक्ति और एकता की भावना से जोड़ने में मदद करते हैं।

महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि संविधान गौरव अभियान का मुख्य उद्देश्य भारतीय संविधान के प्रति जागरूकता फैलाना और इसके महत्व को जन-जन तक पहुँचाना है। यह अभियान संविधान के मूल्यों, आदर्शों और अधिकारों को समझने और उनका पालन करने की प्रेरणा देता है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि पार्टी द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान भारतीय संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।कार्यशाला में पूर्व जिलाध्यक्ष डा. बाकें बिहारी मणि त्रिपाठी, राघवेन्द्र पाण्डेय, शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, परमानंद मिश्र, डा राकेश मणि त्रिपाठी, बब्लू मिश्र, रवि शर्मा सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संयुक्त किसान मोर्चा ने की नारेबाजी

**बीकापुर- अयोध्या।** संयुक्त किसान मोर्चा जिला कमेटी ने बुधवार को गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी के विरोध में विरोध जताया। ब्लॉक क्षेत्र के रुकनपुर के अंबेडकर पार्क में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वहां से दर्जनों की संख्या में जुलूस की शक्ल में होते हुए नारेबाजी करते हुए गृह मंत्री के इस्तीफा की मांग की गई। तहसील में पहुंचकर सभा की गई। तथा राष्ट्रपति को संबोधित मांग पत्र उप जिलाधिकारी के प्रतिनिधि नायब तहसीलदार दीपांकर को सौपा गया। मांग पत्र में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को बर्खास्त करने, सरकारी संस्थाओं का निजीकरण रोके जाने, ईवीएम मशीन को हटाकर बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाने, स्मार्ट मीटर न लगाकर विद्युत विभाग के निजीकरण पर रोक लगाने, नये श्रम कानून पर रोक लगाए जाने एवं आवारा पशुओं से किसानों की फसलों को बचाये जाने जैसी मांगे शामिल है। जुलूस में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल रही। वक्ताओं ने केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की नीतियों की आलोचना की।कार्यक्रम में संयुक्त किसान मोर्चा के जिला संयोजक मायाराम वर्मा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला मंत्री अशोक तिवारी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव अशोक यादव, किसान नेता अवध राम यादव, शेख मोहम्मद इशहाक, राम तेज वर्मा एडवोकेट, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व जिला सचिव राम तीरथ पाठक, गुरु प्रसाद निषाद, लालमणि निषाद आदि शामिल रहे।

# विवादों का अयोध्या महोत्सव

## सांस्कृतिक आयोजन के नाम पर लगा अश्लीलता परोसने का आरोप

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** अयोध्या महोत्सव, जो हर साल शहर की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर को प्रदर्शित करने के लिए आयोजित किया जाता है, इस बार विवादों में घिर गया है। फॉरएवर लॉन में चल रहे इस महोत्सव में भोजपुरी फिल्मों की मशहूर अभिनेत्रियां, जैसे आम्रपाली दुबे, ने मंच पर अपने डांस से ग्लैमर का तड़का लगाया। हालांकि, इन प्रस्तुतियों को लेकर कई लोगों ने नाराजगी जाहिर की है।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में अभिनेत्रियों को मंच पर ठुमके लगाते देखा गया, जिसे लेकर आलोचकों ने इसे ÷अश्लीलता परोसने÷ का आरोप लगाया है। वीडियो में नजर आ रहा है कि महोत्सव में मौजूद आम लोग भी इन प्रस्तुतियों का आनंद लेते हुए मस्ती में चूर हैं।

पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय ने इस आयोजन की कड़ी आलोचना करते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया। उन्होंने कहा कि




अयोध्या महोत्सव के नाम पर शहर की सांस्कृतिक और धार्मिक गरिमा को ठेस पहुंचाई जा रही है।

### क्या कहते हैं पर्यटन अधिकारी

अयोध्या महोत्सव में किस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं, इस सम्बन्ध में या तो अधिकारी कुछ जानते नहीं या फिर कुछ कहने को तैयार नहीं हैं। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी आरपी यादव कहते हैं कि हमारे विभाग की ओर से अयोध्या महोत्सव को आयोजित करने के लिए 15 लाख रुपये का अनुदान तो दिया जाता है। किन्तु मेले में किस प्रकार के कार्यक्रम होने चाहिए इसकी हमें जानकारी नहीं है। उन्होंने स्पष्ट जानकारी देने के स्थान पल्ला झाड़ते हुए कहा जिला प्रशासन जाने। मतलब यह कि कोई मेले को लेकर कुछ बोलने को तैयार ही नहीं है।

### जनसूचना का जबाब नही दे रहे अधिकारी

अयोध्या महोत्सव में हुई मनमानी का खुलासा करने के लिए अधिवक्ता प्रभात कुमार की ओर से मांगी गई जन सूचना का जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों ने जवाब नही दिया। इस विषय पर आवेदक ने डीएम के न्यायालय में जन सूचना प्राप्त करने के लिए अपील की किन्तु आवेदक का कहना है कि पूरा शासन प्रशासन अयोध्या महोत्सव के आयोजक की कठपुतली बना है। जिसके कारण जन सूचना का जवाब नहीं दिया जा रहा है। आलोचकों का कहना है कि इस प्रकार के आयोजनों में सरकारी फंड का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग होता है। इनका उद्देश्य अयोध्या की सांस्कृतिक पहचान को बढ़ावा देना होना चाहिए, लेकिन अब यह आयोजन मनोरंजन और विवाद का कारण बन गया है।

## अवध विवि की एनईपी पीजी सेमेस्टर के साथ अन्य परीक्षाएं शुरू



लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एनईपी एमए, एमएससी व एमकॉम के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर तथा स्नातक वोकेशनल, पीजी डिप्लोमा, डिप्लोमा व सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षाएं बुघवार से शुरू हुई। दूसरी ओर एनईपी स्नातक सेमेस्टर परीक्षाएं पूर्व की भांति संचालित की जा रही है। पीजी की दो पालियों व स्नातक की तीन पालियों की परीक्षा में 43623 के सापेक्ष 1105 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली की परीक्षा में 12752, द्वितीय पाली में 15351, तृतीय पाली में 15520 के सापेक्ष क्रमशः 567, 272 व 266 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं इस परीक्षा में 22150 छात्र व 21473 छात्राओं में से 747 छात्र एवं 358 छात्राएं अनुपस्थित रही। विवि की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर शासन की मंशानुरूप नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सचल दल द्वारा विभिन्न जनपदों के केन्द्रों पर औचक निरीक्षण किया गया। दूसरी ओर विश्वविद्यालय के कंट्रोल रूम से परीक्षा केन्द्रों के सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निगरानी की गई। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में एनईपी परास्नातक की परीक्षाओं के साथ परिसर की अन्य सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू हो गई है, जो 20 जनवरी तक चलेगी। वही स्नातक की सेमेस्टर परीक्षाएं पहले से संचालित है। इनकी परीक्षाएं 24 जनवरी तक सम्पन्न हो जायेगी। इस दिन की परीक्षा में 43623 के सापेक्ष 1105 अनुपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण ढ़ग से सम्पन्न हुई।

## अयोध्या में राम मंदिर के लिए मिली सर्वाधिक सवारी

**▸▸अयोध्या में नौ माह के दौरान 20.37 लाख यात्रियों ने ई-बसों पर की यात्रा**

**अयोध्या।** अयोध्या में रामलला की कृपा से परिवहन निगम की बल्ले-बल्ले हो रही है। नौ माह में जमकर झूमकर राजस्व आया है। ई-बसों के संचालन के बाद सर्वाधिक सवारी राम मंदिर के लिए ही मिली है। 22 बसों ने दिन भर फेरे लगाकर न सिर्फ भक्तों को उनके आराध्य के द्वार तक पहुंचाया है बल्कि सवारियों के हिसाब से सभी मानकों पर खरी भी उतरी हैं।रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने से पहले ही केंद्र की मोदी सरकार ने यहां अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की सौगात दे दी। इसके साथ ही अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का कायाकल्प भी करा दिया। इसके बाद प्रदेश की योगी सरकार अयोध्या में ई-बसों की एक बड़ी खेप उतार दी। रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होते ही प्रदेश सरकार की कई योजनाओं के तहत टैक्सी-ई-रिक्शा व आस्था रथ भी उतार दिया गया। सहादतगंज से नया घाट तक के लिए ई-बसों ने रफ्तार पकड़ ली। नतीजा यह रहा कि नौ माह में 20.37 लाख यात्रियों ने इस पर सवारी की, लेकिन बड़ी बात यह है इसमें सर्वाधिक सवारी राम मंदिर के लिए रही। लगभग 15 लाख सवारियों ने राम मंदिर तक के लिए टिकट कटाई।

### एयरपोर्ट पर भी लगा दीं ई-बसें

अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर आने-जाने वाले यात्रियों की संख्या को देखते हुए तीन ई-बसों को एयरपोर्ट पर लगा दिया गया। ये तीन बसें एयरपोर्ट से सिविल लाइन्स रामपथ होते हुए नया घाट को जानी शुरू हुई हैं।

### लखनऊ से आई बसें हैं अत्याधुनिक

प्राण प्रतिष्ठा के समय ये बसें लखनऊ से आई। यह काफी अत्याधुनिक हैं। पूरी तरह से वातानुकूलित बसों के आटोमेटिक दरवाजे हैं, जो स्वयं ही। खुल जाते हैं। परिवहन निगम अयोध्या क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन ने बताया कि ई-बसों को बड़ी संख्या में सवारियां मिल रही है। भविष्य में ई-बसों को अन्य रूट पर भी उतारने की योजना है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी की मिली अर्धनग्न लाश

लोकमित्र ब्यूरो

**गोसाईगंज-** गोसाईगंज कोतवाली इलाके में बुधवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक किशोरी की अर्धनग्न लाश गांव के समीप नहर में पायी गयी। किशोरी के वस्त्र, चप्पल व शाल शव से 100 फिट की दूरी पर अलग बिखरे पड़े थे। मामले में मृतका के पिता की तहरीर पर गोसाईगंज पुलिस ने हत्या की धारा में केस दर्ज किया है। तहरीर में पड़ोस के गांव के एक युवक पर आशंका व्यक्त की गई है। पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूंछतांछ कर रही है। घटना गोसाईगंज व महराजगंज सीमा के सादुल्लाहपुर गांव का है। गोसाईगंज कोतवाली इलाके के गोकुलपुर के मजरे सादुल्लापुर के रामगणेश की पुत्री चांदनी मंगलवार को रात में खाना पीना खाकर घर मे अपनी छोटी बहन के साथ सोयी। सुबह गांव के बाहर घर से लगभग तीन सौ मीटर दूर पौसारा रजबहा में महराजगंज थाना क्षेत्र के कंचनपुर के समीप उसका अर्धनग्न शव पानी मे औंधे मुंह पड़ा हुआ था। सादुल्लाहपुर गांव का ही एक युवक जब नहर पर शौंच के लिए आया तो शव देखकर उसके होश उड़ गए। शव औंधे मुंह



पड़ा होने के कारण वह पहचान नही पाया। सूचना पर जब पुलिस ने पहुंचकर उसे बाहर निकाला तो उसकी पहचान 16वर्षीय चांदनी पुत्री राम गणेश के रूप में हुई। मामले की जानकारी होने पर एसएसपी राजकरन नैय्यर, एसपीआरए बलवंत चौधरी व सीओ योगेंद्र कुमार,प्रशिक्षु सीओ अरविंद सोनकर, फोरेंसिक व एसओजी टीम भी घटना स्थल पहुंचकर गहनता से छानबीन किया। वंही फोरेंसिक टीम ने भी अलग अलग नमूना लिया।पुलिस अधिकारियों ने जब परिजनों से बातचीत की तब पता चला कि वह पड़ोस के एक शिक्षण संस्थान में कक्षा 10 की छात्रा थी। रात्रि में 12 बजे के करीब मृतका की मां की मोबाइल पर दो बार किसी का काल आया था लेकिन मां की आवाज सुनकर फोन करने वाले ने फोन काट दिया था।अनुमान लगाया जाता है कि अर्धरात्रि में किसी के फोन पर घर से निकली थी। शव के परिस्थितियों को देखकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की बात से इंकार नही किया जा सकता। पिता रामगणेश ने पड़ोस गांव मानापुर के मजरे मुखमूलपुर के युवक मोनू शर्मा को नामजद किया है। पुलिस ने नामजद व एक अन्य संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूंछतांछ कर रही है साथ ही रात में आये फोन काल व अन्य बिंदुओं की ओर जिले की स्वाट टीम ,गोसाईगंज व महराजगंज पुलिस की अलग अलग टीम घटना के अनावरण के लिए एसएसपी राजकरन नैय्यर ने लगाई है। प्रभारी निरीक्षक गोसाईगंज परशुराम ओझा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर घटना के अनावरण के लिए टीम कार्य कर रही है जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।

## अयोध्या में 273-मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव 2025 की तैयारी शुरू



लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में 273-मिल्कीपुर (अ0जा0) विधानसभा क्षेत्र के उप निर्वाचन 2025 को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजनीतिक दलों को भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए निर्वाचन प्रक्रिया की सही तरीके से तैयारी करने की अपील की गई।जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों से कहा कि सभी गाइडलाइनों का पालन करते हुए जनसभा, रैलियों और प्रचार सामग्रियों के प्रसारण से पहले गठित समिति से स्वीकृति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। इसके अलावा, लाउडस्पीकर के उपयोग पर रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक पूरी तरह प्रतिबंध होगा।उन्होंने यह भी बताया कि अगर कोई राजनीतिक दल आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवार को नामित करता है तो उसे तीन बार अपने विवरण का प्रकाशन करना होगा। इसके अलावा, मतदान स्थल से 200 मीटर के भीतर कार्यालय बनाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन प्रक्रिया की सफलता के लिए सभी अधिकारियों की ड्यूटी भी निर्धारित कर दी है। उन्होंने सेक्टर मजिस्टेऊटों को मतदान केंद्रों पर सभी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।आखिर में, निर्वाचन की महत्वपूर्ण तारीखों की घोषणा की गई- अधिसूचना 10 जनवरी 2025 को जारी होगी, नामांकन की अंतिम तिथि 17 जनवरी 2025, नाम वापसी की तिथि 20 जनवरी 2025, मतदान 5 फरवरी 2025 को, और मतगणना 8 फरवरी 2025 को होगी।इस उपचुनाव के लिए कुल 3,70,829 मतदाता होंगे और 255 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। अयोध्या पुलिस ने चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

## दरोगा पर लगा 20 हजार रुपये लेने का आरोप

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुशमाहा निवासी रोहित दास ने पुलिस चौकी दर्शन नगर के दरोगा संदीप कुमार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित का कहना है कि उनके भाई ने एक बुलेरो गाड़ी लोन पर खरीदी थी। जिसे बाद में किसी अन्य को बेच दिया गया। बकाया भुगतान न होने के कारण गाड़ी को जब्त कर लिया गया और इसको लेकर क्रेता और उनके भाई के बीच विवाद बढ़ गया। पीड़ित का कहना है कि उनका गाड़ी और भाई से कोई लेना-देना नहीं था, बावजूद इसके दरोगा संदीप कुमार ने उन्हें और उनके परिवार को परेशान करना शुरू कर दिया।

आरोप है कि दरोगा ने फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर □30,000 की मांग की। पीड़ित ने किसी तरह □20,000 की रकम दे दी। लेकिन इसके बाद दरोगा ने उनके ऊपर धारा 126, 135 बीएनएस के तहत फर्जी मुकदमा दर्ज कर दिया। पीड़ित ने इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है और दरोगा संदीप कुमार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उक्त आरोपो के सम्बंध में दर्शन नगर चौकी इंचार्ज ने बताया कि रोहित दास के भाई निर्मल पांडेय ने एक बोलेरो गाड़ी 7 लाख 40 हजार में बेंचा था। जिसमे 40 हजार रुपए बकाया था। जिसके एवज में निर्मल को क्रेता ने 7 लाख का चेक दिया था जबकि बकाया मात्र 40 हजार था।

इस मामले की जांच सीओ अयोध्या भी कर रहे है। जहां तक बात रही फर्जी मुकदमे में फंसाने की तो यह सरासर झूठा आरोप है। पुलिस ने इन लोगो का शांति भंग में चालान एक जमीनी विवाद के मामले में किया था। उसी की पेशबन्दी में रोहित दास पुलिस पर निराधार आरोप लगा रहा है।

## समाज के चौथे स्तंभ के प्रतिनिधि वरिष्ठ पत्रकार बनबीर सिंह का निधन समाज के सरोकार से जुड़े हर वर्ग के लिए अपूर्णीय क्षति-विश्व प्रकाश

**अयोध्या।** अयोध्या में दशकों से अपनी संवेदनशील व तथ्य परक पत्रकारिता के लिए प्रसिद्ध देश के प्रमुख खबरिया चैनल आज तक के अयोध्या प्रतिनिधि के आकस्मिक गो लोक गमन पर समाजसेवियों, शिक्षा, संस्कृति, व्यापार अधिकार मंच से जुड़ें साथियों को असहनीय पीड़ा दे गया।बताया गया है कि उन्हें सोते के दौरान ही हृदयाघात का प्रभाव पड़ा। अमेठी जनपद के मूल निवासी शानदार, मिलनसार,खुशदिल शख्सियत के रूप में बनबीर भाई अपनी कलमकारी से अयोध्या पत्रकार जगत के गुलदस्ते में महकते हुए पुष्प के रूप में इस वर्ग में काफी लोकप्रिय व सम्मानित रहे।

उक्त बातें कहते हुए शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद के उत्तर प्रदेश से प्रतिनिधि व संस्कृति विभाग के प्रभावी उद्घोषक व व्यापार अधिकार मंच के प्रमुख प्रतिनिधि , विश्व सिंधी सेवा संगम व अंतरराष्ट्रीय संगठन सिंधी एकता मंच के राष्ट्रीय सलाहकार विश्व प्रकाश ÷रूपन ÷ नेकहा कि बनबीर भाई को भूलना असंभव है।व्यापारी राजनीति व समाज के सरोकार से जुड़े अयोध्या उत्तर प्रदेश के प्रमुख हस्ताक्षर संयोजक व्यापार अधिकार मंच सुशील जायसवाल ने कहा कि बनबीर भाई के रूप में समाज ने जहां एक बेहतरीन पत्रकार खो दिया तो वहीं मैंने और साथियों ने संवदेनशील व जुझारू मित्र खो दिया। वैश्य समाज के राष्ट्रीय मंत्री व मण्डल प्रभारी व्यापार अधिकार मंच कमल कौशल अयोध्या की प्रमुख सामाजिक संस्थाओं पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत रामनगर मुखिया ओमप्रकाश अंदानी,शहर मुखिया पवन जीवानी , सिंधु सेवा समिति के संरक्षक गिरधारी चावला, मोहन मध्यान, जयप्रकाश क्षेत्र पाल,अध्यक्ष अमृतराज पाल,महामंत्री नरेंद्र क्षेत्रपाल, भक्त प्रह्लाद सेवा समिति के अध्यक्ष कन्हैयालाल सागर, महासचिव ओमप्रकाश ÷ओमी ÷देश की प्रमुख शिक्षा विद सिंधी स्नातक मंच की अंजलि ज्ञाप्रटे, सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया व आई एम ए से जुड़े शहर के प्रमुख बाल रोग विशेषज्ञ डा महेश सुरतानी, पत्रकार व सिंधु संस्कृति संरक्षण समिति के अध्यक्ष महेश आहूजा, शिक्षक अभिषेक राजपाल,नीलम मंध्यान राष्ट्रीय संयोजक मातृ शक्ति सिंधु एकता मंच, मुखिया हरीश मध्यान,राजा हेमनानी, राजकुमार जीवानी, देवकुमार क्षेत्रपाल चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग शिवालय मंदिर रामनगर के श्रीमहंत गणेश राय दास, प्रेम प्रकाश आश्रम के पूज्य संत भावनदास, महान संत शहीद भगत कंवरराम साहिब अयोध्या के गद्दीनशीन सांई नितिन राम, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मंडल संघचालक मुकेश तोलानीं ने भावभीनी शब्द श्रद्धांजलि बनबीर सिंह को देते एक ही भाव प्रकट किया ÷तुम्हारा यूं जाना खल गया भाई÷

## प्रेस वार्ता को संबोधित करती अधिशासी अभियंता सीमा राय व अध्यक्ष डॉक्टर विजयलक्ष्मी जायसवाल

लोकमित्र ब्यूरो

**गोसाईगंज-अयोध्या।** नगर पंचायत गोसाईगंज में आज एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें अधिशासी अधिकारी सीमा राय और नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. विजय लक्ष्मी ने पत्रकारों से कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात सामने आई कि नगर पंचायत में सभासदों की कार्यशैली विकास में रुकावट डाल रही है।सभी ने बताया कि कई सभासद महिला सीट पर निर्वाचित होने के बावजूद अपने प्रतिनिधि रखे हुए हैं, जबकि शासनादेश में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। इसके अलावा, सभासदों ने कई बैठकों में हाउस टैक्स पर विरोध जताया है और यह भी कहा है कि नगर पंचायत अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी केवल उनके आदेशों पर कार्य करें।इसके अलावा, विकास कार्यों और साफ-सफाई के एजेंडा पर सभासदों के हस्ताक्षर न करने का भी मुद्दा उठाया



गया। इस प्रकार की मनमानी और विरोधी रुख के कारण नगर पंचायत गोसाईगंज का विकास अवरुद्ध हो रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी का कहना है कि नगर का विकास तभी संभव है, जब सभासद उनके साथ मिलकर काम करें।

इस अवसर पर पत्रकारों ने भी नगर पंचायत के विकास और स्वच्छता पर अपने विचार साझा किए और इसे प्राथमिकता देने की बात की।

# महंगाई एवं बेरोजगारी से निजात दिलाएगा सपा- विनोद श्रीवास्तव

## कार्यकर्ताओं ने सपा नेता हसीब खान व जिला प्रभारी का फूल वर्षा कर किया स्वागत





**बलरामपुर।** बुधवार को समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक आयोजित की गई यह बैठक जिला कार्यालय सभागार में संपन्न हुई है बैठक में संगठन के मजबूती पर जोर देते हुए अधिक से अधिक लोगों को संगठन के सदस्य बनाए जाने की रणनीति बनाई गई है।

बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मालिक राम कश्यप ने किया है बैठक के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी विनोद श्रीवास्तव रहे हैं। बैठक में कार्यकर्ताओं ने कार्यालय में पहुंचते ही जिला प्रभारी विनोद श्रीवास्तव एवं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधानसभा प्रत्याशी हसीब खान एवं सपा नेत्री हिना कौशर का फूल वर्षा करके कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया । मुख्य अतिथि ने कहा कि सपा कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचने में अहम भूमिका अदा करें आने वाला समय समाजवादी पार्टी का है आज ही से समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ता जुट जाएं।वरिष्ठ सपा नेता एवं उतरौला विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी हसीब खान ने कहा कि संगठन को मजबूत करके आपसी भेदभाव को दूर करते हुए सभी को एकजुट होकर विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना है। इसके लिए आज से ही कार्यकर्ता जुट जाएं एवं संकल्प लेकर समाजवादी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाकर सपा मुखिया अखिलेश यादव को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने में सहयोगी बने। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ही प्रदेश की जनता का एकमात्र विकल्प है। भय, भूख, भ्रष्टाचार का बोलबाला है। महंगाई चरम सीमा पर है पढ़े-लिखे युवा बेरोजगारी की दंश झेल रहे हैं। लेकिन मौजूदा सरकार जातिगत दलगत भावनाएं पैदा करके विकास के कार्य को ठप्प कर दिया है। जिलाध्यक्ष ने मासिक बैठकमें कहा कि समाजवादी पार्टी के सरकार बनने के बाद ही महंगाई पर लगाम लगेगी,बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा, विकास को गति मिलेगी। इस अवसर पर सपा नेत्री हिना कौसर, सपा नेत्री शिल्पा राज, पूर्व विधायक मसूद, पूर्व विधायक जगराम पासवान पूर्व जिलाध्यक्ष ओंकारनाथ पटेल, विधानसभा अध्यक्ष विजय मौर्य जिला सचिव मोनू सिंह सहित तमाम समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मासिक बैठक में शामिल रहे हैं।

## जौनपुर कलेक्ट्रेट परिसर में पत्रकारों ने किया प्रदर्शन

**जौनपुर।** जनपद में बुधवार को सैकड़ों पत्रकारों ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पत्रकार मुकेश चन्द्राकर की जघन्य हत्या के विरोध में एकजुट होकर कलेक्ट्रेट परिसर में मौन जुलूस निकाला। पत्रकारों ने इस हत्या के बाद सीबीआई जांच की मांग करते हुये राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा और पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने की जरूरत पर भी जोर दिया।जिले के कलेक्ट्रेट परिसर में बुधवार को पत्रकार कल्याण समिति के बैनर तले सैकड़ों पत्रकारों ने छत्तीसगढ़ राज्य के बीजापुर जिले में पत्रकार मुकेश चन्द्राकर की जघन्य हत्या के विरोध में मौन जुलूस निकाला। जुलूस के बाद पत्रकारों ने राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र को सौंपा। ज्ञापन में पत्रकार मुकेश चन्द्राकर के हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की गयी।इस अवसर पर राजेश श्रीवास्तव, शशिराज सिन्हा, अजय शुक्ला, शिविन्द्र प्रताप सिंह, नीरज सिंह, संतोष राय, रविन्द्र मिश्र, बृजेश मिश्र, जुबेर अहमद, मो. अब्बास, आदित्य भारद्वाज, वरूण यादव,

# डीटीएससी परीक्षा में जीसस मैरी स्कूल के मेधावी सौरभ जिले के टॉप 3 में शामिल

## रघुकुल विद्यापीठ में सांसद करण भूषण सिंह ने छात्र को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित





**बलरामपुर।** बुधवार को डीटीएससी एग्जामिनेशन 2025 में जीसस मेरी स्कूल एंड कॉलेज के आठवीं छात्र सौरभ पांडे को जिले में तीसरा स्थान मिलने पर गोंडा के श्री रघुकुल विद्यापीठ में राष्ट्रीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह एवं पूर्व मंत्री पलटू राम , कैसरगंज सांसद करण भूषण सिंह एवं डीटीएससी 2025 कोऑर्डिनेटर डॉक्टर राकेशेश्वर सिंह मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।

जिले के छात्र की उपलब्धि पर विद्यालय प्रिंसिपल क्रेग बटरफील्ड मैनेजिंग डायरेक्टर के बटरफील्ड, अधिवक्ता गौरव पांडे शिक्षक पंकज यादव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है। प्रतिभाशाली छात्र के पिता अवधेश पांडे ने बेटे के उपलब्धि को विद्यालय एवं शिक्षकों की मेहनत को बताया है उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष जिले सहित प्रदेश के अन्य जिलों में डिविजनल टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन 2025 का आयोजन रघुकुल विद्यापीठ के तत्वाधान में किया जाता है यह परीक्षा मेधावियों के लिए बड़ी उपलब्धि से काम नहीं है इस परीक्षा के माध्यम से जहां छात्रों को अपनी शैक्षिक स्तर का आकलन करने का अवसर मिलता है वही कंपटीशन की भावना भी छात्रों में विकसित करता है। उन्होंने परीक्षा आयोजन समिति सहित पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह व पूरी टीम का आभार जताया है।

# लोकतंत्र रक्षक सेनानी रामदुलार मौर्य की 12वीं पुण्यतिथि मनाई




**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** लोकतंत्र रक्षक सेनानी स्वर्गीय रामदुलार मौर्य की बरसी चौक सब्जी मंडी स्थित निवास पर उनके पौत्र आशीष कुमार मौर्य ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। जिसमें सादगी व उनके सिद्धांत प्रियता को जीवन में उतारने का लोगों ने संकल्प लिया। लंबे समय तक जिले में सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में जीवन भर बेसहारा लोगों की मदद कर ख्याति अर्जित करने वाले राजनीतिक स्वर्गीय रामदुलार मौर्य की बुधवार को चौक सब्जी मंडी इलाके में 12 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इमरजेंसी के दौर में मीशा के तहत जेल की भी उन्होंने यातना सही थी। इसलिए उन्हें लोकतंत्र रक्षक सेनानी के रूप में जाना जाता था। इस अवसर पर आयोजित सभा में विभिन्न राजनीतिक दलों के सामाजिक संगठनों के लोग मौजूद रहे। आशीष कुमार मौर्य के संयोजन में सभा के दौरान पूर्व विधायक हरिचरन यादव ने कहा कि स्वर्गीय रामदुलार मौर्य साधारण व्यक्तियों की चिंता करते थे। उन्होंने अपने जीवन काल में आम लोगों के लिए आवाज बुलंद कर उन्हें न्याय दिलाने में भरपूर मदद की। इस मौके पर पत्रकार एसोसिएशन अध्यक्ष अवधेश शुक्ला, राम सुंदर यादव एडवोकेट, राम सुरत मौर्य एडवोकेट, प्रतीक कुमार मौर्य, अमित मौर्य, मनोज मौर्य, रवि मौर्य, आशीष मिश्रा ,शिव कुमार दुबे, नवीन शर्मा, संजय कुमार यादव नवीन, कन्हैया लाल यादव, राजेश्वर प्रसाद मौर्य, अनिरुद्ध चौरासिया, राजबहादुर यादव, अशुतोष मिश्रा, जगन्नाथ वर्मा, राजेश शुक्ला कोटेदार ,ज्वाला प्रसाद मिश्र, छेदी लाल यादव, आरके मौर्य, चंदन अग्रहरि, सतीश मौर्य, सुनील मौर्य, राम ,विद्या भूषण मिश्रा, शिशिर सिंह, गोपाल शुक्ला आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# विश्वविद्यालय के लोगों व कुल गीत चयन को लेकर प्रतियोगिता आयोजित

**बलरामपुर।** जिले में नव स्थापित माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के लोगो व कुलगीत के निर्माण को लेकर आयोजित प्रतियोगिता के लिए विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के शिक्षक, छात्र-छात्रा, पुरातन छात्र एवं नगर के प्रबुद्धजन 24 जनवरी तक लोगो या कुलगीत महाविद्यालय के वेबसाइट या कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। चयनित प्रथम प्रतिभागी के लोगो व कुलगीत को विश्वविद्यालय को भेजा जाएगा। विश्वविद्यालय से चयनित प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले को नकद धनराशि व प्रमाण पत्र प्रदानकर सम्मानित भी किया जायेगा।

एम एल के पी जी कॉलेज प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने बताया कि नव स्थापित मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के लोगो व कुलगीत निर्धारण के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय से बलरामपुर के समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के शिक्षकगण, विद्यार्थी,पुरातन छात्र व प्रबुद्धजनों के अतिरिक्त इंटरमीडिएट कॉलेज के शिक्षक भी प्रतिभाग कर सकते हैं।





विश्वविद्यालय के लोगो के लिए डिजाइन 10 इंच 10 इंच के वृत्तहीन आकार में बना होना चाहिये जिसमें अधिकतम तीन रंगों का प्रयोग किया जा सकता है। उक्त डिज़ाइन में मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर के लिए सूत्रवाक्य संस्कृत भाषा में हो एवं सरलता से पठनीय व सर्वाग्राही होना अनिवार्य है।

प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने सम्बद्ध महाविद्यालय के प्राचार्यो से अपील किया है कि अपने अपने महाविद्यालय स्तर पर प्रतियोगिता सम्पन्न कराकर प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान के प्रतिभागियों का चयन करने के पश्चात चयनित प्रथम श्रेणी के लोगो व कुलगीत की प्रविष्टियाँ 24 जनवरी तक इस महाविद्यालय को प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर के स्तर पर एक त्रिसदस्यीय समिति से प्रतिभागियों की प्रथम श्रेणी के लोगो की प्रविष्टियों में से प्रथम ,द्वितीय व तृतीय श्रेणी के लोगो का चयन किया जायेगा। विश्वविद्यालय द्वारा प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को क्रमशः 5000,3000 व 2000 रुपये की प्रोत्साहन राशि व प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले इच्छुक अभ्यर्थी अपने लोगो व डिज़ाइन के पीछे अपना नाम,पता व मोबाइल नंबर अवश्य अंकित करें। शिक्षक एवं छात्र- छात्राएं डिज़ाइन के साथ अपने संस्थान के परिचय पत्र की फोटो कॉपी अवश्य संलग्न करें।

इच्छुक अभ्यर्थियों की लोगो (प्रतीक चिन्ह) व कुलगीत की प्रविष्ट महाविद्यालय के वेबसाइट mlk.collegev~zz@gmail.com पर अथवा महाविद्यालय के स्टेनो डॉ राजकुमार चौहान के पास कार्यालय में 24 जनवरी तक हर हाल में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। नियत तिथि तक प्राप्त प्रविष्ट को ही विश्वविद्यालय को भेजा जाएगा।

## रँगे हाथ पकड़ा गया था प्यादा



**सुल्तानपुर।** तहसील में वादकारी से पैसा लेने की खबर पर एसडीएम को मुख्यमंत्री के निर्देश पर हटाया गया था।लेकिन एसडीएम संतोष कुमार ओझा ने जबरदस्त पैरवी कर अपने निलंबन को गलत बताते हुए बहाली का आदेश प्राप्त किया था।आपको बताते चले कि यह वहीं जयसिंहपुर तहसील है ।जहां के एसडीएम संतोष कुमार ओझा का मातहत कर्मी घूसखोरी के मामले में एंटी करप्शन टीम ने दिनदहाड़े पकड़ा था।इसी प्रकरण में कार्रवाई का दायरा आगे बढ़ा और एसडीएम संतोष कुमार ओझा को हटाया गया था । लेकिन चंद दिनों के भीतर एसडीएम ने हाईकोर्ट की शरण लेकर सरकार के फैसले को पटखनी दे दी और साहब बहाल हो गए।

# इस्कॉन जौनपुर द्वारा श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस पर भक्तों ने किया भक्ति का रसपान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**जौनपुर।** अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) जौनपुर द्वारा सिद्धार्थ उपवन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस पर भक्तों का उत्साह और भी बढ़ता दिखाई दिया। कथा व्यास कमल लोचन प्रभु जी (अध्यक्ष, इस्कॉन मीरा रोड–मुंबई एवं वापी–गुजरात) ने अपने मधुर प्रवचनों से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और भक्तियोग के गूढ़ रहस्यों को सरलता से समझाया।

कथा व्यास कमल लोचन प्रभु ने कहा कि बद्धजीव अनादि काल से अपने पाप कर्मों के संचित परिणामों की गंदगी से ढका रहता है। अपने पिछले पापों के परिणामों के कारण, वह पाप कर्मों में और अधिक लिप्त हो जाता है तथा परम भगवान श्री कृष्ण के अभिन्न अंग के रूप में अपनी स्वाभाविक स्थिति को अधिकाधिक भूल जाता है। अपने आध्यात्मिक स्वरूप को भूल जाने के कारण, वह स्वयं को अस्थायी भौतिक शरीर तथा उसकी सामग्री के साथ पहचान लेता है। इस प्रकार, प्रेमपूर्वक कृष्ण की सेवा करने के बजाय, वह भगवान की सीमित सांसारिक शक्ति, माया की सेवा करने के लिए बाध्य होता है।

जीव कभी भी अस्तित्व की किसी भी अवस्था में, चाहे वह बद्ध हो या मुक्त, स्वतंत्र नहीं होता, लेकिन जब वह माया के वश में होता है, तो वह कष्ट भोगता है, और जब वह कृष्ण के वश में होता है, तो वह भगवान तथा उनके भक्तों की संगति में जीवन का आनंद लेता है।

# 10 जनवरी तक यातायात पुलिस की चलेगी गांधीगिरी फिर होंगी सघन चेकिंग

**सुल्तानपुर।** यातायात पुलिस नगर क्षेत्र में नियम विरुद्ध चलने वाले वाहन चालको से नियम से चलने की अपील के साथ ही उन्हें पुष्प देकर गांधीगीरी करते हुए यातायात नियम का पालन करने और सुरक्षित यात्रा का मंत्र दिया। बीते तीन दिनों से यातायात निरीक्षक राम निरंजन दलबल के साथ नगर के रोडवेज, कलेक्ट्रेट के सामने लखनऊ रोड़ अमहट आदि स्थानों पर वाहन चालक को पुष्प देते दिखाई दे रहे है। बीती शाम रोडवेज स्थित ट्रैफिक इंस्पेक्टर राम निरंजन, यातायात उप निरीक्षक नरेंद्र बहादुर सिंह टीएसआई जयप्रकाश, मेजर बेलाल अहमद मय हमराही के दो व चार चक्का वाहन चालक को रोककर उन्हें सुगम व सुलभ यातायात के लिए ट्रैफिक नियम का पालन करने की अपील करते हुए पुष्प भेंट किया। इंस्पेक्टर



राम निरंजन ने बताया कि 10जनवरी तक अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करगें। 11जनवरी से सघन जांच-पड़ताल अभियान चलेगा, जिसमें हेल्मेट, शीटबेल्ट, काली फिल्म और वाहन के आवश्यक दस्तावेज जांचे जाएगें। यदि वाहन से संबंधित डाक्यूमेंट मांगने पर नही दिखाए जाएगे तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। यातायात निरीक्षक राम निरंजन ने कहाकि पुलिस लोगों की सुरक्षा के लिए है, हम चाहते है कि आपकी यात्रा आपके गंतव्य तक सुगमता के साथ हो, आप जब यात्रा पर निकले तो आपके पास वाहन से संबंधित कागजात हो, जिससे आपकी यात्रा में विघ्न न उत्पन्न हो।

# खण्ड शिक्षा अधिकारी दूबेपुर से मिला- प्राथमिक शिक्षक संघ

**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ दूबेपुर (सम्बद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ) का प्रतिनिधि मंडल मांडलिक मंत्री अयोध्या शमीम अहमद एवं ब्लॉक अध्यक्ष दूबेपुर/ जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी के संयुक्त नेतृत्व में खण्ड शिक्षा अधिकारी दूबेपुर राम तीर्थ वर्मा से नववर्ष पर शिष्टाचार मुलाकात कर शुभकामनाएं ज्ञापित किया। शिक्षक समस्याओं के सम्बन्ध में रमेश तिवारी ने एक दिन अनुपस्थिति पर वेतन बहाल करने हेतु आख्या भेजने, लंबित एनपीएस पत्रावली लेखा कार्यालय भेजने, ऑनलाइन पेंडिंग एरियर फॉरवर्ड करने, 31मार्च 2025 को सेवा निवृत्त होने वाले शिक्षकों की सेवा पुस्तिका पूरित कर पत्रावली तैयार कराने, लंबित चयन वेतनमान फाइल स्वीकृति हेतु



बीएसए कार्यालय भेजने, चयन वेतनमान प्राप्त कर चुके शिक्षकों की प्रविष्टियां उनके मानव संपदा पर दर्ज करने का अनुरोध किया।

खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि आज सेवा पुस्तिका पूर्ण हो गई है उस पर आज हस्ताक्षर कर दिए हैं। एक दिन अनुपस्थिति पर आख्या एक/दो दिन में भेज दी जाएगी। शेष कार्य भी समय से पूर्ण कराए जाएंगे। इस अवसर पर मंत्री दूबेपुर फिरोज अहमद उपाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, अटेवा अध्यक्ष दूबेपुर राजेश पाण्डेय पदाधिकारी सोहन कुमार खुर्शीद अहमद बीना पाण्डेय सहायक लेखाकार चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव प्रवीन जायसवाल इरफ़ान अनूप योगेन्द्र सिंह राकेश वर्मा उमाकांत दिलशाद रहे।

# अनुशासन एवं राष्ट्र प्रेम का प्रतीक स्काउट गाइड- राकेश प्रताप

## एमपीपी इंटर कॉलेज में स्काउट गाइड तृतीय सोपान शिविर हुआ आयोजित





**बलरामपुर।** बुधवार को एमपीपी इंटर कॉलेज में भारत स्काउट एवं गाइड के तत्वाधान में पांच दिवसीय तृतीय सोपान जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कैडेटों ने बिना बर्तन भोजन एवं हस्तकला का प्रदर्शन किया है।

जिला स्काउट एवं गाइड शिविर का आयोजन जिला संगठन आयुक्त सिराजुल हक एवं उमाशंकर सिंह की निगरानी में आयोजित किया गया शिविर में कैडेटों ने स्काउट गाइड के नियम, ध्वज सलामी, ध्वज गीत, सहित अन्य प्रशिक्षण दिए गए हैं। कैंप में बिना बर्तन के भोजन बनाया गया। इनमें मुख्य रूप से लिट्टी चोखा, भुना हुआ मसालेदार लैया चूरा, आदि आदि शिविर में बनाया गया है। इसी क्रम में हस्तशिल्प प्रदर्शन में कैडेट ने वंदन द्वार, गुलदस्ता, रंगोली ,पेंटिंग वॉल पेंटिंग आदि का प्रदर्शन किया है। छात्रों में विभिन्न हस्तकला का प्रदर्शन किया है। शिविर में कुबेरमती पांडे मेमोरियल इंटर कॉलेज, एमडीके बालिका इंटर कॉलेज, एमपीपी इंटर कॉलेज सहित अन्य स्कूलों के भारत स्काउट एवं गाइड कैडेट शामिल हुए हैं। प्रधानाचार्य राकेश प्रताप सिंह ने शिविर में कैडेट को संबोधित करते हुए कहा कि इस कैंप आयोजन का मुख्य उद्देश्य राज्य पुरस्कार के लिए कैडेट को निपुण करना है। उन्होंने सभी कैडेट को राज्य पुरस्कार के लिए आवेदन करने के लिए प्रेरित किया है उन्होंने कहा कि स्काउट गाइड अनुशासन एवं राष्ट्र के प्रगति का प्रतीक है। इस अवसर पर उमाशंकर सिंह जिला संगठन आयुक्त सिराजुल नीलम भारती मोहम्मद अली, अजीत ,बजरंगी यादव आदि स्काउट गाइड के शिक्षक शामिल रहे हैं।

# सीएम अभ्युदय के छात्रों को एसडीएम सुशांत ने दिया सफलता का मूल मंत्र

## अभ्युदय कोचिंग संस्था में छात्रों को सिविल सर्विसेज से जुड़ी समस्याओं के समाधान का दिया टिप्स




**बलरामपुर।** जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान कैंपस में मुख्यमंत्री अभ्युदय निशुल्क कोचिंग योजना में सिविल सेवा की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं को एसडीएम सुशांत सिंह ने टिप्स दिए हैं।

यूपी पीसीएस 2023 बैच में चयनित एसडीएम सुशांत ने सिविल की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं को सफलता का मूल मंत्र देते हुए उनका शैक्षिक मूल्यांकन किया है। कैंपस में अध्यनरत छात्र छात्राओं के करियर का मार्गदर्शन करते हुए उन्होंने खूब मेहनत ईमानदारी से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया है ।उन्होंने छात्र-छात्राओं से तैयारी के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए सफलता का मूल मंत्र दिया है। छात्रों ने अपने बीच यूपीपीसीएस 2023 बैच में चयनित एसडीएम सुशांत को पाकर खुशी का ठिकाना नहीं रहा। छात्रों ने कैरियर संबंधी विभिन्न बिंदुओं को एसडीएम से साझा करते हुए सफलता के टिप्स लिए हैं। एसडीएम को जिला कोऑर्डिनेटर सचिन सिंह ने बुके भेंट कर सम्मानित किया है। एवं एसडीएम सुशांत सिंह से अपील किया है, कि मुख्यमंत्री अभ्युदया योजना से तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं का सदैव मार्गदर्शन करते रहे।

# राजस्व कर्मियों की मिलीभगत से भूमाफिया ने हड़प लिया स्कूल डीएम से शिकायत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** बीजेपी की योगी सरकार भू माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के सीधे निर्देश जारी हैं, बावजूद इसके जनपद सुल्तानपुर के कुछ राजस्वकर्मी रातों-रात लखपति और करोड़पति बनने का सपना देख रहे हैं ।उसके लिए वह सरकारी जमीनों की का भी सौदा भू-माफियाओं से करने से बाज नहीं आ रहे हैं । ऐसा ही एक सनसनी खेज मामला जयसिंहपुर तहसील के ग्राम पंचायत राजापुर से जुड़ा मामला चर्चा में आया है। इस करोड़ो की जमीन पर कब्जे की खबर पर क्षेत्रीय नेता भी खामोश हैं। नाराज ग्रामीणों ने डीएम कृतिका ज्योत्सना के सामने पेश होकर ग्रामीणों ने कहा कि गाटा संख्या 567 स्कूल की जमीन, गाटा संख्या 568 खेल का मैदान, 565 खाद गढ़वा तथा गाटा संख्या 554 चकमार्ग स्थित है जो कि ग्रामसभा की सुरक्षित भूमि है। ग्रामीणों ने शिकायती पत्र में कहा गया है कि गाँव के निवासी नसीमुद्दीन सुत मोहब्बत अली शाह ने अधिकारियों व कर्मचारियों को गुमराह करके गाटा संख्या 567 व 568 को श्रेणी -6 आबादी घोषित करवा दिए है ।जबकि बन्दोबस्त के रिकार्ड में स्कूल तथा खेल के मैदान के लिए उक्त दोनों गाटे दर्ज हैं तथा गाटा संख्या 565 खाद गडढे की भूमि पर शौचालय बनवाकर व 554 चकमार्ग पर मकान बनाकर अनाधिकृत तरीके से कब्जा कर लिए है । जिससे ग्रामवासियों को काफी परेशानी हो रही है और ग्रामसभा की अपूर्णनीय क्षति है। उक्त नसीमुद्दीन भू माफिया हैं। कहा गया कि खाद के गडढे के लिए सुरक्षित भूमि पर नाली का निर्माण करवाना चाहते है रात में जे0सी0बी0 से खाद गड्ढे के लिए सुरक्षित भूमि में नाली खोदवा दिए है।ग्रामीणों ने कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

संक्षिप्त खबरें

## स्वास्थ्य कैंप में छात्र-छात्राओं का किया गया उपचार




लोकमित्र ब्यूरो

**बांदा।** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज मटौंध में बुधवार को स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के कक्षा 10, 11 व 12 के लगभग 400 छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर चिकित्सीय सलाह दी गई।

पीएम श्री विद्यालय में आयोजित स्वास्थ्य कैंप में छात्र-छात्राओं को तमाम जानकारियां भी दी गई। इसके साथ ही उनका चेकअप करते हुए उपचार किया गया। शिविर में चिकित्साधिकारी नेत्र रोग विशेषज्ञ एसएन मिश्र, डॉ. आलोक गुप्ता, डॉ. शिशिर चतुर्वेदी, डॉ दिव्या गौतम, स्त्री रोग विशेषज्ञ, जियाउद्दीन नेत्र परीक्षक आदि मौजूद रहे।

## नकारात्मक गतिविधियों के विरोध में एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन

इवेंट में शराब व मादक पदार्थ का युवाओं को कराया जा रहा सेवन



**बांदा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विगत पिछले 75 वर्षों से छात्रहितों, राष्ट्रहितों व सामाजिक कार्यो में अग्रणी रहा है। अभाविप निरंतर विभिन्न आयामों के माध्यम सें छात्रहितों व राष्ट्र के पुनर्निमाण के लिए कार्य करती है। इसीके तहत बुंदेलखंड जैसे क्षेत्र में वहां माता-पिता अपने बच्चों को गरीबी में पढ़ा-लिखा कर उनके भविष्य संवारने के लिए संकल्पित है। वही विगत कई महीनों से जनपद में संचालित विभिन्न इवेंट्स के माध्यम से छात्रों को नशें के पथ पर, युवाओं को नकारात्मक दिशा देने के साथ साथ महर्षि बामदेव की तपोस्थली की संस्कृति को पाश्चात्य सभ्यता की खाई में धकेलने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही इवेंट्स में शराब व मादक पदार्थो जैसें युवाओं को सेवन करवाया जा रहा है। इस प्रकार के आयोजनों से देश के भविष्य युवाओं को उनकी संस्कृति , संस्कार व दिशा भ्रमित किया जा रहा है। अगर किसी छात्रा बहन या किसी युवती या अन्य कोई घटना घटित होती है तो उसका जिम्मेदार कोन होगा और आगे इससे भी ज्यादा असांस्कृतिक इवेंट्स होने की संभावना है। नगर मंत्री कार्तिकेय गुप्ता ने बताया कि विगत कई महीनों से इवेंट्स के माध्यम से छात्रों को नशे की ओर अग्रसर करते हुए भारत के भविष्य युवाओं को नकारात्मक दिशा देने के साथ-साथ महर्षि बामदेव की तपोस्थली में बुंदेलखंड की संस्कृति को पाश्चात्य संस्कृति की खाई में धकेलने का कृत्य किया जा रहा है जो कतई बर्दाश्त नहीं है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई इसका पूर्णतः विरोध करती हैं व आगामी ऐसे असांस्कृतिक आयोजनों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगायी जाने की मांग करता है। अन्यथा की स्थिति में विद्यार्थी परिषद एक बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस मौके पर प्रांत सह मंत्री दिव्यांशु मिश्रा, नगर उपाध्यक्ष डॉ. नवीन पांडे, सुनील सक्सेना, सुधांशु चौहान, जनता दल यूनाइटेड से बहन शालिनी पटेल, प्रांत स्वालंबी सह संयोजक स्वतंत्र साहू, तहशील संयोजक सुभाष त्रिपाठी, प्रांत कार्यकारणी सदस्य अनामिका बेदी, नगर सह मंत्री अनामिका गुप्ता , इकाई अध्यक्ष केसीएनआईटी रजत त्रिवेदी, इकाई अध्यक्ष श्लोक द्विवेदी, इकाई अध्यक्ष आरडीडीसी वंश गुप्ता, वेदांत सोनी, देवांश सोनी, वैभव धुरिया, शिवशंकर तिवारी, कुशल दुबे, अर्पित द्विवेदी, शाश्वत, शशांक, प्रखर सिंह, अभय सोनी, युवराज सिंह, अभय साहू, प्रांजल बाजपेयी, सर्वेश, शिवम सोनी, सतेन्द्र सिंह, कृष्ण दीक्षित, नितेश तिवारी, अनुज सिंह समेत सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खेत सिंचाई कर घर लौटे किसान की ठंड लगने से मौत

**बांदा।** खेत सीच कर घर लौटा किसान सर्दी से अकड़ गया। उसकी मौके पर मौत हो गई। सुबह घरवालो ने शव देखा तो कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अब तक सर्दी से मरने वालो की संख्या चार हो गई।गिरवां थाना क्षेत्र के खुरहंड निवासी 26 सत्यम तिवारी पुत्र तारबाबू किसानी करता था। उसके पिता के नाम 26 बीघा जमीन है। मंगलवार को वह खेत में बोई गई गेहू की फसल की सिचाई करने गया था। रात को वह खेत से वापस घर आया और सो गया। सुबह उसकी मां सुधा देवी जगाने गई देखा तो वह अकड़ा पड़ा था। सूचना पर पहुंचे परिवार के अन्य लोगो ने हिला डुला कर देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। शव देखते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के पड़ोसी रामबहादुर सिंह का कहना है। कि वह तीन भाईयो में छोटा था। उसकी शादी नही हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जहर की आशंका होने पर डॉक्टरो ने बिसरा सुरक्षित रख लिया है। उधर हाड़कंपाऊ ठंड ने अब लोगो को अपनी चपेट में लेकर मौत की नीद सुलाना शुरू कर दिया है। अब तक सर्दी से मरने वालो की संख्या चार हो गई। इनसे मर्का के मुड़वारा गांव निवासी 32 वर्षीय कमलेश पुत्र धानू, अतर्रा के राजेद्र नगर निवासी 50 वर्षीय रामसिंह पुत्र रामा सिंह, जसपुरा निवासी 55 वर्षीय भूपेद्र सिंह, खुरहंड निवासी सत्यम सिंह शामिल हैं।

## रंजिश में दो युवको पर कुल्हाड़ी से हमला

**बांदा।** दो दिन पहले मछली पार्टी में हुए विवाद में आधा दर्जन लोगो ने घर में घुस कर दो युवको पर कुल्हाड़ी डंडो से हमला कर दिया। जिससे दोनो लोगो गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनो घायलो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। शहर के खाईपार मोहल्ला निवासी 38 वर्षीय जीतू पुत्र राजाराम, अपने 37 वर्षीय दोस्त दीपक पुत्र जगतपाल के साथ घर के बाहर बैठे थे। तभी आधा दर्जन लोगो ने जीतू और दीपक को गाली गलौज करना शुरू कर दिया। दीपक ने इसका विरोध किया। दोनो लोग घर में घुस गए। सभी लोगो ने घर में घुस कर दोनो के ऊपर कुल्हाड़ी और डंडो से हमला कर दिया। जिससे दोनो लोग घायल हो गए। शोर गुल सुनकर मौके पर पहुंचे पड़ोसियो ने समझा बुझाकर मामले को शांत करा दिया। दोनो घायलो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि अतुल और जीतू दोनो आपस में दोस्त है। दो दिन पहले दोस्तो में मछली पार्टी हुई थी। पार्टी के दौरान दोस्त दीपक ने अतुल के पांच सौ रूपए छीन लिया था। इसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ गया कि दोनो लोगो ने अतुल को मारपीट कर घायल कर दिया। इसी खुन्नस के चलते दोनो के साथ मारपीट की गई है। एक अन्य घटना में देहात कोतवाली क्षेत्र के पचनेही गांव निवासी 20 वर्षीय संजय पुत्र संतोष को पड़ोस के दो लोग अकारण गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर दो लोगो ने संजय को मारपीट कर घायल कर दिया। उसे भी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# अवैध खनन से खतरे में केन नदी का अस्तित्व

### विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा समिति व गंगा समग्र ने उठाई आवाज



लोकमित्र ब्यूरो

**बांदा।** केन घाट पर हमेशा की तरह ठंड के बीच मंगलवार को केन जल महा आरती का आयोजन किया गया। महाआरती का आयोजन विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति एवं गंगा समग्र (कानपुर प्रांत) के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। इस मौके पर केन मां की आरती उतारकर श्रद्धालुओं ने शीश नवाया और आशीर्वाद मांगा। कहा गया कि जिले में हो रहे अवैध खनन से केन नदी की जलधारा प्रभावित हो रही है। केन नदी का अस्तित्व खतरे में है।

समिति के जिलाध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान में अवैध खनन का कार्य केन नदी की जलधारा को प्रभावित कर रहा है साथ ही इससे जलीय जीव जंतुओं को भी हानि पहुंच रही है। उन्होंने आगे कहा कि जिला प्रशासन में बैठे जिम्मेदार अधिकारियों को इसपर ध्यान देना चाहिए। संबंधित पर आवश्यक कार्यवाही करनी चाहिए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि अवैध खनन का कार्य इसी तरह से चलता रहा तो गंगा समग्र के द्वारा खनन से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी प्राप्त करने हेतु टीम का गठन किया जाएगा और अवैध खनन की जानकारी होने पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारी व संबंधित खदान संचालक के खिलाफ कार्यवाही करवाई जाएगी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कई बार जिले के जिम्मेदारों को अवगत कराया गया है, ताकि जिससे अवैध खनन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कराया जाए, कई जगहों पर नदी के बीचों बीच जलधारा प्रभावित कर खनन किया जा रहा है जोकि नदी के अस्तित्व को प्रभावित करने का कार्य किया जा रहा है।

इस दौरान केन जल महा आरती कार्यक्रम में अंजली गुप्ता जिला संयोजक महेश तिवारी जिला सह प्रभारी आलोक कुमार निगम जिला महामंत्री राकेश कुमार त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष महेश कुमार धुरिया जिला प्रचार मंत्री रजनीश प्रजापति सदर तहसील उपाध्यक्ष संदीप सेन बड़ोखर ब्लॉक अध्यक्ष सत्यम मिश्रा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## नीलकंठेश्वर शिव का किया दर्शन-पूजन



लोकमित्र ब्यूरो

**बांदा।** कालिंजर दुर्ग में उत्तर प्रदेश के पीसी एस अध्यक्ष बाल्मीक त्रिपाठी ने कालिंजर दुर्ग में विराजमान भगवान नीलकंठ महादेव जी के पूजा अर्चना किया और कालिंजर दुर्ग में राजा मानसिंह महल मृगधारा बेकट बिहारी महल रंग महल सीता कुंड जैसे रमणीक स्थानों को देखा। उनके साथ में दिलीप, राकेश मिश्रा पूर्व जिला महामंत्री नितेश भदौरिया कोमल कुशवाहा डायरेक्टर सहकारी संघ कालिंजर, अरुण कुमार शर्मा, वीरेंद्र त्रिवेदी ओमप्रकाश तिवारी बुद्धविलास द्विवेदी अन्य लोग उपस्थित रहे।

## महिला बीट आरक्षियों को कार्यशाला में किया गया प्रशिक्षित

**बांदा।** मिशन शक्ति अभियान को और अधिक व्यापक बनाने और जनसहभागिता बढ़ाने के लिए पुलिस लाइन में महिला आरक्षियों की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें उन्हें तमाम जानकारियां दी गई। महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति- 5.ह्व अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज की अध्यक्षता में महिला बीट आरक्षियों की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महिला बीट आरक्षियों को बीट क्षेत्र में महिलाओं और बच्चियों से बेहतर समन्वय स्थापित करने, महिला अपराधों और घरेलू हिंसा को रोकने और अधिनियम के प्रावधानों के बारे जानकारी दी गई । उन्हें घरेलू हिंसा और महिला अपराधों की रोकथाम के लिए कानूनी प्रक्रियाओं, प्राथमिक जांच और त्वरित कार्रवाई के उपायों पर जानकारी दी गई। अधिनियम के अंतर्गत कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम के कानूनी प्रावधानों और उनके प्रभावी क्रियान्वयन का भी प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में अपर पुलिस अधीक्षक कहा कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण सुनिश्चित करने में महिला आरक्षियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है । कार्यशाला में क्षेत्राधिकारी नरैनी अंबुजा त्रिवेदी द्वारा महिला आरक्षियों को अपने बीट क्षेत्रों में बाल-विवाह पर प्रभावी रोकथाम लगाने, अभिभावकों को बाल-विवाह की हानियों को बारे में बताने तथा बाल-विवाह संबंधी अपराध के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही के बारे में जागरुक करने के निर्देश दिए। कार्यशाला में थानाध्यक्ष महिला थाना अनुपमा तिवारी सभी थानों की महिला बीट आरक्षी उपस्थित रही।

## रोजगार मेले का आयोजन कल

**बांदा।** सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय चित्रकूट धाम मंडल मोहित जायसवाल ने बताया कि निदेशक, प्रशिक्षण व सेवायोजन निदेशालय के निर्देशों पर क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय परिसर में 10 जनवरी को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन होगा। इसमें विभिन्न कम्पनियों विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार के पश्चात बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अधिकाधिक संख्या में उपस्थित हों और मेला स्थल पर साक्षात्कार के समय अपनी समस्त शैक्षिक योग्यता की छाया प्रतियों तथा फोटो अवश्य लाएं।

## पुलिस कार्यालय में किन्नरों का हंगामा, पीड़ित के साथ मारपीट

### चित्रकूट के परसौंजा गांव निवासी शिवाकांत माता-पिता के साथ पुलिस कार्यालय आया था




लोकमित्र ब्यूरो

**बांदा।** मारपीट और प्रताड़ति करते हुए जबरन किन्नर बनाया गया युवक अपने माता-पिता के साथ एसपी कार्यालय शिकायत करने पहुंचा। इसी दौरान आरोपी किन्नर गुट भी बुधवार की दोपहर वहां पहुंच गया। आरोप-प्रत्यारोप के बीच पीड़ति युवक को आरोपी किन्नर गुट ने पुलिस कार्यालय में ही लात-घूसों से पीट दिया। हालांकि बाद में पहुंची पुलिस ने किसी तरह से मामला शांत कराया। किन्नरों के अभद्र हंगामे और मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है।

गौरतलब हो कि जनपद चित्रकूट के थाना पहाड़ी अंतर्गत निवासी परसौंजा की शांती देवी पत्नी अजय कुमार ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया था कि उसके 17 वर्षीय पुत्र शिवाकांत को अतर्रा में कुछ किन्नर गैंग के सदस्यों ने जबरन पकड़कर 25 अप्रैल 2024 को रात में स्टेशन के पास से ले गए थे। लगातार यातनाएं देते रहे और अपनी गाड़ी में बैठाकर ले गए। किसी चिकित्सक से उसका आपरेशन करवाया और लिंग परिवर्तन करा दिया। इसके साथ ही नशीली दवाएं और हार्मोन चेंज करने की दवाएं लगातार ओवरडोज देते रहे। पीड़ति शिवाकांत के माता-पिता ने बताया कि धीरू उर्फ कटरीना निवासी अतर्रा ने उसके बेटे को अगवा किया और लिंग परिवर्तन कराया। वही गैंग का सरगना है। बताया कि बेटे शिवाकांत को जब सड़न पैदा हो गई तो आरोपी छोड़कर भाग गए। लगभग 70 हजार रुपये लगाकर उपचार कराया, तब कहीं जाकर शिवाकांत की हात में सुधार हो सका। शांती देवी ने आरोप लगाया कि यह गैंग बहुत से लड़कों को मारपीट कर किन्नर बनाने का गोरखधंधा कर रहे हैं। जबरन वसूली कराई जाती है। अब गुंडों को लगाकर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। बुधवार को शांती देवी अपने पति अजय कुमार और बेटे शिवाकांत के साथ पुलिस कार्यालय आई थी। दोपहर तकरीबन तीन और चार बजे के बीच आरोपी किन्नर गुट वहां पहुंच गया और अभद्रता करने लगा। इसी दौरान दोनो पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। कहासुनी के दौरान ही आरोपी किन्नर गुट के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया और शिवाकांत के साथ लात-घूंसच्से मारपीट कर अभद्रता की। तकरीबन 15 से 20 मिनट तक किन्नर गुट का हंगामा पुलिस कार्यालय में चलता रहा। बाद में वहां मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह से मामले को शांत कराया। इधर, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज का कहना है कि पुलिस कार्यालय में हंगामा गलत है, उन्होंने कहा कि हंगामा और मारपीट करने वाले किन्नरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही पूरे मामले की गंभीरता से जांच होगी। अतर्रा थाना पुलिस को भी कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।

## गोवंश को ठंड से बचाने के लिए नहीं किए जा रहे इंतजाम

लोकमित्र ब्यूरो



**बांदा।** जनपद में संचालित गोशालाओं में गोसंरक्षण के लिए शासन की ओर से 26 करोड़ रुपये का बजट जारी किया गया था। गोसंरक्षण के नाम पर इस बजट को ठिकाने लगाने का काम किया जा रहा है। कड़ाके की ठंड में गोवंश को बचाने के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं। इसके चलते गोवंश ठंड में ठिठुर कर दम तोड़ रहा है। बुंदेलखंड इंसाफ सेना ने बुधवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। कहा कि गोवंश को ठंड से बचाने के लिए इंतजाम न किए गए तो धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

ज्ञापन में बुंदेलखंड इंसाफ सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ए एस नोमानी ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में कहा कि इस भीषण ठंड व सर्द हवा में आम जनमानस कांप रहा है, तो यह बेजुबान गौंवंश किस हालत में होगा, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है, जनपद की किसी भी गौशालाओं में सर्दी से बचाव के लिए कोई भी ठोस इंतजाम संबंधित अधिकारियों द्वारा नहीं किया जा रहा है, जबकि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनपद को लगभग 26 करोड़ रुपए का बजट गौंवंश की सुरक्षा व भरण पोषण आदि के लिए आवंटित किया गया था ।

इस बदहाल स्थिति पर संबंधित दोषी अधिकारी व कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करते हुए गौंवंश की सुरक्षा व भरण पोषण के लिए सही व्यवस्था कराया जाना अति आवश्यक है, इसलिए की लगातार ठंड का कहर जारी है,और ठंड से बचाव के लिए करोड़ों रुपए बजट होने के बावजूद भी गौंवंश भी खुले आसमान के नीचे घूमने, रात गुजारने व कूड़ा करकट खाने के लिए मजबूर है, अधिकतर गौशालाओं में गौवंश की मौत का कारण सिर्फ भूख और ठंड है। इसलिए जनहित में बुंदेलखंड इंसाफ सेना ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि गौवंश की सुरक्षा व भरण पोषण के लिए संबंधित अधिकारियों को आदेशित करते हुए, दोषी अधिकारी व कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने का कष्ट करें, ताकि किसी भी गौंवंश की भूख व ठंड से मृत्यु ना हो सके, अन्यथा की स्थिति में बुंदेलखंड इंसाफ सेना के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गौवंश की सुरक्षा एवं भरण पोषण के लिए आंदोलन व धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी, इस मौके पर संगठन के संरक्षक क्रांतिकारी अधिवक्ता विमलकृष्ण श्रीवास्तव, प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल वर्मा, रामसुफल प्रजापति, ओमप्रकाश, रज्जू, अखिलेश, शानू आदि लोग मौजूद रहे।

## जन सामान्य के लिए एक सप्ताह उपलब्ध रहेंगी मतदाता सूची

लोकमित्र ब्यूरो

**बांदा।** अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि पहली जनवरी के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में नियत कार्यक्रम के अनुसार विधान सभा क्षेत्र की निर्वाचक नामावालियों का अन्तिम प्रकाशन जिले के अन्तर्गत आने वाली 232-तिंदबारी, 233-बबेरू 234-नरैनी (अ0जा0) व 235-बांदा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के समस्त मन्य स्थलों/पदाभिहित स्थलों पर दिनांक 7 जनवरी को कर दिया गया है। जन सामान्य के अवलोकन के लिए जनपद के समस्त मतदान केन्द्रों पर पदाभिहित अधिकारी के पास एक सप्ताह तक उपलब्ध रहेंगी।

## भागवत प्रसाद क्रिकेट टीम ने जीता दूसरा मैच



**बांदा।** तीन मैचों की सिरीज़ भागवत प्रसाद क्रिकेट अकादमी के मैदान में मध्य प्रदेश छतरपुर अकादमी और भागवत प्रसाद क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए छतरपुर क्रिकेट अकादमी ने 39,2 ओवर में 214 रन बनाए, जिसमें अमित रायकवार 85 रन मुकेश कुशवाहा 23 रनों का योगदान दिया। भागवत प्रसाद क्रिकेट अकादमी की तरफ से गेंदबाजी करते हुए सुनील कुमार 3, ज़ैद ख़ान 2 विकल्प 2 हिमांशु 2 विकेट लिए 214 रनो का पीछे करने भागवत प्रसाद क्रिकेट अकादमी की टीम 9 विकेट में 215 रन बना लिए, जिसमें वरून दीक्षित 104 रन, सचिन केसरी 25 , रनो का योगदान दिया। मध्य प्रदेश छतरपुर क्रिकेट अकादमी की तरफ से बॉलिंग करते हुए अंश साहू तीन विकेट और विकास-कार्तिक 2-2 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच रहे खिलाड़ी का उत्साह बढ़ाने के लिए भागवत प्रसाद क्रिकेट अकादमी के अंकित कुशवाहा, डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट किकेट एसोसिएशन के सचिव वासिफ जमा खां, सीनियर खिलाड़ी, डिस्ट्रिक्ट कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कमल यादव, सुनील सक्सेना ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनके खेल की सराहना की। मैच का संचालन क्रिकेट कोच सलमान खान ने किया।

## किन्नरों के साथ अनशन पर बैठी जदयू नेत्री, एफआईआर की मांग

### पुलिस कार्यालय में पीड़ति पक्ष के साथ आरोपी किन्नरों के मारपीट का मामला





लोकमित्र ब्यूरो

**बांदा।** बुधवार की दोपहर को पुलिस कार्यालय में पीड़ति शिवाकांत के साथ आरोपी किन्नरों ने पुलिस कार्यालय में जमकर अभद्रता और मारपीट की। इस मामले के बाद जदयू महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी पटेल पीड़ति पक्ष के साथ अशोक स्तंभ तले अनशन पर बैठ गई। उन्होंने मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए गिरफ्तारी की जाए।

जनपद चित्रकूट के पहाड़ी थानांतर्गत परसौंजा गांव निवासी शिवाकांत के परिजनों ने यह आरोप लगाया था कि अतर्रा कस्बे में कुछ किन्नरों ने उसके बेटे को पकड़कर उसके साथ मारपीट की, चिकित्सीय मदद लेते हुए उसका लिंग परिवर्तन कराया। इस मामले की शिकायत शिवाकांत की मां शांती देवी ने पुलिस अधीक्षक से की थी। बुधवार को शिवाकांत अपने माता पिता के साथ फिर एसपी कार्यालय पहुंचा तो वहां पर आरोपी किन्नर पक्ष भी पहुंच गया और जमकर हंगामा करते हुए शिवाकांत के साथ मारपीट की। जनता दल युनाइटेड महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल बुधवार की शाम अशोक स्तंभ तले पीड़ति पक्ष के साथ धरने पर बैठ गई। आरोपी पक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने और गिरफ्तारी किए जाने की मांग की है।

### छह नामजद, पांच अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट

बांदा। पीड़ति शिवाकांत ने बुधवार की शाम को नगर कोतवाली में तहरीर दी। उसमें उसने बताया कि एसपी कार्यालय परिसर में घुसकर उसके साथ मारपीट की गई। इसमें धीरू उर्फ कैटरीना निवासी अतर्रा, बन्नो उर्फ बसीरा निवासी अलीगंज, काजल, शिवानी, पलक, नेहा समेत पांच अज्ञात, कुल 11 लोग शामिल रहे। पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ नगर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।





# वैष्णव अखाड़ों का कुम्भ क्षेत्र में हुआ भव्य प्रवेश

## अखिल भारतीय पंच निर्मोही अणि, निर्वाणी अणि और दिगम्बर अनी अखाड़े की संयुक्त छावनी प्रवेश यात्रा में दिखी युद्ध कौशल की झलक

### ➪राजसी रथ में सवार सैकड़ों महामंडलेश्वर और द्वाराचार्य पर जमकर हुई पुष्प वर्षा







**लोकमित्र ब्यूरो**

**महाकुम्भ नगर।** त्रिवेणी के तट पर 13 जनवरी से आयोजित होने जा रहे आस्था के जन समागम महाकुम्भ में सनातन धर्म के ध्वज वाहक अखाड़ों की दुनिया विस्तार लेने लगी है। शैव उपासक संन्यासी अखाड़ों के छावनी क्षेत्र में प्रवेश के बाद बुधवार को विष्णु उपासक वैष्णव अखाड़ों का भी भव्य छावनी प्रवेश हुआ। शहर में जगह जगह वैष्णव अखाड़ों के संतों का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया।

संगम की रेती में बसी अखाड़ों की दुनिया में शिव उपासक अखाड़ों के छावनी प्रवेश के समापन के बाद अब वैष्णव अखाड़ों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है। शहर के केपी ग्राउंड परिसर से तीनों वैष्णव अखाड़ों की भव्य छावनी प्रवेश यात्रा की शुरुआत हुई। तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु राम भद्राचार्य की अगुवाई में यह प्रवेश यात्रा निकाली गई जिसमें दस हजार से अधिक वैष्णव उपासक संतो ने हिस्सा लिया। अखिल भारतीय श्री पंच निर्मोही अणि अखाड़े के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत राजेंद्र दास का कहना है कि प्रवेश यात्रा में तीनों वैष्णव अखाड़ों के सौ से अधिक महा मंडलेश्वर और द्वाराचार्य ने हिस्सा लिया।

तीनों वैष्णव अखाड़ों ने संयुक्त रूप से अपनी छावनी प्रवेश यात्रा निकाली जिसे देखने के लिए शहर के मार्गों में दोनों तरफ हज़ारों लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। यात्रा में सबसे आगे तीनों अखाड़ों के इष्ट भगवान हनुमान की धर्म ध्वजा और मूर्ति के बाद अखाड़ों के खालसों की रंग बिरंगी धर्म ध्वजा लहरा रही थी। तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु राम भद्राचार्य के रथ के बाद गाजे बाजे और बैंड बाजे के साथ हाथी, घोड़े और ऊंट की सवारी में सिंहासन में विराजमान संत चल रहे थे। इन सबके बीच वैष्णव अखाड़ों के संतों के युद्ध कला कौशल का प्रदर्शन सबके लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। एक हाथ में माला और एक हाथ में भाला के संकल्प को दर्शाती इस युद्ध कला का प्रदर्शन कर रहे संतो पर जगह जगह पुष्प वर्षा की गई। मेला प्रशासन की तरफ से भी वैष्णव अखाड़ों का महा कुम्भ क्षेत्र पहुंचने पर विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया।

# पटाखा बजाने पर विवाद करने से व्यापारियों में उबाल

## सड़क पर उतरकर जताया विरोध, दुकान बंद कर तालाबंदी का ऐलान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया ।** बहरिया बाजार में मंगलवार की रात पटाखा बजाने पर विशेष समुदाय के लोगों द्वारा विवाद करने से आक्रोशित व्यापारियों ने बुधवार की सुबह आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर सड़क पर उतरकर विरोध जताया और बाजार की सारी दुकानें बंद कर तालाबंदी का ऐलान किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि देर रात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और नौ लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है इसके बाद भी व्यापारी अड़े रहे। व्यापारियों के सड़क पर उतरने की जानकारी एसीपी फूलपुर पंकज लवानिया को हुई तो वह भी मौके पर पहुंचे और किसी तरह से व्यापारियों को समझा बूझाकर बाजार की दुकानों को खुलवाया। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।बहरिया कस्बा निवासी दीपचंद केसरवानी की बहरिया बाजार में मिठाई की दुकान है। उनके भतीजे राम जी केसरवानी को कुछ दिन पहले बेटा हुआ था। इसी खुशी में रात में दुकान के कर्मचारी पटाखा बजा रहे थे। दीपचंद के बेटे अंकित का आरोप है कि इसी दौरान समुदाय विशेष के कुछ युवक विवाद करने लगे। कुछ ही देर में उनके समर्थन में कई लोग लाठी डंडा और कुल्हाड़ी लेकर आ गए। इसके बाद दुकान में काम करने वाले कारीगर विधायक यादव को पीट दिया गया। बीच बचाव करने आए लोगों से भी धक्का मुक्की की गई। सूचना पर पुलिस पहुंची तो मारपीट करने वाले भाग निकले। उधर घटना की जानकारी मिली तो व्यापारियों में आक्रोश फैल गया।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य भाजपा नेता कमलेश पाल, व्यापार मंडल के अध्यक्ष लालचंद, केसरवानी, रमाशंकर गुप्ता, पूर्व प्रधान हरिश्चंद्र साहू ,राजू साहू, दयाराम समेत अन्य व्यापारियों ने कार्रवाई की मांग करते हुए थाने का घेराव कर दिया। अंकित केसरवानी ने एक दर्जन लोगों के खिलाफ तहरीर दी। थानाध्यक्ष बहरिया महेश मिश्रा ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने का आश्वासन देकर किसी तरह से व्यापारियों को रात में वापस किया। लेकिन बुधवार सुबह आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर व्यापारी सड़क पर उतर आए और सैकड़ो की संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। व्यापारियों ने दुकान बंद कर तालाबंदी का ऐलान किया तो पुलिस प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। मौके पर थानाध्यक्ष महेश कुमार मिश्रा भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे और बताया एक दर्जन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है और नौ लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। लेकिन व्यापारी सड़क पर जम रहे। मामला गंभीर होने पर एसीपी फूलपुर पंकज लवानिया भी बहरिया पहुंचे और व्यापारियों को समझा बुझा कर दुकान खुलवाया। मामले में अंकित केसरवानी की तहरीर पर मोहम्मद अयान, टीपू, साहिल, मोनू, सुहेल चिकवा,फउवा सहित एक दर्जन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# सीएचसी अधीक्षक ने महिला कर्मी को बाल पकड़कर पीटा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** सोरांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला कर्मचारियों से मारपीट का वीडियो सामने आया है। सीएचसी में डाटा एंट्री आपरेटर के पद पर तैनात सुषमा व अन्य महिला कर्मचारी शिकायत लेकर अधीक्षक डॉ. अनुपम के पास पहुंची तो कहासुनी हो गई। इसके बाद अधीक्षक ने महिला कर्मियों को भगाना शुरू कर दिया। महिला कर्मी का आरोप है कि उसे जमीन में गिराकर पीटा गया। बाल पकड़ा गया। कई महिला कर्मचारी रोने लगीं। सीएमओ से शिकायत की गई है। साथ ही सोरांव थाने में तहरीर दी गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार फूलपुर के हुसामगंज के रहने वाले अमित मौर्या की पत्नी सुषमा मौर्या ने तहरीर दी है कि वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोरांव प्रयागराज में डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर कार्य करती हैं। आरोप है कि पिछले कुछ महीनों से अधीक्षक अनुपम द्विवेदी वेतन में कटौती कर रहे थे। इस माह भी वेतन कट कर मिलने पर वह शिकायत लेकर पहुंचीं।

महिला कर्मी का आरोप है कि 7 जनवरी को ऑफिस में गई। उनके साथ अन्य महिला कर्मी गीता और मीना भी गई। इन महिला कर्मचारियों का वेतन भी जबरन काट दिया गया था। इसी सिलसिले में सवाल जवाब के दौरान हंगामा हुआ।महिला का आरोप है कि पूछने पर कि क्यों वेतन काटा जा रहा है, अधीक्षक अपनी कुर्सी से उठ कर जाने लगे। उन्हें रोका गया तो धक्का देने लगे। मारपीट की। बाल पकड़ कर मुझे गिराते हुए पैर से भी मारने लगे।

कर्मचारी का कहना है कि आफिस में एक कैमरा लगा है जिसकी निगरानी निजी तौर पर निजी मोबाइल पर करते हैं। इस मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों को पत्राचार एवं मौखिक रूप से दी जा चुकी है लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# महापौर ने सद्भावना क्रिकेट मैच का किया शुभारंभ

## प्रीतमनगर में व्यापारियों के बीच खेला मैच, टीम यमुना को 26 रनो से हराकर टीम संगम ने कप किया कब्जा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** प्रीतम नगर व्यापार मंडल द्वारा सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन बुधवार को प्रीतमनगर स्थिति दुर्गा पूजा पार्क में किया गया। प्रीतम नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता व महामंत्री राकेश जैन ने बताया कि इस प्रकार के ÷सद्भावना क्रिकेट मैच÷का आयोजन व्यापार मंडल विगत तेरह वर्षो से करा रहा है। मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौरगणेश केसरवानी ने एक ओवर बैटिंग कर किया। प्रीतमनगर के व्यापारियों द्वारा सद्भावना क्रिकेट मैच में कुल चार टीमों गंगा, यमुना, सरस्वती और संगम ने हिस्सा लिया। जिसके बीच दस-दस ओवर के तीन मैच खेले गए। वही फाइनल मैच 12-12 ओवर का खेला गया जिसमें संगम टीम विजयी रही। जिसके कप्तान अजय कनौजिया थे। टीम यमुना एवं टीम संगम के बीच फाइनल मैच खेला गया। यमुना की टीम को 26 रनों से हराकर संगम टीम ने सद्भावना क्रिकेट कप पर कब्जा जमाया। फाइनल मैच में पहले बैटिंग करते हुए संगम टीम ने बारह ओवर में कुल 46 रन बनाए, वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम यमुना ने महज 20 रन पर आल आउट हो गई। संगम टीम ने 26 रनों से सद्भावना क्रिकेट कप पर कब्जा जमाया।व्यापार मंडल द्वारा आयोजित सद्भावना क्रिकेट मैच में मैन आफ सिरीज व्यापारी दीपक यादव व मैन ऑफ द मैच के रूप में व्यापारी अंजनी वर्मा चुने गए। बेस्ट बैस्टमैन व्यापारी राहुल यादव वहीं बेस्ट बालर व्यापारी विपिन रहे। मैच में मुख्य रूप से महापौर गणेश केसरवानी, तारिक सईद अज्जू, राजेश गुप्ता, राकेश जैन, अतुल केसरवानी, धनजंय सिंह, सोनू गुप्ता, मनीष सेठ, अभय गुप्ता, ई0 मनीष घोष, अजय प्रताप, डा0 पीयूष दीक्षित, लक्ष्मीकांत, पीयूष जयसवाल, पार्षद सुनीता अमरजीत सिंह , दीपक कुशवाहा, शिव भारतीय, समेत बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## सानू के दम पर हनुमानगंज सेमीफाइनल में

**प्रयागराज।** सानू यादव के बहुमुखी प्रदर्शन ( 47 रन, 21 गेंद, 10 चौके व 4 - 0 - 15 - 1 ) के दम पर हनुमानगंज ए एस क्रिकेट क्लब ने मोती लाल सर्व कल्याण अंडर - 14 क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतिम लीग मैच में फोर्ड स्कूल क्रिकेट क्लब बी को नौ विकेट से हराकर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई हैं। बुधवार को भानु प्रताप मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए फोर्ड स्कूल क्रिकेट क्लब बी की पूरी टीम 23 ओवर में महज 91 रन ( आर्यन निषाद 29, दिव्यांश तिवारी 16, कनिष्क श्रीवास्तव 15 रन, आदित्य 2/12, अभ्यास पाल 2/17, शिखर 2/20, सानू यादव 1/15 ) पर बिखर गई। जवाब में हनुमानगंज ए एस क्रिकेट क्लब की टीम ने नौ ओवर में एक विकेट पर 94 रन ( सानू यादव 47 नाबाद, ईशान यादव 36 अविजित रन, आर्यन निषाद 1/24 ) पर बना लिए। मैच में रामचंद्र यादव व पवन वर्मा ने अंपायरिंग और राहुल मिश्रा ने स्कारिंग की।

# श्रद्धालुओं की सुविधाओं के साथ कोई समझौता नहीं- जयवीर सिंह

## भक्तों को पुण्य की डुबकी का इतंजार, सनातन संस्कृति के सबसे बड़े आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश तैयार



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज विश्व के सबसे बड़े धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक समागम महाकुम्भ-2025 की तैयारियों का जायजा लिया। प्रयागराज में महाकुंभ की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण के तत्पश्चात मंत्री जयवीर सिंह ने सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ भारतीय आस्था के स्पंदन का प्रतीक है। राज्य सरकार का प्रयास है कि महाकुम्भ से लौटने वाला प्रत्येक श्रद्धालु एक सुखद अनुभूति लेकर जाए। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति में आस्था रखने वाले लगभग 40 से 50 करोड़ श्रद्धालुओं के इस महाकुम्भ में आने की संभावना है।

श्री सिंह ने कहा कि कुंभ क्षेत्र में श्रद्धालुओं के ठहरने, आने-जाने में कोई कठिनाई न हो इसके लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं का निरीक्षण किया। तैयारियां हमारे मनोनुकूल है। नेत्र चिकित्सालय भी देखा। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जिस आशा और उम्मीद से महाकुम्भ के लिए कदम बढ़ाया था, सकारात्मक रुख के साथ निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, प्रयागराज शहर में 20 लघु मंचों के माध्यम से प्रदेश की विभिन्न लोक कलाओं, क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा 45 दिनों तक भव्य प्रदर्शन किया जाएगा।

उप्र. पर्यटन विभाग की विशेष सचिव पर्यटन ईशा प्रिया ने महाकुम्भ से जुड़ी हर छोटी-बड़ी जानकारी की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महाकुम्भ-2025 से संबंधित समस्त जानकारियों के लिए वेबसाइट एवं ऐप बनाया गया है। 990 पर्यटन स्कॉर्ट्स गाइड, 1500 वेंडर्स की ट्रेनिंग कराई गई है। 1000 टैक्सी-ऑटो ड्राइवर और 600 नाविकों को स्टोरी टेलिंग का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। ये सभी श्रद्धालुओं/पर्यटकों को कुंभ की कथा सुनाएंगे। उन्होंने बताया, कुंभ में क्या करें, क्या न करें इसके लिए एक पत्रिका तैयार की गई है। निःशुल्क मिलने वाली पत्रिका सभी पर्यटन केंद्रों पर आगंतुकों के लिए उपलब्ध होगी।

### जॉय राइड के लिए उपलब्ध होगा मेले में हेलीकॉप्टर- सान्या छाबड़ा

**प्रयागराज।** उ0प्र0 पर्यटन निगम (यूपीएसटीडीसी) की एमडी सुश्री सान्या छाबड़ा ने पर्यटन निगम द्वारा मेले में की गयी तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यूपी एसटीडीसी ने विभिन्न पैकेज तैयार किए हैं जिसकी जानकारी संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध है। श्रद्धालु ऑनलाइन गाइड की बुकिंग कर सकते हैं। यह सुविधा मेला सेंटर पर भी उपलब्ध होगी।

भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय की ओर से कला ग्राम बसाया गया है। टेंट सिटी में भी सभी सुविधाएं उपलब्ध करवायी गई है। उन्होंने बताया, रेलवे, हवाई अड्डे या अन्य सड़क मार्ग से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यातायात आदि की सुविधा होगी। योग, मेडिटेशन सेंटर के साथ-साथ हेलीकॉप्टर जॉयराइड की भी सुविधा दी जा रही है। 7-8 मिनट की हेलीकॉप्टर सवारी के लिए 3000 रुपए देने होंगे।

### संगम,अकादमी और टीटी क्लब ने जीते मैच

**प्रयागराज।** संगम सिटी, इलाहाबाद अकादमी और टीटी क्लब ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर उत्तर मध्य रेलवे मंडल खेलकूद संघ के तत्वावधान में फाइव साइड पुरुष डे-नाइट फुटबाल प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश किया।डीएसए मैदान पर मंगलवार रात खेले गये पहले मैच में संगम सिटी ने मास्टर एफसी को 3-0 से हराया। देवेंद्र, हर्ष और आमिर ने एक-एक गोल किया। देवेंद्र को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में इलाहाबाद अकादमी ने बीएचएस ब्वॉयज को 6-0 से हराया। अखंड प्रताप व निखिल ने दो-दो, सुजल अग्रहरि व विकल्प झा ने एक-एक गोल किया।

निखिल को पूर्व फुटबालर संदीप ठाकुर (लाल बाबू) ने मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया।तीसरे मैच में टीटी क्लब ने नाइट राइडर्स को 4-2 से हराया।

# हरिद्वार जा रहे युवक का शव टुण्डला से अलीगढ़ के बीच रेलवे लाईन पर मिला

## परिजनो ने हत्या कर शव रलवे लाइन पर फेकने का लगाया आरोप

### ➪शव को घर पर लाकर मुकदमे लिखवाने का बनाया दबाव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया ।** स्थानीय क्षेत्र के सेंहुआडीह (कुन्दनपुर) निवासी लालचन्द्र पुत्र भुल्लुर के दो पुत्र उदयराज व सूरज शुक्रवार को सूबेदारगंज से देहरादून एक्सप्रेस पकड़ कर हरिद्वार जा रहे थे । इसी बीच ट्रेन पर उदयराज बाथरुम करने के लिये गया। जब दस मिनट बाद वापस नही लौटा तो उसका भाई सूरज उसे ढूढने लगा। जब नही दिखा ता वह आस-पास के डिब्बो में काफी ढूढा, जब कही नही मिला तो उसने डायल 139 पर पुलिस से सहायता मांगी । रेलवे पुलिस भी हर प्रकार की सहायता की । तो उसकी लाश टुण्डला से अलीगढ़ के बीच रेलवे लाइन के बगल में मिली । घटना की जानकारी लालचंद्र ने थाना बहरिया दी कि मेरा पुत्र उदयराज 4 जनवरी को समय लगभग 6 बजे से गायब है। हमे आशंका है कि कही उसकी हत्या न कर दी गयी हो । क्योकि बीते 17 सितम्बर 2024 को समय लगभग 4 बजे भोर में मेरे पुत्र को परिवार के कुछ लोगों ने ननिहाल ग्राम सिठौली थाना उतरांव से उठा लिया और मारते पीटते हुये घर लाकर जान से मारने की धमकी देते हुए घर छोड़ दिया और उक्त लोगों द्वारा आये दिन जान से मारवा देने की धमकी दी जा रही थी और कहा जा रहा था कि किसी को पता भी नही चलेगा और इसे मरवा कर फेंकवा देंगे । लालचंद ने आरोप लगाया है कि मेरे पुत्र को गायब करवाने व हत्या करवाने में विपक्षी गणों का पूरा हाथ व षड़यंत्र है । घटना की सूचना पाकर मौके पर थानाध्यक्ष बहरिया महेश मिश्रा मय फोर्स, एसीपी फूलपुर पंकज लवानिया पहुंचे और परिजनों को आश्वासन देते हुए जांचों उपरांत कार्यवाही करने को कहा लेकिन परिजन नहीं माने देर शाम उच्च अधिकारियों के आश्वासन पर परिजनों ने मृतक का शव अंतिम संस्कार किया।

### तीन माह पहले हुआ था विवाद दोनों पक्षो ने थाने पर दी थी तहरीर

तीनमाह पहले मृतक उदय राज के परिजनों ने आरोप लगाते हुये बहरिया थाने में लिखित तहरीर दिया था कि परिवार के कुछ लोगों ने मेरे पुत्र को ननिहाल से अगवा कर मारा पीटा था । वही दूसरे पक्ष ने भी आरोप लगाते हुये तहरीर दिया था कि मेरी पुत्री के साथ मृतक उदयराज ने छेड़खानी किया है । जिस पर बहरिया पुलिस ने कार्रवाई करते हुये मृतक उदयराज व उसके साथी को 151 में पाबंद करते हुये कार्यवाही किया था । लेकिन दोनों पक्षों में तना-तनी चली आ रही थी ।

# केंद्रीय मंत्री शेखावत ने किया नेत्र कुंभ का निरीक्षण

## सक्षम के राष्ट्रीय संगठन मंत्री चंद्रशेखर से किया विचार–विमर्श




**प्रयागराज।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कुंभनगर में नेत्र कुंभ परिसर का बुधवार को निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सा से लेकर सभी विभागों के कार्यो के संबंध में सक्षम के राष्ट्रीय संगठन मंत्री चंद्रशेखर से जानकारी ली। साथ ही महाकुंभ को लेकर पर्यटन के संबंध में विचार विमर्श भी किया। इस दौरान चिकित्सकों ने केंद्रीय मंत्री को चिकित्सा कार्यों के बारे में जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री के साथ प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह भी उपस्थित थे।बता दें कि कुंभनगर के सेक्टर 6 स्थित बजरंग दास मार्ग पर भव्य नेत्र कुंभ का आयोजन किया गया है। जिसका उद्घाटन पांच जनवरी को किया गया था। बुधवार को केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत दोपहर बाद करीब एक बजे नेत्र कुंभ परिसर पहुंचे। उन्होंने 'सक्षम' के राष्ट्रीय संगठन मंत्री चंद्रशेखर एवं आयोजन समिति के अन्य सदस्यों से मुलाकात की तथा नेत्र कुंभ के बारे में विस्तृत जानकारी ली। राष्ट्रीय संगठन मंत्री ने उन्हें बताया कि नेत्र कुंभ के अंतर्गत नेत्र रोगियों की निःशुल्क नेत्र जांच होगी। साथ ही चश्मा भी निःशुल्क ही दिया जायेगा। जरूरत पड़ने पर आपरेशन भी उनके निवास स्थान के निकट के अस्पताल में मुफ्त ही किया जायेगा। दवा एवं अन्य सुविधाएं भी दी जायेंगी।

केंद्रीय मंत्री से शेखावत ने नेत्र कुंभ के आयोजन की सराहना की तथा कहा कि मानव सेवा के क्षेत्र में यह महत्वपूर्ण कार्य है। यह न केवल दृष्टि बाधित लोगों को राहत प्रदान करती है, बल्कि उनके जीवन में रोशनी लाती है।


# गैरज का ताला तोड़कर दो बाइक समेत चुरा लिया कीमती सामान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**हंडिया।** फूलपुर के गुलचपा गाँव में हंडिया वन विभाग की जमीन में रखी गुमटी में ताला तोड़कर दो बाइक बैट्री और ऑटो पार्ट्स समेत लगभग 4 लाख का सामान चोरी कर लिया गया। पीड़ित दुकानदार ने थाने पर नामजद तहरीर दिया है। गुलचपा गाँव निवासी कृष्ण कुमार ने हंडिया वन क्षेत्राधिकारी से पूछकर अपनी जीविका के लिए गाँव में ही वन विभाग की जमीन में गुमटी रखा हुआ है। वह ऑटो गैरेज का काम करता है। आरोप है कि बीती रात उसकी दुकान का ताला तोड़कर कुछ लोग दुकान में रखी दो बाइक, बैटरी कीमती पार्ट्स को चुरा ले गए। कुल कीमत लगभग चार लाख की बताई जा रही है। पीड़ित का आरोप है कि उसकी दुकान के सामने लकड़ी गिराकर वन विभाग की जमीन को कब्जा करना चाहते हैं। बताया कि सूचना पर रात को ही वह दुकान पर पहुंचा तो उसकी दुकान का ताला टूटा था बाइक बैटरी पार्ट्स गायब थे। दुकान पर कुछ लोग खड़े थे जिसे वह पहंचानता है।



# कमलेश मौर्य बने भाजपा के बलीपुर मंडल अध्यक्ष, हुआ जोरदार स्वागत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**हंडिया।** विधानसभा प्रतापपुर क्षेत्र के बलीपुर गांव निवासी किसान के बेटे कमलेश मौर्य दूसरी बार भाजपा के बलीपुर मंडल अध्यक्ष बनाए गए हैं। दूसरी बार मंडल अध्यक्ष बनाए जाने से उनका जोरदार स्वागत किया गया है। शांत प्रिय सरल स्वभाव के कमलेश मौर्या को भाजपा ने दूसरी बार भरोसा जताया है। फल स्वरूप उन्हें दूसरी बार बलीपुर मंडल अध्यक्ष नामित किया है। दूसरी बार मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर उन्हें पार्टी नेताओं ने और कार्यकर्ताओं ने जमकर माला फूल पहनकर स्वागत सत्कार किया है। इस अवसर पर श्री मौर्य ने संवाददाता को बताया कि पार्टी ने उनकी ईमानदारी और पार्टी के प्रति लगन को देखते हुए दूसरी बार मंडल अध्यक्ष बनाया है। जिसका मैं ईमानदारी से निर्वहन करुंगा।

# सुरक्षा की दृष्टिगत एनएसजी और एटीएस की संयुक्त मॉक ड्रिल

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 में सुरक्षा की दृष्टिगत आज एन एस जी कमांडोज और एटीएस की संयुक्त टीम द्वारा एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल के दौरान आतंकवादियों द्वारा अपहरण किए गए बस को छुड़ाया गया। एवं बस में बैठे यात्रियों को सुरक्षित करते हुए आतंकवादियों के मंसूबों को नष्ट किया।एनएसजी कमांडोज के द्वारा 16 मिनट पर पूरी ड्रिल को खत्म किया। पूरे ड्रिल के दौरान किसी प्रकार की कोई क्षति नहीं हुई है इसको सुनिश्चित करते हुए इस ड्रिल में एनएसजी कमांडोज के साथ-साथ एटीएस एवं स्थानीय पुलिस की सहभागिता रही।

गौरतलब हो कि महाकुंभ 2025 को लेकर सरकार पूरी तरीके से तैयार है और इस पूरी ड्रिल के माध्यम से लगातार आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर सरकार एवं सुरक्षा एजेंसियां कितनी तत्पर है यह दर्शाया गया है।

